माघ मास, कृष्ण पक्ष 10, वर्ष 11, अंक 339, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00



वाराणसी, सोमवार, 16 जनवरी, 2023

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अंदर - टॉप सीक्रेट फाइल घर ले जाना बाइडन को पड़ेगा महंगा ?

अन्दर : विराट कोहली ने 46वें शतक के साथ बनाए कई रिकॉर्ड, सचिन-जयवर्धने को छोड़ा पीछे



नगर/डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# नेपाल में 72 लोगों को ले जा रहा विमान खाई में गिरा

## विमान में 5 भारतीय भी थे सवार, अब तक 64 शव बरामद, धमाके के बाद विमान में आग लगी, सहमे लोग

**काठमांडू।** नेपाल में रविवार को एक यात्री विमान पोखरा हवाई अड्डे पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में 72 लोग सवार थे। नेपाल नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएएएन) ने बताया कि येती एअरलाइंस के 9एन-एएनसी एटीआर-72 विमान ने सुबह 10.33 बजे काठमांडू से उड़ान भरी थी।

जानकारी के मुताबिक पोखरा हवाई अड्डे पर उतरते समय विमान पुराने हवाई अड्डे और नए हवाई अड्डे के बीच सेती नदी के किनारे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में 68 यात्री और चालक दल के चार सदस्य सवार थे। बचाव अभियान जारी है। फिलहाल एयरपोर्ट को बंद कर दिया गया है। वहीं, पोखरा हवाई अड्डे पर यात्री विमान दुर्घटना के बाद नेपाल सरकार ने कैबिनेट की आपात बैठक बुलाई है। नेपाल सेना के मुताबिक, अब तक लगभग 64 शव बरामद हुए हैं।

द काठमांडू पोस्ट ने यति एयरलाइंस के प्रवक्ता सुदर्शन बरतौला के माध्यम से जानकारी दी कि दुर्घटनाग्रस्त हुए

**दर्दनाक हादसा**

### काठमांडू से पोखरा जा रहा था यती एयर लाइंस का विमान

### सेती नदी के किनारे दुर्घटनाग्रस्त हुआ विमान

यति एयरलाइंस के इस विमान में कुल 68 यात्री और चालक दल के चार सदस्य सवार थे। विमान पुराने हवाई अड्डे और पोखरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बीच दुर्घटनाग्रस्त हो गया। नेपाल में पोखरा हवाई अड्डे पर विमान दुर्घटना में नेपाल के काठमांडू में भारतीय दूतावास ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। विमान में 5 भारतीयों समेत 68 यात्री सवार थे। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड काठमांडू से पोखरा जा रहे यति एयरलाइंस के एएनसी एटीआर 72 विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंच गए हैं। नेपाल सेना के प्रवक्ता ने जानकारी दी कि अब तक



कुल 44 शव बरामद हुए हैं। जानकारी के मुताबिक, 5 भारतीय और चार रूस के नागरिक विमान में सवार थे। नेपाल के 53 यात्री सवार थे। दुर्घटनास्थल से अब तक 64 शव बरामद किए जा चुके हैं। नेपाल सेना के एक प्रवक्ता ने कहा कि उन्हें और शव मिलने की उम्मीद है। हादसे में विमान टुकड़ों में टूट गया था। इस विमान में 68 यात्री सवार थे। पोखरा एयरपोर्ट को फिलहाल बंद कर दिया गया है। मौके पर अफरातफरी के बीच दमकल की कई गाड़ियां पहुंच गई हैं। विमान में चार क्रू मेंबर्स थे। हेलीकॉप्टर से दुर्घटनास्थल पर एक बचाव दल तैनात किया गया है। पोखरा एयरपोर्ट के आसपास धुंए का गुबार है। विमान के एयरपोर्ट के पास की पहाड़ियों से टकराने का भी अनुमान लगाया जा रहा। विमान नदी में गिरा है। विमान का कुछ हिस्सा नदी में है और बाहर वाले हिस्से में आग लगी है। आसपास के लोग भी राहत-बचाव में अभियान में जुट गए हैं। जानकारी के मुताबिक, पोखरा एयरपोर्ट पर लैंडिंग से पहले हादसे का शिकार हुआ विमान। नेपाल में पोखरा हवाई अड्डे पर विमान दुर्घटना पर यति एयरलाइंस के प्रवक्ता सुदर्शन बरतौला ने कहा कि विमान में दो बच्चों सहित 10 विदेशी नागरिक भी सवार थे। इस एयरपोर्ट का उद्घाटन अभी दो सप्ताह पहले ही हुआ था। नेपाल के नवनिर्वाचित पीएम पुष्प कमल दहल प्रचंड ने 1 जनवरी 2023 को चीनी अधिकारियों की मौजूदगी में इस क्षेत्रीय अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन किया था।

## नेपाल विमान हादसे में गाजीपुर के चार दोस्तों की मौत

**पशुपतिनाथ दर्शन करने गए थे चारो दोस्त**

**नई दिल्ली।** नेपाल के पोखरा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतरते समय 72 सीटों वाला यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में अब तक 68 लोगों की जान जा चुकी है। मृतकों में से पांच भारतीय हैं। जिनमें से चार उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के निवासी हैं। हादसे की सूचना के बाद से मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा है। जिले में शोक की लहर है। नेपाल नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएएएन) ने बताया कि येति एयरलाइंस के 9एन-एएनसी एटीआर-72 विमान ने सुबह 10 बजकर 33 मिनट पर काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी और वह सुबह करीब 11 बजे पोखरा हवाई अड्डे पर लैंडिग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में 68 यात्री और चालक दल के चार सदस्य सवार थे। विमान में सवार पांच भारतीयों की पहचान अभिषेक कुशवाहा (25), विशाल शर्मा (23), अनिल कुमार राजभर (28), सोनू जायसवाल (28) और संजना जायसवाल के रूप में हुई है। इनमें से अभिषेक, विशाल, अनिल और सोनू गाजीपुर निवासी है। चारों दोस्त थे। पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए तीन दिन पहले नेपाल गए थे। विमान हादसे में चार दोस्तों की मौत की खबर से जिले में शोक की लहर है। पीड़ित परिवार नेपाल रवाना हो गए हैं।

### नेपाल में 12 साल में हुए आठ बड़े हादसे, 166 से अधिक की मौत

**29 मई 2022 को तारा एयरलाइन का विमान हुआ था क्रैश:** इस दुर्घटना में चार भारतीयों समेत सभी 22 लोगों की मौत हो गई थी। **2018 यूएस-बांग्ला एयरलाइंस फ्लाइट 211 क्रैश:** यह विमान हादसा 2018 में हुआ था। विमान ढाका से काठमांडू जा रहा था। नेपाल के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते समय यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। **2016 तारा एयर फ्लाइट 193 क्रैश:** 24 फरवरी 2016 को यह विमान हादसा हुआ था। विमान पोखरा से जोमसोम के लिए उड़ान जा रहा था। टेकऑफ के आठ मिनट बाद विमान लापता हो गया था। **2012 सीता एयर फ्लाइट 601 क्रैश:** 2012 में हुए इस विमान हादसे में 19 लोगों क मौत हो गई थी। विमान ने काठमांडू से उड़ान भरी थी, लेकिन तकनीकी समस्या के कारण इसकी आपाकालीन लैंडिंग कराई गई। **2012 अग्नि एयर डोर्नियर 228 क्रैश:** अग्नि एयर का डोर्नियर 228 विमान ने पोखरा से जोमसोम के लिए उड़ान भरी थी। जोमसोम हवाई अड्डे के पास पहुंचे ही विमान दुर्घटना का शिकार हो गया था। **2011 बुद्ध एयर फ्लाइट 103 क्रैश:** 25 सितंबर 2011 को बुद्ध एयर का विमान हादसे का शिकार हो गया था। जहाज पर सवार सभी 22 लोग, जिनमें 10 भारतीय नागरिक भी शामिल थे, मारे गए। **2010 तारा एयर ट्विन ओटर क्रैश:** 15 दिसंबर 2010 को तारा एयर एक विमान क्रैश हो गया था।

**2010 अग्नि एयर फ्लाइट 101 क्रैश:** अग्नि एयर फ्लाइट 101 के विमान का संपर्क टूट गया था। यह विमान काठमांडू से उड़ा था। उड़ान भरने के 22 मिनट बाद विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें सवार सभी 14 लोगों की मौत हो गई।




## मुख्यमंत्री शिवराज का हेलिकॉप्टर क्रैश होते-होते बचा

**भोपाल।** धार जिले में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव का प्रचार जोरों पर है। प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान भी इसी सिलसिले में रविवार को धार जिले में रहे। चुनावी सभा को संबोधित करने मनावर पहुंचे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का हेलिकॉप्टर खराब हो गया और क्रैश होते-होते बचा। पायलट की सूझ-बूझ की वजह से हेलिकॉप्टर को मनावर में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। इसके बाद शिवराज कार से धार के लिए रवाना हुए। उन्हें साढ़े चार बजे तक धार पहुंचना था, लेकिन सड़क मार्ग से जाने की वजह से डेढ़ घंटे देरी से पहुंचे।

सीएम शिवराज ने धार में सभा को संबोधित करते हुए खुद इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मैं देरी से आने के लिए माफी चाहता हूं। मेरी गलती नहीं है, हेलिकॉप्टर ने उड़ने से मना कर दिया। मनावर में हेलिकॉप्टर उड़ा तो पर थोड़ा ऊपर जाकर डगमगाने लगा। पायलट ने कहा कि सर कुछ गड़बड़ है, इमरजेंसी लैंडिंग कराना पड़ेगी। उसके बाद मनावर में ही उसे उतार दिया गया। फिर मैं सड़क मार्ग से यहां आया हूं।

## दिल्ली में आतंकी हमले का भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने जहांगीरपुरी से गिरफ्तार किए गए दो संदिग्ध आतंकियों के बारे में चौंकानेवाले खुलासे किये हैं। रविवार को मीडिया ब्रीफिंग में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रमोद कुशवाहा ने बताया कि स्पेशल सेल की पुलिस ने दो आतंकवादी पकड़े हैं, जिनमें से एक का नाम नौशाद और दूसरे का जगजीत जस्सा है। इन्हें जहांगीरपुरी इलाके से पकड़ा गया है। इनके पास से दो हैंड ग्रेनेड, तीन पिस्तौल और कार्टेज बरामद हुए हैं। इनके पास जो हैंड ग्रेनेड मिले, वो मिलिट्री ग्रेड के हैं। इन्होंने आतंकी हमलों और हत्याओं की खौफनाक साजिश रची थी, लेकिन

**पर्दाफाश**

### पकड़े गये आतंकियों के हैंडलर विदेशी, दक्षिणपंथी नेताओं की हत्या की प्लानिंग

इसके पीछे इनके आईएसआई हैंडलर थे। फिलहास इन्हें 14 दिनों की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है, और पूछताछ चल रही है। अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर ने बताया कि नौशाद का हैंडलर, लश्कर-ए-तैयबा का कोई आतंकी है, वहीं जगजीत का हैंडलक कनाडा में रह रहा आतंकी अर्शदीप दल्ला है। इन दोनों को इन्हीं से फंडिग मिल रही थी और ये दक्षिणपंथी नेताओं को निशाना बनाने की तैयारी कर रहे थे।

## गडकरी को जान से मारने की धमकी देने वाले गैंगस्टर की हुई पहचान

**नागपुर।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को जान से मारने की धमकी देने वाले व्यक्ति की पहचान कर ली गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार नागपुर पुलिस ने शनिवार को फोन करने वाले व्यक्ति का पता लगा लिया। उन्होंने बताया कि कर्नाटक के बेलगावी में जेल बंद एक कैदी ने गडकरी को जान से मारने की धमकी दी थी। उन्होंने कहा कि फोन करने वाले की पहचान कुख्यात गैंगस्टर और हत्या के आरोपी जयेश कांता के रूप में हुई है, जो बेलगावी जेल बंद है। नागपुर के पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने कहा कि जयेश कांता ने जेल से अवैध रूप से तीन बार फोन कर खामला, नागपुर में गडकरी के जनसंपर्क कार्यालय को धमकी दी। जयेश ने टेलीफोन ऑपरेटर को बताया कि वह 'डी-गैंग सदस्य' था।

## रिमोट वोटिंग मशीन का विरोध करेगा विपक्ष

### बैठक के बाद बोले कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह- कंफ्यूजन है

**नई दिल्ली।** रिमोट वोटिंग मशीन पर विपक्षी दलों की बैठक के बाद रविवार (15 जनवरी, 2023) कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों ने सर्वसम्मति से रिमोट वोटिंग मशीन पर चुनाव आयोग के प्रस्ताव का विरोध करने का फैसला किया।

दिग्विजय सिंह ने कहा कि रिमोट वोटिंग मशीन के प्रस्ताव में भारी राजनीतिक विसंगतियां, प्रवासी मजदूरों की परिभाषा स्पष्ट नहीं।

चुनाव आयोग ने 29 दिसंबर को कहा था कि उसने चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए घरेलू प्रवासी वोटरों के लिए रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का एक शुरूआती मॉडल तैयार किया है। चुनाव आयोग ने 16

**असहमति**

### चुनाव आयोग के प्रस्ताव से विपक्षी पार्टियां असहमत

### सभी राजनीतिक दलों के समक्ष मशीन का प्रदर्शन किया जाएगा

जनवरी को रिमोट वोटिंग मशीन पर चर्चा को लेकर एक मीटिंग बुलाई है। इस मीटिंग में आयोग ने सभी राष्ट्रीय दलों के अध्यक्षों और महासचिवों को बुलाया है। इस मीटिंग में सभी राजनीतिक दलों के समक्ष इस मशीन का प्रदर्शन किया जाएगा।

रिमोट वोटिंग मशीन का मकसद किसी को भी अपने वोटिंग अधिकार से वंचित नहीं रखना है। देश के किसी भी कोने



में या भारत से बाहर रह रहा प्रत्येक मतदाता अपने मताधिकार प्रयोग कर सके। इसी को ध्यान में रखते हुए चुनाव आयोग ने रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की जानकारी दी थी। रिमोट वोटिंग मशीन, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का ही मोडिफाइड वर्जन है। इसके जरिए भारत से बाहर रहने वाले प्रवासियों को भी वोट करने में आसानी होगी, लेकिन कांग्रेस इसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठा रही है। हालांकि कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी पार्टियां ईवीएम को लेकर भी सवाल उठाती रही हैं। बसपा प्रमुख मायावती ने आज अपने जन्मदिन के मौके पर ईवीएम को लेकर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि आने वाले वक्त में सभी चुनाव बैलट पेपर से कराए जाएं।

## किसी से गठबंधन नहीं करेगी बसपा

**लखनऊ।** अपने जन्मदिन के अवसर पर मायावती ने कहा कि बसपा अगले साल होने जा रहे चार राज्यों के विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में किसी से गठबंधन नहीं करेगी और अपने दम पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि यदि बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाएं तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा यह सारा खेल ईवीएम की गड़बड़ी का है।

पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर मायावती रविवार को मीडियाकर्मियों से बात कर रही थीं। उन्होंने कहा कि जातिवादी और संकीर्ण ताकतें साम दाम दंड भेद से बसपा को दूर करने में जुटी हैं। ग्लोबल समिट के नाम पर यह जो निवेश आ रहा है यह केवल भाजपा की खराब नीतियों पर पर्दा डालने की नाटक बाजी है। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी में लोगों को उजाड़ा जा रहा है कानून



**मायावती का ऐलान**

### लोकसभा और विधानसभा के चुनाव अकेले लड़ेगी पार्टी

व्यवस्था की आड़ में घिनौना खेल खेला जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब ओबीसी आरक्षण पर भी भाजपा कांग्रेस सपा की राह पर चल निकली है। यही कारण रहा कि निकाय चुनाव प्रभावित हुआ। इस मौके पर मायावती ने मेरे संघर्ष में जीवन एवं बीएसपी मूवमेंट का सफरनामा भाग 18 का भी विमोचन किया। उन्होंने खासतौर से बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाने पर जोर दिया। कहा कि जब-जब बैलेट से चुनाव हुआ बसपा का जनाधार बढ़। ईवीएम आने के बाद ही यह गड़बड़ी हुई। उन्होंने कहा कि बसपा के युवा तैयार हो जाए एक न एक दिन सिस्टम भी फेल होगा। जिन जिन देशों में बैलेट पेपर से पहले चुनाव होता था दोबारा उसी से शुरू कर दिया गया है। बिहार के एक मंत्री के इस बयान पर कि बाबा साहब अंबेडकर ने ही मनुस्मृति शुरू की थी पर मायावती ने कहा यह बात तो बिल्कुल साफ है कि बाबा साहब अंबेडकर ने मनुस्मृति नहीं चलाई। हालांकि मंत्री ने यह बात किस परिपेक्ष में कही है इसका उन्हें पता नहीं है।

## इकाना स्टेडियम में भिड़ेंगे भारत और न्यूजीलैंड

**लखनऊ।** भारत और न्यूजीलैंड की क्रिकेट टीमें 29 जनवरी को लखनऊ में आमने-सामने होंगी। राजधानी के इकाना स्टेडियम में यह क्रिकेट मैच खेला जायेगा। इस मैच के देखने के लिए टिकटों की दर तय हो गई है। उसके बाद टिकटों का मूल्य जारी कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि 499 रुपए से लेकर 20 हजार रुपए तक के मूल्य के टिकट दर्शकों के लिए उपलब्ध होंगे। इकाना में इससे पहले अन्तर्राष्ट्रीय मैच खेला जा चुका है। दरअसल, भारतीय सरजमीं पर न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली क्रिकेट सीरिज के लिए भारतीय टीम का ऐलान हो चुका है। भारत और न्यूजीलैंड की टीमे आपस में छह मैच

**क्रिकेट मैच**

### 499 रुपए से लेकर 20 हजार रुपए तक के मूल्य के टिकट दर्शकों के लिए उपलब्ध होंगे

खेलेंगी। जिसमें से तीन एक दिवसीय मैच होगा। वहीं तीन सीमित ओवरों ( टी-20 ) का मैच होने की बात बताई जा रही है। राजधानी लखनऊ में 29 जनवरी को होने वाला मैच सीमित ओवरों का होगा। जिसके टिकटों की दरें जारी कर दी गई हैं। सबसे कम कीमत का टिकट 499 का होगा। इसके बाद 1200 से लेकर 20 हजार तक के मुल्य के टिकट उपलब्ध होने की बात बताई जा रही है।

## सिकंदराबाद-विशाखापट्टनम को मिली वंदे भारत की सौगात

### पीएम मोदी बोले- यह नए भारत का प्रतीक



**सिकंदराबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार (15 जनवरी) को देश की आठवीं वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ किया। पीएम मोदी ने सुबह 10.30 बजे ट्रेन को वर्चुअली हरी झंडी दिखाई। यह ट्रेन सिकंदराबाद से विशाखापट्टनम के बीच चलेगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी सिकंदराबाद में कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहे।

इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन नए भारत के संकल्पों और सामर्थ्य का प्रतीक है। ये उस भारत का प्रतीक है, जो तेज बदलाव के रास्ते पर है। ऐसा भारत, जो अपने सपनों और अपनी आकांक्षाओं को लेकर अधीर है। ऐसा भारत, जो तेजी से चलकर अपने लक्ष्य तक पहुंचना चाहता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज तेलंगाना और आंध्र प्रदेश को एक भव्य उपहार मिल रहा है।

मैं दोनों राज्यों के लोगों को ट्रेन के लिए बहुत बहुत बधाई देता हूं। आज सेना दिवस भी है। अपनी सेना पर देश के हर नागरिक को गर्व है। इस समय पोंगल, माघ बीहू, मकर संक्राति, उत्तरायन का भी उत्साह दिखाई दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस से श्रद्धालुओं और पर्यटकों को

**खुशखबरी**

### पीएम बोले- संस्कृति और आस्था को जोड़ेगी यह ट्रेन

बहुत लाभ होगा। इस ट्रेन से सिकंदराबाद और विशाखापट्टनम के बीच लगने वाला समय भी अब कम हो जाएगा। ये ट्रेन एक तरह से तेलंगाना और आंध्र प्रदेश की साझा संस्कृति और साझा विरासत को जोड़ने वाली है। रेल मंत्री ने कहा कि पीएम ने कहा था इस ट्रेन को देश के इंजीनियर, डिजाइनर, टेक्नीशियन बनाएंगे। इस ट्रेन में ध्वनि की मात्रा हवाई जहाज की तुलना में 100 गुना कम है, ये इंजीनियरों के लिए गर्व की बात है। रेलवे और देश का विकास राजनीति से ऊपर है। जहां भी केंद्र की जरूरत पड़ेगी केंद्र फंड देगी।

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वंदे भारत एक बेहतरीन ट्रेन है। यह 52 सेकंड में 0-100 किमी की यात्रा कर सकती है, जबकि दुनिया की अन्य ट्रेनें 54 से 60 सेकंड में चलती हैं। वंदे भारत का डिजाइन हवाई जहाज से भी बेहतर है, यह यात्रा को सबसे अधिक आरामदायक प्रदान कर सकता है।

## पहली बार दिल्ली से बाहर हुई परेड, टूटी 1949 से चल रही परंपरा

### सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे आर्मी दिवस 2023 कार्यक्रम में हुए शामिल

**बेंगलुरु।** रविवार (15 जनवरी) को आर्मी दिवस मनाया जा रहा है। इस मौके पर दिल्ली में होने वाली सेना दिवस परेड पहली बार राष्ट्रीय राजधानी से बाहर हो रही है। इस साल बेंगलुरु के एमईजी एंड सेंटर के परेड ग्राउंड में सेना दिवस परेड का आयोजन किया जा रहा है। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे बेंगलुरु के गोविंदस्वामी परेड ग्राउंड में आर्मी दिवस 2023 कार्यक्रम में शामिल हुए।

75वां सेना दिवस अपनी तरह का पहला आयोजन होगा, जो 1949 में समारोह शुरू होने के बाद से दिल्ली के बाहर हो रहा है। इस बार सेना दिवस परेड का आयोजन दक्षिणी कमान क्षेत्र में हो रहा है। बेंगलुरु में सेना प्रमुख जनरल एम पांडे ने कहा कि पहली बार आर्मी दिवस परेड और इससे जुड़े अन्य

**75वां आर्मी दिवस**

### बेंगलुरु के एमईजी एंड सेंटर के परेड ग्राउंड में किया जा रहा है आयोजन

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आर्मी डे पर शुभकामनाएं दीं

कार्यक्रम राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के बाहर आयोजित किए जा रहे हैं। इसने सेना को लोगों से जुड़ने का एक सुनहरा अवसर दिया है। मुझे विश्वास है कि इससे हमारे संबंध और भी मजबूत होंगे। इस दौरान सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कहा कि पश्चिमी सीमावर्ती इलाकों में नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम बरकरार है और संघर्ष



विराम के उल्लंघन में भी कटौती हुई है। लेकिन सरहद पार आतंकी इंफ्रास्ट्रक्कर अभी भी बरकरार है। जम्मू और पंजाब के अंतरराष्ट्रीय सीमा पर ड्रोन से हथियार, ड्रग की तस्करी जारी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आर्मी डे पर शुभकामनाएं देते हुए ट्वीट किया, सेना दिवस पर मैं सभी सैन्य कर्मियों, दिग्गजों और उनके परिवारों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। हर भारतीय को हमारी सेना पर गर्व है और हमेशा हमारे जवानों का आभारी रहेगा। उन्होंने हमेशा हमारे देश को सुरक्षित रखा है और संकट के समय उनकी सेवा के लिए व्यापक रूप से प्रशंसा की जाती है।

सेना प्रमुख ने कहा कि अग्निपथ योजना के आने से एक ऐतिहासिक और प्रगतिशील कदम उठाया है। हमने भर्ती प्रक्रिया को स्वचालित किया है। हमें देश के युवाओं से अच्छा रिस्पांस मिला है। पुरुष अग्निवीर के पहले बैच की ट्रेनिंग शुरू हो चुकी है। अग्निवीरों को आगे चयन करने के लिए मजबूत प्रक्रिया विकसित की है। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कहा कि उत्तरी सीमावर्ती इलाकों में स्थिति सामान्य रही है। जवानों को सभी प्रकार के हथियार, उपकरण और सुविधाएं पर्याप्त मात्रा में दी जा रही हैं। 75वें सेना दिवस का आयोजन बेंगलुरु के एमईजी एंड सेंटर के परेड ग्राउंड में किया जा रहा है। इस बार सेना दिवस परेड का आयोजन दक्षिणी कमान क्षेत्र में होने जा रहा है। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे परेड की समीक्षा करेंगे और वीरता पुरस्कार प्रदान करेंगे, जिसके बाद आर्मी सर्विस कोर्प्स टॉरनेडो की ओर से साहसी मोटरसाइकिल प्रदर्शन, पैराट्रूपर्स द्वारा स्काईडाइविंग प्रदर्शन, डेयरडेविल जंप और आर्मी एविएशन कोर्प्स के हेलीकॉप्टरों द्वारा फ्लाई पास्ट किया जाएगा। दरअसल, 15 जनवरी 1949 में फील्ड मार्शल कोडंडेरा एम करियप्पा भारत के पहले मुख्य कमांडर बने थे। 1949 से ही इस दिन की याद में सेना द्वारा खास आर्मी डे परेड का आयोजन किया जा रहा है। अब तक यह परेड दिल्ली में होता था। पहली बार इस परंपरा को तोड़ते हुए आयोजन दिल्ली की जगह बेंगलुरु में किया जा रहा है।

# दो भवन स्वामियों को एयर पोर्ट प्राधिकरण की नोटिस

**जागा प्रशासन**

**मोबाइल टॉवर और व्यवसायिक भवनों पर कब होगी कार्रवाई**

**बाबतपुर।** वाराणसी के लालबहादुर शास्त्री अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे के ऑपरेशनल क्षेत्र के करीब आने वाले वाले दो भवन स्वामी को विमान संचालन में भवन की ऊँचाई को बाधित बताकर अथॉरिटी के द्वारा उक्त मकान मालिक को मकान की ऊँचाई कम करने की लिखित नोटिस जारी किया गया है। जबकि दोनो भवन स्वामी का कहना है कि उनके मकान की ऊँचाई लगभग 25 से 30 फिट के अंदर है। नोटिस मिलने के बाद से ही दोनों परिवारों के लोग डरे व सहमे हुए हैं। मकान स्वामियों का कहना है कि उनके मकान की ऊँचाई मानक के अनुरूप है इसके बाद भी मकान तोड़ने के लिए नोटिस जारी किया जा रहा है। हवाई अड्डा प्रशासन द्वारा 2.5 मीटर मकान की ऊँचाई कम करने के लिए नोटिस जारी किया गया था जबकि उनके मकान की ऊँचाई मानक से कम है। दूसरे ने बताया कि हवाई अड्डा द्वारा 0.6 मीटर मकान को तोड़ने का नोटिस जारी कर दिया है, जिससे पूरा परिवार डरा हुआ है।



**क्या है नियम**

हवाई अड्डा अथॉरिटी के मानक के अनुसार विमानन निदेशालय द्वारा हवाई अड्डे के 20 किलोमीटर परिधि में मानक से ऊंचे भवन पोल व टॉवर का निर्माण कराने के पहले हवाई अड्डा प्रशासन के द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य है। हवाई अड्डा प्रशासन के द्वारा 20 किलोमीटर की परिधि में सिर्फ दो मकानों को चिन्हित कर मकानों की ऊँचाई सुरक्षित विमान संचालन में बाधक होना पाया गया। जबकि हवाई अड्डा परिसर से लगायत ऐसे कई व्यवसायिक भवन व मोबाइल टॉवर बनाये गए हैं, जिसे मानक के विपरित माने जाने से इंकार नहीं किया जा सकता है, मोबाइल नेटवर्क कंपनियों ने मनमाने तरीके से हवाई अड्डे के आसपास कई मोबाइल टावर लगा दिए हैं जो विमानों के लिए खतरा बन गए हैं। हवाई अड्डे की बाउंड्री से 20 किलोमीटर के दायरे में बहुमंजिली इमारत बनाने से पहले भवन स्वामी को एयरपोर्ट से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेनी पड़ती है।

**एयरपोर्ट के आसपास लगे टॉवर की स्थिति**

बाबतपुर चौराहे पर दो मोबाइल टावर लगे हैं। वहीं, सगुनहा में दो, बाबतपुर बाजार के समीप तीन, चिउरापुर में एक तथा मंगारी की ओर जाने वाले मार्ग पर भी दो मोबाइल टावर लगे हैं। यह सभी मोबाइल टावर एयरपोर्ट की बाउंड्री से एक से दो किलोमीटर के दायरे में है। बाबतपुर चौराहे की तरफ तीन मोबाइल टावर ऐसे हैं जो हवाई अड्डे के रन-वे से काफी नजदीक हैं।

**कोहरे में खतरनाक हैं टावर**

हवाई अड्डे के आसपास लगे मोबाइल टावर कोहरे में सबसे ज्यादातर खतरनाक है। क्योंकि कोहरे के दौरान हवाई जहाज से पायलट को मोबाइल टावर साफ दिखाई नहीं पड़ता है। कोहरे और बारिश के दिनों में दृश्यता कम होती है। आपातकालीन स्थिति में विमान उतारते समय हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता है।

## प्रेमिकाओं को भिड़ता देख प्रेमी हो गया फरार

**इश्क जो न करा दे**

**मारपीट का नजारा देख प्रेमी ने खिसकने में भलाई समझी**



**मंडुवाडीह।** इश्क में डूबी दो लड़कियों ने रविवार को मंडुवाडीह सब्जी मंडी के पास जमकर बवाल काटा। मामला प्रेमी को लेकर था। प्रेमी एक और प्रेमिकाएं दो। जमकर गाली गलौच और नूराकुश्ती देख भीड़ भी जुटने लगी। पहले तो कुछ समझ में नहीं आया कि बात क्या है लेकिन जब मुखर से प्रेमी की पुकार निकलने लगी तो लगा अरे ये तो इश्क का मामला है। मौके पर जुटी भीड़ किसी तरह दोनों को अलग की इस बीच मौका देख वहां से प्रेमी नौ दो ग्यारह हो गया। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गयी। पूछताछ के लिए थाने लायी।

जानकारी के अनुसार रविवार को प्रेमी पर हक जताने के लिए यहां दोनों का आमना सामना हुआ। प्रेमी भी मौजूद रहा, शायद इसलिए कि दोनों तय लें कि उसे कौन प्यार करेगा। लेकिन मामला उस वक्त बिगड़ गया जब दोनों तरफ से हक जताने की प्रतियोगिता होने लगी जो गाली गलौच से शुरू होकर मारपीट तक पहुंच गयी। इस दौरान बचाव में जब कुछ लोग वहां पहुंचे तो प्रेमी दोनों को अपने हाल पर छोड़ भाग निकला। तमाशबीन लोगों में ज्यादातर बजाय समझाने के उकसाने में जुटे रहे। भला पुलिस का दोनों को थाने लेकर आयी, यहां समझाने के बाद दोनों को घर भेज दिया गया।

## छात्रा ने जो दिया बाइक नंबर उसका रजिस्ट्रेशन नंबर दूसरा

**वाराणसी।** बीएचयू आईआईटी की छात्रा से छेड़खानी के मामले में आरोपी को चिह्नित करने के प्रयास में चितईपुर पुलिस जुटी हुई है। छात्रा की ओर से उपलब्ध कराए गए बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर पुलिस ने जंसा गांव में दबिश दी। हालांकि उस गाड़ी का नंबर गलत निकला। सीसी कैमरे खंगालने पर आरोपी के दूसरे बाइक का रजिस्ट्रेशन नंबर सामने आया है।

चितईपुर थाना अंतर्गत हैदराबाद गेट के पास गुरुवार रात छात्रा के साथ बाइक सवार युवक ने छेड़छाड़ की थी। छात्रा के शोर मचाने पर आरोपी बाइक सवार भाग निकला। छात्रा ने उसके बाइक का रजिस्ट्रेशन नंबर नोट कर लिया। शुक्रवार को तहरीर पर चितईपुर पुलिस ने छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज किया था। चितईपुर थाना प्रभारी बृजेश मिश्रा के अनुसार छात्रा ने जो नंबर दर्ज कराया है, उसकी तस्दीक कराने पर मालूम चला कि वाहन जंसा में है। पुलिस टीम जंसा में जाकर पूछताछ की तो पता चला कि यहां इस तरह का कोई वाहन ही नहीं है।

**छात्रावास में मारपीट तोड़फोड़, दोनों पक्ष ने दर्ज करायी रपट**

**वाराणसी।** बीएचयू के श्रीमति मुना देवी छात्रावास में मारपीट के मामले में लंका थाने में छात्रों के दोनों पक्ष की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बीए तृतीय वर्ष छात्र बृजेश शरण त्रिपाठी की शिकायत पर विवेक, विनय पाण्डेय, सत्यम शर्मा, अनुराग, रूद्र प्रताप सिंह, तुषार शर्मा, वांगचिन रोश, अंकुश, आसाधा. लक्ष्य त्यागी व दस अज्ञात के विरुद्ध मारपीट तोड़फोड़, धमकी बलवा के मामले में केस दर्ज किया गया। दूसरी तरफ रोशन और विवेक विनय पाण्डेय की तहरीर पर शिव गणेश शुक्ला, आकाश शुक्ला, दुर्गेश कुमार, बृजेन्द्र त्रिपाठी, अनिकेत त्रिपाठी, शिवा पाठक, अमित कुमार, रौशन यादव यादव के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। इंस्पेक्टर लंका बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## नदी किनारे मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

**बड़ागांव।** बड़ागांव थानाक्षेत्र के बलुआ इसरवार में स्थित वरुणा नदी के किनारे पानी में रविवार को दोपहर बाद एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गयी। जिसकी शिनाख्त गांव में खिचड़ी पहुंचाने आये युवकों द्वारा मोढ़ (भदोही) निवासी के रुप में हुई ।सूचना पर पहुंची बड़ागांव पुलिस परिजनों को सूचना देते हुए अग्रिम कार्रवाई में जुटी है।

जानकारी के अनुसार मोढ़ (भदोही) थानाक्षेत्र के बीजापुर गांव निवासी रंजीत सिंह उर्फ कुशल 5 जनवरी को अपनी पत्नी का इलाज करवाने के लिए कपसेठी के गहरपुर गांव में आया था। डिलीवरी में समय होने के कारण वह पत्नी और परिजनों को प्राइवेट वाहन से घर भेज दिया और खुद स्कूटी से निकला और घर नहीं पहुंचा। रविवार को उसकी लाश बलुआ इसरवार वरुणा नदी किनारे मिली। परिजनों ने कपसेठी थाने में गुमशुदगी दर्ज कराया था।

# पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल में सुविधाएं बढ़ीं

**बढ़े ट्रेनों के फेरे**

**उत्तर रेलवे की कई ट्रेनों को भी एनई रेलवे में किया गया स्थानांतरित**

**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल ने यात्री सुविधाओं के विस्तार के साथ ही ट्रेनों के फेरे में भी बढ़ोत्तरी की है, इसके साथ गाड़ियों के मार्ग में भी विस्तार किया है। वाराणसी मंडल के जनसम्पर्क अधिकारी आशोक कुमार ने बताया कि बनारस एवं वाराणसी जं. स्टेशन के उन्नयन के फलस्वरूप उत्तर रेलवे से नौ जोड़ी ट्रेनें पूर्वोत्तर रेलवे को स्थानान्तरित की गई हैं। 2022 तक कुल 752 गाड़ियों का 16595 फेरे (ट्रिप) का संचलन पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से किया गया। 05440/05441 सीवान-मसरख-सीवान अनारक्षित गाड़ी का थावे तक, 05169/05170 बलिया-वाराणसी सिटी-बलिया मेमू का प्रयागराज रामबाग तक, 12555/12556 गोरखपुर-हिसार-गोरखपुर गोरखधाम एक्सप्रेस का बठिण्डा तक तथा 14213/14214 वाराणसी-गोण्डा-वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस का बहराइच तक मार्ग विस्तार किया गया।



**उत्तर रेलवे की नौ गाड़ियां स्थानान्तरित**

उत्तर रेलवे के वाराणसी जं. से पूर्वोत्तर रेलवे के बनारस/वाराणसी सिटी स्टेशन पर नौ जोड़ी गाड़ियों को स्थानान्तरित किया गया, जिसमें 17323/17324 हुबली-वाराणसी एक्सप्रेस को वाराणसी जं. से बनारस, 11071/11072 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-वाराणसी एक्सप्रेस को वाराणसी जं. से बनारस, 04202/04201 प्रतापगढ़-वाराणसी विशेष गाड़ी को वाराणसी जं. से बनारस, 14220/14219 लखनऊ-वाराणसी एक्सप्रेस को वाराणसी जं. से बनारस, 22969/22970 ओखा-वाराणसी एक्सप्रेस को वाराणसी जं. से बनारस, 14265/14266 वाराणसी-देहरादून एक्सप्रेस को वाराणसी जं. से बनारस, 04249/04250 आनन्द विहार टर्मिनस-वाराणसी विशेष गाड़ी को वाराणसी जं. से बनारस, 14854/14853 जोधपुर-वाराणसी एक्सप्रेस को वाराणसी जं. से वाराणसी सिटी, 19167/19168 अहमदाबाद-वाराणसी साबरमती एक्सप्रेस को वाराणसी जं. से वाराणसी सिटी स्टेशन पर स्थानान्तरित किया गया।

# आश्वासन पर माने छात्र, धरना समाप्त

## कुलसचिव और कुलानुशासक के संग स्थल पर ही खाया दही चूड़ा



छात्रों संग दही चूड़ा खाते विश्वविद्यालय अधिकारी

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में पिछले चार दिन से छात्र नेताओं द्वारा धरना दिया जा रहा था। जो रविवार को प्रशासनीक अधिकारियों के आश्वासन के बाद समाप्त हो गया। इस दौरान कुलसचिव हरिशचंद और कुलानुशासक अमिता सिंह के साथ धरना स्थल पर ही बैठकर सभी छात्रों ने दही चुड़ा खाया।

कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी के आश्वासन पर विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से रविवार को छात्रों को आश्वासन दिया गया कि वह छात्र संघ चुनाव के लिए शासन और प्रशासन दोनों से वार्ता की जा रही है। निर्णय के बाद चुनाव की तत्काल घोषणा कर दी जाएगी।

जिसपर छात्रों ने 26 जनवरी तक धरना समाप्त करने की बात कही और धरना समाप्त कर दिया।

पूर्व महामंत्री प्रफुल्ल पांडेय ने बताया कि 26 जनवरी तक का समय दिया गया है। जिसके बाद भी अगर छात्रसंघ चुनाव के तिथियों की घोषणा नहीं होती तो अनशन के लिए बाध्य होंगे।

वार्ता के दौरान कुलानुशासक प्रो. अमिता सिंह, कुलसचिव हरिश चंद मौजूद रहे। जिन्होंने छात्रों को दही और चूड़ा खिलाकर धरना समाप्त कराया। इस दौरान छात्र नेता रविभान सिंह, गौरव सिंह, करन प्रजापति, बादल सिंह, रितिक सिंह, विकास मणि पाल, अभिषेकेमिश्रा आदि छात्र रहे।

## नीति आयोग के अफसर आज जाएंगे सेवापुरी

**वाराणसी।** नीति आयोग भारत सरकार की टीम सोमवार को देश के पहले मॉडल ब्लॉक सेवापुरी का दौरा करेगी। इसके लिए रविवार को अपराह्न आयोग के डीजी डीएमईओ संजय कुमार अपने सहयोगी संयम कपूर से साथ वाराणसी पहुंचे। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वह सोमवार को सबसे पहले सेवापुरी विकास खंड मुख्यालय सभागार में दिन में 11 बजे संबंधित महकमों के जिला स्तरीय अफसरों के साथ बैठक करेंगे। उसके बाद 11.45 बजे ग्राम प्रधानों और जनप्रतिनिधियों संग मीटिंग होगी। वह दोपहर 12 बजे के बाद हाथी ग्राम पंचायत स्थित कंपोजिट स्कूल, सामुदायिक शौचालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और आंगनबाड़ी केंद्र का मौका-मुआयना करेंगे। उसके बाद अपराह्न दो बजे विकास खंड के जगापट्टी में संचालित स्वयं सहायता समूह समेत कौशल विकास मिशन और जैविक खेती में चल रहे कार्यों का जायजा लेंगे।

## उचक्कों ने युवती के जेब से निकाला मोबाइल

**जनसंदेश न्यूज**

**सारनाथ।** अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल सारनाथ में परिवार के साथ घूमने आयी युवती के जेब से उचक्कों ने रविवार की शाम मोबाइल झटक लिया। इस दौरान कुछ समय तक पुलिस मामले को लेकर हीलाहवाली बरतने की बात सामने आयी हालांकि बाद में मोबाइल खो जाने का रपट लिखा गया।

पुलिस घटना स्थल के आपपास लगे सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से जांच में जुट गई। जानकारी के अनुसार शिवम काम्प्लेक्स लंका निवासी गीतिका सारनाथ स्थित पुरावशेषों व बौद्ध मंदिर को देखने के लिए परिवार के साथ आयी थी। श्रीलंकाई बौद्ध मंदिर के सामने स्थित एक ठेले की दुकान से हैंडीक्राफ्ट का सामान खरीदने लगी। इस बीच उचक्के ने युवती के कोट के दाहिने जेब से 21 हजार का मोबाइल निकाल लिया। भुक्तभोगी युवती गीतिका ने कहा कि पुलिस ने मोबाइल खोने का आवेदन देने का दबाव बनाकर तहरीर बदलवा दिया।

**छह वारंटियों को पकड़कर भेजा जेल**

**चौबेपुर।** चौबेपुर थाना क्षेत्र से रविवार को छह वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार रामधारी यादव पुत्र लौजारी यादव पप्पू यादव पुत्र मुकुंद निवासी कैथी व गौरव पुत्र हीरा बब्बल पुत्र कांता, कैलाश पुत्र कांता, कांता पुत्र देवनंदन सभी निवासी रैपुरा को उनके घरों से गिरफ्तार किया गया। चौबेपुर थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि न्यायालय से वारंट प्राप्त था इस कड़ी में सभी को दबोचा गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में कैथी चौकी प्रभारी काशी नाथ उपाध्याय, चिरईगांव चौकी प्रभारी मनोज कुमार तिवारी,कांस्टेबल मनोज कुमार सुरेंद्र यादव आदि शामिल रहें।

## घटतौली को लेकर मारपीट, रपट दर्ज

**रोहनिया।** रोहनिया-राजातालाब थाना क्षेत्र के रानी बाजार के ग्राम प्रधान अनिल गुप्ता के भतीजा दिव्य भूषण गुप्ता को राशन लेने के दौरान घटतौली को लेकर कोटेदार के बेटे से हुई मारपीट व गाली गलौज के मामले में रपट दर्ज हुई।

जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत
सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा बीटेक प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ वर्ष 2017-2021 अनुक्रमांक 1707710052 का अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। शुभम गोंड पुत्र अनिल कुमार गोंड ग्राम व पोस्ट-गोमाडीह, तहसील-लालगंज, जिला-आजमगढ़।

मेरे पासपोर्ट संख्या-K5320951 में मेरा नाम सुरेंद्र पुत्र रामभवन अंकित हो गया है जो गलत है, जबकि मेरा सही नाम सुरेंद्र राजभर पुत्र रामभवन है अन्य प्रमाण पत्रों में आधार कार्ड, पैन कार्ड में मेरा नाम सुरेंद्र राजभर है, मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाता है, सुरेंद्र राजभर पुत्र रामभवन ग्राम बाकरकोल पोस्ट - छितौना थाना अहरौला तहसील बूढ़नपुर जिला आजमगढ़, उत्तर प्रदेश पिन संख्या - 223221

# आसमान से काशी का नजारा लेने का मौका कल से

## जनपद में 'काशी बैलून एंड बोट फेस्टिवल' 17 से 20 तक, एडवेंचर गेम्स का रहेगा आकर्षण

**पत्रकार-वार्ता**

**बैलून उड़ान, नौका दौड़ फोटो प्रदर्शनी और रंगारंग कार्यक्रम आदि के गवाह बनेंगे एससीओ मेंबर**

**गुब्बारों में प्रतिदिन कुल मिलाकर 30-35 लोग ही भर सकेंगे उड़ान, अगले साल से कॉमर्शियल इवेंट**

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** काशी बैलून एंड बोट फेस्टिवल मंगलवार से आरंभ होकर 20 जनवरी तक चलेगा। इस आयोजन में शामिल किये गये और आकर्षणों के गवाह बनारसवासियों समेत देश-विदेश के पर्यटक और शंघाई सहयोग संगठन यानि एससीओ के सदस्य भी बनेंगे। कार्यक्रम में छायाचित्र प्रदर्शनी, फोटोग्राफरों का एजुकेटिव सेशन, टिथरिंग और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। गंगापार टेंट सिटी में रविवार की दोपहर आयोजित पत्रकार-वार्ता में यह जानकारी उत्तर प्रदेश पर्यटन की उप निदेशक प्रीति श्रीवास्तव, बोट रेस विशेषज्ञ मनदीप मल्होत्रा और बैलून इवेंट से संबद्ध इरा मिर्जा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत समेत चीन, उजबेकिस्तान, कजाकिस्तान, इटली, इंडोनेशिया आदि देशों के दस प्रोफेशनल पायलट बैलून लेकर आएंगे। उड़ान के लिए डोमरी, कमच्छा स्थित सीएचएस और बीएचयू के एम्फी थिएटर मैदान




चिह्नित है। हवा के रुख के अनुसार संबंधित स्थल से सवारी लेकर गुब्बारे सुबह 6.30 बजे उड़ान भरेंगे।

गत बार के बैलून फेस्टिवल में हुई अव्यवस्था से जुड़े सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि चूंकि इस डिस्प्ले बैलून फेस्टिवल में प्रत्येक गुब्बारे में निश्चित संख्या में ही लोगों को बैठाना संभव होता है इसलिए एक दिन में कुल मिलाकर अधिकतम लगभग 30-35 लोग ही उसका आनंद ले सकेंगे। प्रतिदिन सुबह आठ बजे तक यह कार्यक्रम होगा। शाम 5.30 से सात बजे तक डोमरी में एक ही स्थान पर गुब्बारा बांधकर उसमें एक तय ऊंचाई से लोगों को काशी के घाटों का नजारा दिखाएंगे। बैलून की सवारी के लिए टिकट दर 500 रुपये प्रति व्यक्ति रखा गया है। आगामी वर्ष से कमर्शियल बैलून इवेंट कराए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि दशाश्वमेध से राजघाट तक तीन किमी की नौका दौड़ अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार होगी। बोट रेस प्रतिदिन दोपहर 12 बजे आयोजित की जाएगी। सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली प्रथम तीन टीमें विजेता बनेंगी। पूरी दुनिया को काशी की इस बोट रेस के बारे में बताना है। प्रेसवार्ता के दौरान लॉटरी के जरिये बोट रेस की टीमें तय की गईं। उनके कैप्टन नीरज, गोपाल, राजेंद्र, विनोद, सीताराम, किशन, मिथुन, राधेश्याम, बबलू और सूरज आदि को फ्लैग एवं जर्सी सौंपी गयी।

प्रीति ने बताया कि दोपहर एक बजे से राजघाट पर फोटो प्रदर्शनी लगेगी। वहीं पर शाम चार बजे छायाकार शैक्षणिक सत्र चलाएंगे। शाम 7.30 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रमों में राजस्थानी कलाकार नाथूलाल सोलंकी, फ्यूजन गुरु प्रेम जोशुआ, इंडी म्यूजिशियन का ग्रुप कबीर कैफे और बनारस के सुविख्यात वॉयलनिस्ट सुखदेव मिश्र की प्रस्तुतियां अलग-अलग दिनों में होंगी। इसके अलावा प्रमोशनल शो के तहत पैरा मोटर ग्लाइडिंग आदि भी पेश किये जाएंगे।

## मंझे से युवक का कटा हाथ लगे सात टांके

**रामनगर।** लगातार प्रशासन द्वारा प्रतिबंधित मंझे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के बावजूद चाइनीज मंझे की बिक्री कम होने का ना नहीं ले रही जो आये दिन घटनाओं की वहज बन रही है। रविवार को रामनगर में चाइनीज मंझे से एक युवक का हाथ कट गया। परिजन आनन-फानन में युवक को एक निजी चिकित्सालय ले गये। यहां युवक के हाथ में सात टांके लगे। रामनगर बघेली टोला निवासी 22 वर्षीय युवक रिषभ पांडेय फेरी कर साड़ी बेचता है। रविवार वह अपने किसी काम से बाजार जा रहा था। तभी चाइनीज मंझा उसके गर्दन के पास से गुजरा, मंझे से बचने के लिए उसने अपने हाथ को आगे किया। मंझे से उसका हाथ गंभीर रूप से कट गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने रिषभ को निजी चिकित्सालय लेकर पहुंचे यहां उसे सात टांके लगे।

**चाइनीज मंझा बेचने वाला गिरफ्तार**

**तरना।** शिवपुर थाना क्षेत्र के भोजुबीर सब्जी मंडी स्थित दुकान से बिक रहे प्रतिबंधित चाइनीज मंझा के साथ दुकानदार को शिवपुर पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार प्रशिक्षु उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने भोजूबीर स्थित एक दुकान में झोला में रखकर चोरी से प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बेच रहे दुकानदार कमलेश कुमार गुप्ता को गिरफ्तार किया, साथ ही पांच किलो प्रतिबंधित चाइनीज मंझा बरामद किया।

## संक्षेप

**रिफ्लेक्टर लगाने में पुलिस से उलझने वाले गिरफ्तार**



**हरहुआ।** बड़गांव थानांतर्गत कोईराजपुर में रिंग रोड फेज दो पर रविवार को सुबह में वाहनों को रोककर में रिफ्लेक्टर लगा रहे कर्मचारियों और पुलिसकर्मियों से कोईराजपुर निवासी भगवानदास और सूरज उलझ गये। दोनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर 151 में चालान कर दिया। इस बारे में चौकी प्रभारी सचिन पटेल ने बताया कि रविवार को रिंग रोड पर एक एजेंसी के कर्मचारियों द्वारा वाहनों में रिफ्लेक्टर लगाया जा रहा था। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर वहां 2 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। इसी बीच कोईराजपुर निवासी दो युवक पहुंचे और पुलिस टीम से शरारत करने लगे।

**झगड़ा देखने गयी बच्चियों को ईंट से मारा**

**तरना।** पड़ोसी के घर हो रहे झगड़े को देखना नाबालिग बच्चियों को भारी पड़ गया। पड़ोसी ने गाली गलौज कर दोनों बच्चियों को ईंट-पत्थर से मार कर घायल कर दिया। घायल बच्चियों की मां प्रेमशिला पटेल के अनुसार वह सुदीपुर, शिवपुर की निवासिनी है। शनिवार की शाम लगभग 6:00 बजे पड़ोस में रहने वाले कन्हैया पटेल के घर पर परिवार के लोगों में किसी बात पर झगड़ा हो रहा था। इसी दौरान उसकी नाबालिग बच्चियां बेबी पटेल, आकांक्षा पटेल, तनु पटेल एवं तनीषा पटेल शोरगुल सुनकर छत पर से उनके तरफ यह देखने के लिए झांकने लगी ये बात पड़ोसी को इस कदर नागवार लगी कि उसने ईंट पत्थर से बच्चियों को मारकर घायल कर दिया। प्रेमशिला पटेल के तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

**आईआईटी के छात्रों ने खूब बोला भा-काटे**

**वाराणसी।** मकर संक्रांति पर आईआईटी बीएचयू आर्यभट्ट और धनराजगिरी-2 छात्रावास के प्रथम व द्वितीय वर्ष के छात्रों ने जिमखाना मैदान में जमकर पतंगबाजी की इस सामूहिक पतंग उत्सव में धनराज गिरी - 2 और आयोजन सचिव यश अग्रवाल अपने साथियों के हौसला बढ़ाया।विद्यार्थियों ने अपने बचपन के दिन को याद किया। इस पतंगबाजी के बहाने अपने बचपन और घर की यादों को जीवंत किया। पतंगबाजी उत्सव का आयोजन छात्रावास के सचिव मुरारी कुमार और यश अग्रवाल ने मिलकर किया ।

**मंदिर से घंटा चोरी**

**चौबेपुर।** चौबेपुर थाना क्षेत्र के खरगीपुर गांव स्थित मां भगवती धाम मंदिर में लगा 51 किलो का घंटा शनिवार को रात में लोहे की राड को काट कर चोर ले गए। सुबह में गांव के लोग ने देखा तो मंदिर में लगा घंटा गायब है। उन्होंने इसकी सूचना मंदिर के पुजारी को दी। मंदिर के पुजारी ने थाना अध्यक्ष को लिखित सूचना दिया ।

**पेड़ से टकरायी बाइक, युवक की मौत**

**चोलापुर।** चोलापुर थाना क्षेत्र के मुदार्हा चौकी के सरैया गांव के पास शनिवार की देर रात सड़क दुर्घटना में 22 साल के युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बाइक सवार मयूर उर्फ सनी विश्वकर्मा निवासी चमरहा थाना चोलापुर किसी काम से बाबतपुर के लिए निकला था। इस दौरान उसकी बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गयी। हादसे में उसकी मौत हो गयी। सनी घर का एकलौता बेटा था। चमरहा बाजार में हार्डवेयर की दुकान चलाता था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

**खाता हैक कर की 35 हजार की खरीदारी**

**वाराणसी।** साइबर ठगी के दिन पर दिन बढ़ते तरीकों ने लोंगो का जीना दूभर किया है। पुराने तरीकों को उलट पुलट कर ठगी करने के तरीका से लोग कितना भी बचना चाह रहे हैं पर फिर भी शिकार हो जा रहे हैं। एक अलग तरह की ठगी का ममाल कैंट थाना क्षेत्र का है जहां महिला का खाता हैक कर साइबर ठगों ने जमकर खरीदारी की। जानकारी के अनुसार कैंट थाना क्षेत्र के सिकरौल, सेंट्रल जेल रोड निवासीनि हर्षिता सिंह एक ऑनलाइन शॉपिंग एप पर रिजस्टेशन कराया है। जिसे किसी अज्ञात ठग ने हैक कर लिया है। उक्त एकाउंट से उसने हर्षिता के खाते से 35 हजार की खरीदारी कर ली। मामले की जानकारी तब हुई जब पीड़िता के मोबाइल पर पैसे भरने का मैसेज आया। तहरीर के आधार पर कैंट पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

**अग्निवीरों की लिखित परीक्षा सम्पन्न**

**वाराणसी।** एक माह पूर्व सेना भर्ती के रणबांकुरा स्टेडियम में संपन्न हुई अग्निवीर सेना भर्ती दौड़ में सफल अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा रविवार को 39जीटीसी परिसर आर्मी पब्लिक स्कूल में हुई। आयोजित परीक्षा में 2438 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। इस दौरान कुल 12 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। कानून व्यवस्था को लेकर चौकी प्रभारी फुलवरिया पंकज राय मातहतों संग मुख्य गेट पर तैनात रहे। परीक्षा संपन्न होने के बाद सभी को उनके गंतव्य की ओर भेजा गया। एक घण्टे की लिखित परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों एक दिन पहले यानी शनिवार की शाम को ही परीक्षा केंद्र के आसपास आ गये।

**घर के बाहर से बाइक चोरी**

**सारनाथ।** रसुलगढ़ (सारनाथ) में घर के सामने खड़ी बाइक चोरी हो गयी। भुक्तभोगी ने रविवार को सारनाथ थाने में लिखित सूचना दर्ज करायी। जानकारी के अनुसार रसुलगढ़ निवासी मंगल सोनकर शनिवार की रात में अपनी बाइक खड़ा किया था। सुबह 10 बजे घर से बाहर निकलने पर देखा कि बाइक गायब है। खोजबीन की मंगल ने रविवार को सारनाथ थाने में शिकायत दर्ज करायी।

**रंगी सारी गुलाबी चुनरिया रे, बड़ालालपुर में सांस्कृतिक संध्या**



**वाराणसी।** दीनदयाल हस्तकला संकुल, बड़ालालपुर, में कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार एवं सुबह ए बनारस के तत्वावधान में 'सांस्कृतिक संध्या' का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक संध्या में बोकारो से पधारी कलाकार श्रीमती रंजना राय ने गायन आरम्भ किया मधुर स्वरों में पिरोई शिव वन्दना से की। बोल थे खोली नाही मातल हो नयनवा शिव भोलेबाबा। इसके उपरांत दादरा से हर्षित किया। बोल थे रंगी सारी गुलाबी चुनरिया रे । इसके उपरांत एक और बनारसी पारंपरिक दादरासुनाकर रससिक्त किया। बोल थे पिया मेहंदी लियाई द मोतीझील से ना। इसी क्रम में राम विवाह पर आधारित लोकगीत सुनाकर भक्ति के भाव का सृजन किया। रचना के के बोल थे कहवा से आवत तारे राम धनुधारिया। गायन का समापन किया परम्परा गत विवाह से किया। उनके साथ मोतीलाल (तबला) एवं संतोष मौर्य (कीबोर्ड) तथा साहिल कुमार आक्टोपैड पर संगत किया। कलाकारों को प्रमाण पत्र प्रदान किया संग्रहालय के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने ।संचालन डॉ प्रीतेश आचार्य ने किया। कार्यक्रम की संकल्पना और संयोजन डॉक्टर रत्नेश वर्मा का रहा।

**गो सेवा में है समस्याओं का समाधान**



**वाराणसी।** दुनिया की समस्त समस्याओं का समाधान गौ सेवा में निहित है। आज जब दुनिया में बेचैनी है, अशांति है, विक्षोभ है तब ऐसी परिस्थिति में गौ सेवा ही सुकून का माध्यम बन सकती है। यह कहना है कर्नाटक से आए वैदिक विद्वान और प्रवचक पंडित आनंद भट्ट गोकर्ण का। श्री काशी वेद वैदिक वैदिक प्रतिष्ठानम (रजि.) की ओर से उत्तर वाहिनी मां गंगा के दक्षिणी तट पर कोविलूर मठ में विश्व कल्याण और विश्व शान्ति के लिए रविवार से शुरू हुई त्रिदिवसीय विश्वमंगल सुरभि (गौ) महायज्ञ एवं संगीतमय गौ महात्म्य कथा के तहत आनंद भट्ट ने कहा कि सनातन धर्म के समस्त देवी देवताओं ने गौ माता में शरण ले रखी है। ऐसे में हमें इधर उधर भटकने के बजाय देवी देवताओं की तरह गौ माता का शरणागत हो जाना चाहिए। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गौ सेवा प्रकल्प के अध्यक्ष अजीत महापात्र थे। कथा शुरू होने के पहले दुर्गाकुंड स्थित दुर्ग विनायक से गौ माता की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में काफी संख्या में बटुक और प्रबुद्ध लोग चल रहे थे। शोभा यात्रा के अस्सी पहुंचने के बाद गौ महायज्ञ शुरू हुआ। महायज्ञ के यजमान श्री अजीत महापात्र और पूर्व मेयर रामगोपाल मोहले थे। महायज्ञ को संपन्न कराने के लिए कर्नाटक से विद्वान घनपाठियों का दल काशी आया हुआ है।



# वाराणसी



# बिजली कंपनियों के लिए पोल करेंगे 'कमाई'

**जितेंद्र श्रीवास्तव**

**अब हुई पहल**

- विद्युत पोल का उपयोग करने वालों से चार्ज वसूलने के लिए बना नया कानून
- उत्तर प्रदेश नियामक आयोग ने बनाया है कानून, सुरक्षा मानकों का रखना होगा ध्यान
- लंबे समय से दूरसंचार कंपनियां और केबल ऑपरेटर कर रहे विद्युत पोल का उपयोग

वाराणसी। विद्युत उपभोक्ताओं के घर-घर, प्रतिष्ठान-प्रतिष्ठान और कल-कारखानों तक बिजली का करंट पहुंचाने के लिए लगाये गये पोल अब विभाग के लिए कमाई का साधन बनने जा रहे हैं। इसके लिए उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने दूरसंचार नेटवर्क सुविधा विनियामवली-2022 के तौर पर नया कानून बनाया है। इसके लागू होते ही बिजली कंपनियां पोल का इस्तेमाल करने वालों से एक निर्धारित शुल्क वसूल कर सकेंगे।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लि. (यूपीपीसीएल) के एक वरिष्ठ अधिकारी की मानें तो प्रदेश के हर जिले में उपभोक्ताओं तक बिजली का रंकट पहुंचाने के लिए एचटी और एलटी लाइनों के तार बिछाने के लिए विद्युत पोल लगाये गये हैं। शहर और देहात क्षेत्र में लगाये गये विद्युत पोलों का इस्तेमाल सरकारी से लेकर निजी क्षेत्र की दूरसंचार कंपनियां, केबल आपरेटर आदि अपने नेटवर्क का केबल अपने उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के लिए खुलेआम कर रहे हैं। इसके अलावा तमाम तरह के सरकारी और प्राइवेट फ्लैक्स बोर्ड, बैनर आदि भी लगाये जाते हैं। लेकिन उसके एवज में बिजली कंपनियों को कुछ नहीं मिलता। ऐसे में उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने बिजली कंपनियों की आय बढ़ाने के लिए विनियमावली के रूप में नया कानून बनाया है।

यूपीपीसीएल सूत्रों की मानें तो उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने पहली बार दूरसंचार नेटवर्क सुविधा विनियमावली-2022 के तौर पर नया कानून बनाया गया है।

राज्य सरकार की तरफ से विनियमावली संबंधी अधिसूचना जारी करते ही बिजली कंपनियां अपने पोल का इस्तेमाल करने वालों से वसूली कर सकेंगी। तब दूरसंचार कंपनियों और केबल आपरेटरों को बिजली के पोल के इस्तेमाल पर बिजली कंपनियों को एक निश्चित धनराशि का भुगतान करना होगा। इससे बिजली कंपनियों के राजस्व में अच्छी-खासी वृद्धि होगी। माना जा रहा है कि अतिरिक्त कमाई होने के बाद बिजली बिल में कमी आ सकती है। इसका लाभ विद्युत विभाग के उपभोक्ताओं को मिलेगा। उत्तर प्रदेश राज्य उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा का कहना है कि प्रदेश भर में लगभग एक करोड़ से अधिक बिजली के पोल होंगे। इनसे प्रति वर्ष बिजली कंपनियों को तकरीबन 500 करोड़ रुपये की आय का अनुमान है। इससे कहीं न कहीं उपभोक्ताओं की बिजली दरों में कुछ कमी आएगी। इसका सीधे तौर पर लाभ उपभोक्ताओं को मिलना तय है।



### ऐसे मिलेगा उपभोक्ताओं को लाभ

उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के सचिव संजय सिंह की ओर से अपर मुख्य सचिव (ऊर्जा) को विनियमावली की प्रति भेजी गई है। अधिसूचना जारी होते ही यह नया कानून लागू हो जाएगी। विद्युत पोल के माध्यम से होने वाली कमाई को नॉन टैरिफ इनकम माना जाएगा। यूपीपीसीएल सूत्रों की मानें तो नॉन टैरिफ इनकम के तौर पर बिजली कंपनियों को पोल से होने वाली आय का 70 प्रतिशत बिजली दर निर्धारण में शामिल करना होगा जबकि 30 प्रतिशत उनके लिए होगा। विद्युत पोल से होने वाली आय के बाबत बनाए गए नए कानून में संशोधन का अधिकार उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग को होगा।

### 33 केवी लाइनों के पोल-टावरों के इस्तेमाल की इजाजत नहीं

उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग की तरफ से बनायी गयी विनियमावली में कहा है कि बिजली कंपनियां अपने पोल का इस्तेमाल होने पर कमाई के साथ ही सुरक्षा मानकों का ध्यान रखेंगी। 33 केवी लाइन के विद्युत पोलों-टावरों का इस्तेमाल किसी को करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। क्योंकि एचटी लाइनों पर विद्युत दुर्घटनाओं की संभावना सर्वाधिक खतरनाक मानी जाती है।

### करने होंगे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग की तरफ से बनायी गयी विनियमावली में कहा है कि विद्युत पोल का इस्तेमाल करने वाली दूरसंचार कंपनियों और केबल आपरेटरों को टावर या उपकरण के लिए पोल के इंसुलेटर से सेफ्टी क्लीयरेंस के सारे इंतजाम करने होंगे। बिजली कंपनियों की आवश्यक सेवा की गुणवत्ता के साथ उन्हें किसी तरह का खिलवाड़ करने की इजाजत नहीं होगी। दूरसंचार कंपनियों और केबल आपरेटरों को समय-समय पर केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण और उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के कानूनों का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा।

### टेंडर के जरिए तय होगी किराए की दर

उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग की तरफ से बनायी गयी विनियमावली में कहा है कि बिजली कंपनियो को टेंडर प्रक्रिया के जरिए ही पोल के इस्तेमाल के एलज में किराए की दर तय करनी होगी। किसी एक कंपनी का कहीं वर्चस्व कायम न होने पाए। इसके लिए कहीं भी 50 प्रतिशत से ज्यादा पोल किसी को नहीं दिए जाएंगे। तीन वर्ष में किराया शुल्क में संशोधन किया जाएगा।

### 5 जी तकनीक को मिलेगा बढ़ावा

यूपीपीसीएल सूत्रों की मानें तो इस नई व्यवस्था से 5जी तकनीक को बढ़ावा मिलेगा। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने ऐसी व्यवस्था की है कि यदि 5जी नेटवर्क में दूरसंचार कंपनियों को कहीं भी बिजली की आवश्यकता होगी तो उसे भी स्मार्ट मीटर लगाकर दिया जा सकेगा। तब बिजली बिल अदा करने से लेकर स्मार्ट मीटर सहित अन्य सभी खर्चों का भार संबंधित दूरसंचार कंपनी को उठाना होगा।

# लाखों ने गंगा में लगायी पुण्य की डुबकी



शीतला घाट पर नहाने वालों की लगी रही भारी भीड़



डेढ़सी पुल पर खिचड़िया बाबा मंदिर पर प्रसाद लेते लोग

**मकर संक्रांति**

- श्रद्धालुओं से भरा रहा हर घाट, चलता रहा दान-पुण्य
- सर्वाधिक भीड़ दशाश्वमेधघाट अस्सी, भैंसासुर घाट पर रही
- छतों पर युवकों व बच्चों ने की पतंगबाजी
- भक्काटे के बीच रंग-बिरंगी पतंगों से पटा रहा आसमान

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** मकर संक्रांति पर रविवार को काशी के गंगा घाटों पर लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में पुण्य की डुबकी लगायी। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान करने के बाद घाटों पर अपनी सामर्थ्य के मुताबिक तिल-गुड़, लाई-चूड़ा दही खिचड़ी आदि का दान भी किया। काशी के प्रायः हर घाटों पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ी रही। गंगा स्नान भोर से प्रारंभ होकर अपराह्न तक चलता रहा।

इसमें स्थानीय के अलावा दूर-दराज से भी लोग आये हुए थे। वहीं दूसरी ओर मकर संक्रांति पर शहर के प्रायः हर इलाकों में मकानों की छतों पर युवकों व बच्चों ने जम कर पतंगबाजी की। पूरा आसमान रंग-बिरंगी पतंगों से पटा रहा। मकानों की छतों पर युवाओं ने म्यूजिक सिस्टम भी लगा रखा था जिसपर भोजपुरी गीतों के साथ ही फिल्मी गीत भी बज रहे थे। इस दौरान लोगों ने तिल-गुड़, लाई-चूड़ा दही खिचड़ी का भी स्वाद लिया। सायंकाल तक शहर के विभिन्न इलाकों में भक्काटे के बीच पतंगबाजी चलती रही। सूर्य का धनु राशि से सुबह 3.02 मिनट पर मकर राशि में प्रवेश करते ही मकर संक्रांति का पर्व शुरू हो गया। काशी के दशाश्वमेध घाट, प्रयागघाट, मान मंदिर, डा. राजेन्द्र प्रसाद घाट, राणा महल घाट, हनुमान घाट, सिंधिया, अस्सी, तुलसीघाट, प्रहलाद घाट, भैंसासुर, राजघाट, पंचगंगा घाट, केदार घाट, भदैनी आदि घाटों पर श्रद्धालुओं ने पुण्य की डुबकी लगायी। मकर संक्रांति की पूर्व संध्या पर ही काशी में भक्तों का रेला उमड़ पड़ा था।

भोर से शुरू हुआ स्नान-दान का सिलसिला देर शाम तक अनवरत जारी रहा। अस्सी घाट से नमो घाट तक श्रद्धालुओं ने उत्तरवाहिनी में पुण्य की डुबकी लगाई। मकर संक्रांति के स्नान के लिए शनिवार की शाम के बाद से ही श्रद्धालु गंगा के तट पर पहुंचने लगे थे। यह सिलसिला मध्य रात्रि तक जारी रहा। केदारघाट और शंकराचार्य घाट पर दक्षिण भारतीय श्रद्धालुओं की भीड़ रही। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने घाट पर ही जरूरतमंदों को दान कर पुण्य कमाया।

### विश्वनाथ धाम व अन्नपूर्णा मंदिर में लगी रही कतारें

मकर संक्रांति पर गंगा में डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ व मां अन्नपूर्णा का भी दर्शन पूजन किया। बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की ज्ञानवापी से लेकर बांसफाटक तक लंबी कतारें लगी रही। भक्तों ने बाबा का जलाभिषेक कर अपने परिवार के मंगल की कामना की। श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ के दरबार में दर्शन पूजन के बाद मां अन्नपूर्णा के मंदिर का रुख किया। मां अन्नपूर्णा की रसोई में प्रसाद ग्रहण करने के बाद भक्तजन गंतव्य के लिए रवाना हुए।

### खिचड़िया बाबा मंदिर में खिचड़ी का वितरण

दशाश्वमेध घाट पर खिचड़िया बाबा के मंदिर के बाहर सुबह से ही खिचड़ी प्रसाद का वितरण शुरू हो गया। इसमें घाट पर स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं और आम लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। नमामि गंगे की ओर से दशाश्वमेध और राजेंद्र प्रसाद घाट पर जागरूकता अभियान चलाया गया। मकर संक्रांति के स्नान पर गंगा में गंदगी न डालने की अपील की गई। लाउडस्पीकर से श्रद्धालुओं को गंदगी और पॉलिथीन से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया। श्याम मंडल की ओर से मकर संक्रांति पर प्रातः कैंप लगाकर काशी में आए इस नार्थ इयों व शिव भक्तों को कचोरी सब्जी जलेबी व मिठाई तथा चाय पिलाई गई।



गंगा स्नान करने आए लोगों ने जी खोलकर किया दान

# पछुआ हवा ने फिर बढ़ाई गलन

**मौसम**

- 20 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं हवाएं

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** रविवार को मौसम खुशनुमा महसूस हुआ। धूप भी खिली थी और पतंग उड़ाने वालों को हल्की गर्मी का एहसास भी हुआ। बावजूद इसके शनिवार की रात से चली पछुआ हवाओं ने रविवार को दिन ढलने के साथ ही गलन को बढ़ा दिया। करीब 20-25 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से पछुआ हवा बही।

रविवार को दिन का तापमान 14 डिग्री सेल्सियस पर आ गया था। हालांकि दिन में खिली धूप का लोगों ने भरपूर लाभ उठाया। अवकाश होने की वजह से गृहिणियों ने घरेलू कामकाज को प्राथमिकता दी। कई दिन से एकत्रित किये गये गंदें वस्त्रों को धोया और सुखाने के लिए धूप में डाल दिया। बुजुर्गों ने स्नान-ध्यान के बाद दूध-चूड़ा और तिलवा-तिलकुट का आनंद धूप सेंकते हुए उठाया। पतंगबाजों के लिए यह मौसम खुशगवार रहा। हालांकि शाम ढलने के बाद गलन ने पांव पसारना शुरू कर दिया और लोगों को ठंड का पुनः एहसास हुआ। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि सिर्फ वाराणसी में ही नहीं, समूचे प्रदेश में यह तेज हवा चली। वहीं, अभी कोल्ड वेव भी आने वाला है क्योंकि कश्मीर व हिमाचल में बर्फ पड़ी है। पारा चार-पांच डिग्री तक आ सकता है। पिछले दो दिन से ठंडक थोड़ी कंट्रोल में थी। मगर, अनुमान है कि गलन फिर बढ़ सकती है।



जाड़ तो बढ़ा, पर गंगा पार रेती पर युवतियों ने मौसम का लिया आनंद



घाटों पर पतंग उड़ाने में युवतियां भी पीछे नहीं रहीं

### कोहरा नहीं, मालगाड़ी भी देरी का कारण

**वाराणसी।** लगातार ट्रेनों की लेटलतीफी जारी है, कोहरा कम होने के बाद भी ट्रेन पांच से दस घंटे देरी से अपने गंतव्य स्टेशन पहुंच पा रहीं हैं। इसका एक कारण मालगाड़ी भी मानी जा सकती है। कैंट स्टेशन पर परिचालन से जुड़े लोगों की मानें तो लांग हाल (58 कोच की मालगाड़ी) कि दिनभर इस मार्ग पर आवाजाही है, ऐसे में यात्री ट्रेनों की लेटलतीफी होना लाजिमी है। रविवार को भी वंदे भारत एक घंटा 59 मिनट लेट आई और एक घंटा 45 मिनट देरी से गंतव्य की ओर रवाना हुई, इसके साथ ही ट्रेन संख्या 13258 एक घंटा, 15232 गोंदिया बरौनी साढ़े आठ घंटा, 15231 बरौनी गोंदिया एक्सप्रेस साढ़े पांच घंटा, 13308 गंगा सतलज एक्सप्रेस साढ़े तीन घंटा, 12331 हिमगिरी एक्सप्रेस छह घंटा, 13010 दून एक्सप्रेस तीन घंटे, 11071 कामायनी एक्सप्रेस मीन घंटे, 12560 शिवगंगा एक्सप्रेस चार घंटे, 12582 नई दिल्ली मंडुआडीह सुपरफास्ट तीन घंटे देरी स्टेशन पहुंची।

**यात्रियों ने बताया, कष्टदायी :** देरी से चल रही ट्रेनों के चलते परेशान हो रहे यात्रियों ने बताया कि पूरे सफर के दौरान कहीं भी कोहरा नहीं दिखा, बावजूद इसके लखनऊ से वाराणसी के पांच घंटे के सफर में तीन-तीन घंटे ट्रेनें लेट हो जा रही है। ट्रेनों से सफर करना कष्टदायी होता जा रहा है।






# मकर संक्रांति पर टेंट सिटी गुलजार

**चहल-पहल**

- सैलानियों ने गंगा की गोद में बसे तंबुओं के शहर का उठाया लुत्फ

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** गंगा पार रेती पर टेंट सिटी का शुक्रवार को लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों लोकार्पण किया गया। जिसके बाद रविवार को इसमें पर्यटकों के ठहरने का सिलसिला शुरू हो गया। काशी आए सैलानियों ने टेंट सिटी का जमकर लुत्फ उठाया।

मकर संक्रांति पर शुरू हुआ टेंट सिटी रविवार के दिन गुलजार रहा दिन में चहल पहल के साथ शाम में भी सैलानियों का जमावड़ा देखने लायक था। गंगा पार रेती पर टिमटिमाती रोशनी का नजारा देखने के लिए लोग टेंट सिटी की भव्यता निहारते दिखें। इन खूबसूरत लाइटों के बीच इसकी चकाचौंध रोशनी सैलानियों के मन को लुभा रही है। जिसमें बाबा का त्रिशुल भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। कॉटेज की डिजाइनों में आध्यात्म और संस्कृति का अनूठा मेल सभी को अपनी ओर खिंच रहा है। यहां ठहरने वाले सैलानियों को सुबह के नाश्ते और रात के भोजन में बनारसी स्वाद परोसा जा गया और साथ में बनारस घराने के संगीत लोगों के लिए मनमोहक रही। इसके अलावा लोगों को नाव से आवागमन के साथ ही काशी विश्वनाथ मंदिर में बाबा के दर्शन पूजन और गंगा आरती में शामिल होने का भी अवसर मिला। जानकारी के अनुसार टेंट सिटी 20 से 22 जनवरी तक टेंट सिटी के सभी कॉटिजों की बुकिंग फुल हो गई है। जबकि 26 जनवरी तक की बुकिंग भी 60 फीसदी हो चुकी है। बुकिंग कराने वालों में सर्वाधिक दक्षिण भारतीय पर्यटक हैं। इनमें आस पास जिलो और भारतीय पर्यटकों के साथ 30 से 35 फीसदी विदेशी पर्यटक भी शामिल हैं।



### गंगा स्नान के साथ की पतंगबाजी

गंगा पार रेती पर बसाए गए तंबुओं के शहर टेंट सिटी में रविवार को सैलानियों की चहल पहल रही। बुकिंग फुल होने के साथ ही मकर संक्रांति पर्व पर आए लोगों ने गंगा स्नान ध्यान कर बाबा दरबार में हाजरी लगाने के साथ ही पतंगबाजी का भी आनंद लिया। इस दौरान कुछ सैलानी रेती पर पतंग उड़ाते हुए पेंच भी लड़ाते दिखाई दिए।

# स्कूल आज से शुरू, 10 से दो बजे तक खुलेंगे

**जनसंदेश न्यूज**




**वाराणसी।** जिलाधिकारी एस. राजलिंगम द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार 16 जनवरी सोमवार से सभी विद्यालय खुलेंगे। विद्यालय का समय सुबह और शाम को ठंड को देखते हुए 10 से दो बजे तक का रहेगा। सभी परिषदीय विद्यालय, सभी निजी एवं मान्यता प्राप्त विद्यालय कक्षा एक से आठ तक सीबीएसई, आईसीएसई बोर्ड व अन्य सभी बोर्ड के विद्यालय उपरोक्त समय सारणी के अनुसार पठन-पाठन सुनिश्चित कराएं। वैसे इस बार क्रिसमस के समय बंद हुए स्कूल तेज जाड़े के चलते खुल ही नहीं सके। नववर्ष के समय तो सर्दी चरम पर थी जिसके चलते स्कूलों के खुलने का समय दो से तीन बार बढ़ाया गया।




## संक्षेप

### विशेश्वर महादेव का हुआ अन्नकूट शृंगार



**वाराणसी।** कबीर चौरा रोड स्थित विशेश्वर महादेव का मकर संक्रांति पर भव्य अन्नकूट शृंगार आयोजित हुआ, बाबा के दर्शन को देर रात तक लोगों की कतार लगी रही। विशेश्वर महादेव का पंचामृत से स्नान करा कर सुगंधित पुष्पों से पूरा विग्रह सजाया गया इसके साथ ही पूरे मंदिर परिसर को मनोकामीनी की पत्तियों व आकर्षण विद्युत झालरों से भव्य सजाया गया था, बाबा को 56 भोग अर्पण किया गया, शाम को महंत दीपक पांडेय की ओर से विराट आरती की गयी, इसके पूर्व बाबा का रूद्राभिषेक व नवचंडी हवन किया गया था, मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक पांडेय ने बताया कि प्रत्येक वर्ष मकर संक्राति को बाबा का अन्नकूट शृंगार किया जाता है। देर शाम तक भक्तों में प्रसाद वितरित किया गया।

### अरुण अध्यक्ष व गौतम सचिव निर्वाचित



**वाराणसी।** सिंधु विकास समिति का 31वा दायित्व ग्रहण समारोह वाराणसी बीएलडब्ल्यू रोड स्थित एक होटल में नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरुण लखमानी, सचिव गौतम वाधवानी, कोषध्यक्ष शिव होतवानी ने पद भार ग्रहण किया। इसके पूर्व समारोह के शुभारंभ ईस्ट देव झुलेलाल भगवान के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि डा अविनाश चंद्र सिंह, विशिष्ठ अतिथि ओपी बदलानी ने किया। कार्यक्रम में आए अतिथियों का स्वागत संस्था के अध्यक्ष चंदन रुपानी ने किया। इस अवसर संस्था के सचिव ओम किमतानी सत्र 2022के किए गए कार्यों की सचिव रिपोर्ट प्रस्तुत किया। नए पदाधिकारियों को पद गोपनीयता की शपथ बीरेंद्र केशवानी ने दिलाई। जिसमे 35पदाधिकारियों ने शपथ ली।

### मकर संक्रांति पर भाजपा ने आयोजित किया सहभोज

**वाराणसी।** भाजपा काशी क्षेत्र ने सामाजिक समरसता के पर्व मकर संक्रांति के अवसर पर रविवार को वाराणसी समेत काशी क्षेत्र के सभी 16 जिलों के 337 मंडलों में मंडल स्तर पर सहभोज कार्यक्रम आयोजित किया। काशी क्षेत्र के मीडिया प्रभारी नवरतन राठी ने बताया कि सहभोज कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के मंत्री, जनप्रतिनिधि सहित प्रदेश, क्षेत्र, जिला, महानगर एवं मंडल के पदाधिकारी शामिल हुए। महानगर की दक्षिणी विधानसभा के काशी विश्वनाथ मंडल की तरफ से राजमंदिर स्थित काशी व्यायामशाला में आयोजित सहभोज में कार्यकर्ताओं ने सफाई कर्मियों के साथ खिचड़ी खाकर सामाजिक समरसता का प्रत्यक्ष उदाहरण प्रस्तुत किया। सभी सफाई कर्मियों को कम्बल वितरित कर सम्मानित भी किया गया।

### शिविर के लिए हुई तैयारी बैठक

**वाराणसी।** टकटकपुर क्षेत्र में रविवार को नागरिक सुरक्षा कलेक्ट्रेट प्रखंड के पोस्ट वार्डेनों और वरिष्ठ वार्डेनों की बैठक हुई। इस अवसर पर 18 जनवरी को सिविल डिफेंस की ओर से प्रस्तावित रक्तदान शिविर के बारे में विचार-विमर्श किया गया। मीटिंग में डिवीजनल वार्डेन संजय कुमार राय, डिप्टी डिवीजनल वार्डेन अरविंद विश्वकर्मा, जयप्रकाश जायसवाल, अयन बोस, भूपेंद्र पटेल, हीरा यादव, अजय यादव, दिनेश मिश्र, पुर्णेंदु हालदार, नवीन प्रधान, रमेश कुमार, मनोज केशरी, जयशंकर प्रसाद, प्रदीप कुमार, डॉ. लियाकत अली आदि रहे।

### आयर में जरूरतमंदों को बांटे कंबल



**चांदमारी।** मकर संक्रांति के अवसर पर रविवार को हरहुआ ब्लॉक के आयर स्थित पंचायत भवन पर गरीब एवं असहायों को गर्म कपड़े और कंबल बांटे गये। नई किरन सेवा ट्रस्ट का यह कार्यक्रम ग्राम प्रधान सूर्य प्रकाश 'भीम मौर्य' की देखरेख में था। इस मौके पर उन्होंने ग्रामीणों को आश्वत किया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को लाभ प्रत्येक पात्र को मिलेगा। इसमें किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होगा। आयोजन में प्रविंद चंद, सरिता, शिवानी सेठ, लवकुश विश्वकर्मा, उमाशंकर शर्मा तथा रमेश चंद्र शर्मा आदि की प्रमुख उपस्थिति रही।

### ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनी मकर संक्रांति

**पिंडरा।** ग्रामीण क्षेत्र के पिंडरा, सिंधोरा, गरथमा, ओदार, मंगारी, खालिसपुर, फूलपुर, कठिरांव व कुआर समेत अनेक गांवो में रविवार को मकर संक्रांति का त्योहार धूमधाम से मनायी गई। सुबह से ही महिला-पुरुष व बच्चे अपने-अपने घरों मे स्नान कर नये-नये वस्त्र पहन सूर्य देव का पूजन किये। और लाई चूड़ा व खिचड़ी खाकर त्योहार मनाया और लोगो ने पतंगबाजी भी की। वही क्षेत्र के कई मंदिरों व आश्रमों पर भक्तों की भीड़ रही। कई जगह प्रसाद के रूप में खिचड़ी बटी। क्षेत्र के थानारामपुर स्थित स्वामी हरहरानंद आश्रम , पिंडरा तहसील स्थित मौनी आश्रम, रमईपुर स्थित दुर्गा मंदिर पर प्रसाद का वितरण हुआ। इस दौरान एडवोकेट प्रीतराज माथुर, डॉ शशिकांत सिंह, विजय शंकर पांडेय, डॉ गौरव पांडेय, मुन्ना सिंह, सुरेश, शशांक शेखर, चन्द्रभूषण समेत अनेक लोग रहे।

### गायत्री साधना सही जीवन जीने का मार्गदर्शन

**वाराणसी।** गायत्री शक्तिपीठ, शिवपुरी कॉलोनी, नगवां, लंका के प्रांगण में मध्याह्न 12 बजे से गायत्री महामंत्र के सस्वर उच्चारण एवं दीप प्रज्वलन से शुरू हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप जोन समन्वयक रामजीत पांडेय ने कहा कि गायत्री साधना साधक की दशा एवं दिशा बदलते हुए सही जीवन जीने का मार्गदर्शन करता है। मानसिंह वर्मा ने गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा वसंत पर्व से अगले वसंत पर्व के बीच निर्धारित कार्य योजना पर चर्चा की। जिला समन्वयक पंडित गंगाधर उपाध्याय एवं मुख्य प्रबंध ट्रस्टी डॉक्टर रोहित गुप्ता ने विभिन्न जिलों से आये साधकों का स्वागत एवं आभार प्रकट किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंडित गंगाधर उपाध्याय, डॉक्टर रोहित गुप्ता, विनोद उपाध्याय, संतोष कुमार मौर्या शरद कुमार चौबे, कमला प्रसाद मौर्य समेत काफी लोग मौजूद थे।

### मारकंडेय महादेव घाट पर श्रद्धालुओं ने लगायी डुबकी



**चौबेपुर।** क्षेत्र के मारकंडेय महादेव कैथी स्थित गंगा तट व गंगा गोमती संगम पर मकर संक्रांति के पर्व पर दूसरे दिन रविवार को सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगायी। साथ ही मारकण्डेय महादेव में जलाभिषेक किया। भोर से ही स्नान दान का सिलसिला शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर स्नान कर मंदिरों में पूजा-अर्चना के बाद गरीबों को अन्न,वस्त्र,द्रव्य का दान कर पुण्य अर्जित करने की कोशिश में लगे हुए थे। मारकंडेय महादेव व कैथी संगम घाट पर भोर से लोग पहुंचने लगे थे। स्नार्थियों की सुरक्षा को लेकर घाट पर पुलिस फोर्स तैनात रही। क्षेत्र के गौरी शंकर महादेव घाट ढकवा गौरा उपरवार परनापुर सहित आदि गंगा तट पर आस्थावानों ने डुबकी लगाई। भीड़ को देखते हुए चौबेपुर थाना प्रभारी राजीव सिंह मय फोर्स, प्राइवेट गोताखोर के नेतृत्व में घाट पर सुरक्षा ब्यवस्था में तैनात रहे।

# पूर्वांचल के किसान निर्यात के गुर सीखने चले महाराष्ट्र

**अच्छी पहल**

**मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर वैन को किया रवाना**

**यात्रा में वाराणसी मंडल समेत अन्य जिलों के 20 एफपीओ हैं सम्मिलित**

जनसंदेश न्यूज



महाराष्ट्र में कृषि उपज के निर्यात की प्रक्रिया सीखने के लिए रवाना एफपीओ से जुड़े किसानों के वैन को कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने झंडी दिखाकर रवाना किया

**वाराणसी।** पूर्वांचल के चयनित कृषक और किसान उत्पादक संगठनों यानि एफपीओ को उनके प्रोडक्ट्स के निर्यात से जुड़ी जानकारियां लेने के लिए रविवार को महाराष्ट्र रवाना किया गया। सर्किट हाउस परिसर में कमिश्नर ने हरी झंडी दिखाकर उनके वैन को रवाना किया। कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के के संयोजन में यह पहल की गयी है।

महाराष्ट्र भ्रमण पर रवाना वैन से पूर्वांचल के 20 एफपीओ से जुड़े किसान शामिल हैं। उनमें से 11 किसान उत्पादक संगठन वाराणसी मंडल के हैं। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत एपीडा किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से इस प्रकार के भ्रमण का कार्यक्रम आयोजित कर रही है। ताकि कृषकों और किसान संघों को कृषि उत्पादों के एक्सपोर्ट से जुड़ी जानकारी प्राप्त हो सके।

सात दिनी यह आगामी 21 जनवरी को समाप्त होगी। उम्मीद की जा रही है कि यह यात्रा किसानों के लिए बहुत लाभकारी सिद्ध होगी। वह महाराष्ट्र के मुंबई, नासिक तथा वासी से निर्यात के क्रिया-कलाप सीखेंगे। उसके बाद अपने-अपने जनपद के विभिन्न गांवों में जाकर अन्य किसानों को कृषि उपज के निर्यात की प्रक्रिया आदि केबारे में जानकारी देंगे।

इधर, बाबतपुर के निकट कृषि कार्गो के लिए चिह्नित 245 एकड़ जमीन पर जल्द की कार्य आरंभ किये जाने की संभावना है।

## दान और सम्मान देने से स्वज्ञान और विवेक बढ़ते हैं : प्रो. त्रिपाठी

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने रविवार को अपने आवास पर अपने जन्मदिवस व मकरसंक्रांति के अवसर पर गरीब-असहाय जनों में कंबल वितरित किया। इस दौरान जनपद के पत्रकारों को भी सम्मानित किया। कुलपति प्रो. त्रिपाठी ने कहा कि आज का यह पर्व भारतीय संस्कृति की अविरलता को जानने का पर्व है, मकर संक्रांति के दिन सूर्य उत्तरायण हो जाते हैं और देवलोक में दिन आरंभ होता है। यह पर्व दान और स्नान का है। दान और सम्मान देने से स्व ज्ञान और विवेक की अभिवृद्धि होती है। कहा कि जो पत्रकार सदैव किसी भी परिस्थिति में अपने कठोर साधना और परिश्रम से अपने संस्था को गति देते हैं उन्हे समाज के हर वर्ग को सदैव मिलकर सम्मान के साथ उत्साहवर्द्धन करने की जरुरत है। विश्वविद्यालय में संविदा पर कार्यरत सुरक्षा कर्मी, सफाई कर्मी एवं अन्य लोगों को कंबल वितरित कर आनन्द का सुखद एहसास हुआ। मौके पर कुलपति के साथ उनकी पत्नी बादामी त्रिपाठी, बेटी, बहू व पौत्र आदि के साथ जनसंपर्क अधिकारी शशींद्र व सचिव प्रभु नाथ के साथ अन्य कर्मी मौजूद रहे।

# ज्ञान का प्रकाशपुंज है मिथिला-प्रभु नारायण



**वाराणसी।** मैथिल समाज की ओर से रविवार को नागरीप्रचारिणी सभा में दी सेंट्रल बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों का सम्मान करते हुए मिथिल क कैलेंडर का लोकापर्ण किया गया। समारोह का शुभारंभ कवि कोकिल विद्यापति के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया, इसके साथ ही संस्था के अध्यक्ष निरसन कुमार झा ने मुख्य अतिथि दी सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभु नारायण पाण्डेय को मिथिला पाग, ऋषि जैमिनि के चित्र, माला और शॉल पहनाकर सम्मानित किया, इसके साथ ही महामंत्री शशिकांत दूबे और दी बनारस बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राम प्रवेश सिंह व महामंत्री प्रदीप राय को भी पाग, ऋषि जैमिनि का चित्र, माला और शॉल से सम्मानित किया गया। प्रभु नारायण पाण्डेय ने कहा कि मिथिला कैलेंडर सह पंचांग में मिथिला परंपरा का समावेश किया गया है जो सभी के लिए उपयोगी है। साहित्यकार डा जितेंद्र नाथ मिश्र ने कहा किमिथिला पंचांग का समावेश मिथिला कैलेंडर को बहुपयोगी बना देता है। अध्यक्षता बनारस बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राम प्रवेश सिंह ने किया, संचालन गौतम कुमार झा ने किया। धन्यवाद सुधीर चौधरी ने दिया। इस दौरान भोगेन्द्र, सभाजीत, बृजेश, अमरनाथ, कृष्ण मोहन, अशोक, हरिमोहन पाठक, अनीशा शाही आदि थे।

# सांसद डिम्पल के जन्मदिन पर रक्तदान



सांसद डिम्पल यादव के जन्मदिन पर केक काटते सपाई

**आयोजन**

**सपाइयों ने गरीबों व असहायों में बांटा कंबल व साड़ी**

**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने महिला सशक्तिकरण की प्रतीक, सरल, सौम्य एवं प्रभावशाली व्यक्तित्व की धनी मैनपुरी की सांसद डिम्पल यादव का जन्मदिन रविवार को सेवा भाव के तहत मनाया। इस दौरान सपाइयों ने जहां रक्तदान किया, वहीं गरीबों व असहायों में कंबल, साड़ी भी बांटा।

अजगरा विधानसभा के तहत मुनारी मैदान में कैंसर पीड़ित बच्चों के लिए शिविर लगाकर दर्जनों ने रक्तदान किया। केक काटकर सांसद डिम्पल यादव के उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना की। ग्राम सभा पुआरी कलां में गरीबों, असहायों के बीच कंबल व साड़ी वितरित किया। आयोजित संक्षित सभा के दौरान वक्ताओं ने कहा कि पार्टी के सिपाही न सिर्फ जनता के लिए सड़क पर संघर्ष करते हैं। बल्कि, समय-समय पर जरुरतमंदों की सेवा भी करते हैं। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव का भी यही मूलमंत्र भी है। कार्यक्रमों में पूर्व पूर्व सांसद रामकिशुन यादव, एमएलसी आशुतोष सिन्हा, राज्यमंत्री मनोज राय धूपचंडी, वरिष्ठ सपा नेता प्रदीप कुमार मौर्य, निवर्तमान जिला प्रवक्ता संतोष यादव बबलू, आनंद मोहन गुड्डू, इरशाद अहमद, कपिल यादव, कमलेश यादव गुड्डू, रोहित अश्विन, रविनेश रोशन, रवि सोनकर, शुभम पांडेय, धीरेंद्र प्रधान, संदीप मौर्या, कृष्णा आदि शामिल थे।

## षटशिला एकादशी पर तिल का दान करने से मिलता है स्वर्ग

**वाराणसी।** माघ मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को षटशिला एकादशी का पर्व मनाया जाता है। सनातन धर्म में हिंदू धर्म ग्रंथों के अनुसार हर माह में विशिष्ट तिथि की की खास महिमा है। इस बार भगवान हरि विष्णु को समर्पित एकादशी तिथि 18 जनवरी को मनायी जायेगी। 17 जनवरी को सायंकाल 6.06 मिनट पर एकादशी लग जायेगी जो बुधवार को सायंकाल 4.04 मिनट तक रहेगी। माघ मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को षटशिला एकादशी के नाम से जाना जाता है। ज्योतिषविद् पं. विमल जैन के मुताबिक इस तिथि विशेष पर तिल का छह प्रकार से प्रयोग किया जाता है। इसमें पहला तिल के जल से स्नान करना, पीसे हुए तिल का उबटन लगाना, तिल से हवन करना, तिल मिश्रित जल का प्रयोग करना व तिल का दान करना तथा तिल से बने व्यंजनों को ग्रहण करना है। पौराणिक मान्यता के अनुसार इस दिन तिल दान करने से स्वर्ग की प्राप्ति होती है। जो भी जितना तिल का दान करता है उतने ही हजार वर्षों तक उसे स्वर्ग में स्थान मिलता है।

# नगर उद्योग व्यापार मंडल की कमान फिर बिल्लू के हाथ

**द्विवार्षिक चुनाव**

**आशापुर स्थित एक रेस्टोरेंट सभागार में आम सभा में सर्वसम्मति से हुआ चयन**



वाराणसी नगर उद्योग व्यापार मंडल की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी

**वाराणसी।** वाराणसी नगर उद्योग व्यापार मंडल का द्विवार्षिक चुनाव (2023-25) रविवार को आशापुर स्थित एक रेस्टोरेंट सभागार में आम सभा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। आम सभा ने निवर्तमान अध्यक्ष संजीव सिंह बिल्लू के नेतृत्व पर विश्वास जताते हुए एक बार फिर उनको ही यह कमान सौंपी।

चुनाव अधिकारी अलखनाथ गोस्वामी एवं नंदकिशोर अरोड़ा की देखरेख में हुए चुनाव में सात पदों के लिए सात नामांकन ही दाखिल हुए। दाखिल नामांकन पत्रों के आधार पर यह कहना मुनासिब होगा कि आमसभा ने तय कर लिया था कि मतदान की नौबत न आए और सर्वसम्मति से चुनाव हो जाए। ऐसे में सदन के सम्मुख चुनाव अधिकारियों ने संजीव सिंह बिल्लू को अध्यक्ष, शोभनाथ मौर्य व राजेश त्रिवेदी को उपाध्यक्ष, प्रतीक महामंत्री, जितेंद्र लालवानी कोषाध्यक्ष तथा राकेश गुप्ता व विभूति नारायण सिंह मंत्री घोषित किया।

तत्पश्चात सदन ने अन्य पदों पर तैनाती की। इसके तहत मनोज दुबे, यादवेंद्र सिंह, राकेश मिड्ढा, जयदीप सिंह बबलू, लियाकत हुसैन व घनश्याम जायसवाल उपाध्यक्ष, नंदकिशोर अरोड़ा, गुलशन कपूर, रुपेश चौरसिया, शरद वर्मा व योगेश वर्मा मंत्री, सौरभ सिंह मुन्ना, मनीष चौरसिया, मंगलेश जायसवाल, जयकिशन गुप्ता, सुशील गुप्ता, सिंधु सोनकर व सुधीर जायसवाल संयुक्त मंत्री, अभिषेक केसरी, शिवानंद सिंह, दीपक गुप्ता, प्रभात मिश्रा, जवाहर जायसवाल, मनीष यादव व लकी वर्मा संगठन मंत्री चुने गये। इसके अलावा सीए अभिषेक राय आय-व्यय निरीक्षक, विनोद सिंह व विजय शाह अनुशासन समिति सदस्य, अनूप गुप्ता व तारकेश्वर नाथ विधिक सलाहकार बनाए गए। कार्यकारिणी सदस्य के लिए संजय बनर्जी, दिलीप सोनकर, पवन सिंह, आकाश श्रीवास्तव, पवन गुप्ता, विनय श्रीवास्तव चुने गये। जबकि राजेश श्रीवास्तव युवा मंडल अध्यक्ष, मनोज रावत अच्छू युवा मंडल महामंत्री, सुनीता सोनी महिला मंडल अध्यक्ष, डाली चक्रवर्ती महिला मंडल महामंत्री चुनी गयीं। संरक्षक मंडल के लिए अशोक अग्रहरि, छोटेलाल जायसवाल, अशोक सेठ, मदन मोहन कपिल, अलखनाथ गोस्वामी व डॉ. एपी सिंह का चयन हुआ। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की प्रथम बैठक 22 जनवरी को होगी।

# अस्पतालों में नियमित टीकाकरण शुरू

**शुभारम्भ**

**सीएमओ ने मंडुआडीह पीएचसी पर बच्चों को पोलियो खुराक पिलाकर किया शुभारंभ**

**सभी शहरी पीएचसी पर सुबह दस बजे से दोपहर चार बजे तक चलेंगे टीकाकरण सत्र**



**वाराणसी।** जिले के नगरीय क्षेत्र में नियमित टीकाकरण को गति देने के उद्देश्य से सभी शहरी प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व जिला महिला चिकित्सालय सहित अन्य राजकीय चिकित्सालयों में रविवार से टीकाकरण सत्रों की शुरूआत की गई।

शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व हेल्थ वेलनेस सेंटर मंडुआडीह में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ संदीप चौधरी ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर विशेष अभियान का शुभारंभ किया। बताया कि अब सप्ताह के सातों दिन नियमित टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे जिससे अधिक से अधिक बच्चों का टीकाकरण किया जा सके। उन्होंने माताओं को टीकाकरण सत्र पर साथ लाने वाले मातृ-शिशु सुरक्षा (एमसीपी) कार्ड के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्ड में टीकाकरण के साथ वजन, लम्बाई, स्तनपान, ऊपरी आहार सहित कई महत्वपूर्ण संदेश लिखे हैं जिससे बच्चे की स्वास्थ्य देखभाल करने में आसान हो सके।

### पोषक तत्वों से बने व्यंजनों का जायजा

मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला में आईसीडीएस विभाग की ओर से लगाए गए स्टाल में सूक्ष्म पोषक तत्वों से बने व्यंजनों से जायजा लिया और आंगनबाड़ी कार्यकताओं को समुदाय में खून की कमी (एनीमिया) को दूर करने के बारे में जागरूक किया। अभिभावकों से अपील की कि अभियान का लाभ उठाते हुए अपने बच्चों को समय से सभी टीकों को अनिवार्य रूप से लगवाएं। जन्म के समय बच्चों को बीसीजी, ओपीवी, हेपेटाइटिस बी का टीका जरूर लगवाएं। साथ ही छठवें, 10वें, 14वें, नौ से 12 माह, 16 से 24 माह, पांच से छह वर्ष पर और 10 व 16 साल पर बच्चों को ध्यान से टीका लगवाते रहे। क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता से इन सभी टीकाकरण के बारे में जानकारी लेते रहें। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारी शेषमणि, उप जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ यतीश भुवन पाठक, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ एके पाण्डेय, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ ममता पाण्डेय, जिला नगरीय स्वास्थ्य समन्वयक आशीष सिंह सहित एएनएम, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

### चिकित्सा परिचर्चा नियमावली पर नहीं किया जा रहा विचार

**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण के कार्यरत एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों और उनके आश्रितों को उप्र सरकार सेवक (चिकित्सा परिचर्चा) नियमावली उपलब्ध न होने से वह और उनके परिवार चिकित्सकिय सेवा का लाभ नहीं उठा पा रहे। 10 वर्ष से नियमावली अंगीकार किये जाने का प्रकरण शासन में विचाराधीन है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरण सेवानिवृत्त कर्मचारी संगठन एवं संप्रति विकास प्राधिकरण सेवानिवृत्त कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा 28 नवंबर 2020 से बराबर पत्राचार किया जा रहा है, लेकिन आज तक कोई निर्णय नहीं लिया गया। प्रांतीय अध्यक्ष एमपी शर्मा एवं वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष दिवाकर द्विवेदी ने संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर बताया कि वर्ष 2018 में उच्च न्यायालय के आदेश पर नोएडा विकास प्राधिकरण के सेवारत एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को चिकित्सा प्रतिपूर्ति अनुमन्य कर दी गई है। जिससे लगभग 1400 कर्मचारी लाभान्वित हो रहे हैं। जबकि विगत 10 वर्षों से राज्य सरकार अपने निर्णय को प्रशासनिक अधिकारियों की निरंकुशता के कारण लागू करने में असमर्थ दिख रही है। इससे सरकार की छवि भी खराब हो रही है और कर्मचारी आर्थिक दुर्बलता के कारण इलाज कराने में अक्षम एवं इलाज के अभाव में मृत्यु को प्राप्त हो रहे हैं। अवगत कराया कि सरकार द्वारा अंगीकार चिकित्सा परिचर्या नियमावली 2011 को विकास प्राधिकरण के सेवारत एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों और उनके आश्रितों के लिए लागू कराने के लिए शासन से बराबर मेल व अन्य माध्यम से निवेदन किया जा रहा है ताकि धन अभाव की लाचारी में उपयुक्त इलाज के अभाव में किसी परिवार का अभिभावक दम न तोड़ें।




# फर्श से अर्श तक पहुंचने वालों ने पार्टी से किया दगा

**आयोजन**

**बसपा सुप्रीमो मायावती के जन्मदिन पर संगठन के कार्यकर्ताओं की ओर से हुए विभिन्न कार्यक्रम**

**शास्त्री घाट व उत्तरी ककरमत्ता क्षेत्र में पार्टी वर्करों ने मनाया 'जनकल्याणकारी दिवस', काटे केक**

जनसंदेश न्यूज



बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर रविवार को जनपद में संगठन के कार्यकर्ताओं ने कई कार्यक्रम आयोजित किये

**वाराणसी।** बहुजन समाज को एकजुट करने के लिए संगठनके प्रत्येक कार्यकर्ता को तन-मन से जनता के बीच जाकर आपस में भाईचारा बनाने की जरूत है। नफरत का माहौल बनाने वालों के सावधान रहना होगा। साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के कार्यकाल में हरएक समाज के लिए कराए गए कार्यों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है। जिससे बसपा सरकार में कानून व्यवस्था समेत उत्तर प्रदेश में कराये गये जनकल्याणकारी कामों के बारे में लोगों को पता चल सके।

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के 67वें जन्मदिन रविवार को उत्तरी ककरमत्ता क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता संगठन के पूर्व मंडल अध्यक्ष एडवोकेट मेराज फारूकी 'जुग्गन' ने यह कहा। कार्यकर्ताओं ने पार्टी सुप्रीमो का बर्थ डे 'जनकल्याणकारी दिवस' के रूप में मनाया। इस मौके पर संगठन के वरिष्ठ नेता मुंशीराम सुमन ने आरोप लगाया कि बसपा के आरंभिक दिनों के तमाम नेताओं को बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनने पर फर्श से अर्श तक पहुंचाया गया उन्हीं लोगों ने आगे चलकर संगठन को न सिर्फ ठगा बल्कि बसपा को नुकसान भी पहुंचाया। बसपा में बड़े पदों पर रहे कई नेता बहुजन समाज को जोड़ने के बजाय अपनी जेब भरते रहे।

मंडल प्रभारी अवनीश कुमार ने कहा कि वर्तमान में महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ते अपराध से परेशान जनता को शहर व गांवों के चट्टी-चौराहों पर छोटी-छोटी बैठकें आयोजित कर जागरूक करने की जरूरत है। कार्यक्रम में केक भी काटा गया। इस अवसर पर सुरेंद्र राम, मोहन राजभर, अबू बकर, संतोष अनल, पंचदेव, फिरोज अहमद, शमीम आजमी, मुश्ताक खान, हमीद अंसारी आदि भी रहे।

दूसरी ओर, वरुणापुल क्षेत्र स्थित शास्त्री घाट पर बसपाइयों ने 'जनकल्याणकारी दिवस' के रूप में आयोजित कार्यक्रम में 67 किलो का केट काटा और मिठाइयां और साड़ी-कंबल वितरित किया। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित भी किया। इस मौके पर मंडल के मुख्य प्रभारी डॉ. विजय प्रताप, मंडल प्रभारी अवनीश कुमार, जिलाध्यक्ष राजेश भारती, जिला महासचिव शिव कुमार सोनकर, जिला जोन इंचार्ज अनुराग पंकज, सुरेश राव, बाबूलाल कनौजिया, इमरान, धर्मेंद्र सोनकर आदि की खास मौजूदगी रही।

## बालिका कुश्ती चैंपियनशिप में बनारस अव्वल

**वाराणसी।** देवरिया में सब जूनियर स्टेट चैंपियनशिप बालिका कुश्ती का आयोजन 13 से 15 जनवरी तक किया गया, इसमें बनारस ने 7 पदक प्राप्त किया। जिसमें दो गोल्ड, दो सिल्वर और तीन ब्रोंज के साथ बनारस पहले स्थान पर रहा और अयोध्या छात्रावास दूसरा स्थान पर रहा। 40 किलो में वैष्णवी पटेल तीसरा स्थान प्राप्त किया, 43 किलो में नेहा पाल तीसरा स्थान, 46 किलो में करिश्मा त्रिपाठी पहला स्थान प्राप्त किया, 49 किलो में माला यादव पहला स्थान प्राप्त किया, 61 किलो में वसुंधरा यादव दूसरा स्थान प्राप्त किया, 65 किलो में खुशबू यादव तीसरा स्थान प्राप्त किया, 76 किलो में कामिनी कनौजिया को दूसरा स्थान प्राप्त किया, इस उपलब्धि के लिए सभी पदक विजेता पहलवानों को वाराणसी कुश्ती संघ की तरफ से बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।



# श्रद्धालुओं ने गंगा में लगायी पुण्य की डुबकी


गंगा तट पर स्नान के लिए उमड़ी भीड़


गंगा घाट पर पूजन-अर्चन करती महिलाएं

**मकर संक्रांति**

## भृगु नगरी में धूमधाम से मनाया गया मकर संक्रांति पर्व

## गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने खाया दही-चिउरा, किया दान-पुण्य

**बलिया।** मकर संक्रांति का पर्व रविवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बलिया के महावीर घाट सहित विभिन्न घाटों पर भारी संख्या में श्रद्धालु जुटे और गंगा नदी में आस्था की डुबकी लगाई। लोगों ने दान-पुण्य किया और एक-दूसरे को मकर संक्रांति की बधाई देते हुए सभी के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। उसके बाद चिउरा-दही के साथ अन्य चीजों का सेवन किया।

मकर संक्रांति के दिन भोर से ही गंगा घाटों पर स्नान के लिये स्नानार्थियों का रेला लगा रहा। श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद विधिवत पूजा पाठ किया। उगते हुए भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया और सबके सुख-समृद्धि के लिये कामना किया गया। इस दौरान स्नानार्थियों ने दान-पुण्य भी किया।

महिलाओं ने मां गंगा का पूजन किया और श्रद्धालुओं ने दान-पुण्य किया। महावीर घाट, माल्देपुर घाट, पचरूखिया, हुकुम छपरा, गंगापुर, शिवपुर आदि गंगा घाटों पर दिन चढ़ने के साथ ही भीड़ बढ़ने लगी और बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक गंगा में डुबकी लगाते दिखे। गंगा स्नान करने के पश्चात लोगों ने भृगु मन्दिर, बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर सहित विभिन्न मन्दिरों में पूजन अर्चन कर सुख-समृद्धि की कामना की।

मकर संक्रांति के अवसर पर जनपद के विभिन्न देवालयों में भारी भीड़ रही। जनपद के विभिन्न घाटों पर समाजसेवियों सहित जनप्रतिनिधियों ने शिविर के माध्यम से श्रद्धालुओं की सेवा की। इस दौरान गंगा तटों पर भारी संख्या में पुलिस बल मुस्तैद रहा।

### आसमान में उड़ी रंग-बिरंगी पतंगें

**बलिया।** दान-पुण्य का पर्व और पतंगोत्सव की परंपरा का प्रतीक मकर संक्रांति रविवार को धूमधाम से मनाई गई। संक्रांति पर पतंगबाजी को लेकर युवाओं में खासा उत्साह नजर आया। आसमान रंग-बिरंगी पतंगों से सजा रहा। रविवार को शहर में सुबह से ही युवा पतंगबाजी के लिए छत पर चढ़ गए। दिन चढ़ने के साथ-साथ छतों पर लोगों की भीड़ बढ़ती गई। शहरवासियों ने डीजे की धुन पर जमकर पतंग उड़ाई। पतंगबाजी के साथ कटी पतंगों को लूटने वालों का उत्साह भी चरम पर रहा। पतंग कटने के साथ ही ये काटा-वो काटा का शोर गुंजायमान रहा। मकर संक्रांति पर तिल की मिठाइयों की भी खूब बिक्री हुई। कार्टून करैक्टर वाली पतंगों के साथ रंग-बिरंगे पक्षियों और विभिन्न आकृतियों से बाजार अटे रहे।

# परिवहन मंत्री ने संगम में लगायी डुबकी


गंगा स्नान के बाद भगवान सूर्य की पूजा करते मंत्री दयाशंकर सिंह

जनसंदेश न्यूज

**आस्था**

## गंगा तट पर ग्रहण किया दही-चिउरा का प्रसाद

**बलिया।** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह मकर संक्रांति के अवसर पर रविवार को अपराह्न 11 बजे शिवरामपुर घाट पर पहुंचे। वहां पर उन्होंने संगम में डूबकी लगायी और ब्राह्मणों को दान दक्षिणा दिया। उसके बाद उन्होंने गंगा तट पर दही और चिउरा का प्रसाद ग्रहण किया। कहा कि यह धरती पूज्यनीय है।

कार्तिक पूर्णिमा और मकर संक्रांति के दिन यहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान करते है और भृगु बाबा व बालेश्वर मंदिर में दर्शन पूजन करते है। उन्होंने कहा कि आगामी अक्टूबर माह में क्रूज का बलिया में स्टेशन होगा। इससे लोगों को क्रूज का आनंद लेने का अवसर प्राप्त होगा। पर्यटन के क्षेत्र में भृगु कारिडोर का विकास हो रहा है। योगी सरकार में महर्षि भृगु मंदिर को कारिडोर का रूप दिया जा रहा है, जो विकास की तरफ अग्रसर होगा। एक तरफ काशी तो दूसरी तरफ भृगु क्षेत्र का भी विकास हो रहा है। इस दौरान उन्होंने गंगा के किनारे नाविकों से भी बात की। उनकी भी समस्याओं को परिवहन मंत्री ने सुना। उसके बाद परिवहन मंत्री घोड़हरा गांव पहुंचे। वहां पर ग्रामीणों का हालचाल जाना।

करीब एक घंटे तक गांव में अपना समय दिये। उसके बाद परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह कृषि मंडी तिखमपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तरफ से आयोजित खिचड़ी भोज में शामिल हुए, जहां हजारों लोगों के बीच में खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। यहां जनपदवासियों के साथ संघ से जुड़े लोगों के साथ बैठकर काफी देर तक अपना समय दिये। उसके बाद मंत्री दयाशंकर सिंह बलिया के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर पूरे दिन वह अपने विधानसभा क्षेत्र में रहे।

इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख ज्ञानेंद्र राय गुड्डू, राजेश गुप्ता, संजीव कुमार डंपू, पूना सिंह, धर्मेंद्र सिंह, राधे, अजीत सिंह, पप्पू पांडेय आदि मौजूद रहे।

# लोड बढ़ने से टूटकर गिर रहे विद्युत तार

जनसंदेश न्यूज

**मनमानी**

## बिजली की आंख मिचौली से बढ़ी परेशानी

**बैरिया।** कड़ाके की ठंड में बिजली की आंख मिचौली लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। हालांकि बिजली विभाग लगातार इस कोशिश में है कि विद्युत आपूर्ति सुचारू रखा जाए, किंतु मौसम की प्रतिकूलता में जर्जर तारों पर लोड पड़ने के कारण बार-बार टिपिंग हो जाना विद्युत आपूर्ति बाधित होने का कारण बन रहा है।

उल्लेखनीय है कि कड़ाके की ठंड में बिजली की खपत बढ़ गई है। ऐसे में लोड बढ़ने के कारण आए दिन कभी एचटी का तार तो कभी एलटी का तार टूट कर गिर जा रहे हैं। शीतलहर में भी अवर अभियंता के निर्देशन में लाइनमैन खंभों पर चढ़कर तार जोड़ने से नहीं चूक रहे हैं, किंतु इस अवधि में विद्युत आपूर्ति जरूर बाधित हो जा रही है। वही, बैरिया बाजार में पिछले 48 घंटे से ट्रांसफार्मर जलने के कारण विद्युत आपूर्ति ठप है। इस संदर्भ में अवर अभियंता विनोद भारद्वाज ने बताया कि मौसम विपरीत है। कड़ाके की ठंड में बिजली की खपत बढ़ी है। वही, ओवरलोड के चलते लोकल फाल्ट अधिक हो रहे हैं। इससे बीच-बीच में कुछ पल के लिए विद्युत आपूर्ति बाधित हो जा रही है। उसे तत्काल ठीक कर विद्युत आपूर्ति बहाल कर दिया जा रहा है। हम लोगों का प्रयास है कि शासन की मंशा के अनुरूप भरपूर मात्रा में बिजली उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराएं। उन्होंने उपभोक्ता से आग्रह किया है कि अपना बकाया विद्युत बिल जमा कर दें, ताकि विद्युत विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी बिल वसूली में न लगकर विद्युत आपूर्ति में अपना पूरा समय दें।

### स्कार्पियो के धक्के से बाइक सवार दो युवक घायल

**लालगंज।** क्षेत्र के भुवाल छपरा चट्टी पर रविवार को स्कार्पियो एवं बाइक की टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। आस-पास के लोगों ने एम्बुलेंस से घायलों को सीएचसी सोनबरसा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के दौरान एक घायल की हालत गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। जगदेवा निवासी गुप्तेश्वर यादव पुत्र दीनानाथ यादव एवं जितेन्द्र यादव पुत्र स्व. संत विलास यादव बाइक से अपने गांव से लालगंज की तरफ आ रहे थे। अभी वह लालगंज-बैरिया मार्ग पर भुवाल छपरा चट्टी के समीप पहुंचे थे कि बैरिया की तरफ आ रही स्कार्पियो ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दिया। इससे दोनो युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। आस-पास के लोगों ने घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी सोनबरसा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने गुप्तेश्वर यादव को जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। घटना के बाद चालक स्कार्पियो लेकर फरार हो गया। वहीं, टक्कर से बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना पर पहुंचे लालगंज चौकी प्रभारी परमानंद त्रिपाठी ने बाइक को कब्जे में ले लिया।

# सामाजिक समरसता का प्रतीक है मकर संक्रांति

**बोले रविशंकर**

## लगभग 1500 लोगों ने लिया खिचड़ी का आनंद


कार्यशाला में किसानों को टिप्स देती तकनीकी सहायक बसुंधरा सिंह

**बलिया।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बलिया नगर के स्वयंसेवकों ने रविवार को तिखमपुर स्थित कृषि मंडी में मकर संक्रांति उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि गोरक्ष प्रान्त के प्रान्त सेवा प्रमुख रविशंकर, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला संघचालक भृगु एवं नगर संघचालक बृजमोहन ने भारत माता, डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार व गुरुजी माधवराव सदाशिव राव गोलवलकर के चित्र पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

ध्वजारोहण व एकलगीत के बाद मुख्य अतिथि ने मकर संक्रांति उत्सव के विषय में विस्तार से बताते हुए कहा कि मकर संक्रांति का उत्सव संघ द्वारा मनाए जाने वाले छह प्रमुख उत्सवों में से एक उत्सव है। आज के दिन भगवान भास्कर धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं तथा दक्षिणायन समाप्त होकर उत्तरायण प्रारंभ होता है। सृष्टि पुनः अंधकार से प्रकाश की ओर तथा निर्जीवता से जीवन की ओर जाने लगती है। इसीलिए प्राचीन काल से ज्ञान रूपी प्रकाश की उपासना करने वाले भारतीय जीवन में इस दिन का महत्व है। मकर संक्रांति सामाजिक समरसता का प्रतीक है। कहा कि प्रत्येक माह में संक्रांति होती है। इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य होता है कि लोगों के बीच समरसता का भाव जगे। यह पर्व अंधकार से प्रकाश की ओर, अज्ञान से ज्ञान की ओर, अकर्मण्यता व आलस्य से कर्मठता की ओर प्रवृत्त होने की प्रेरणा देता है। यह पर्व सामाजिक कुरीतियों, समस्त भेदभाव को दूर कर सामाजिक समता व



समरसता स्थापित करने का शुभ दिन है। उन्होंने संघ स्थापना व विकास के बारे में विस्तार बताया। जिला संघचालक के आशीर्वचन के बाद संघ प्रार्थना हुई। इसके बाद लगभग पंद्रह सौ व्यक्तियों ने खिचड़ी का आनन्द लिया। इस अवसर पर विनोद, परमेश्वरनश्री, अखिलेश, जितेंद मिश्र, विशाल, चंद्रशेखर, ओमप्रकाश राय, मारूति नंदन आदि मौजूद रहे।

**संक्षेप**

### 76 रोगियों का किया गया निःशुल्क उपचार



**बैरिया।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोटवां (बैरिया) में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन डा. ओपी वर्मा की अध्यक्षता में किया गया। इसमें 76 रोगियों का निःशुल्क उपचार किया गया। एक रोगी की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। डा. ओपी वर्मा ने बताया कि प्रत्येक रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन होता है। क्षेत्रवासियों को इसका लाभ उठाना चाहिए। इस अवसर पर फार्मासिस्ट वसन्त लाल, सुरेन्द्र कश्यप, लक्ष्मण भारतीय आदि मौजूद रहे।

### खिचड़ी सहभोज में शामिल हुए विशिष्टजन



**गड़वार।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रादेशिक अध्यक्ष सौरभ कुमार के आवास पर मकर संक्रांति पर्व पर खिचड़ी सहभोज का आयोजन किया गया। इसमें समरसता का भाव परिलक्षित हो रहा था। इसमें संगठन के वरिष्ठ सदस्यों के अलावा अधिकारी, कर्मचारी एवं सभी वर्ग समुदाय के लोग सम्मिलित रहे। इस अवसर पर अपर मुख्य पंचायत राज अधिकारी गुलाब सिंह, जिला प्रोजेक्ट मैनेजर विकास पांडेय, ग्रापए के जिलाध्यक्ष शशिकांत मिश्र, प्रधान प्रतिनिधि दीपक कन्नौजिया, व्यापार मंडल के अध्यक्ष आनन्द प्रकाश सिंह, पूर्व प्रधान दद्दन राम, सतीश उपाध्याय, लल्लन सिंह, फिरोज अंसारी, संजय सिंह, भोला अंसारी, शैलेंद्र वर्मा, नथुनी सिंह, डा. विनय कुमार सिंह, बसंत पांडेय, अरविंद तिवारी, विजेंद्र नाथ सिंह, छोटेलाल चौधरी, राजेन्द्र गुप्ता, लल्लन गुप्ता, पीयूष श्रीवास्तव, प्रखर आदि मौजूद रहे।

# जन समर्थन से दोबारा सत्ता में आयी भाजपा

**बोले दानिश आजाद**

## बेहतर कानून व्यवस्था के चलते जगह-जगह हो रहा उत्सव


स्नेह मिलन समारोह को संबोधित करते मंत्री दानिश आजाद अंसारी

**सिकन्दरपुर।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा कोथ स्थित प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में रविवार को भाजपा के तत्वावधान में स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि जन समर्थन से दोबारा सत्तासीन हुई भाजपा अपने जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से गरीबों, शोषितों व वंचितों को उनका हक दिलाने का काम कर रही है। श्री अंसारी ने कहा कि पूर्व की सरकारों में इसका घोर अभाव था।

प्रदेश दंगा-फसाद के दलदल में फंसा था। आज दंगाई मांद में घुसे हैं। कानून व्यवस्था का ही परिणाम है कि जगह-जगह मेले और उत्सव का आयोजन हो रहा है। सिकन्दरपुर से विधायक न होने का दर्द बयां करते हुए कहा कि उचित प्रतिनिधित्व के अभाव में ही क्षेत्र का विकास पिछड़ता जा रहा है। विश्व प्रसिद्ध गुलाब जल व केवड़ा जल का उत्पादन तथा खेती दम तोड़ने के कगार पर है। विशिष्ठ अतिथि राजधारी सिंह ने योगी सरकार की योजनाओं का बखान करते हुए विभिन्न उपलब्धियों को गिनाया। इस दौरान दर्जनों लोगों ने सपा छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया। अध्यक्षता गिरिजा शंकर आचार्य तथा संचालन दीनबंधु राजभर ने किया।

### प्रवाह कम होने से भी गंदी हो गई गंगा

**बलिया।** गंगा के सुनहरे अतीत को बचाने के लिए उसके भौगोलिक परिवेश से छेड़छाड़ बंद करनी होगी। ऐसा नहीं करने पर प्रकृति कुपित होगी। इसका खामियाजा मानवता के समक्ष मुश्किल खड़ी करेगा। गंगा मुक्ति एवं प्रदूषण विरोधी अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी रमाशंकर तिवारी ने मकर संक्रांति के अवसर पर रविवार की प्रातः गंगा को टिहरी बांध से मुक्त करने के लिए जन जागरण के क्रम में स्नानार्थियों एवं गंगा भक्तों को संबोधित करते हुए व्यक्त किया। कहा कि गंगा सफाई के नाम पर किये जा रहे खर्च की न तो कहीं कोई जांच हो रही है और न हीं आंच। गंगा की निर्मलता उसकी अविरलता में समाहित है। कहा कि 1916 के पूर्व तक गंगा पर न तो कोई बांध और न ही अवरोध-प्रतिरोध था। प्रवाह कम होने से भी गंगा गंदी हो गई है।

### युवक को मारपीट कर छीना हजारों रुपया

**सिकंदरपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सरनी गांव में शनिवार की रात्रि बाइक सवार युवक को मारपीट कर हजारों रुपए की छिनैती का मामला प्रकाश में आया है। घटना के बाद थाने पहुंचे पीड़ित ने दो नामजद सहित चार लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। तहरीर के मुताबिक चकखान (बंगरा) निवासी सोनू खरवार पुत्र मोहन खरवार शनिवार की रात को सरनी स्थित अपनी बुआ के घर से भोजन कर घर वापस आ रहा था। अभी वह कुछ ही दूर निकला था कि सिकंदरपुर-नगरा मार्ग पर स्थित ईंट भट्टे के पास पहले से घात लगाए बैठे चार लोगों ने रास्ते में अवरोध पैदा कर पीड़ित की बाइक रोक दी और मारना-पीटना शुरू कर दिया। वहीं, उसके पास मौजूद करीब 38 हजार रुपये भी छीन लिए। बतौर पीड़ित बदमाशों ने घटना की रिपोर्ट लिखवाने पर जान से धमकी देते हुए भाग निकले। घटना से डरा-सहमा सोनू ने इसकी सूचना अपनी बुआ एवं परिजनों को दी। इसके बाद पीड़ित ने थाना पर पहुंचकर आप बीती सुनाई और घटना की तहरीर दी। इस संबंध में एसएचओ सिकंदरपुर दिनेश पाठक ने बताया कि मामले की जानकारी नही है और न ही कोई तहरीर दी गई है। वहीं, पीड़ित द्वारा थाने में तहरीर देने की बात कही जा रही है।

# बिहार सीमा में प्रवेश कर गया गंगा विलास क्रूज

जनसंदेश न्यूज

**यात्रा**

## सुरक्षा की दृष्टि से जल पुलिस की तैनाती की मांग

**बैरिया।** सरकार ने जलमार्ग से अच्छी शुरूआत की है। इससे सरकार को राजस्व का लाभ होगा। वही, अन्य देश के पर्यटक भी सैर करेंगे। इससे रोजगार भी बढ़ेगा, लेकिन गंगा में चलने वाले इन जलयानों की सुरक्षा के लिए जल पुलिस की तैनाती अन्यन्त आवश्यक हैं।

वाराणसी से चलकर डिब्रूगढ़ तक जाने वाली क्रूज गंगा विलास रविवार को उत्तर प्रदेश से बिहार की सीमा में प्रवेश कर गया। पूरा प्रशासनिक अमला गंगा तट पर जमा रहा। बता दें कि लंबे समय से बैरिया क्षेत्र के लोग नदी के रास्ते तस्करी आदि रोकने के लिए जल पुलिस की तैनाती की मांग करते रहे हैं, किंतु हर बार प्रशासन ने केवल आश्वासन ही दिया है।

फिर भी जल पुलिस की तैनाती नहीं हो पाई है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि मालवाहक व जलयानों की सुरक्षा के लिए शासन को जल पुलिस की तैनाती करनी चाहिए। अगर ऐसा नही हुआ तो सुरक्षा पर प्रश्नचिन्ह लग सकता है।

### हवा-हवाई साबित हुई घोषणा

**बैरिया।** दोकटी थाना भवन के उद्घाटन के समय तत्कालीन गृह राज्य मंत्री रंगनाथ मिश्र ने गंगा में जल पुलिस की तैनाती के लिए घोषणा किया था, लेकिन यह घोषणा हवा-हवाई साबित हुआ। उसके बाद किसी भी सरकार ने जल पुलिस की तैनाती नहीं की। इस समस्या को लेकर जागरूक लोग बार-बार मांग करते रहे हैं। गंगा में जल पुलिस की तैनाती न होने से गांजा, शराब व अन्य मादक पदार्थों की तस्करी जोरो पर है।

# अब निजी भूमि पर विकसित होंगे औद्योगिक क्षेत्र

**जिम्मेदारी तय**

## एससी-एसटी और महिला उद्यमियों को मिलेगी ब्याज में छूट

**बलिया।** पहली बार सरकार की ओर से निजी औद्योगिक क्षेत्रों के लिए नीति बनाई गई है। इसमें प्रोत्साहन के साथ ही जिम्मेदारी भी तय की गई है। शासन ने उद्योग विभाग को इसके लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिया है। जिले में निवेशकों को भूमि उपलब्ध कराने के लिए अब निजी भूमि पर औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जा सकेंगे।

उत्तर प्रदेश सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम प्रोत्साहन नीति-22 के तहत सरकार निजी भूमि पर औद्योगिक क्षेत्र बनाने के लिए प्रोत्साहन देने के साथ मरम्मत और रख-रखाव करने की जिम्मेदारी तय करेगी। इससे जहां निवेशकों को नए उद्योग लगाने के लिए आसानी से जमीन उपलब्ध होगी, वहीं औद्योगिक क्षेत्र सही ढंग से स्थापित किए जा सकेंगे। साथ ही बिल्डर्स निवेशकों से मनमर्जी भी नहीं कर पाएंगे। प्रोत्साहित करने एवं पूंजी निवेश को आकर्षित करने और अधिकाधिक रोजगार दिए जाने के लिए व्यापक स्तर पर नई एमएसएमई इकाइयों की स्थापना की जाएंगी। इसके साथ ही पूर्व से स्थापित इकाइयों के विस्तारीकरण और विविधीकरण को प्रोत्साहित करने एवं नीति के अंतर्गत अनुमन्य अन्य वित्तीय प्रोत्साहनों तथा निजी क्षेत्र में विकासकर्ता की ओर से 10 एकड़ अथवा उससे अधिक क्षेत्रफल के औद्योगिक एमएसएमई पार्क व फ्लैटेड फैक्ट्री कांप्लेक्स की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए है। इसके लिए सरकार ने स्टप ड्यूटी में 50 से 75 फीसद तक छूट देने की भी व्यवस्था दी है।

स्थापित होने वाले नए सूक्ष्म उद्योगों के लिए पूंजीगत ब्याज उपादान के तहत ऋण पर देय वार्षिक ब्याज पर 50 प्रतिशत छूट मिलेगी। यह ब्याज उपादान पांच वर्षों के लिए दिया जाएगा और अधिकतम सीमा 25 लाख रुपये प्रति इकाई होगी। एससी-एसटी और महिला उद्यमियों के लिए यह ब्याज उपादान 60 प्रतिशत तक होगा।

### स्टांप ड्यूटी में छूट देने की व्यवस्था

**बलिया।** इस संबंध में उपायुक्त उद्योग एसके सिंह ने बताया कि जिले में इंडस्ट्री क्षेत्र बनाने के लिए भूमि नहीं है। उधर, शासन ने भूमि की समस्या से निजात पाने के लिए अब निजी भूमि पर भी इंडस्ट्री बनाने का निर्देश दिया है। इस पर सरकार स्टांप ड्यूटी में छूट देने की भी व्यवस्था दी है। इस योजना से जिले में उद्योग-धंधों को संजीवनी मिलेगी, लेकिन जरूरी है कि औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने वाले व्यक्ति के पास कम से कम 10 एकड़ भूमि हो।

# बलिया पहुंचे क्रूज का मंत्री ने किया स्वागत



**बलिया।** संत रविदास घाट वाराणसी से चलकर रविवार को पूर्वाह्न 11 बजे शिवरामपुर घाट से गुजर रही गंगा विलास क्रूज पर सवार यात्रियों का परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने अभिवादन किया।

इस दौरान उनके साथ दर्जनों लोग मौजूद रहे। उन लोगों ने भी दोनो हाथ उठाकर मां गंगे एवं भृगु बाबा का जयकारा लगाते हुए यात्रियों का अभिवादन किया। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि आगामी अक्टूबर माह से बलिया में भी क्रूज का ठहराव होगा।

बताते चले कि क्रूज में कुल 51 दिन की यात्रा है। लगभग 25 छोटी-बड़ी नदियों से होकर यह क्रूज वाराणसी से शिवरामपुर घाट, बलिया से होते हुए हुकुमछपरा से डिब्रूगढ़ तक पहुंचेगी। क्रूज को देखने के लिए शिवरामपुर घाट पर लोगों की भीड़ लगी रही। क्रूज के आगे-आगे दो और भी जहाज चल रही थी। मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई दी।

### आरआई बताकर अवैध वसूली करने वाला धराया

**बलिया।** गड़वार थाना क्षेत्र के त्रिकालपुर से शनिवार को पुलिस ने अपने को लखनऊ आरटीओ का आरआई बताकर जनपद में अवैध वसूली करने वालों को पकड़ लिया। उसके पास से बत्ती और हूटर लगी इनोवा गाड़ी भी बरामद हुई है। पुलिस ने वाहन को सीज करने के साथ ही उसे हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार आजमगढ़ जिले के सठियांव निवासी रामप्रवेश नामक फर्जी व्यक्ति अपने को आरआई बताकर जनपद में अवैध वसूली कर रहा था। प्रभारी निरीक्षक गड़वार राजकुमार सिंह शनिवार की शाम चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान उनकी नजर इनोवा कार पर पड़ी। गाड़ी पर पुलिस की बत्ती और हूटर लगा था। शक होने पर पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया और पूछताछ शुरू की। आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस पर नाम गलत मिला। प्रभारी निरीक्षक गड़वार ने बताया कि आरोपी अपने को आरआई बताकर क्षेत्र में अवैध तरीके से कार्य करता था। गाड़ी पर ऊपर बत्ती लगाई गई है। वह भी अवैध है। वाहन को सीज कर दिया गया है। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही सरकार

**बोलीं वसुंधरा सिंह**

## किसानों को प्राकृतिक खेती करने को दिया टिप्स

जनसंदेश न्यूज


कार्यशाला में किसानों को टिप्स देती तकनीकी सहायक बसुंधरा सिंह

**बैरिया।** क्षेत्र के इब्राहिमाबाद गांव में रविवार को कार्यशाला का आयोजन कर प्राकृतिक खेती के लिए किसानों को टिप्स दिया गया। प्राकृतिक खेती के नियम और शर्तें, तरीकों व लाभ के विषय में तकनीकी सहायक कृषि वसुंधरा सिंह ने विधिवत जानकारी दी।

तकनीकी सहायक कृषि वसुंधरा सिंह ने बताया कि प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को अनिवार्य रूप से एक देसी गाय पालना है। प्रति एकड़ सात हजार रुपए शासन से अनुदान की व्यवस्था है। हर तरह का उत्पादन प्राकृतिक खेती के माध्यम से किया जा सकता है।

इससे उत्पादित फसलों को सरकार किसानों से लाभकारी मूल्य पर खरीदने की भी व्यवस्था करने जा रही है। प्रथम चरण में हर गांव में 50 एकड़ खेत प्राकृतिक खेती के लिए चयनित करना है। इसके लिए किसानों से उनके खेतों के कागजात की छायाप्रति भी प्राप्त की जा रही है। तकनीकी सहायक कृषि ने बताया कि किसानों को इसमें कोई परेशानी हो, इसके लिए कृषि विभाग किसानों को हरसंभव मदद के लिए तैयार है। वसुंधरा सिंह के अनुसार सोमवार को चांददियर में किसानों के साथ बैठक होनी है। उसके बाद आगामी दिनों में लक्ष्मण छपरा, कर्ण छपरा, सोनकी भांट (धतूरी टोला) आदि गांवों में भी प्राकृतिक खेती के संदर्भ में किसानों के साथ बैठक कर उन्हें इनके लाभ और तरीकों के विषय में जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर धनंजय सिंह, प्रधान प्रतिनिधि अखिलेश सिंह, विनय सिंह, हजारी सिंह, अरविंद सिंह, संतोष सिंह, त्रिलोकी यादव आदि मौजूद रहे।

# मोटरसाइकिल की टक्कर से महिला की जान गई



मृतका के घर के बाहर जुटी भीड़

**मझौवां।** राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर स्थित बरिया थाना क्षेत्र के दुबेछपरा ढ़ाला पर मोटरसाइकिल की टक्कर से एक महिला की मौत हो गई। घटना शनिवार की देर शाम की है। महिला की मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार बैरिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोपालपुर के उदयीछपरा निवासी बाढ़ पीड़िता लक्ष्मीना देवी (58) पत्नी स्व. सुदर्शन तीयर शनिवार की देर शाम राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर दुबेछपरा ढ़ाला से कहीं जा रही थी, तभी बलिया की तरफ से आ रही मोटरसाइकिल ने उसे टक्कर मार दिया। इससे लक्ष्मीना सड़क पर गिरकर छटपटाने लगी। वहीं, मोटरसाइकिल के साथ चालक भागने में सफल रहा।

ग्रामीणों ने आनन-फानन में गंभीर रूप से घायल लक्ष्मीना को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान देर रात लक्ष्मीना की मौत हो गई।

# एकजुट होकर मायावती को पीएम बनाने का लें संकल्प



टाउन हॉल में बसपा सुप्रीमो मायावती के जन्मदिन समारोह को संबोधित करते विधायक उमाशंकर सिंह



जन्मदिन समारोह में उपस्थित लोग

**बोले उमाशंकर सिंह**

### टाउन हॉल में बसपा सुप्रीमो के जन्मदिन पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

**बलिया।** टाउन हाल के बापू भवन में बसपा सुप्रीमो मायावती के जन्मदिन पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। इसमें महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण हुआ और लोगों को मिष्ठान खिलाया गया। जन्मदिन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक उमाशंकर सिंह ने कहा कि हमें एकजुट होने की आवश्यकता है। यदि आप लोगों के बहकावे में आकर इधर से उधर गये तो फिर मायावती देश की प्रधानमंत्री नहीं बन सकती है।

कहा कि आवश्यकता है कि आप सब एकजुट होकर बसपा सुप्रीमो मायावती को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लें और सबको जागरूक करें। ईवीएम पर बसपा विधायक ने कहा कि बसपा सुप्रीमो मायावती का कहना यह है कि जबसे ईवीएम से भाजपा सरकार आयी है, तबसे ईवीएम के चलते हमारे वोट को भाजपा के वोट में बदल दिया जा रहा है। जिस दिन बैलेट पेपर से चुनाव होना शुरू हो जाएगा, उस दिन बहुजन समाज पार्टी सबसे बड़ी पार्टी होगी। उत्तर प्रदेश और देश में हमारी सरकार होगी।

विकास के सवाल पर विधायक उमाशंकर सिंह ने कहा कि लखनऊ में जो भी विकास दिख रहा है, वो मायावती सरकार की है। यदि बसपा सरकार के कार्यकाल में हुए कार्यों को लखनऊ से हटा दिया जाए तो लखनऊ में विकास शून्य साबित होगा। उन्होंने कहा कि जो भी विदेश से पर्यटक आते है, उन्हें मायावती द्वारा कराये गये विकास कार्यों को ही दिखाया जाता है। क्योंकि भाजपा सरकार में कोई भी विकास कार्य नहीं हुए है। निकाय चुनाव पर कहा कि उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव में बसपा हर सीटों पर चुनाव जीतेगी। क्योंकि निकाय चुनाव बैलेट पेपर से होगा। इसके अलावा विधायक ने और मुद्दों पर अपनी बात रखी। तत्पश्चात बसपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भारती एवं विधायक उमाशंकर सिंह ने केक काटकर जन्मदिन मनाया।

इस अवसर पर विनय शंकर जायसवाल, राजीव गुप्ता, निर्भय प्रकाश, हरी सिंह, महफूज आलम आदि मौजूद रहे।

# सांसद ने किया सन शाइन पैलेस का भव्य उद्घाटन



सांसद रविन्द्र कुशवाहा का स्वागत करते लोग

**बेल्थरारोड।** स्थानीय नगर स्थित पशुहारी मार्ग पर कृषि मंडी के समीप होटल सन शाइन पैलेस एण्ड बैंक्वेट हाल का भव्य उद्घाटन भाजपा सांसद रविंद्र कुशवाहा ने फीता काटकर किया। कहा कि जिले में बढ़ते विकास और लोगों की आवश्यकताओं की वजह से अब घर के आस-पास विवाह संपन्न होना मुश्किल है।

कहा कि ऐसे में विवाह भवन ही एकमात्र स्थान है, जहां लोग बिना परेशान हुए चिंतामुक्त होकर एक ही स्थान पर विवाह के सारे कार्यक्रमों को सम्पन्न करा सकते है।

बेल्थरारोड नगर क्षेत्र के होटल सन शाइन पैलेस एवं बैंक्वेट हाल में हर सुविधा है। होटल स्वामी असद अहमद ने कहा कि कृषि मंडी के समीप होटल सन शाइन पैलेस एवं बैंक्वेट हाल भीड़भाड़ से हटकर है। यहां पार्किंग की पूरी व्यवस्था से लेकर अतिथियों के ठहरने के पूरे इंतजाम है।

इस अवसर पर मसरूर आलम, इमरान खान, साद जमा, पकरूजमा साहब, डा. अनिल यादव, नोमानी साहब, परवेज कमाल पाशा, शब्बीर अहमद, अदनान अहमद, कन्हैया यादव आदि मौजूद रहे।

## प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार बना डाक बंगला स्थित प्राचीन कुआं

**कलवारी।** स्थानीय विकासखंड राजगढ़ के अंतर्गत कलवारी डाक बंगला स्थित प्राचीन कुए की साफ-सफाई ग्रामीणों ने किया। एक समय ऐसा था कि पेयजल के लिए ग्रामीणों को कुओं पर ही आश्रित होना पड़ता था। कई साल पहले बना यह कुआ ग्रामीणों के पेयजल का एकमात्र साधन था, इस प्राचीन कुआं से दूरदराज क्षेत्रों के लोग पीने का पानी ले जाते थे। गर्मियों के दिनों में ठंडा पानी इसी कुआं से मिलता था, देखरेख व साफ-सफाई के अभाव में कुआ निषप्रयोज्य है। वर्तमान समय में जल स्तर खिसक जाने से ग्रामीण बोरिंग से पेयजल पर आश्रित हो गये है लेकिन अब डीप बोरिंग से भी पेयजल अस्तित्व खतरे में है। क्षेत्र में डीप बोरिंग से भी पानी नहीं मिल रहा है। वही इस प्राचीन कुएं में पानी तो है लेकिन साफ-सफाई के अभाव में कुएं का पानी बदबूदार है जो पीने योग्य नहीं है। बरसात अच्छी न होने से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट बरकरार हैं। क्षेत्र में जल संचयन के लिए बने तालाब केवल दिखावे मात्र के है, इन तालाबों से अवैध मिट्टी खनन किया जाता है, अवैध खनन माफिया इन तालाबों में पानी आने के रास्तों को भी बंद कर दिये है। ग्रामीण क्षेत्रों में जिस तरह से पेयजल की किल्लत हो रही है।

# स्नान-दान के साथ ज्ञान स्नान भी जरूरी



गंगा घाट पर आध्यात्मिक प्रदर्शनी का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि

**बोलीं पुष्पा देवी**

### गंगा घाट पर लगाई गई आध्यात्मिक प्रदर्शनी

**मझौवां।** मकर संक्रांति के अवसर पर रविवार को हुकुम छपरा गंगा घाट पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा बैरिया द्वारा नैतिक मूल्यों के उत्थान के लिए आध्यात्मिक प्रदर्शनी लगाया गया। इसके मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत गंगापुर के प्रधान प्रतिनिधि उमेश यादव एवं विशिष्ठ अतिथि रामगढ़ चौकी प्रभारी मिथिलेश कुमार तिवारी व धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव रहे।

नैतिक मूल्य आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी का उदघाटन मुख्य अतिथि उमेश यादव ने फीता काटने के बाद नारियल फोड़कर किया। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि शाखा बैरिया की प्रमुख राजयोगिनी पुष्पा दीदी एवं समता दीदी ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया। उप संचालिका समता दीदी ने सभी अतिथियों सहित अन्य महिला-पुरुषों को प्रदर्शनी में ईश्वरीय ज्ञान तथा राजयोग मेडिटेशन के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। पुष्पा दीदी ने मकर संक्राति की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि आज के दिन गंगा स्नान व दान के साथ-साथ ज्ञान स्नान भी जरुरी हैं। बताया कि आज हमें संकल्प के साथ अपने मन के अंदर की सारी बुराईयों को समाप्त करना चाहिए। आज के दिन पतंग उड़ाने के महत्व के बारे में बताया कि अपने मन की डोर परमात्मा के हाथों में देकर जीवन रुपी पतंग को उड़ाए। इस दौरान उपस्थित लोगों ने आध्यात्मिक प्रदर्शनी को खूब सराहा। इस अवसर पर अजय भाई, भोला भाई, राजु भाई, श्रीराम भाई, अमर भाई, सोनु भाई, प्रियंका बहन, नीतू बहन, कमल माताजी, कंचन बहन, आसा माता, रेखा बहन, पूनम बहन, नीलम बहन आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं को खेतीबाड़ी में पारंगत करेंगी आजीविका सखियां

**जनसंदेश न्यूज**

**बलिया।** प्रदेश सरकार का लक्ष्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाओं को प्रत्येक क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का है। इसके लिए सरकार की ओर से बहुआयामी कदम उठाए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं अब गांवों में पोषण वाटिकाओं की स्थापना कराएंगी। इसके लिए आजीविका सखियों ने समूहों की महिलाओं को गांवों में जाकर प्रशिक्षण देकर पारंगत करना शुरू कर दिया है।

ग्राम स्तर पर मिशन के तहत महिलाओं के समूह में कम से कम 12 महिलाओं को शामिल किया जा रहा है। अब मिशन की ओर से समूहों की महिलाओं को खेती-बाड़ी से जोड़ने के लिए आजीविका सखियों के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके तहत प्रत्येक ब्लाक में सौ आईसीआरपी (इंटरनल कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन) के पदों पर महिलाओं का चयन किया जा रहा है। चयनित आईसीआइपी की महिलाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा।

आजीविका सखी का चयन कम से कम सात और अधिक से अधिक 14 महिला समूह को मिलाकर होता है। आजीविका सखियों का दायित्व समूहों की महिलाओं को खेती बाड़ी के कार्य के लिए पारंगत करना है। आईसीआरपी का कार्य अपने जनपद के विभिन्न ब्लाकों या सरकार के आदेश पर प्रदेश के गैर जनपदों में जाकर महिलाओं के समूहों का गठन कर उन्हें सरकार की योजनाओं के बारे में बता आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित करना है।

**पहल**

### पोषण वाटिकाओं की स्थापना कराएंगी समूह की महिलाएं

#### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास

**बलिया।** इस संबंध में डीसी, एनआरएलएम ने बताया कि उत्तर प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से उन्हें खेती-बाड़ी से जोड़ने का कार्य चल रहा है। पोषण वाटिका की स्थापना उसी का हिस्सा है।

## संक्षेप

### जी-20 का आयोजन भारत के साथ-साथ पूरे विश्व के लिए महत्वपूर्ण : शक्ति सिंह




**मऊ।** रविवार को यूथ-20 (वाई-20) चैपाल का आयोजन किया गया जिसमें छपरा विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति हरिकेश सिंह, यूथ-20 इंडिया के आधिकारिक प्रतिनिधि शक्ति सिंह सहित जिले के ग्राम प्रधान, मीडियाकर्मियों, गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। भारत सरकार की वाई-20 इंडिया के आधिकारिक प्रतिनिधि शक्ति सिंह ने कहा कि इस वर्ष जी-20 का आयोजन भारत के साथ-साथ पूरे विश्व के लिए महत्वपूर्ण है। आज मऊ में हुई चैपाल में इस महत्वपूर्ण आयोजन के एजेंडे के बारे में सारगर्भित चर्चा हुई। इसी तरह विभिन्न स्थानों पर चर्चा आयोजित हो रही है तथा जी-20 के एजेंडे पर आम नागरिकों की भी सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। जी-20 का आयोजन निश्चित ही विश्व के आर्थिक प्रबंधन के साथ युवाओं तथा पर्यावरण आदि विषयों पर उल्लेखनीय कार्य करने में सफल होगा। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आज पूरा विश्व आशान्वित है।

### पंद्रह दिवसीय हरिकीर्तन का समापन



**दोहरीघाट, मऊ।** कस्बे के रामघाट पर चल रहे पन्द्रह दिवसीय अखण्ड हरि किर्तन का समापन रविवार को हो गया तथा समापन के शुभ अवसर पर भगवान राम श्याम की शोभा यात्रा नगर में निकाली गई। जो पूरे नगर का भ्रमण करते हुए पुनः रामघाट पर पहुंची वही हवन पुजन के साथ प्रसाद वितरण हुआ शोभायात्रा में पूर्व चैयरमैन गुलाब चंद गुप्त, पुजारी बबलू बाबा आचार्य श्याम जी पांडेय, चन्दन शर्मा रिन्कू साहनी समेत आदि लोग मौजूद रहे।

# मकरसंक्रांति पर श्रद्धालुओं ने सरयू नदी में लगायी डुबकी, आस्था ने ठंड को दी मात



**जनसंदेश न्यूज**

**दोहरीघाट, मऊ।** मकरसंक्रांति के पावन पर्व पर हजारों श्रद्धालुओ ने सरयु नदी में डुबकी लगाते हुए दान पुण्य किया सबसे ज्यादा भीड़ कस्बे के रामघाट पर रही सुबह से ही रामघाट पर स्नानाथीयो का जमावाड़ा लगा रहा वही आस्था ने ठण्ड को मात दे दी।

मकरसंक्रांति पर्व पर जहां मन्दिरो में मकर के सूर्य होते ही मन्दिरो को पुरी तरह से धोया गया तथा भगवान को स्नान कराया गया इसके बाद नगर के हर मन्दिरो के पुजारियों ने भगवान को नया वस्त्र पहनाते हुए उन्हें गुड़ तिल का भोग लगाया वही रामघाट पर स्नानार्थीयों ने काफी संख्या में स्नान कर चावल तिल गुड़ समेत आदि सामान छुकर ब्राह्मणो को दान दक्षिणा दिया जबकि इस बार पक्का घाट न होना स्नानार्थीयों की संख्या में जबरदस्त कमी देखी गयी दो हरियो की पावन भुमि पर जहां दर्जनों पक्के स्नान घाट थे आज एक भी पक्का स्नान घाट न होना जनप्रतिनिधियों को भी आईना दिखाता है।

**त्योहार**

### स्नान घाट न होने से फीकी रही आस्था

### बाबा मेला राम मंदिर पर चढ़ा महा खीचड़ प्रसाद हजारों लोगों ने किया प्रसाद ग्रहण



**दोहरीघाट, मऊ।** मकर सक्रांति पर दोहरीघाट में सरयू नदी में क्षेत्र के आसपास व दूरदराज क्षेत्र से आए सैकड़ों लोगों ने नदी स्नान करके सूर्य नमस्कार, पूजन व दान पुण्य किया। वहीं कस्बे में स्थित परम तपस्वी संत बाबा मेला राम मंदिर में दर्शन करने, खिच्चड़ चढ़ाने एवं मन्नत मांगने वाले भक्तों का हुजूम उमड़ा पड़ा। दशकों से चली आ रही पुरानी परम्परा को निभाते हुये इस वर्ष भी बाबा मेला राम मंदिर में दर्शन करने खीचड़ चढ़ाने व मन्नत मांगने वाले भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। मंदिर में महा खीचड़ प्रसाद चढ़ाया गया जिसमें हजारों की संख्या में भक्तगण शामिल हुए विदित हो कि परम तेजश्वी संत बाबा मेला राम मंदिर बाबा के दर्शन करने व मन्नत मांगने की दशकों से परंपरा चली आ रही है। यहां सच्चे मन से मांगी गई मन्नत पूरी होती है। महाखिच्चड़ प्रसाद में बच्चे बूढे युवक सभी बढ़ चढ़ कर भाग लिया। सभी दलीय व जातीय सीमाएं टूट गई। सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। प्रसाद वितरण का कार्यक्रम देर शाम तक चलता रहा। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी महन्त मेलाराम शिष्य पुत्र प्रकाश मुनि, पूर्व चेयरमैन गुलाबचंद गुप्त, अजय गुप्ता, वृजेश साहनी, ओमप्रकाश सोनकर, रामानंद, पांचू, नंदू, समेत आदि लोग रहे।

## संक्षेप

### मथुरा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सम्पन्न हुआ रोवर्स-रेंजर्स कार्यक्रम



**बलिया।** मथुरा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पांच दिवसीय रोवर्स-रेंजर्स कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद रसड़ा के पूर्व चेयरमैन वशिष्ठ नारायण सोनी ने रोवर्स-रेंजर्स को बधाई दी। कार्यक्रम का आरम्भ चेयरमैन व प्राचार्य प्रो. धर्मात्मानन्द ने दीप प्रज्ज्वलित कर के किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने देश भक्ति गीत एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम में डॉ. बृजेश कुमार गुप्ता व टेज्नर संगम वर्मा ने प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण में रोवर्स व रेंजर्स को मार्च पास्ट, निबन्ध पोस्टर, क्यूज, एकोडेकोरेशन, रोडप्ले, लोक गीत, लोक नृत्य, नाटक, कलर पार्टी, ध्वज, शिष्टाचार, स्किल ओरामा, सेड स्टोरी, तम्बू-पुल बनाना मनमोहन झांकी प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में रोवर्स रेंजर्स प्रभारी डॉ. अलिमा खातून एवं डॉ. मनोज पाण्डेय ने शपथ दिलायी।

### मनन दूबे की शव यात्रा में उमड़ा जनसैलाब



**बलिया।** टीडी कालेज के पूर्व छात्रसंघ महामंत्री एवं समाजवादी पार्टी की छात्र सभा के पूर्व प्रदेश सचिव मनन दूबे को करेंट लगने से शनिवार को उनकी मौत हो गयी थी। रविवार को अंतिम यात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। गड़वार रोड स्थित उनके आवास से सपा कार्यालय होते हुए टीडी कालेज पहुंची जहां छात्र नेताओं ने शव पर पुष्पाजंलि अर्पित की। सभी लोगों ने एक सुर से कहा कि मनन दूबे की कमी जनपद को खलेगी। उनके शव यात्रा में हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। उनका अंतिम संस्कार शिवरामपुर घाट पर किया गया।

### स्वास्थ्य के प्रति हर किसी की अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी : जयप्रकाश शाहू



**नगरा।** क्षेत्र के सोनापाली मोड़ स्थित एक नर्सिंग होम का फीता काटकर उद्घाटन करने के पश्चात भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश शाहू ने कहा कि अपने स्वास्थ्य के प्रति हर कोई की अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। शरीर में किसी तरह की असंतुलित हरक्कत हो तो चिकित्सक की सलाह अवश्य लेना चाहिए, ताकि समय से इलाज हो सके। इस अवसर पर डा. धर्मनाथ प्रसाद, जयप्रकाश जायसवाल, राजू सोनी, मारकण्डेय वर्मा, फतेह बहादुर सिंह, अमरेन्द्र सोनी, राहुल शर्मा, उदयभान यादव आदि मौजूद रहे।

# मायावती के जन्मदिन पर किया गया कंबल वितरण

**जनसंदेश न्यूज**

**मऊ।** मौसम विभाग की तरफ से 16 तारीख से मऊ जिले में शीत लहर की सम्भावनाओं को देखते हुए इन बस्तियों में रहने वाले 5-7 वर्ष तक के तकरीबन 500 बच्चों को गर्म कपड़े, स्वेटर, मोजा और टोपी का वितरण किया गया साथ ही बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती के जन्मदिन को जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मानते हुए जरूरत मंदो के बीच कम्बल का वितरण किया गया।

इस मौके पर टीम अतुल राय ने बताया की सांसद जी के निर्देश पर आज मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर 5 कुंतल खिचड़ी के साथ साथ गर्म कपड़े, टोपी, मोजा मोफलर, लायी, चूड़ा और मिठाइयों का वितरण कर के अपने घोसी लोकसभा के गरीब और असहाय परिवारों के चेहरे पर भी एक मुस्कान लाने की कोशिश की गयी है। वितरण कार्यक्रम मऊ सदर के कहिनौर से शुरू हुआ जहां सदर ब्लाक प्रमुख राजेश कुमार ने कहा कि सांसद द्वारा जो जरूरतमंदों की सेवा हो रही है, वही सच्ची समाजसेवा है। उसमें भी बच्चों की सेवा सबसे बड़ी सेवा है। सोनू ने कहा कि मकर संक्रांति पर जरूरतमंदों को दान पुण्य करना सनातनी परंपरा है गरीब बच्चे हैं, इनके पास कपड़े नहीं होते हैं। ऐसे ही सर्दी काटते हैं, ऐसे में सांसद द्वारा किये जा रहे इस कार्य से बच्चों को सर्दी में राहत मिलेगी। कपड़ा मिलने के बाद छह साल के रुद्र की माँ बोली गर्म कपड़े नहीं थे। आज तक किसी ने यहां गर्म कपड़े नहीं बांटे कपड़े पाकर रुद्र बहुत खुश है। सात साल की रुखसाना बताती हैं कि मेरे पास गर्म कपड़े नहीं थे। अब मिल गए अच्छा लग रहा है।

## आरपीएफ ने ग्रामीणों को किया जागरूक

**मऊ।** रविवार को आरपीएफ पोस्ट के एसआई इंद्रजीत यादव, एसआई मनोज कुमार शुक्ल तथा का. रामप्रकाश सिंह द्वारा मऊ, खुरहट स्टेशनों के मध्य पालीगढ़ हाल्ट के पास रेल लाइन के पास स्थित काझा खुर्द गांव के प्रधानपति की उपस्थिति में ग्रामीणों, बच्चो एवं महिलाओं को ट्रेनों पर पत्थर नहीं फेकने, ट्रेनों में बिना उचित कारण चेन पुलिंग नही करने तथा रेल लाइन को पार नहीं करने के संबंध में जागरूक किया गया तथा उक्त के कारण होने वाले जान मॉल की क्षति के बारे में अवगत कराने के साथ साथ उक्त कार्य रेलवे ऐक्ट के अंतर्गत अपराध है, के बाबत भी बताया गया। उन्हें उक्त के संबंध में अपने अपने परिजनों को बताने के साथ अधिक से अधिक लोगो को जागरूक करने के लिए कहा गया।



# पैसेंजर ट्रेनों के निरस्त होने से यात्री परेशान

**दिक्कत**

### मांझी से छपरा के बीच चल रहा नॉन इंटरलाकिंग कार्य

**बैरिया।** कोहरे के कारण दिसम्बर माह से ही उत्सर्ग एक्सप्रेस, लखनऊ-छपरा एक्सप्रेस, सारनाथ एक्सप्रेस सहित आधा दर्जन ट्रेनों को अल्टरनेट व्यवस्था से चलाया जा रहा है। इससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रही सही कसर मांझी से छपरा के बीच नान इंटरलाकिंग कार्य ने पूरी कर दी है।

बताया जाता है कि विगत 13 जनवरी से 17 जनवरी तक छपरा से बलिया के रास्ते चलने वाली अप व डाउन सभी पैसेंजर ट्रेनों को निरस्त कर दिया गया है, जबकि जबरदस्त कोहरे की वजह से देर शाम को चलने वाली सभी ट्रेनें छह घण्टा से 10 घण्टे विलम्ब से चल रही है।

क्षेत्र के कोटवां प्रधान प्रतिनिधि रोशन गुप्ता, उपाध्यायपुर के पूर्व प्रधान धर्मेन्द्र तिवारी सहित दर्जनों यात्रियों ने कहा कि मौजूदा समय में तेजस, बुलेट ट्रेन चलाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं, कोहरे की वजह से ट्रेनों को निरस्त कर दिया जा रहा है। यह सुनने में काफी अजीब लगता है। स्टेशन अधीक्षक एलपी वर्मा ने बताया कि मांझी से छपरा के बीच नान इंटरलाकिंग कार्य हो रहा है। इसकी वजह से 17 जनवरी तक पैसेंजर ट्रेनों का संचालन रद्द किया गया है।

### ह्वील चेयर ले जाने को नहीं है रास्ता

**बैरिया।** दिव्यांगजनों व गम्भीर रूप से बीमार यात्रियों के लिए सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर ह्वील चेयर की व्यवस्था किया गया है, लेकिन डाउन ट्रेनों को पकड़ने के लिए दो नम्बर प्लेटफार्म पर ह्वील चेयर ले जाने के लिए रास्ते का इंतजाम रेल प्रशासन द्वारा नही किया गया है। इससे दिव्यांगजनों व गम्भीर रोगियों को प्लेटफार्म नम्बर दो पर ले जाने में काफी मशक्कत करना पड़ता है। यही नही, सुरेमनपुर स्टेशन पर इंक्वायरी क्लर्क की तैनाती नहीं होने से भी यात्रियों को ट्रेनों के आवागमन की सूचना में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। कोच डिस्प्ले बोर्ड न लगने से यात्री ट्रेन के आगमन होने के बाद अपने आरक्षित कोच के लिए प्लेटफार्म पर दौड़ लगाते है।



> ह्वील चेयर को प्लेटफार्म नम्बर दो पर ले जाने के लिए रास्ता नही है। इसकी सूचना रेलवे के उच्चाधिकारियों को दे दिया गया है।
>
> **एलपी वर्मा, स्टेशन अधीक्षक, सुरेमनपुर**

# जाली नोट गिरोह के छह सदस्य गिरफ्तार

**कामयाबी**

## नोट बनाने की प्रिंटर मशीन व सामग्री बरामद

## पांच सौ और दो सौ की बड़ी मात्रा में नकली नोटों की हो रही थी सप्लाई

जनसंदेश न्यूज



मीडिया के सामने जाली नोटों के अंतरराज्यीय गैंग के सदस्यों को पेश करते पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह एवं अन्य पुलिस अधिकारी।

**गाजीपुर।** पुलिस ने नकली नोट बनाने व बाजार में सप्लाई करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरोह के सदस्यों के कब्जे से नकली नोट 500 की 369, 200 की 01 व 100 के 261 बरामद किए है। इसके साथ ही नोट बनाने की प्रिंटर मशीन व पेपर व एक नोट पर चिपकाने वाली चमकीली हरी पट्टी पकड़ा है। वहीं सदस्यों के तीन मोटर साइकिल भी जब्त किए गए है।

पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि शनिवार को सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह व स्वाट टीम प्रभारी उ0नि0 रामाश्रय राय की संयुक्त टीम द्वारा नकली नोट बनाने वाले अन्तर्राज्यीय बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखण्ड में सक्रिय गिरोह के 06 अभियुक्तो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त सादात थाने के मौधिया गांव निवासी विकास वर्मा पुत्र स्व. दीनानाथ वर्मा, नोनहरा थाना क्षेत्र के खतीरपुर गांव निवासी संजय कुमार दूबे पुत्र बाल कृष्ण दूबे, गहमर थाना के पचौरी गांव निवासी अमर ज्योति मौर्या उर्फ छोटू पुत्र अमर देव मौर्या, जमानियां के नई बस्ती निवासी फिरोज शाह पुत्र जैनुद्दीन, गहमर के पचौरी गांव के नीरज सिंह पुत्र कंचन सिंह तथा जमानियां थाना के बेटावर गांव के संतोष यादव उर्फ डब्लू पुत्र स्व. केशव यादव है।

### 2 लाख 10 हजार 800 के मिले नकली नोट

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले की पुलिस टीम ने गिरोह के सदस्यों को गाजीपुर के आरटीआई चौराहे के पास से साढ़े तीन बजे गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से 500 की 369 नकली नोट, 200 की 01 व 100 के कुल 261 नकली नोट कुल रुपए 2 लाख 10 हजार 800 बरामद किया गया है। इसके साथ ही नोट बनाने की प्रिंटर मशीन व नकली नोट बनाने में इस्तेमाल किये जाने वाले पेपर व नोट पर चिपकाने वाली चमकीली हरी पट्टी व तीन मोटर साइकिल कब्जे में लिया गया।

### छोटे बाजारों को टारगेट करते है जाली नोट कारोबारी

पुलिसिया पूछताछ में अभियुक्तों ने कबूला कि हम लोग गैंग बनाकर आर्थिक,भौतिक एवं बुनियादी लाभ के लिये धन अर्जित करने को लेकर जाली नोटों का धंधा करते है। ज्यादातर छोटे-छोटे बाजारों में इसका प्रयोग ज्यादा करते है। सदस्यों ने बताया कि उत्तर प्रदेश और बिहार व अन्य जनपदों मे छोटे दुकानदारो सब्जी बेचने वालो तथा रिक्शा चलाने वाले को बड़ी नोट देकर तथा कुछ सामान लेकर पैसे इकट्ठा करते है।



आरोपियों से बरामद जाली नोटो का बंडल।

# मिठाइयों से गायब हो गई एक्सपायरी डेट

**यह है हाल**

## दुकानों पर अधिकारियों का नहीं कस रहा शिकंजा

## दुकानदार नहीं कर रहे नियमों का पालन, उपभोक्ताओं को दे रहे गोलमोल जवाब

**गाजीपुर।** शहर के अधिकतर मिठाई के दुकानों से मिठाई की एक्सपायरी लिखी हुई पर्ची गायब हो गई है। पर्ची में सिर्फ मिठाई का नाम और उसका प्राइस लिखा जाता है,जबकि जिला प्रशासन ने सख्त नियम अपनाने का आदेश दिया था। हर मिठाई की एक्सपायरी मिठाई के साथ ही दुकानदार को लगाना जरूरी होता है। शुरूआत में कुछ दिनों तक तो इसका पालन हुआ, परंतु अब नहीं हो रहा है। शहर की दुकानों पर भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण एफ एसएसएआइ की ओर से एक अक्टूबर 2021 से लागू की गई गाइडलाइन का मजाक उड़ाया जा रहा है। मिठाई दुकान पर हलवाई मिठाई काफी समय पहले बनाकर रख लेते हैं। वे इसे मांग के आधार पर बेचते रहते हैं। कई बार मिठाइयां पुरानी होने की वजह से लोगों के स्वास्थ्य पर इसका बुरा असर पड़ता है। अधिकतर विक्रेता बिना बेस्ट बिफोर डेट टैगिंग के ही मिठाई बेच रहे हैं। हालांकि, कुछ स्वीट्स शॉप अपने अंदाजे से ही बेस्ट बिफोर का टैग भी चस्पा कर मिठाइयां बेच रहे हैं।

मुख्य खाद्य निरीक्षक अजीत कुमार मिश्रा ने बताया कि मौजूदा समय में किराना दुकान पर नजर रखी जा रही है। दाल, मसाला, नमकीन आदि में मिलावट की शिकायतें काफी मिल रही थी। वही जल्द ही मिटाई दुकानों पर औचक निरीक्षण कर कार्रवाई शुरू की जाएगी।

### कौन सी मिठाई कितने दिन सुरक्षित

-मावे से बनी मिठाइयां 3 से 4 दिन।
-दुग्ध उत्पादों से बनी व बंगाली मिठाइयां दो दिन रहती हैं सुरक्षित।
-बेसन व मैदे से बनी मिठाई 4-5 दिन और ड्रायफ्रूट मिठाई 10 दिन तक।

### कहां क्या मिले हाल

-बंसीबाजार स्थित श्री स्वीट्स पर बिक रही मिठाइयों की ट्रे में मिठाइयों की कीमत तो लिखी दिखाई दी लेकिन कब तक उपयोग करना है यह नहीं लिखा था। पूछने पर बताया गया कि प्रोपटाइर ने बताया कि कर्मचारियों की लापरवाही से नहीं लग पा रहा है।
-महुआबाग स्थित अग्रवाल स्वीट्स पर भी मिठाइयों की ट्रे में उनके नाम के साथ दाम लिखे हुए थे, पर बेस्ट बिफोर का टैग नहीं था।
-चित्रगुप्त चौराहा स्थित श्री स्वीट्स पर ट्रे में सिर्फ मिठाइयां रखी हुई थीं। यहां पूछने पर बताया गया कि हमने तो अभी कोई बेस्ट बिफोर का टैग नहीं लगाया है। यह बानगी केवल एक -दो नहीं बल्कि अधिकांश दुकानों पर देखने को मिल रही है।



बंसीबाजार स्थित श्री स्वीट्स पर बिना एक्सपायी डेट की रखी मिठाइयां

# फांसी लगाकर विवाहिता ने दी जान

**खुदकुशी**

## पिता की तहरीर पर पति समेत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा

जनसंदेश न्यूज



घटना के बाद मौके पर लगी ग्रामीणों की भीड़।

**नन्दगंज।** थाना क्षेत्र के मुड़कटनी (सौरम) गांव में रविवार को सुबह करीब तीन बजे एक बीस वर्षीय विवाहिता ने फाँसी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लड़की के पिता ने थाना में अपने दामाद विजय बिन्द तथा एक अज्ञात के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है।

मुड़कटनी( सौरम) गांव निवासी विजय बिंद की पत्नी अनिता 20 वर्ष ने रविवार को सुबह लगभग 3 बजे अपने कमरे में लगे बॉस की अरगनी में गमछा लगा कर फांसी पर लटक गई और उसकी मौत हो गई। आश्चर्य की बात है कि कमरे में ही उसका पति सोया हुआ था और उसको पता तक नहीं चला। जब उसकी नींद खुली तो देखा कि अनीता फाँसी लगाकर लटकी हुई है।

आनन-फानन में उसने पत्नी को नीचे उतार दिया। लेकिन तब तक अनिता की मौत हो चुकी थी।



मृतका अनिता (फाइल) फोटो

चौकी प्रभारी रमेश पटेल ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर के आधार पर विवाहिता के पति विजय कुमार बिन्द तथा एक अज्ञात के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### दहेज के लिए बेटी की हुई हत्या

मृतका के पिता महेन्द्र बिन्द थाना क्षेत्र के धरवां गांव निवासी ने तहरीर में बताया कि रविवार के सुबह 4 बजे मुड़कटनी गांव के एक व्यक्ति से सूचना मिली कि तुम्हारी लड़की को फाँसी पर लटका कर मार दिया गया है। सूचना मिलते ही भागा भागा पहुँचा, लेकिन तब तक लड़की को फंदा से उतार दिया गया था। लड़की के पिता महेन्द्र बिन्द ने थाना में दी गयी तहरीर में बताया है कि मैने अपनी पुत्री अनीता उम्र करीब 20 वर्ष का विवाह आठ माह पूर्व मुड़कटनी (सौरम) गांव निवासी विजय कुमार बिन्द पुत्र बालकरन बिन्द से 18 मई 2022 में दान दहेज के साथ किया था। लड़की ससुराल में कुछ दिन रहने बाद मायके आकर पुनः ससुराल गयी तो ससुराल पक्ष के लोग शादी में उनके मांग के अनुसार तिलक देने के बाद भी अब सोने की अँगुठी तथा 50 हजार रुपया नगद की माँग करने लगे। मांग पूरी न होने पर अनीता को लोग प्रताड़ित करते रहें। दहेज की माँग पूरा न होने पर रविवार के भोर में फाँसी देकर मार दिया।

# पांच हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

## 21 वर्षो से हत्या के मामले में तलाश रही थी पुलिस

जनसंदेश न्यूज



**गाजीपुर।** रेवतीपुर थाना पुलिस ने पांच हजार इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। इसके पास से 2 किलो 608 ग्राम गांजा भी बरामद किया है। पुलिस को इसकी हत्या के मामले में 21 वर्ष से तलाश थी।

पुलिस के मुताबिक मुखबीर की सूचना पर थाना दिलदारनगर व सुहवल से पुरस्कार घोषित व वांछित अपराधी सरल राजभर उर्फ शेषनाथ राजभर पुत्र स्व. रामअशीष राजभर निवासी ग्राम अवकल (त्रिलोकपुर) थाना रेवतीपुर की काफी समय से तलाश थी। वह अपने गांव के ही शिवपूजन सिंह पुत्र स्व. रमायन सिंह के हत्या में मुख्य आरोपी था। इसके खिलाफ थाना सुहवल में मुकदमा दर्ज था। वहीं सुहवल थाना के अकवल गांव निवासी तहसीलदार सिंह पुत्र रामाणय सिंह की हत्या में इसका नाम था। जिसके सम्बन्ध में थाना दिलदारनगर में मुकदमा दर्ज था। विगत 21-23 वर्षों से फरार चल रहा था। रविवार को नगदीलपुर करहिया पुलिया से शाम चार बजे के करी ब 2 किलो 608 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया।

## संक्षेप

### प्राथमिक शिक्षा से मिल सकती है मंजिल

**दिलदारनगर।** अघोर सेवा मंडल गिरनार आश्रम के संस्थापक अवधूत सिंह शावक राम बाबा का प्राकट्य दिवस रविवार को आश्रम के सभागार कक्ष शिक्षक सम्मान दिवस के रूप में मनाया गया। संस्था द्वारा प्राथमिक विद्यालय देहवल प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार सिंह को शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र देकर समान्नित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में आदर्श सरस्वती विद्या मंदिर प्रथम व एपीजी अब्दुल कलाम द्वितीय व आदर्श जूनियर हाईस्कूल तृतीय। वहीं एकल कार्यक्रम में खुशबू गुप्ता प्रथम,प्रियंका विश्वकर्मा द्वितीय व शिल्पी कुमारी तृतीय स्थान पर रही। मुख्य अतिथि हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्राचार्य डा. शरद कुमार ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा ऐसी शिक्षा है, जो किसी भी बच्चों को ठीक से मिल जाय तो उसे अपनी मंजिल मिल सकती है। प्राथमिक शिक्षा को उठाने का प्रयास हमेशा किया जा रहा है। बच्चों की दिशा को लेकर हम किसी भी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच पा रहे है। अघोर सेवा मंडल संस्था द्वारा आदिवासी क्षेत्र के गरीब बच्चों को आश्रम में रखकर प्राथमिक से उच्च शिक्षा देकर उनको सामाजिक,सांस्कृतिक व नैतिक शिक्षा देकर आगे बढ़ाया जा रहा है जो बहुत सराहनीय कदम है। मौके पर रणजीत सिंह,अरविंद सिंह, विजेंद्र सिंह,सुरेश सिंह,रिशु यादव, सुनील,राहुल,वेद प्रकाश,सुरेश कश्यप, अनूप गुप्ता आदि लोग रहे।संचालन आचार्य चंद्रभूषण शुक्ला ने किया।

### दहेज हत्या में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सेवराई।** गहमर पुलिस ने दहेज हत्या के आरोपित पति सहित सास व ससुर को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ कर सभी को जेल भेज दिया। गौरतलब है कि, कैमूर भभुआ जनपद (बिहार) के फुल्ली कुदरा गांव निवासी रामध्यान कुम्हार ने गहमर थाना में शनिवार को तहरीर देकर अपनी पुत्री ज्योति (24) को दहेज में सामानों की मांग पूरी नहीं करने पर ससुरालजनों पर हत्या का आरोप लगाया था। मृतका के पिता ने गहमर थाना क्षेत्र के देवल गांव निवासी विवाहिता के पति सूरज प्रजापति पुत्र सुभाष प्रजापति,सास किरण देवी व ससुर सुभाष प्रजापति के खिलाफ दहेज हत्या को लेकर तहरीर दिया था। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजने के साथ ही मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश में जुट गई थी । प्रभारी निरिक्षक पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि रविवार की सुबह आरोपी के देवल गांव स्थित घर पर ही होने की जानकारी मिलने के बाद दबिश देकर सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

### नगर बना संदिग्धों का सुरक्षित ठिकाना

**गाजीपुर।** शहर के कई मोहल्लों ने अनजान और संदिग्ध युवकों ने अपना ठिकाना बना रखा है। शहर के गृहस्वामी थोड़े पैसे के लालच में किरायेदार का सत्यापन कराना जरुरी नहीं समझते हैं। वहीं पुलिस भी मामलों को लेकर अनभिज्ञ बनी हुई है। शहर में लगातार छोटी-मोटी घटनाएं होती रहती हैं। इनमें अनजान चेहरों के हाथ होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। शहर के कांशीराम कालोनी, अष्टभुजा कालोनी, प्रकाश नगर, रीवर बैंक कालोनी सहित कई मोहल्लों में ऐसे अनजान चेहरे झुंड के झुंड देखे जा सकते हैं। वहीं रौजा, फुल्लनपुर, चंदन नगर कालोनी के तरफ भी युवकों की टोली देखी जा सकती हैं।सूत्रों के अनुसार युवक किसी निजी कंपनी के कार्य को हवाला देकर जिले में अपना ठिकाना बनाए हुए हैं। शहर में लगातार हो रही बाइक चोरी, टेम्पो चोरी से लेकर कई तरह के अपराधिक घटनाओं में इजाफा हो गया है। बताया जाता है कि अन्य क्षेत्रों से आए युवक शहर में क्या करते हैं, इसके बारे किसी के पास कोई पुख्ता जानकारी नहीं है। पूर्व पुलिस कप्तान ने संदिग्धों पर नजर रखने के लिए पुलिस को निर्देश दिया था। हालांकि समय बीतने के साथ पुलिस भी मामले को नजरअंदाज करती गई।

### गोवंश हो रहे बीमार, इलाज के लिए ग्रामीण परेशान

**खानपुर।** क्षेत्र के कई गांव में गोवंश बीमार हो रहे है। लंपी वायरस की आशंका से पशुपालक परेशान है। गोवंशों के बीमार पड़ने की सूचना देने के बाद भी टीकाकरण शुरू न होने से लोग नाराज हैं। ग्रामीण सहदेव, रामकुमार, संतोष ने बताया कि उनकी गायों को तेज बुखार के साथ शरीर में फोड़े जैसे बन गए है। जिससे लंपी वायरस होने की आशंका है। ग्रामीणों ने बताया कि पशुपालन विभाग को सूचना दी। ग्रामीणों का कहना है कि झोलाछाप से इलाज कराकर थक चुके हैं लेकिन, बीमारी से कोई निजात नहीं मिल रही।

# ग्राम प्रधान ने बालिका से की छेड़छाड़

## पुलिस ने आरोपित को पॉस्को एक्ट के तहत भेजा जेल

जनसंदेश न्यूज



**दिलदारनगर।** थाना क्षेत्र के एक गांव के ग्राम प्रधान पर पांच वर्ष की बालिका से छेड़छाड़ और गंदी हरकत का आरोप लगा है। पुलिस ने पीड़िता के दादा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना क्षेत्र के एक गांव में पांच वर्ष की बालिका अपने घर के बाहर खेल रही थी। उसी दौरान गांव के प्रधान पप्पू सिंह ने बच्ची को टॉफी और कुछ खाने पीने की लालच देकर पंचायत भवन पर ले गया। वहां पर ले जाकर उसके साथ छेड़छाड़ और गंदी हरकत किया। बच्ची को धमकी दिया कि इस बात को किसी से मत बताना। लेकिन बच्ची घर पहुंचते ही परिवार के लोगो से आपबीती बताई। घटना की जानकारी होते ही परिवार के लोग बदहवास हो गए। इसके बाद बालिका के परिजनों ने तुरंत ग्राम प्रधान के पास पहुंचकर इसकी शिकायत किया। परंतु ग्राम प्रधान उल्टा बालिका के परिजनों से ही उलझ गया । पीड़ित बालिका के दादा ने थाने में ग्राम प्रधान के खिलाफ लिखित तहरीर दिया। एसएचओ दिलदारनगर शेषनाथ सिंह ने बताया कि ग्राम प्रधान द्वारा 5 वर्षीय बच्ची के साथ छेड़छाड़ व गंदी हरकत के मामले में पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

## हादसे को दावत दे रहा स्पीड ब्रेकर

**मुहम्मदाबाद।** अहिरौली गांव के पास गाजीपुर-बलिया राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर अवैध स्पीड ब्रेकर राहगीरों और वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बन गए हैं। इसके चलते वाहन चालक आए दिन गिरकर चोटिल हो रहे हैं। वाहनों के अनियंत्रित होने से आए दिन हादसे हो रहे हैं। जबकि राजमार्ग पर स्पीड ब्रेकर बनाए जाने पर सख्ती से रोक है। बावजूद इसके नियमों की अनदेखी कर स्पीड ब्रेकर बनाया गया है। राहगीरों और वाहन चालकों ने कई बार प्रशासन एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों से शिकायत कर इसे हटाने का अनुरोध किया, जिससे आवागमन सुरक्षित हो सके। लेकिन शिकायतों को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। सबसे बड़ी बात है कि इस मार्ग से आला अधिकारियों और विभिन्न जनप्रतिनिधियों के वाहन भी फरार्टा भरते हैं, लेकिन किसी की नजर अवैध तरीके से बने इस जानलेवा स्पीड ब्रेकर पर आज तक नहीं पड़ सकी है। इस संबंध में एनएचएआई के परियोजना निदेशक ने बताया कि जांच कराकर जल्द ही समस्या का निस्तारण कराया जाएगा।

# दहशत में व्यवसाई परिवार, कुख्यात अपराधी अब नहीं हुआ गिरफ्तार

**खौफ**

## व्यवसाई को मोबाइल पर जान से मारने की मिली थी धमकी

## अपराधी ने थानेदार को ऑडियो टेप में किया था चैलेंज

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** प्रतिष्ठित व्यवसाई अनिल वर्मा को मोबाइल पर जान से मारने की खुली धमकी देने वाला डी-9 गैंग का सदस्य एक सप्ताह बाद भी गिरफ्तार नहीं हुआ। आश्चर्य की बात यह है कि अपराधी ने पुलिस को भी धमकी भरे आडियो में चेताया था। बावजूद योगी सरकार की तेजतर्रार पुलिस खुफिया तंत्र से भी सुराग नहीं लगा पाई। वहीं व्यवसाई को जिला प्रशासन से कोई सुरक्षा भी नहीं मिली है। ऐसे में व्यवसाई का पूरा परिवार दहशत में जी रहा है।

गौरतलब है कि, मरदह क्षेत्र के प्रतिष्ठित सराफा व्यवसाई अनिल वर्मा को एक अपराधी ने फोन पर धमकी देते हुए,तीन दिन के अंदर जान से मारने की धमकी दी थी।

अपराधी कुख्यात डी-9 गैंग का सदस्य है। उसने फोन पर इतना तक कहा कि आडियो रिकार्ड कर थानाध्यक्ष को दे दो। इस तरह की धमकी से भयभीत व्यवसाई ने आडियो टेप के आधार पर बीते छह जनवरी को थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। वहीं, व्यवसाई ने अपनी जान माल की सुरक्षा को लेकर डीएम और एसपी से गुहार लगाई है।

### सराफा व्यवसाई को नहीं मिली सुरक्षा

मरदह थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव निवासी सराफा व्यवसाई अनिल वर्मा ने बीते सोमवार को डीएम और एसपी को प्रार्थना पत्र देकर अपने परिवार के जान के खतरे को लेकर सुरक्षा की मांग की थी। वहीं घटनाक्रम को बताया था कि मरदह बाजार में ए.के. ट्रेडर्स व अनिल वस्त्रालय के नाम से कपड़ा व जेवरात की दुकान है। हमारे दोनो लड़के शिवम और अखिल वर्मा जीएसटी के अन्तर्गत पंजीकृत व्यापारी तथा इंकमटैक्स पेई है। हमारे पुत्र अखिल वर्मा से मरदह थाना क्षेत्र के बसवारी गांव निवासी वशिष्ठ कुमार पुत्र दलसिंगार ने 15 लाख रुपए का जेवर उधार लिया था। उसने बकाया 15 लाख रूपया मांगने पर एक फर्जी चेक दिया। जिसका मुकदमा न्यायालय के तहत विचाराधीन है। इसके बाद छह जनवरी को बशिष्ठ ने मोबाइल पर जान से मारने की धमकी दी।

### डी-9 गैंग का कुख्यात गुर्गा है वशिष्ठ


अनिल वर्मा ने बताया कि वशिष्ठ अपराधिक किस्म का व्यक्ति है। उसका काफी बड़ा अपराधिक इतिहास है। वह डी-9 गैंग का सक्रिय सदस्य है। गैंग का सरगना आजमगढ़ जिले के थाना जियनपुर अजगरा गांव निवासी अभिमन्यु यादव उर्फ मोनू यादव है। गैंग के सदस्यों का पूर्वांचल में काफी आतंक है। गैंग सदस्य वशिष्ठ अपराध में सक्रिय है।

# श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

**संक्रांति**

## परंपरागत तरीके से मनाया गया मकर संक्रांति का पर्व

जनसंदेश न्यूज



धूप में बच्चे पतंगबाजी का आनंद लेते हुए



ददरीघाट पर स्नान करते श्रद्धालु

**गाजीपुर।** मकर संक्रांति का त्योहार शहर सहित ग्रामीण अंचलों में रविवार को धूमधाम से मनाया गया। नगर के गंगा घाटों पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ रही। सुबह से ही घाटों पर भीड़ लग गई। श्रद्धालुओं ने नगर स्थित ददरीघाट, कलेक्टर घाट, बड़ा महादेवा घाट सहित अन्य घाटों पर गंगा नदी में डुबकी लगाई और दान-पुण्य किया। बच्चों व युवाओं ने खूब पतंग भी उड़ाए। पंचाग में भिन्नता होने के कारण मकर संक्रांति का त्योहार दो दिन मनाया जा रहा है। बीते शनिवार को कुछ ग्रामीण अंचलों में मकर संक्राति का त्योहार मनाया गया। इस दौरान लोगों ने गंगा में डुबकी लगा कर अन्न दान किया। गंगा घाट पर लोगों ने पूजन अर्चन कर अपनी व अपनों के लिए मंगल कामना किया।

धार्मिक दृष्टि से मकर संक्रांति का पर्व अहम माना जाता है। सुबह गंगा, गोमती समेत अन्य नदियों में स्नान कर लोग सुबह दानपुण्य करते हैं। ज्योतिषाचार्य पंडित श्रीनिवास चौबे ने बताया कि धनु राशि में इस समय सूर्य देव गोचर कर रहे हैं। सूर्य के राशि परिवर्तन को संक्रांति कहा जाता है। सूर्य जब मकर राशि में प्रवेश करते हैं तो इस राशि परिवर्तन को मकर संक्रांति कहा जाता है। शहर सहित ग्रामीणों क्षेत्रों के कई लोगों ने आज मकर संक्रांति का पर्व मनाया। भोर से ही स्नान के लिए लोग घाटों पर पहुंचने लगे थे। गंगा स्नान करने के बाद पूजन-अर्चन किया। इसके बाद गरीबों और ब्राह्मणों को दान किया। कई लोगों ने घर में स्नान कर पूजा-पाठ कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद लोगों ने लाई-चूड़ा और दही का सेवन किया। शाम को घरों में खिचड़ी बनाई गई। परिवार के लोगों ने खिचड़ी खाने के साथ ही इसका वितरण पास-पड़ोस के लोगों में किया।

### बच्चों ने किया मनोरंजन, सजावटी पतंग की धूम

पतंगबाजी में बच्चे पीछे नहीं रहे। उनके लिए ढेरों कार्टून कैरेक्टर वाले पतंग बाजार में मौजूद थे। बच्चों ने मोटू-पतलू, भीम, ऑगी वाले पतंग उड़ाए। सड़क या गलियों में दो पहिया वाहनों से सफर कर रहे लोगों में मंझे व पतंग लूटने वालों का डर नजर आया। सड़क पर किधर से भी पतंग लूटने के लिए बच्चे प्रकट हो जाते थे। इस वजह से लोग सतर्कता से वाहन चलाते दिखे।

### आसमान में इठलाती रही सतरंगी पतंगें

**बारा।** मकर संक्रांति पर्व पर रविवार को लोगों ने जमकर पतंगबाजी की। आसमान में इठलाती सतरंगी पतंग घरों से लेकर गंगा किनारे रेत तक देखने को मिली। बारा में गंगा किनारे बालू पर दौड़ते लोगों की आवाज सुबह से शाम तक देखी गई। पतंग पर सलमान खान, अक्षय कुमार एवं अन्य बालीवुड सितारों की तस्वीर देखी गई। वहीं, कार्टून वाली पतंग बच्चे खूब उड़ाते नजर आए। इसमें मोटू - पतलू, डोरीमान, टाम एंड जेरी, छोटा भीम के कार्टून का पतंग शामिल थी। उड़ती पतंग को काटने, पेच लड़ाने की होड़ मची रही। युवा, बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सभी ने हथ आजमाए। घरों की छत पर भी लोग डीजे की धुन पर मस्ती के साथ पतंग उड़ाई। एक-दूसरे की पतंग को काटने की होड़ मची हुई थी। पतंग कटी नहीं कि लूटने वालों की आवाज गूंज उठती थी।

### धूमधाम से मनाई गई मकर संक्रांति

**भांवरकोल।** मकर संक्रांति के अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पतित पावनी मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर मोक्ष की कामना के साथ परिवार के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से ही क्षेत्र सेमरा, शेरपुर, वीरपुर, पलियां, कोटावां आदि गंगा घाटों पर स्नानार्थियों की भीड़ रही। बाद में ब्राह्मणों व गरीबों को लाई, चूड़ा (पोहा), चावल ,दाल, तिलवा, तिलकुट आदि भक्ष्य सामग्री का दान दिया।

### समाज सेविका ने वृद्धजनों को कराया भोजन

**गाजीपुर।** प्रसिद्ध समाज सेविकामीरा राय ने रविवार को मकर संक्रांति के अवसर पर लंगड़पुर वृद्ध आश्रम जाकर वहां के वृद्धजनों को भोजन कराया। इसके अलावा उन्हें चूड़ा, लाई ,गुड़ ,मिठाई इत्यादि उपहार में देकर उनका आशीर्वाद प्राप्त की। हर वर्ष समाज सेविका मीरा राय मकर संक्रांति वृद्ध आश्रम में मनाती है। इस अवसर पर सत्य प्रकाश उर्फ मुकेश, छोटेलाल ,सुशांत राय, ज्योत्सना सिंह उपस्थित रहें।




वृद्धा आश्रम में चूड़ा, लाई, गुड़ और मिठाई देतीं समाज सेविका

## जनसंपादकीय

# विकास की कीमत विनाश तो नहीं होनी थी !

गिरीश्वर मिश्र



उत्तराखंड में विख्यात और पवित्र बद्रीनाथ धाम तथा हेमकुंड साहब के लिए प्रवेश द्वार सरीखे ह्यजोशी मठ ह्य आस्थावान भारतीय समाज में श्रद्धा के बड़े महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में समादृत है। पुराने जमाने से यह स्थान श्रद्धालुओं के लिए आगे के कठिन रास्ते का पड़ाव था । साथ ही रम्य पर्वतीय स्थल होने से लोगों की बढ़ती आवा जाही ने यहाँ पर्यटन व्यवसाय को बढ़ावा दिया और यह धार्मिक महत्व का स्थल धीरे-धीरे पैसा बनाने की कमाऊ जगह में तब्दील होने लगा । बाजार , व्यापार की बढ़ती गहमागहमी के साथ यहाँ भारी भरकम निर्माण कार्य भी तेजी से होने लगे । इस तरह के विकास और प्रगति की कथा की परिणति या क्लाईमेक्स आज जिस विनाश की लीला दिखा रहा है वह मानव समाज की त्रासदियों की सूची में एक नया अध्याय जोड़ रहा है । जोशी मठ का पहाड़ी भाग , जो पक्का पहाड़ न हो कर असलियत में हिमालय का मलबा है और इसलिए अधिक भार वहन करने में अक्षम है । पर कड़वा यथार्थ यही है कि इस सत्य को झुठलाते हुए मकान-दर-मकान बनते रहे और एक बड़ी जनसंख्या यहाँ आबाद ही गई ।

एक भरे पूरे नगर की तर्ज पर जोशी मठ में भी छोटे बड़े रिहायशी मकानों के अलावे जरूरत के मुताबिक अनेक होटल , अस्पताल , विद्यालय और भी लगातार विकसित होते रहे । चीन के साथ की सीमा के निकट होने के कारण सैन्य प्रतिष्ठान भी बने । इन सब ने कमजोर धरातल पर वहाँ की क्षमता से ज्यादा वजन डाला । विकास को गति देने के लिए एन टी पी सी के साथ और भी अनेक परियोजनाओं ने परिस्थिति के संतुलन को और तबाह किया । यह सब तब हुआ जब भू - भौतिकी के वैज्ञानिकों के द्वारा अपनी अनुसंधान रपटों में पारिस्थितिकी के बढ़ते क्षरण की समस्या की ओर पिछले तीन चार दर्शकों में बार बार ध्यान आकृष्ट किया था । उन्होंने इस बात का अंदेशा जताया था कि अगर इस पर ध्यान न देकर समय रहते कारवाई न हुई तो भारी नुकसान होगा और बड़े हादसे हो सकते हैं । ऐसे बदलावों की आशंका बार बार व्यक्त की जाती रही कि जिनका कोई विकल्प न होगा ।

इस तरह की जानकारी की सरकारी तंत्र निरंतर उपेक्षा करता रहा । सरकार फाइलों पर सोती रही और पर्यावरण की यह विकराल चुनौती बढ़ती ही गई । सरकारें आती जाती रहीं , नेता वोट बटोर कर संसद और विधान सभा पहुँचते रहे और पहाड़ दरकता रहा । भू धंसाव के भय के बीच आज सैकड़ों परिवार बेघर हो रहे हैं । उनके घरों में गहरी दरारें पड़ रही हैं और उनके जर्जर घरों के जमींदोज होने का खतरा आसन्न है । जमीन दरक रही है और उनके नीचे खाई बन रही है । कहते हैं अलकनंदा नदी का जल प्रवाह बढ़ता आ रहा है और पूरा क्षेत्र उसी में समा जाएगा। यह भारत और उसकी अमूल्य ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को अपूरणीय क्षति हो रही है जिसकी भरपाई हो ही नहीं सकेगी । शासन और व्यवस्था किस तरह और किस मनोवृत्ति से काम करती है वह सिर्फ.अदूरदर्शिता , लापरवाही और संवेदनहीनता ही कही जा सकती है ।अब तक सबकी रुचि तत्काल कुछ कर धर कर समस्या टालने की रही है । टाल मटोल करते अनिश्चय के दौर में समय रहते कुछ भी सार्थक नहीं हो सका । इस बात को भी नकारा नहीं जा सकता कि सारे के सारे विकास कार्य सरकार की नाक के नीचे उसी की देख रेख में होते रहे हैं। राजनैतिक दल स्वभाव के अनुसार एक दूसरे को ज़िम्मेदार ठहरा रहे हैं और अपनी अपनी ज़िम्मेदारी से बड़ी सरलता से मुक्त हो ले रहे हैं । जो भी हो , पाप जिसने भी किया प्रायश्चित्त तो जनता को ही करना है जिन्हें अपना आशियाना गँवाना पड़ रहा है और अकल्पनीय बबार्दी का साक्षी होना पड़ रहा है । लोभ की वृत्ति और लाभ का आकर्षण अंततः विनाशकारी ही साबित हो रहा है । अब उजड़ते लोगों के पुनर्वास की कारवाई शुरू हो रही है जिसकी मुश्किलें अंत हीन हैं । मुआवजे को लेकर खींचतान जारी है । यहाँ भी व्यवस्था की सरकारी प्रणाली हृदयहीन भाव से काम कर रही है और उसकी सीमाएँ हैं । राजनीति उसमें भी हो रही है । आज विनाश का प्रबंधन भी सुरक्षित ढंग से सुनिश्चित किया जाना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए । पहाड़ी क्षेत्रों में पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह की दुर्घटनाएँ हुई हैं उनके पीछे आर्थिक लाभ के लिए प्रकृति के साथ छेड़छाड़ और उसकी पारिस्थितिकी को तहस-नहस करने की खास भूमिका रही है । प्रकृति के ये स्रोत जैसे हैं हैं वे फिर से उगाए नहीं जा सकते । नदियाँ , पर्वत , उनके साथ लगी विविध प्रकार की वनस्पति , जीव- जंतुओं की प्रजातियाँ और उनसे उपजती और नियमित होती जलवायु उनका आंतरिक मामला है क्योंकि वे हर तरह से ह्यनान रिन्युएबल ह्य हैं । उनके खोने पर उन्हें पाना असम्भव है । यह तो यहाँ धरती के रहवासी मनुष्य को सोचना है कि वह प्रकृति के साथ क्या और किस तरह का सलूक करे । अपने को प्रकृति से बाहर रख कर उसे अपने निजी उपभोग का विषय बनाना , उसका यथा सम्भव शोषण करना सतही और फौरी दृष्टि से फायदेमंद हो सकता है पर अंततः प्रकृति , जीवन और स्वयं मनुष्य के ही खिलाफ होगा ।

पश्चिमी औपनिवेशिक जकड़न से अलग हए गरीब, पिछड़े और सीमित संसाधनों वाले देशों के सामने आगे की राह क्या हो इस प्रश्न को ले कर असमंजस था । उन्हें शिक्षा , स्वास्थ और रोजगार जैसे प्रश्नों का उत्तर तलाशना था । यद्यपि संस्कृति और इतिहास की दृष्टि से वे भिन्न थे उनकी उन्मुखता और तैयारी उपनिवेश के माहौल में हुई थी । इसके चलते वे अधिकतर याचक की भूमिका में ही रहे । राजनैतिक स्वतंत्रता ने उन्हें मार्ग चुनने की स्वतंत्रता दी हालाँकि नियंत्रण की डोर अपने हाथ में बनाए रखने की उनकी कोशिश जारी रही । इस तरह के द्वंद्व का समाधान सभी देशों ने अपने अपने ढंग से किया । विकास की बाहरी और देसी दोनों तरह की रीति नीति के अनुपात अलग अलग मात्रा और ढंग से अपनाए गए ।समय बीतने के साथ उनके परिणाम भी सामने आ रहे हैं ।

जोशी मठ का हादसा मानवीय व्यवस्था की ऐसी खामी का नतीजा है जो विकास के हमारे नजरिए की पोल खोल रही है । ऐसी स्थितियाँ और जगह भी आ सकती हैं । इनका आकलन कर कारवाई आज की बड़ी जरूरत है । प्रकृति में सभी शामिल हैं । उसकी रक्षा किए बिना हमारी अपने अस्तित्व की भी रक्षा नहीं हो सकेगी ।

**( लेखक वर्धा विवि के कुलपति रहे हैं)**

## नवगीतः जोशीमठ

दरक रहा है धीरे-धीरे /सबके मन का जोशीमठ
दरक रहीं मन की दीवारें/ और फर्श है टूट रही
जीती-जगती सड़क अचानक /है गतियों से रूठ रही,
घायल होता झेल रहा है/ गहरी-सी बेहोशी मठ!
चहल- पहल वाले दिन इसके/धुआँ - धुआँ हो उड़ते हैं
एक उत्सवी शांति को अक्सर/ऐसे पल ही गड़ते हैं,
बनता नगर कँटीली झाड़ी/घायल है खरगोशी मठ!
सब कुछ जाने वाला लेकिन/ऐसे भी क्या जाता कोई
यही प्रगति का असली चेहरा/शोकगीत है गाता कोई,
धीरे - धीरे ओढ़ रहा है/ एक गहन खामोशी मठ!
याद आ रही टिहरी नगरी/जो धीरे से डूब गयी
एक जरूरी धड़कन थी जो/अपने दिल से ऊब गयी,
कहाँ करेगा किससे जाकर/गरम-नरम सरगोशी मठ!
चीख दबी पत्थर के नीचे/ हिलते हाथ बुलाते हैं
लेकिन जब भी हुआ जरूरी/ कहाँ देवता आते हैं!
परम धर्म संतोष बताते/ धसक रहे संतोषी मठ!



**- सुधांशु उपाध्याय**

(हिंदी के वरिष्ठ कवि नरेश सक्सेना आज 84 वर्ष के हो जायेंगे। नरेश जी हमारे समय के कुछेक कवियों में से हैं जो कम लिखते हैं लेकिन जो लिखते हैं वह यादगार लिखते हैं। आज जबकि लोगों को कविताएं याद नहीं रहतीं, लोग कविताओं को नहीं, कवियों को याद रखते हैं- तब नरेश जी को लोग उनकी कविताओं से जानते हैं, पहचानते हैं। पहचानने का संदर्भ इसलिए कि नरेश जी की कविताएँ उनसे सुनने का आनंद ही कुछ और है। कविता और संगीत उनके व्यक्तित्व में इस तरह रचा-बसा है कि उन्हें अलग नहीं किया जा सकता। जन्मदिन पर उन्हें जनसंदेश टाइम्स की ओर से शुभकामनाएं)

# कविता और संगीत से रची एक शख्सियत

**जन्मदिन पर**

नलिन रंजन सिंह



नरेश सक्सेना पिछले छः दशकों से कविता लेखन की दुनिया में सक्रिय हैं, फिर भी उनके मात्र दो कविता संग्रहों का छपना उनके प्रशंसक पाठकों को आश्चर्यचकित करता है। दरअसल नरेश जी की कविता की ताकत भी यही है - कम लिखना, ज्यादा पढ़ा जाना और पाठकों को याद रहना। नरेश सक्सेना की कविताओं में बोध और संरचना के स्तरों पर अलग ताजगी मिलती है। बोध के स्तर पर वे समाज के अंतिम आदमी की संवेदना से जुड़ते हैं, प्रकृति से जुड़ते हैं और समय की चेतना से जुड़ते हैं तो संरचना के स्तर पर वे अपनी कविताएँ छंद और लय के मेल से बुनते हैं।

नरेश जी की कविताओं को पढ़ने-सुनने से ऐसा लगता है कि इनमें से अधिकतर कविताएँ छंदबद्ध हैं और नरेश जी पुरानी परम्परा के वाहक कवि हैं। किन्तु वे ऐसा नहीं मानते। ह्यसुनो चारुशीलाह्य के पूर्वकथन में वे लिखते हैं- 'कुछ लोगों की धारणा है कि मैं पहले गीत लिखता था, बाद में गद्य शैली में लिखने लगा। यह सच नहीं है। छंद में तो आज भी लिखता हूँ। 'शिशु' और 'घास' कविताएँ छंद में हैं और इधर की ही लिखी हुई हैं, किन्तु आज की कविता के साथ छंद या लय का निर्वाह सहज संभव नहीं है। ..मैंने मुख्यतः गद्य शैली में ही कविताएँ लिखी हैं। किन्तु 1962 में एक खास वजह से कुछ गीत लिखे, जिन्हें धर्मयुग ने पूरे रंगीन पृष्ठ पर बड़ी प्रमुखता से छापा। ..शायद इसी कारण लोगों का ध्यान मेरे गीतों की ओर आकर्षित हुआ होगा। 'कल्पना' में, उन दिनों तीन बार में मेरी कुल आठ कविताएँ छपी थीं जिनमें से सात गद्य में थीं, सिर्फ एक छंद में।

फिर भी संगीत और कविता में एक आंतरिक संगति मानने के कारण वे अपनी कविताओं में स्वर लहरियों का सृजन करते हैं। याद कीजिए नवगीत आंदोलन और फिर पाठ करिए नरेश जी की कविता 'जिला भिंड, गोहद तहसील' का। स्पष्ट हो जाता है कि नव गीत के सारे तत्व यहाँ मौजूद हैं-

चिल्ला कर उड़ी एक चील
ठोस हुए जाते सन्नाटे में ठोकती गयी जैसे कील
सुन्न पड़ीं आवाजें
शोरों को सूँघ गये साँप
दम साधे पड़े हुए,
पत्तों पर हवा के प्रलाप
चली गयी दोपहरी, दृश्यों के
दफ़्तर में लिख कर तातील
हवा जरा चली कि फिर रोएगी
ढूहों पर बैठकर चुड़ैल
नदी बेसली के आरे-पारे
उग आएगी भुतही गैल
भरी पड़ी रहेगी सबेरे तक
जिला भिंड गोहद तहसील।

नरेश जी की पहली रचना मुक्तक के रूप में 1958 में छपी थी। लेकिन एक कवि के रूप में वे आज भी उतने ही तरोताजा हैं। कविता को लेकर नरेश सक्सेना की दृष्टि साफ है। वे मानते हैं कि 'मनोरंजन या विलास का साधन कविता नहीं होती। सभी कलाओं और विज्ञान की तरह आनन्द से अपने अटूट रिश्ते के बावजूद वह पाठक से 'गम्भीर पाठ' की माँग करती है।'

'फूलों पर लिखी गयी कोई कविता भयानक विस्फोट का माध्यम भी बन सकती है। जैसे फोड़े में चीरा लगाने की क्रिया। कविता ऐसी जो पाठक को विचलित करे, भावबोध का परिष्कार करे और दृष्टि को बदल देः मनुष्यता का ऐसा दस्तावेज जो अपने समय के अन्याय और क्रूरता को चुनौती देता हो। कविता ऐसी जो बुरे वक्त में काम आये, जो हिंसा को समझ और संवेदना में बदल दे। ऐसी कविता जो हमें बच्चों जैसा सरल और निश्छल बना दे, कौतूहल और प्रेम से भर दे।' फिर भी नरेश जी को 'परसाई जी की बात' नहीं भूलती है-

आज से ठीक चौवन बरस पहले
जबलपुर में,
परसाई जी के पीछे लगभग भागते हुए
मैंने उन्हें सुनायी अपनी कविता
और पूछा 'क्या इस पर इनाम मिल सकता है?'
'अच्छी कविता पर सजा भी मिल सकती है'
सुनकर मैं सन्न रह गया
क्योंकि उसी शाम, विद्यार्थियों की कविता प्रतियोगिता में
मैं हिस्सा लेना चाहता था
और परसाई जी उसकी अध्यक्षता करने वाले थे।

नरेश जी का अपनी कविताओं पर शक करना दरअसल कविता और कवि के संकट की ओर संकेत करता है। दरअसल कविता की गतिशीलता ही उसकी ताकत है। जो गतिशील होगा उसमें परिवर्तन भी होगा। कविता में जब-जब यह परिवर्तन ध्वनित हुआ है तब-तब नए-पुराने के द्वन्द्व में कविता पर शक किया गया है। कभी 'कवित्त को खेल' मान लिया गया और 'सुकवियों के रीझने को कविताई।' 'कभी उपमान मैले हुए' और तमाम 'प्रतीकों के देवता कूच कर गए'। कभी 'कविता का शव लादकर' कविता के मरने की घोषणा की गई। कविता, अकविता हो गई, लेकिन उसके एक दशक बाद ही 1980 को कविता की वापसी का वर्ष कहा गया। इन तमाम किन्तु-परन्तु और परिवर्तनों के बाद भी नरेश सक्सेना की कविता सुरसरि सम बहती रही। वे कविताएँ लिखते रहे, सुनाते रहे और पढ़ने-सुनने वाले उन्हें पढ़ते-सुनते रहे।

नरेश जी के कविता लेखन की एक अलग शैली है। मुझे लगता है कि इसे अगर निर्झर शैली कहा जाय तो बिल्कुल ठीक होगा। कभी भोर में हरसिंगार के पेड़ के नीचे खड़े होइए- आप गहरी खुशबू से भर जाएँगे और यह क्या आप तो फूलों से नहा उठे! खुशबू ही नहीं फूल भी झरते हैं वहाँ। नरेश जी की कविता भी ऐसी ही हैं झरते हुए शब्दों में एक भीनी सी सुगंध लिए हुए। 'गिरना' कविता की पाठ प्रक्रिया से गुजरते हुए हमें कुछ ऐसा ही आभास होता है-

गिरो आँसू की एक बूँद की तरह
किसी के दुख में
गेंद की तरह गिरो
खेलते बच्चों के बीच
गिरो पतझर की पहली पत्ती की तरह
एक कोंपल के लिए जगह खाली करते हुए
गाते हुए ऋतुओं का गीत
'कि जहाँ पत्तियाँ नहीं झरतीं
वहाँ वसन्त नहीं आता'
गिरो पहली ईंट की तरह नींव में
किसी का घर बनाते हुए।

आज कविता पर यह आरोप है कि लोग कवियों को जानते हैं, कविताओं को नहीं। यद्यपि यह बात पूरी तरह सच्ची नहीं है। अच्छी कविताएँ लोग जरूर याद रखते हैं, जैसे नरेश जी की कविताएँ। फिर भी मौजूदा दौर में ऐसा लगता है कि 'कोई कवि बन जाय सहज संभाव्य है।' इससे कविता को ले कर शक होना लाजिमी है। कविता के इस संदेहवाद में बाजारवाद और शिल्पगत एकरसता आग में घी डालने का काम कर रहे हैं। हाल के वर्षों में देखें तो बाजार में जगह पा लेने के लिए सतही संवेदना के सहारे तमाम कविताएँ लिखी गयीं।

आज के दौर में कविता को कहानी ने पीछे छोड़ दिया है। उपन्यास, आत्मकथा और अन्य विधाएँ भी आगे निकल रही हैं। यद्यपि कविता लिखी सबसे अधिक जा रही है। लगभग हर साहित्यिक पत्र-पत्रिका में कविताएँ छप रही हैं, नये-नये संग्रह आ रहे हैं, उन पर समीक्षाएँ लिखी जा रही हैं लेकिन आज की कविता सामान्य जन से नहीं जुड़ पा रही है, इसीलिए कम पढ़ी जा रही है। यह चिन्ताजनक अवश्य है किन्तु निराशाजनक नहीं क्योंकि कविता का सबसे अधिक लिखा जाना उम्मीद जगाता है। कविता इसी रास्ते फिर वापसी करेगी क्योंकि जो रचेगा वह बचेगा। वैसे भी कविता वर्तमान समय की सबसे अधिक अव्यावसायिक विधा है और सब कुछ के बावजूद संवेदनशील कविता की पहचान का संकट संभव नहीं है क्योंकि विरेचन की संभावना कविता में ही सर्वाधिक होती है, उसका स्थान कोई नहीं ले सकता।

नरेश जी ने कविता में लोक-संस्कृति और जातीय पहचान को विशेष महत्व दिया है। लोक-संस्कृति के शब्द लेकर लोक-संवेदना से जुड़कर नरेश जी अपनी अलग पहचान बनाते हैं। नरेश जी का मानना है कि 'कविता को लोकगीत की तरह सरल और आत्मीय होना चाहिए।' वे इसका निर्वाह अपनी कविताओं में करते भी हैं। 'इस बारिश में', 'नीम की पत्तियाँ', 'पत्तियाँ यह चीड़ की' जैसी कविताएँ इस दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हैं। आसान लिखना कठिन होता है। सहज भाषा में अपनी संवेदना को रखते हुए कविता को देखना हो तो नरेश जी की 'धूप' कविता देखिए -

सर्दियों की सुबह, उठ कर देखता हूँ
धूप गोया शहर के सारे घरों को
जोड़ देती है
गौर से देखें अगरचे
धूप ऊँचे घरों के साये तले
उत्तर दिशा में बसे कुछ छोटे घरों को
छोड़ देती है।
पूछ ले कोई
कि किनकी छतों पर भोजन पकाती
गर्म करती लॉन,
औ बिजली जलाती धूप आखिर
नदी नालों के किनारे बसे इतने गरीबों से क्यों भला
मुँह मोड़ लेती है।

समकालीन कविता के पहचान को लेकर हो-हल्ला मचाने वाले कविता की संरचना में उस तुक या कटाव पर बार-बार सवाल खड़ा करते हैं जो कविता को गद्य से अलग करता है। यह प्रश्न भी कमजोर कविताओं को लेकर अधिक है। कोई यूँ ही महत्वपूर्ण नहीं होता। नरेश सक्सेना यूँ ही महत्वपूर्ण कवि नहीं हैं। विनोद कुमार शुक्ल के शब्दों में कहें तो- 'नरेश के स्वभाव में सरलता है। यही इनकी कविता का स्वभाव भी।. गीत न होने के बाद भी नरेश की कविताओं के शब्द ऑर्केस्ट्रा के लोग लगते हैं। पढ़ते हैं तो अर्थों का वाद्य सुनायी देता है। उनसे कविता को सुनना, जीवन के कार्यक्रम को सुनना है।'

दरअसल नरेश सक्सेना एक नाटककार भी हैं। इन्होंने बुन्देली नाटक और नुक्कड़ नाटक समेत कुल पाँच नाटक लिखे हैं। फिल्म और संगीत से इनका गहरा नाता रहा है। नरेश जी संगीत और कविता की आंतरिक संगति को जानते हैं। इसीलिए उनके शिल्प में 'पाठ' की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। वे सामान्यतः बोल कर लिखते हैं, इसलिए बोली की लय अनायास ही उसमें आ जाती है। कविता को लय कैसे दी जाती है, इसे नरेश जी की कविताओं का पाठ कर-के समझा जा सकता है। 'घास', 'एक घायल दृश्य', 'जिला भिंड, गोहद तहसील', 'शिशु' आदि कविताएँ महत्वपूर्ण है। राजेश जोशी के शब्दो में कहें तो ये कविताएँ 'लय की कुदाल' से उत्खनित हैं।

कविता करना भाषा की सायास या अनायास कोशिश नहीं है। दोनों के मिश्रण की क्रीड़ा भी नहीं है। बिना संवेदना के कविता अधूरी है। संवेदनहीन होते जा रहे वर्तमान समाज में संवेदनशील कविता की आवश्यकता बढ़ती जा रही है, ऐसे में संवेदन शून्य सायास रचनाकारों के बस की बात नहीं है कि वे इस आवश्यकता को पूरा कर सकें। स्पष्ट है कि सभ्यता के मौजूदा दबाव में कवि-कर्म कठिन हो चला है। फिर भी जहाँ संवेदना है वहाँ कविता पूरी ताकत से खड़ी है। करती होगी कहानी छोटे मुँह बड़ी बात, पर जो असर छोटे मुँह कविता करती है, वह कोई विधा नहीं कर सकती। नरेश जी की एक अत्यन्त छोटी कविता देखिए। शीर्षक है- सीढ़ियाँ कभी खत्म नहीं होतीं।

सीढ़ियाँ चढ़ते हुए
जो उतरना भूल जाते हैं
वे घर नहीं लौट पाते।

दरअसल नरेश सक्सेना अपने समय के सजग कवि हैं। वे बाजारवाद साम्प्रदायिकता और ऊँच-नीच की खाई को ठीक से पहचानते हैं। इन सारे संदर्भों में उनकी प्रगतिशील पक्ष धरता देखी जा सकती है। 'ईश्वर', 'गुजरात-1', 'ह्यगुजरात-2', 'ईश्वर की औकात', 'देखना जो ऐसा ही रहा', 'धूप', 'ईंट-2' आदि कविताएँ इसी दायरे में आती हैं। 'गुजरात-2' कविता में सपाट संवादों के सहारे वे सब कुछ सीधे-सीधे कह देते हैं और अपना निर्भीक पक्ष प्रस्तुत करते हैं-

'कैसे हैं अजीज भाई', फोन पर मैंने पूछा
'खैरियत से हूँ और आप?'
'मजे में' मुँह से निकलते ही घड़ों पानी पड़ गया
'अच्छा जरा होश्यार रहिएगा'
'किससे?'
'हिन्दुओं से', कहते-कहते रोक लिया खुद को



हकलाते हुए बोला-
'बस, ऐसे ही एहतियातन कह दिया'।
रख दिया फोन
सोचते हुए
कि उन्हें तो पता ही है
कि किससे।

यह पक्षधरता उन्हें समाज के हाशिए पर स्थित लोगों के पास ले जाती है। उनकी तमाम कविताएँ वंचितों के पक्ष में खड़ी होकर बोलती हैं। उन्हें 'धूप', 'घास', 'चीटियाँ' और 'नीम की पत्तियाँ' इसीलिए प्रिय हैं। 'नीम की पत्तियाँ' तो इतनी कि उसकी सुन्दरता बताने में वे कविता को असमर्थ समझते हैं। उनके सौन्दर्य बोध में घुला हुआ यथार्थबोध धूमिल की कविता 'लोहे का स्वाद' की स्मृति को ताजा कर देता है।

नरेश सक्सेना की कविता में प्रकृति का रूप भी विलक्षण है। वे जिस तरह से बारिश, फूल, पत्तियाँ, पेड़, घोंसले, धूप, सूर्य, पहाड़, बर्फ, पानी, घास, चाँद, पक्षी, मिट्टी और आकाश को देखते हैं वह उनके सौन्दर्य बोध की अलग दुनिया है। नरेश सक्सेना को पढ़ने के बाद यह विश्वास करना बेहद कठिन है कि पढ़ाई में दसवीं के बाद हिन्दी भाषा उनका विषय नहीं रहा। उन्होंने एम.ई. तक इंजीनियरिंग पढ़ी और पैंतालीस वर्ष तक इंजीनियरिंग ही की। ईंट, गिट्टी, सीमेण्ट, लोहा, नदी, पुल- उनकी रोजी-रोटी के साधन रहे और उनकी सोच के केन्द्र में भी। इसीलिए ये सब उनकी कविता में शामिल हैं। नरेश जी के पहले किसी कवि की कविता में ये शब्द नहीं मिलते। विज्ञान का विद्यार्थी होने के कारण उसकी सैद्धान्तिकी को आधार बनाकर जिस तरह की कविताएँ नरेश जी ने लिखी हैं उस तरह की कविताएँ हिन्दी में मिलना मुश्किल हैं। 'गिरना', 'सेतु', 'पानी क्या कर रहा है', 'प्रवासी पक्षी', 'अंतरिक्ष से देखने पर' आदि कविताएँ एकदम अलग भाव-बोध की कविताएँ हैं। लेकिन कवि का हुनर ऐसा है कि वह विज्ञान और संवेदना के मेल से इन कविताओं को विशिष्ट बना देता है।

नरेश सक्सेना की कविताओं की सबसे बड़ी खूबी यह है कि ये कविताएँ पाठकों और श्रोताओं से अपना बार-बार पाठ कराती हैं फिर भी आकर्षण नहीं खोतीं। स्पष्ट है कि नरेश जी की भाषा की ताकत कविताओं के पाठ में निहित है। इस पाठ की अंतर्ध्वनियाँ नरेश जी के काव्य पाठ की भंगिमा से मिलकर लय लहरियाँ उठाती हैं।

**( यह पूरे लेख का संपादित अंश है, लेखक अलोचक एवं संपादक हैं, संपर्क 96511 63672)**

# आजाद भारत का लाड़ला क्यों हैं गुलाम दिनों का कानून?

**प्रसंगवश**

जावेद अनीस



मई 2022 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा करीब डेढ़ सदी पुराने राजद्रोह कानून पर अपना फैसला सुनाते हुए रोक लगा दी गयी थी. सुप्रीम कोर्ट ने अंग्रेजों के जमाने में बनाए गये इस बदनाम कानून पर अपना फैसला सुनाते हुए केंद्र और राज्य सरकारों को इंडियन पेनल कोड (भारतीय दंड संहिता) की धारा 124ए के तहत कोई भी एफआईआर दर्ज ना करने का निर्देश दिया गया था. यह निर्देश केंद्र सरकार की तरफ से राजद्रोह कानून पर पुनर्विचार करने तक के लिये था जिसका मतलब था कि अगर इस दौरान अगर राजद्रोह का कोई नया मामला दायर किया जाता है तो आरोपित व्यक्ति अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है. सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से उन लोगों को जमानत मिलने की उम्मीद देने का काम किया है जो इस कानून की वजह से लंबे समय से जेल में हैं, यह एक लम्बी सूची है जिसमें कई पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता, राजनेता और युवा शामिल हैं। दरअसल डेढ़ सौ साल पहले 1870 में प्रभाव में आने के साथ ही यह कानून विवादों में रहा है. पहले अंग्रेजों ने अपने खिलाफ उठने वाली आवाजों को दबाने के लिए इस कानून का दुरुपयोग किया और अब आजाद हिन्दुस्तान के हुक्मरान भी यही करते आ रहे हैं. खास बात यह है कि हम ब्रिटिश सरकार के गुलामी के दौरान के इस कानून को अभी भी ढ़ोते आ रहे हैं लेकिन इस बीच खुद ब्रिटेन द्वारा साल 2009 में इस कानून से अपना पीछा छुड़ा लिया गया है.

भारतीय दंड संहिता की धारा 124ए में 'राजद्रोह' को परिभाषित करते हुये कहा गया है कि अगर कोई व्यक्ति सरकार-विरोधी सामग्री लिखता या बोलता है, ऐसे किसी सामग्री का समर्थन करता है, राष्ट्रीय चिन्हों का अपमान करने के साथ संविधान को नीचा दिखाने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ इस धारा के तहत राजद्रोह का मामला दर्ज किया जा सकता है. राजद्रोह एक गैर जमानती अपराध है जिसके तहत तीन साल से लेकर उम्रकैद तक की सजा का प्रावधान है.

गौरतलब है कि राजद्रोह कानून की अवधारणा ब्रिटिश साम्राज्य की देन है जोकि 17वीं सदी में साम्राज्य के खिलाफ उठी आवाजों को दबाने के लिये लाया गया था. भारत में तत्कालीन ब्रिटिश शासन द्वारा इस कानून को 1870 में लागू किया गया था. जिसका मुख्य मकसद ब्रिटिश सरकार के विरोध में काम करने वाले भारतीय क्रांतिकारियों को रोकना और उन्हें परेशान करना था. ब्रिटिश सरकार द्वारा इस कानून का इस्तेमाल महात्मा गांधी, भगत सिंह और बाल गंगाधर तिलक जैसे राष्ट्रीय नेताओं के खिलाफ किया गया था.

आजादी के लड़ाई के दौरान कई राष्ट्रीय नेताओं द्वारा इस कानून को हटाने की बात कही गयी थी लेकिन दुर्भाग्य से आजाद भारत के संविधान में भी धारा 124अ को जोड़ा गया. खुद जवाहर लाल नेहरू जैसे नेता की सरकार द्वारा 'आजादी पर तर्कपूर्ण प्रतिबंध' के नाम पर बोलने की आजादी को सीमित करने के लिए संविधान संशोधन लाया गया. इसके बाद 1974 में इंदिरा गांधी सरकार द्वारा देशद्रोह को 'संज्ञेय अपराध' ( ऐसा अपराध जिसमें गिरफ्तारी के लिए पुलिस को किसी वारंट की जरूरत नहीं होती है) बना दिया गया. इस तरह से राजद्रोह कानून के तहत पुलिस को किसी को भी बिना वारंट के पकड़ने का अधिकार दे दिया गया.

वर्तमान में केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार आने के बाद से राजद्रोह के मामले बढ़ गए हैं, 2014 से 2020 के बीच इस मामले में हर साल औसतन 28 प्रतिशत मामलों की बढ़ोतरी दर्ज की गई हैं. इंडियन एक्सप्रेस में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार साल 2014 से लेकर 2020 के बीच 399 लोगों के खिलाफ राजद्रोह का मामला दर्ज किया गया है.राज्यवार स्थिति देखें तो इस दौरान में सबसे अधिक राजद्रोह के मामले दर्ज करने वाले राज्यों में असम है जहां साल 2014 से 2020 के बीच पूरे देश के तकरीबन 16 प्रतिशत मामले दर्ज किये गये उसके बाद झारखंड, कर्नाटक और हरियाणा का नाम आता है.

आजादी के बाद से लगभग सभी सरकारों पर इस कानून के दुरुपयोग करने के आरोप लगते रहे हैं. दरअसल यह इस देश का दुर्भाग्य है कि खुद को लोकतंत्र का पहरेदार बताने वाली लगभग सभी पार्टियों की सरकारों को औपनिवेशिक काल का यह कानून बेहद पसंद रहा है, हालांकि इस कानून का लगातार विरोध भी होता रहा है. विपक्ष में रहने वाली हर पार्टी इसके विरोध में खड़ी नजर आती है लेकिन सत्ता में आने के बाद हर सरकार को अपने विरोधियों और आलोचकों से निपटने के लिए इस काले कानून का डंडा चाहिए. अदालतें भी इस कानून के खिलाफ मुखर रही हैं. साल 2021 में भारत का मुख्य न्यायधीश द्वारा इस कानून पर सवाल उठाते हुए कहा था, 'ये एक औपनिवेशिक कानून है. इसका मकसद भारत के स्वतंत्रता आंदोलन को कुचलना था. इसी कानून का इस्तेमाल महात्मा गांधी और बाल गंगाधर तिलक जैसे नेताओं की आवाज को दबाने के लिए किया गया. ऐसे में, आजादी के 75 साल बाद क्या इस कानून की आवश्यकता है?'

सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला देशद्रोह कानून को चुनौती दी जाने वाली याचिकायों पर सुनवाई के बाद आया था जिन्हें मेजर जनरल एसजी वोम्बटकेरे (सेवानिवृत्त) और एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण शौरी, टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा द्वारा दायर की गयी थीं. इनमें मेजर जनरल वोम्बटकेरे 1965 में पाकिस्तान के खिलाफ सियालकोट सेक्टर में युद्ध लड़ चुके हैं. मेजर जनरल वोम्बटकेरे मानवाधिकार से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय रहते हैं. वे हरिद्वार व दिल्ली धर्म संसद में दिए गए नफरत भरे भाषणों को लेकर भी सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर चुके हैं.


सुप्रीमकोर्ट का यह फैसला इस कानून से पीड़ितों के लिए एक बड़ी राहत है जो लम्बे समय से मानवधिकारों से जुड़े मुद्दों को उठाने और सरकार की नीतियों के खिलाफ खड़े होने की वजह से सलाखों के पीछे हैं, सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद जिन लोगों पर राजद्रोह का केस चल रहा है वे जमानत के लिए निचली अदालतों का दरवाजा खटखटा सकते हैं. ऐसे में राजद्रोह कानून पर सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला ऐतिहासिक है लेकिन यह अंतिम फैसला नहीं है, यह एक लम्बी लड़ाई की छोटी जीत है जिसका मुकम्मल होना इस बात पर निर्भर करेगा कि केंद्र की मौजूदा सरकार इस पर क्या रुख अख्तियार करती है.

बहरहाल राजद्रोह कानून पर रोक लगाने के करीब सात महीने बाद जनवरी 2023 के दूसरे हफ्ते में सुप्रीम कोर्ट अंग्रेजों के शासन काल के दंडात्मक कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर एक बार फिर सुनवाई शुरू करने वाली है.पिछले दिनों मुख्य न्यायधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और जस्टिस पी. एस. नरसिम्हा की पीठ द्वारा कानून के खिलाफ एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया की ओर से दायर याचिका सहित 12 अन्य याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है.

अब देखना है कि अगली सुनवाइयों के दौरान केंद्र सरकार क्या रवैया अपनाती है. मोदी सरकार के मिजाज को देख कर यह अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है कि उसका क्या रुख रहने वाला है? हालाकि सरकार के पास गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम कानून (यूएपीए) के रूप में दूसरा डंडा पहले भी मौजूद है जिसे 2019 में मोदी सरकार द्वारा संशोधन करके और भी सख्त बना दिया गया था जिसके तहत यूएपीए में यह प्रावधान जोड़ा गया है कि सरकार चाहे तो बिना कानूनी प्रक्रिया का पालन किए किसी भी व्यक्ति को आतंकवादी घोषित कर सकती है. अगर मोदी सरकार यूएपीए के साथ राजद्रोह कानून को बनाए रखना चाहती है तो निश्चित रूप से भारत के लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं होगा.

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

**कथा- वार्ता**



## धूप हड़पना कोई कोरी कल्पना नहीं

**यादवेन्द्र**

साल के पहले दूसरे दिन की बात है, मेरे सदाबहार दोस्त नवीन कुमार नैथानी ने अपनी नई कहानी ' धूप' का ऑडियो क्लिप मुझे भेजा। दरअसल महीने डेढ़ महीने में जब भी हमारी बात होती है, मैं नवीन से उनकी नई कहानी की बात जरूर पूछता हूं। कहानियों को कागज पर लिखने को लेकर नवीन का बेहद टालू और आलसी स्वभाव मैं दशकों से जानता हूं.... यह भी जानता हूं कि नवीन के अंदर 10 - 20 कहानियां हमेशा उमड़ती घुमड़ती करवटें लेती रहती हैं और बैठ कर बतकही करने का सबब बने तो उस दौरान कई कहानियां टुकड़ों में निकलकर बाहर हवा में तैरते हुए लिखे जाने की गुहार लगाने लगती हैं।

कहानी एक ऐसे बूढ़े के इर्द गिर्द घूमती है जिसकी एक बेहद मामूली पहाड़ी बाजार में चाय की दुकान है पर वह रहता ढलान के नीचे के गांव में है। गांव धूप से वंचित है पर उसकी दुकान धूप से संपन्न।बाजार में लोग धूप की वजह से आते , खाली गांव में क्या बैठना। वहां धूप बहुत कम होती है।

'वह बूढ़ा धूप के साथ रहता था। धूप खिसकती तो वह भी उधर सरक जाता। उसे देखकर लोग अंदाज लगा लेते कि धूप का मिजाज कैसा होने जा रहा है।'

अपनी विशिष्ट शैली में नवीन किरदार का थोड़ा और परिचय देते हैंः 'बूढ़ा बाजार में था भी और नहीं भी। एक तरह से वह बाजार का हिस्सा नहीं था लेकिन वह हमेशा बाजार चलाने वाले लोगों की नजर में बना रहा।'

वैसे कहानी धूप को केन्द्र में रखती है पर विकास की बलि चढ़ते जा रहे जंगल के छीजते जाने को बेहद संवेदनशीलता के साथ रेखांकित करती हैः 'बूढ़े के सपनों में जंगल बना रहा और कई बार तो उसमें नए पेड़ भी उग आए । वह उन्हें बढ़ते हुए देखता।'

किसी ठंडे पहाड़ी गांव में धूप की कैसी प्राणदायी भूमिका होती है इसका एक चित्र देखिएः 'बाजार में लोग धूप की वजह से आते , खाली गांव में क्या बैठना। वहां धूप बहुत कम होती है...लोगों का सरकता हुआ समूह हमेशा सड़क के इस ओर से उस ओर तक धूप के साथ यात्रा करता था। धरती के घूमने की तेज रफ्तार को उन्होंने धूप के टुकड़े की धीमी रफ्तार में थाम लिया है।'

पर उस बूढ़े की शख्सियत ऐसी रहस्यमयी है कि लोग उसकी ओर हमेशा धूप के लिए देखते भी हैं और उसका जिक्र करने से बचते भी हैं।

कई बार वहां जाकर भी वाचक को बूढ़ा आमने सामने से जब मिलता नहीं तो वह उस दिलचस्प किरदार से मिलने उसके गांव जाता है।

'वह पत्थर के ऊपर बैठा हुआ था,आसमान की तरह देख रहा था। उसकी नजरें आसमान से हटकर मेरी तरफ आ टिकीं।

कौन हो?, उसकी आवाज बुलंद थी।लगता था जैसे वह आसमान को डपट रहा हो।

आपसे मिलने आया हूं।

ठहरो,उसने कहा और घर के भीतर चला गया। मुझे सुकून मिला। थोड़ी ही देर में वह बाहर निकल आया, उसके हाथ में बंदूक थी।

किस लिए आए हो? उसने बंदूक को जमीन पर टिकाते हुए पूछा। उसकी आवाज और अधिक सख्त हो गई थी।

मेरे कुछ समझ में नहीं आया।

बस आपसे मिलने के लिए ...आपसे बातें करने के लिए।

धूप के लिए?, उसने और सख्त लहजे में पूछा।

हां, मैंने कह दिया।फिर जो हुआ उसकी मैं कल्पना भी नहीं कर सकता था।

बाजार वालों ने भेजा है? उसने कहा और मेरी ओर बंदूक तान दी। मना कर दिया था उनको, यह जगह नहीं छोड़ूंगा। अभी भाग जाओ। किसने कहा था सड़क के पास बसो? धूप चुराने आए हो? भाग जाओ।

(यह कहते हुए) वह ऐसी चढ़ाई पर चढ़ने लगा जिस पर चढ़ना संभव नहीं था।

बंदूक का धमाका।

कुदरत ने मनुष्य को जो जीवनदायी संपदा दैनिक आधार पर उपयोग के लिए सौंपी है लेकिन उसपर भी ताकत के बल पर कब्जा जमाने और दुर्बल से छीनने का षडयंत्र लगातार किया जा रहा है।भारत क्या पूरी दुनिया में प्राकृतिक संसाधनों की लूट और अपनी संपदा को बचाने की कोशिश करने वाले मूल निवासियों को डरा धमका कर और शांति व्यवस्था व राष्ट्रीय सुरक्षा का नाम लेकर दमन चक्र चलाया जा रहा है।



जमीन जंगल जल तो दशकों से लूटे जा रहे हैं पर नवीन कुमार नैथानी इस महालूट के जिस विस्तार की बात कर रहे हैं वह कोरी कल्पना नहीं है - पूरे उत्तराखंड और उत्तर पूर्वी राज्यों में विकास के इसी मॉडल पर काम किया जा रहा है। ऐसी चढ़ाई पर बूढ़े के बंदूक लेकर चढ़ने का रूपक जिसपर चढ़ना संभव नहीं था, बहुत महत्वपूर्ण और गौर तलब है।

कहते हैं न - जहां न जाए रवि वहां जाए कवि (मैं इसमें कथाकार को भी शामिल करता हूं)।

**( लेखक कथाकार और चिंतक हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# मकर संक्रांति पर लोगों ने लगायी आस्था की डुबकी

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** मकरसंक्रान्ति का पर्व रविवार को धूम-धाम से मनाया गया। इस मौके पर बच्चों ने पतंग उड़ा आनंद उठाया तो कई जगहों पर खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया।

रविवार को मरकसंक्रान्ति का पर्व बड़े ही धूम-धाम से मनाया गया इस मौके पर लोगों ने सुबह उठकर स्नान ध्यान कर खिचड़ी के पर्व को मनाया। कुछ स्थानों पर लोगों ने सरोवरों में स्नान कर दान किया। बहुत से लोगों ने अपने घरों पर ही स्नान कर इस पर्व को मनाया। खिचड़ी पर्व पर दान देने की प्रथा रही है। बच्चों ने स्नान कर चूड़ा, दाना, रेवड़ा व गुड़ का आनन्द उठाया। बच्चों ने आस पास के मैदानों में पहुंचकर खूब पतंगबाजी की। पतंग उड़ाते समय एक दूसरे की पतंग काटकर लोगों ने आनन्द लिया।

**रानीकीसराय प्रतिनिधि** के अनुसार मकरसंक्रांति पर्व पर सुबह स्नान के साथ ही पूजन अर्चन भी हुए। अवंतिकापुरी मे ठंढ के बीच श्रद्वालुओं ने राजा जन्मेजय की नाग महायज्ञ भूमि स्थित सरोवर मे डूबकी लगाई। स्नान के बाद मंदिर मे पूजन अर्चन किया और खिचडी दान किया। शाहपुल बाबा ब्रम्हदेव स्थली पर परंपरागत मेले मे भी भीड रही। पतंग को लेकर भी बच्चों में उत्साह रहा।

आस्था

## पतंगबाजी का उठाया लुत्फ खिचड़ी किया दान

**लालगंज प्रतिनिधि** के अनुसार स्थानीय नगर पंचायत के सरस्वती शिशु मन्दिर हनुमानगढी परिसर में मकर संकान्ति के पर्व पर खिचड़ी भोज व सामजिक समरसता पर बौद्धिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ परम पवित्र भगवा ध्वज प्रणाम के साथ किया गया। सहप्रान्त प्रचारक अजय ने कहा कि हमारा कार्य अखिल हिन्दू समाज के लिए होता है। उसके किसी भी अंग की उपेक्षा करने से काम नहीं चलेगा। कोई भी जाति ऊंची या निम्न नही है, सभी समान हैं। इस अवसर पर जिला प्रचारक अवनीश, सूर्य प्रभात, आदर्श, उमाशंकर, प्रदुम्न, सुशील, उत्कर्ष, सत्यप्रिय, शुभम गिरि, सुग्रीव, रजनीश जायसवाल, अशोक सोनकर, कृष्ण कुमार मोदनवाल, धर्मेन्द्र, कपीस, मोनू, गोविंद, दिव्याशीष, गौरव कुमार रघुवंशी, नन्दन जायसवाल, डा. देवाशीष शुक्ला, रजनीकान्त त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।


लालगंज में खिचड़ी भोज का आनन्द लेते लोग।


डीएवी मैदान में पतंगबाजी करते युवक।


मुबारकपुर में खिचड़ी भोज में जुटे लोग।

### भैरव धाम पर खिचड़ी भोज में जुटी भारी भीड़

**महराजगंज आजमगढ़।** सूर्य का मकर रेखा में प्रवेश कर उत्तरायण होने का उत्सव मकर संक्रांति है। आज के दिन सूर्य मकर रेखा में प्रवेश कर जाते हैं। इसी को लेकर मकर संक्रांति का त्यौहार मनाया जाता है। मकर संक्रांति के अवसर पर नगर पंचायत महाराजगंज के समाजसेवी श्वेता जायसवाल और उनके पति डॉ सुनील जायसवाल ने भैरव बाबा धाम पर खिचड़ी भोज का आयोजन किया था जिसमें नगर पंचायत वासियों के साथ साथ क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया और प्रसाद रूपी खिचड़ी का सेवन भी किया। डॉ सुनील जायसवाल ने सभी लोगों को मकर संक्रांति की बधाई भी दी।

## आरएसएस ने आयोजित किया खिचड़ी भोज

**मुबारकपुर (आजमगढ़)।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा आयोजित समरसता खिचड़ी भोज का आयोजन उदासीन मंदिर संघ में रविवार को किया गया। अध्यक्षता श्याम नारायण सिंह ने किया। कार्यक्रम विजय वर्मा नगर संघ चालक, गोपाल जायसवाल की देखरेख में किया गया। मुख्यातिथि विभाग प्रचारक सतेन्द्र ने कहा कि आज से मुबारकपुर को मृत्युजंय नगर के नाम से जाना जाय क्योंकि वर्षों पहले इसी नाम से जाना जाता था। 1925 में संघ स्थापना काल से ही इसका का एक ही उद्देश्य है कि सभी को जोड़ कर सभी हिन्दू को सहोदर भाई बनाया जाय। उन्होंने बताया कि विवेकानंद जी ने कहा है कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। जो लोगो में छुवाछूत होता था उसे संघ ने दूर करने के लिए समरसता भोज का आयोजन किया है। इस अवसर पर दुर्गा शंकर तिवारी, गौरव रघुवंशी, राम प्रसाद, अनिल, विभा बरनवाल, डा.प्रिती रानी, राजेश प्रदीप, सोनू, बलिराम, रतन, डा.अशोक, सौरभ आदि मौजूद रहे।

# कोर्ट के आदेश पर खड़ंजे पर चला बुलडोजर ?

राहत

## मुख्य मार्ग से तीन गांव का टूटा संपर्क

### निजी जमीन में खड़जा लगाये जाने से पीड़ित ने खटखटाया था कोर्ट का दरवाजा

जनसंदेश न्यूज


खड़जे को उखाड़ता बुलडोजर।

**महराजगंज (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के जुड़ा खुर्द ग्राम सभा में निजी जमीन पर लगाये गये खड़जे को कोर्ट के आदेश से पुलिस विभाग व अन्य अधिकारियों द्वारा खड़जे को बुलडोजर से उखाड़ दिया गया इस मौके पर भारी संख्या में फोर्स तैनात रही।

महराजगंज ब्लाक के जुडा खुर्द ग्राम सभा में कोर्ट के आदेश पर पुलिस बल और अमीन की उपस्थिति में तीन गाँवों को सरदहाँ -परशुरामपुर मुख्य मार्ग से जोड़ने वाले सरकारी खड़ंजे को बुलडोज? से तोड़ दिया गया। ग्राम प्रधान और गांव वालों ने बताया कि 1995 में उक्त मार्ग को सीमांकन कराने के बाद बनवाया गया था तथा लगभग बीस बाईस वर्ष पहले उसपर सरकारी मद से खड़ंजा भी लगवाया गया था परन्तु लगभग अठारह वर्ष पहले गांव के ही हरदेव यादव द्वारा गांव सभा पर सिविल न्यायलय में इस आशय के साथ वाद दाखिल किया गया कि उक्त रास्ता उनकी जमींन पर बना दिया गया हैं जिसपर फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने उक्त रास्ते को तोड़ने का आदेश दे दिया। जिसका अनुपालन भी करा दिया गया।

उक्त क्रियान्वयन से तीन गांव के लगभग 2000 लोगों का मुख्य मार्ग संपर्क टूट गया जिससे उन्हें रोजमर्रा की जरुरत की चीजों के लिए बाजार आने जाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा हैं।

## नहर कटने से सैकड़ों बीघा फसल डूबी

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के शाहखजुरा गांव के समीप शनिवार की रात शारदा सहायक खंड 32 नहर कटने से लगभग डेढ सौ बीघा फसल डूब गयी। रात में सूचना पाकर पहुंचे प्रशासन ने नहर बधवाया। पूरी रात ग्रामीण मौके पर नहर बांधने में जुटे रहे। शारदा सहायक खंड 32 की शाखा गोबरही, रुदरी होते हुए शाहखजुरा आदि क्षेत्रों में गुजरी है। शनिवार की रात शाहखजुरा गांव उत्तरी भाग में रात लगभग 8 बजे नहर कट गयी। जब तक ग्रामीण जान पाते गेहूं की फसल पानी में डूब गयी। ग्रामीणों ने सूचना रात में फोन से जिलाधिकारी को दी। जिलाधिकारी के निर्देश पर पुलिस बल के साथ प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा। बाढू चैक नहर गेट से पानी बंद करने के बाद जेसीबी की मदद से रात में नहर बांधी गयी। रविवार को एडीएम प्रशासन अनिल कुमार मिश्र ने भी जायजा लिया। पानी में फसल डूबने से किसानों की काफी क्षति हुई है। नहर कटने से श्रीनिवास तिवारी, उदयभान, शिव प्रसाद, रामनयन, शशि भूषण, रविन्द्र आदि किसानो की फसल डूबी है।

# अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से पत्नी की मौत

जनसंदेश न्यूज

हादसा

## पति घायल, मायके जाते समय हुई दुर्घटना

**बिलरियागंज (आजमगढ़)।** बिलरियागंज थाना क्षेत्र के खास बाजार में बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने सड़क पर गिरे बाइक सवार दंपत्ति को कुचल दिया जिससे पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पति गंभीर रुप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजते हुए मृतका के शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया।

रौनापार थाना क्षेत्र के बेलहिया गांव निवासी हरिश्चंद्र 40 वर्ष पुत्र श्यामदेव रविवार को अपनी पत्नी ऊषा 37 वर्ष को बाइक पर बैठा कर दवा लेने के लिए जिला मुख्यालय आ रहा था। जैसे ही बिलरियागंज थाना क्षेत्र के खास बाजार पहुंचा कि एक स्थान पर सड़क किनारे गिरे बालू व गिट्टी के ढेर में फंस कर बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे बाइक सवार दंपत्ति सड़क पर गिर पड़े। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने दंपत्ति को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में ऊषा की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पति हरिश्चंद्र गंभीर रुप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल हरिश्चंद्र को तत्काल इलाज के लिए सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं मृतका के शव को पोस्टमर्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने ट्रक के साथ ही चालक व खलासी को हिरासत में ले लिया।

# एमएलसी चुनाव के लिए सपा ने बनायी रणनीति

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** आगामी 30 जनवरी को होने वाले गोरखपुर फैजाबाद खंड स्नातक चुनाव की तैयारी के संबंध में समाजवादी पार्टी कार्यालय पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष हवलदार यादव की अध्यक्षता में वरिष्ठ नेताओं, विधायकों, पूर्व विधायकों, पूर्व सांसदों, विधानसभा अध्यक्षों की बैठक हुई। संचालन हरिप्रसाद दुबे ने किया।


बैठक को संबोधित करते पूर्व मंत्री बलराम यादव।

पूर्व मंत्री बलराम यादव ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पिछड़े समाज से आने वाले करुणाकांत मौर्य को प्रत्याशी बनाकर सामाजिक न्याय को मजबूत करने का काम किया है। पूर्व मंत्री दुर्गा प्रसाद यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने हमेशा गरीबों किसानों मजदूरों के हक की लड़ाई लड़ी है। करुणाकांत मौर्य विधान परिषद में पिछड़ों दलितों के अधिकारों को दिलाने के लिए आवाज बुलंद करेंगे। पूर्व मंत्री रामाश्रय विश्वकर्मा ने कहा कि योगी सरकार जन विरोधी कार्य कर रही है जिससे जनता परेशान है। उन्होंने कार्यकताओं को समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार को जिताने के लिए मजबूती से लग जाने को कहा। बैठक में रामदुलार राजभर, वैभव मौर्य, शिवमूरत यादव, अशोक यादव, अजीत राव, विवेक सिंह आदि उपस्थित रहे।

## मनमाने दर पर बेची जा रही यूरिया

जनसंदेश न्यूज

रानीकीसराय (आजमगढ़)। यूरिया को लेकर जहां किसान बेहाल हैं वहीं बाजारों में आई यूरिया की खेप रोक के बाद भी जिंक के साथ मनमाने दरों पर बिक रही है। खाद को लेकर किसान बुआई से ही परेशान हैं। समितियों पर चक्कर काटने के बाद कुछ ने पा ली जबकि अभी भी संकट बरकरार है। आयेदिन किसान चक्कर काट रहे हैं। तीन दिनो से खाद की खेप प्राइवेट दुकानों पर पहुंची जहां से बिकने लगी। क्षेत्र के ऊजीगोदाम, आवंक, सोनवारा, सहीदवारा आदि क्षेत्रों में खाद आई जरूर लेकिन रोक के बाद भी जिंक के साथ ही साढे. चार सौ तक मिली। अकेले कस्बे में साढे. चार सौ तक बिक रही है। सहीदवारा में बगैर जिंक के भी साढे.तीन सौ वसूले जा रहे हैं। किसान रामकरन, जयदीप सिंह, राजेश सिंह आदि ने कहा कि थोड़ी महंगी भले है लेकिन विवशता चक्कर काटने से ठीक है। छिड़काव के लिए भी देर हो रहे हैं, ऐसे में क्या करें।

# ग्राम प्रधान ने सैकड़ों को दी कंबल की गर्मी

मदद

## मकर संक्रांति पर बांटा लाई चूड़ा, गट्टा

जनसंदेश न्यूज

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** मकर संक्रांति के अवसर पर स्वयं के पैसे से ग्राम प्रधान ने सैकड़ों गरीब परिवारों में कंबल का वितरण किया।

अतरौलिया विकास खंड अंतर्गत बौड़रा लक्षीरामपुर ग्राम सभा में ग्राम प्रधान इं.रामलगन द्वारा भीषण ठंड और शीतलहर को देखते हुए रविवार मकर संक्रांति के अवसर पर सैकड़ों गरीब परिवारों में कंबल वितरण किया। साथ ही गरीब परिवारों में लाई चना गुड़ देकर गरीबों के चेहरे पर खुशी लाई। ग्राम प्रधान इं.रामलगन ने बताया कि भीषण ठंड को देखते हुए जहां गरीब परिवार के लोग अपने सीमित संसाधनों के अनुसार किसी तरह से अपना जीवन यापन कर रहे थे। ठंड के कारण लोग काफी परेशान थे ऐसे में मेरे द्वारा स्वयं के पैसे से गरीब निर्धन बेसहारा विधवा दिव्यांग व बुजुर्ग लोगों को कंबल वितरण किया गया, जिससे लोगों को राहत मिलेगी, यह मेरी व्यक्तिगत इच्छा थी। वहीं ग्राम सभा के देवरा पट्टी में भी गरीब परिवारों में कंबल वितरण कर मकर संक्रांति के अवसर पर उनके चेहरे पर खुशी लौटाई गई।


कम्बल के साथ बौड़रा लक्षिरामपुर के ग्रामीण।

ज्ञात हो कि शासन द्वारा जहां गरीब लोगों को अलाव व ठंड से बचने के लिए कंबल वितरण का दावा किया जा रहा है वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि शासन द्वारा जो भी वितरण किया जा रहा है वह पर्याप्त नहीं है।

बेसहारा गरीब निर्धन दिव्यांग परिवार अभी भी भीषण ठंड से जूझ रहा है ऐसे में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर ग्राम प्रधान के इस नेक पहल से स्थानीय लोगों को कुछ राहत जरूर मिलेगी। इस मौके पर अरुण कुमार यादव, संजय मिश्रा भालू, कन्हैया, उमेश, भूलन, रामवृक्ष, आदि उपस्थित रहे।

# जन कल्याणकारी व आर्थिक दिवस के रूप में मना मायावती का जन्मदिन

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में नेहरू हाल के सभागार में बहन कुमारी मायावती का जन्म दिन जन कल्याणकारी दिवस एवं आर्थिक दिवस के रूप में मनाया गया। सर्वप्रथम बाबा साहब डा.भीमराव अम्बेडकर व कांशीराम के चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों का स्वागत जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार ने किया।


नेहरु हाल में कार्यक्रम को संबोधित करते शाह आलम गुड्डू जमाली।

मुख्य अतिथि हरिश्चन्द्र गौतम ने कहा कि बहन कुमारी मायावती अपने महान महापुरूषों के पदचिह्नों पर चलकर सर्वसमाज के हित, सुख समृद्धि के लिए काम कर रही हैं। कांशीराम ने नारा दिया था कि जितनी जिसकी संख्या भारी, उतनी उसकी हिस्सेदारी को साकार करना है तो हमें इस देश में भाईचारा पैदा कर बसपा की सरकार बनाकर अपनी हिस्सेदारी प्राप्त करनी है। पूर्व सांसद डा.बलिराम ने कहा कि बहन जी शुरूआत में दिल्ली के गरीबों के झोपड़ों में उनके बीच जाकर उन्हें जगाने का काम की और आज भी कर रही हैं। बहन जी के सरकार की उपलब्धियों को सब लोग जान रहे हैं। शासन प्रशासन भी देखे हैं। पूर्व विधायक शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली ने कहा कि आज का दिन बसपा को जानने, मानने वालों का दिन है। आज हम बहन जी के लम्बी उम्र का संकल्प लें ताकि गरीबों, मजलूमों के दिन अच्छे बहुरें। पूर्व विधायक आजाद अरिर्मदन ने कहा कि हम लोगों को संकल्प लेना होगा कि बसपा अपने महापुरूषों के आदर्शो पर चलकर संविधान के अनुसार शासन चलाना चाहती है, इसलिए बसपा सरकार बनाना जरूरी और मजबूरी भी है। सांसद संगीता आजाद ने बताया कि बहन कुमारी मायावती के जन्मदिन पर संकल्प लेने आए हैं कि कानून से कानून का राज कायम हो सकें, जिसे केवल बसपा ही कायम कर सकती है। इस अवसर पर विजय कुमार, डा.हरिराम, सुशील कुमार सिंह, शंकर यादव, रामजी सरोज, जगदीश गुप्ता, अरूण पाठक, रामपाल ठाकुर, केशव प्रसाद, तारिक अहमद, अब्दुल्ला, चन्द्रभूषण, राशिद अहमद, दुर्गा प्रसाद यादव, मिलजुम्मन सलमानी आदि मौजूद रहे। संचालन विनोद चैहान ने किया।

## तमंचा, कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज

**महराजगंज (आजमगढ़)।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए महराजगंज पुलिस ने तमंचा, कारतूस के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। महराजगंज पुलिस अपराधियों की तलाश में क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि विगत दिनों हरिनाथ यादव निवासी त्रिपुरारपुर खालसा द्वारा बाईक की चोरी के प्रार्थना पत्र पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमे में वांछित अभियुक्त गुलशन उर्फ आकाश यादव पुत्र देवमन यादव निवासी देवारा त्रिपुरारपुर आईमा थाना महराजगंज चोरी की मोटर साईकिल से अवैध असलहा लेकर कहीं जाने की फिराक में खड़ा है। इस सूचना पर पुलिस ने उसे प्रतापपुर पुल से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक चोरी की मोटर साईकिल व एक तमंचा एवं जिन्दा कारतूस बरामद हुआ।

## एसपी ने खोली 26 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट

**आजमगढ़।** चोरी, अवैध शराब, जहरीली शराब, गांजा तस्कर, आर्म्स एक्ट, हत्या, गोवध, लूट में शामिल 26 अपराधियों के आपराधिक संलिप्तता व क्रिया कलापों पर सतत निगरानी हेतु पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने हिस्ट्रीशीट खोली है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हिस्ट्रीशीटरों में अभियुक्त हारून उर्फ नाटे उर्फ करिया पुत्र मुख्तार निवासी मुहम्मदपुर भिटिया थाना गम्भीरपुर, अभियुक्त इंद्रेश यादव पुत्र रामदरश यादव निवासी बुहसेनपुर थाना निजामाबाद, सूर्यभान यादव पुत्र बालचंद यादव निवासी अमदही थाना जहानागंज, परवेज पुत्र मोहम्मद अकील निवासी अमदही थाना जहानागंज, लक्ष्मण सैनी पुत्र रमेश सैनी उर्फ. पप्पू निवासी आजमपुर थाना कंधरापुर, अनिल यादव पुत्र सुरेंद्र यादव व सुरेंद्र यादव पुत्र रामहित यादव निवासीगण सुरसी थाना सिधारी, लल्लन यादव पुत्र जयकरण यादव निवासी बगवार थाना बिलरियागंज, कहरू राम पुत्र स्व.मताऊ राम निवासी हरीपुर थाना बिलरियागंज, परशुराम यादव पुत्र बहादुर यादव निवासी शहाबुद्दीनपुर थाना बिलरियागंज, के विरूद्ध कार्रवाई की गई है।

उन्होंने बताया कि अभियुक्त रफीक पुत्र फारुख निवासी छिही थाना बिलरियागंज, प्रहलाद यादव पुत्र शिवचंद्र यादव निवासी शहाबुद्दीनपुर थाना बिलरियागंज, मान सिंह पुत्र स्व. मुसाफिर सिंह निवासी सिकंदरपुर थाना जीयनपुर, ललित राजभर पुत्र स्व.हरिश्चंद्र राजभर निवासी बडगांव थाना दीदारगंज, पंकज यादव पुत्र दयाराम यादव निवासी चकगंज अलीशाह थाना दीदारगंज, पुनीत कुमार यादव पुत्र दयाराम यादव निवासी चकगंज अलीशाह थाना दीदारगंज, अशोक यादव पुत्र बाबूराम निवासी उदयपुर थाना फूलपुर, सुनील यादव पुत्र बाबूराम यादव निवासी कोठिया थाना सरायमीर, नौशाद शेख पुत्र हारून शेख निवासी सदरपुर खरौली थाना फूलपुर, अंशदीप सिंह पुत्र श्याम बहादुर सिंह निवासी वाजिदपुर थाना कप्तानगंज, संचम यादव पुत्र राम प्रसाद यादव निवासी बघरा थाना तरवां के विरूद्ध कार्रवाई की गयी है।

इसी क्रम में अभियुक्त सत्यम उर्फ रिशु यादव पुत्र रमेश यादव निवासी बघरा थाना तरवा, मैनू बनवासी पुत्र अतवारू बनवासी निवासी खम्हौली थाना बरदह, मो.अकमल पुत्र मुस्तकीम अहमद निवासी मोहम्मदपुर फेंटी थाना बरदह, अब्दुल्लाह पुत्र शाहजहां उर्फ. नैयर ग्राम मोहम्मदपुर फैटी थाना बरदह व सूर्यभान पुत्र रामफेर निवासी चक गंजअली शाह थाना दीदारगंज की हिस्ट्रीशीट खोली गयी है।

## संक्षेप

### मां महा मैत्रायणी निर्वाण दिवस बांटा गया कम्बल



**आजमगढ़।** अघोराचार्य बाबा कीनाराम अघोर शोध एवं सेवा संस्थान क्री कुंड शिवाला वाराणसी के आह्वान पर आजमगढ़ जिला इकाई के मुख्य व्यवस्थापक गजराज प्रसाद के नेतृत्व में जनपद के देवारा में 300 कम्बल का वितरण कराया गया। व्यवस्थापक गजराज प्रसाद ने बताया कि अघोराचार्य बाबा कीना राम ने सदैव भक्तों का उद्धार किया है। समाज को नई दिशा दिखाने का काम किया। उन्होंने बताया कि अघोरेश्वर भगवान राम जी की जननी मां महा मैत्रायणी के निर्वाण दिवस पर कम्बल वितरण कार्यक्रम योगगुरु देवविजय यादव की देखरेख में मां मैत्रायनी योगिनी के निर्वाण दिवस पर वितरित कराया गया है। इसके अलावा सुदनीपुर, एवं रौनापार सहित देवारांचल के जरूरतमंदों में यह कम्बल वितरण हुआ। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख रामजन्म सिंह, पवन सिंह, संतोष तिवारी, महेन्द्र प्रताप सिंह, रामविजय सिंह, छत्रपाल सिंह, संजय सिंह, ओम प्रकाश सिंह, प्रो.अनिल कुमार श्रीवास्तव, डा.प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव, डा.पंकज सिंह, आशीष कुमार, रंजन यादव, कौशलकांत, वर्तिका प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### निषाद पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बने प्रशान्त सिंह



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** निषाद पार्टी गठबंधन के अतरौलिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी प्रशांत सिंह समाजसेवी, एवं आर्किटेक्ट को निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद ने राष्ट्रीय महासचिव की नई जिम्मेदारी दी, जिसको लेकर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर व्याप्त है। प्रशांत कुमार सिंह मूल रूप से जनपद के अतरौलिया क्षेत्र के पचरी गांव के रहने वाले हैं जिन्हे निषाद पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव बनाने पर क्षेत्र के लोगों में खुशी व्याप्त है। प्रशांत सिंह ने बताया कि निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद ने मुझे नई जिम्मेदारी दी है। मुझे निषाद पार्टी के राष्ट्रीय पद पर बैठाकर एक बड़ी जिम्मेदारी दी गई है जिसका मैं पूरी ईमानदारी निष्ठा और लगन से अपने पद की गरिमा रखते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करुंगा साथ ही साथ अपने विधानसभा में विकास कार्यों का प्रयास करूंगा।

### अज्ञात कारणों से मंड़ई में लगी आग



**ठेकमा (आजमगढ़)।** बरदह थाना क्षेत्र दरियापुर बसही गांव में शनिवार की देर शाम अज्ञात कारणों से रिहायशी मंडई में आग लगने से खाद्यन्न समेत दो पशु झुलस गये जबकि तीन की आग से झुलसने से मौत हो गयी। मौके पर राजस्व कर्मचारी पहुंच कर घटना की जांच किया। बरदह थाना क्षेत्र के दरियापुर बसही गांव निवासी कालिका विश्कर्मा की रिहायशी मंडई में अज्ञात कारणों से आग लगने से 2 बोरा गेंहू, 2 बोरा चावल, 5 कुन्तल भूसा, एक बकरी सहित उसके दो बच्चों की आग में झुलस कर मौत हो गयी। वहीं आग से एक गाय एक बछड़ा झुलस गये। स्थानीय लोगो ने पहुंच कर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग पर काबू करने में विफल रहे। मौके पर राजस्व कर्मचारी चंदन सिंह ने पहुंच कर जांच किया। पीड़ित ने स्थानीय थाने पर घटना की सूचना दी।

### ट्रैक्टर ट्राली पलटी, बाल-बाल बचे लोग



**पटवध (आजमगढ़)।** बिलरियागंज थाना अंतर्गत पटवध सरैया बाजार स्थित कयाड़ नदी पुल के पास गन्ने लदी ट्रैक्टर ट्राली पलट गयी। दुर्घटना में लोग बाल-बाल बच गये। अराजी अमानी देवारा की तरफ से गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्राली नदी पुल पार करके ड्राइवर लघुशंका करने के लिए गाड़ी का इंजन बंद करके गाड़ी खड़ी किया और आगे कुछ दूर पर लघुशंका करने लगा। तब तक पीछे से आ रही किसी अज्ञात गाड़ी ने गन्ने लदी ट्राली को धक्का मार दिया और वह गाड़ी स्टार्ट होकर बिना ड्राइवर के आगे खाई में पलट गई। मौके पर वहां जो भी लोग थे गाड़ी बिना ड्राइवर के स्टार्ट होते देख दूर हट गए जिससे कोई बड़ा हादसा होने से टल गया।

### मंदिर जीर्णोद्धार के साथ श्रीराम कथा का आयोजन

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय क्षेत्र के बढ़या गांव में हनुमान मंदिर का निर्माण स्व.ईश्वर दत्त पांडेय द्वारा लगभग 50 वर्ष पूर्व कराया गया था जो जीर्ण शीर्ण अवस्था में पड़ा हुआ था। गांव निवासी एडवोकेट उमेश चंद बरनवाल ने पुर्ननिर्माण कार्य व मूर्ति स्थापित करने के लिए जिम्मा उठाया तथा उसी मंदिर के बगल में डीह बाबा स्थान का जीर्णोद्धार करते हुए एक भव्य राम कथा के साथ मूर्ति स्थापना व मंदिर के जीर्णोद्धार कराने का संकल्प लिया था। उक्त के क्रम में 21 जनवरी से 27 जनवरी तक डीह बाबा के स्थान पर प्राण प्रतिष्ठा में श्रीराम कथा का भव्य संगीतमय आयोजन किया गया है। कथावाचक पंडित हरि मोहन पांडे जी महाराज व महिला कथावाचक निशु भारद्वाज गोपी अयोध्या धाम द्वारा सायं 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक संगीतमय रामकथा का आयोजन किया जाएगा। तत्पश्चात 27 जनवरी कथा के आखिरी दिन पूणार्हुति व भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए आयोजक एडवोकेट उदय चंद बरनवाल ने बताया कि मंदिर में मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठान व जीर्णोद्धार मेरे स्वयं व गांव वासियों के सहयोग से कराया जा रहा है। इस मौके पर घनश्याम दास, नरेंद्र पांडे, प्रमोद पांडे, अरुण पांडे, रविनाथ सिंह, मिंटू बरनवाल, जंग बहादुर, दयाराम यादव, महावीर प्रधान आदि उपस्थित रहे।

### गांव में लगी पोल से लाइट चुरा ले गये चोर

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के साकीपुर गांव में ग्राम पंचायत द्वारा विद्युत पोल पर लगी लाइट चोर खोल ले गये। प्रधान ने तहरीर पुलिस को दी है। पंचायत से गांव में विद्युत पोल पर लाइट लगाई गयी है। रात में चोर दो खंभो से लाइट खोल ले गये। जानकारी होने पर ग्राम प्रधान अनिल तिवारी ने तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की है।

### ... बदनसीब जिंदगी को बेईमान बना दिया

**निजामाबाद (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील स्थित साहित्य से दोस्ती पुस्तक केंद्र पर लोकायन संस्कृति न्यास आजमगढ़ की तरफ से काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता हरिगेन और संचालन घनश्याम यादव ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ रुद्रनाथ चैबे की सरस्वती वंदना से हुआ। कवि विजय प्रताप बूढनपुरी ने कहा कि रोटी की भूख ने उसका ईमान हिला दिया, बदनसीब जिंदगी को बेईमान बना दिया। महेश मृदुल ने जालिमों को इंसानियत सराहती नहीं, काल के नर्तकों को निहारती नहीं, सुनाकर लोगों में चेतना का संचार किया। जयसिंह सिंह ने एकता गीत बांट लिये हो रहन सहन, मानवता कैसे बांटोगे सुनाया। भोजपुरी कवि बैजनाथ गंवार ने साहेब हमरी ओरिया ताका, जियरा पाका होइगे नाय सुनाया। चर्चित कवि जितेंद्र कुमार नूर ने क्रांतिकारी रचना सारे बहरों के कान खोलेंगे, जब ये गूंगे जुबान खोलेंगे, लाल बहादुर चैरसिया ने शांति के पैगाम के लिए दीप जलाकर अमन चैन का, धरती का बरदान लिखेंगे सुनाया। राकेश पांडेय ने सुनाया पावन दिन पावन घड़ी, पावन हो हर दृश्य। राजनाथ राज ने प्रेम सौहार्द के लिए सुनाया चलो फिर से उजड़ा घरौंदा बनाये, तिनका तिनका चलो चुनकर लायें। शायर ताज आजमी ने एकता और अखंडता पर अपनी रचना सुनाकर खूब तालियां बटोरी। प्रगतिशील लेखक संघ कार्यकारी अध्यक्ष राजाराम सिंह और बालेदीन बेसहारा ने अपनी रचनाओं के साथ ही अन्य कवियों से स्वस्थ समाज के लिये अच्छी रचना लिखने का आह्वान किया। अन्य रचनाकारों रोहित राही आदि ने अपनी रचनाओं को सुनाकर गोष्ठी को जीवंत बनाये रखा। इस अवसर पर राष्ट्रीय पहलवान लालचंद यादव, हरिबंश, कॉमरेड जितेंद्र हरि पांडेय, शाहिद आजमी, अंकित पाल आदि उपस्थित रहे।


काव्य गोष्ठी में अपनी रचना सुनाते कवि।

# कबाड़ी को बेची गई सरिया पुलिस ने किया बरामद

**कसा शिकंजा**

## डीसीएम ट्रक में सरिया लादकर जा रहा था झारखण्ड

## 6 नवम्बर को घटना को चालक ने दिया था अंजाम



पुलिस गिरफ्त में डीसीएम चालक।

**मीरजापुर।** साजिश के तहत डीसीएम ट्रक पर लदे माल का गबन कर बेचने वाला शातिर ट्रक चालक आरोपी को गिरफ्तार कर कब्जे से माल बिक्री का धन व डीसीएम ट्रक को पुलिस ने बरामद किया। थाना चुनार मीरजापुर पर 06 नवम्बर 2022 को वादी शशांक सिंह पुत्र श्रीकांत सिंह निवासी रमाकान्त नगर, पिशाचमोचन, वरूणा वाराणसी द्वारा लिखित तहरीर बावत ट्रक चालक व खलासी द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर चुनार से डीसीएम ट्रक में लोहे के एंगल लोडकर झारखण्ड के साहिबगंज डिलेवरी करने के बजाय माल को गबन कर सांठ-गांठ से कहीं अन्यत्र ले जाकर बेच देने के सम्बन्ध में दी गई। जिसके आधार पर थाना चुनार पर धारा 406,420 भादवि बनाम ट्रक चालक सोनू उर्फ सरोज आदि 06 आरोपियों के पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। रविवार को प्रभारी निरीक्षक चुनार मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना चुनार क्षेत्र से मुकदमा उपरोक्त के नामजद ट्रक चालक आरोपी सोनू कुमार पुत्र राधेश्याम निवासी ग्राम उपेन्दा (कटघर), थाना देवगांव, आजमगढ़ को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से मुकदमा से सम्बन्धित डीसीएम ट्रक वाहन में डिलेवरी हेतु लदे माल को बेच कर खरीदे मोबाइल फोन (कीमत करीब 25000 रु.) व माल बिक्री के खर्च के बाद शेष बचे 3300 रु. नगद बरामद किया गया। जबकि मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित डीसीएम ट्रक को बरामद कर कब्जा पुलिस में लिया गया। गिरफ्तार आरोपी से पूछने पर बताया कि डीसीएम ट्रक का मैं चालक हूँ। 06 नवम्बर 2022 को डीबीएल कम्पनी चुनार से लोहे के एंगल लाद कर डिलेवरी हेतु झारखण्ड के साहिबगंज ले जाने के लिए खलासी के साथ चला था कि हम लोगों के मन में लालच आ गया था। जिसके कारण अपने कुछ साथियों से सांठ-गांठ कर एक ट्रक लदे पूरे माल को हम लोगों ने सस्ते दाम में कबाड़ी को बेचकर पैसे लेकर तथा डीसीएम, ट्रक को लावारिस हालत में छोड़कर भाग गये थे।

# योगी के ड्रीम प्रोजेक्ट का पलीता निकाल रहे विभाग के अधिकारी

## 5 फीट का पिलर खड़ा कर बंद हो गया कार्य, कारोबारियों में आक्रोश

जनसंदेश न्यूज

**लालगंज।** रोजगार को बढ़ावा देने के लिए वूल यार्न प्रोसेसिंग फैसिलिटी सेंटर का शिलान्यास उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जून में लालगंज के रामपुर वासित अली गांव मे लखनऊ से किया था। शिलान्यास के बाद खुदाई करके पिलर पांच फीट का खड़ा कर दिया गया है लेकिन निर्माण कार्य ठप चल रहा है। जिले में लघु उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार ने ग्रामीण स्तर पर लालगंज तहसील के विकासखंड लालगंज के रामपुर वासित अली में वूल यार्न प्रोसेसिंग डाटा फैसिलिटी सेंटर की स्थापना की मंजूरी के साथ ऑनलाइन शिलान्यास किए थे। जिसके बाद उम्मीद बनी थी कि इस सेंटर के बनने से ग्रामीणों को रोजगार की संभावनाएं बनेगी। पर हुआ यह कि नींव की खुदाई करके 5 फिट का पिलर खड़ा कर दिया गया है। जिसकी प्रगति रुकी हुई है।

इंफ्रास्ट्रक्चर ढांचा आकार नहीं पकड़ पा रहा है जिसकी चिंता कालीन उद्योग संचालित करने वाले कारोबारियों को भी बढ़ा दी है। इसके बन जाने के बाद लाभ यह होगा कि कालीन संचालकों को बाहर से कच्चा माल नहीं खरीदना पड़ेगा।

बता दें कि यह उद्योग ओडीओपी योजना के तहत एक जनपद में एक उत्पाद की व्यवस्था मिलेगी। बताया यह जा रहा है कि वूल यार्न सेंटर का फायदा ग्रामीण मजदूरों को सीधे मिलेगा। ऐसे रोजगार पर की योजना की रुकावट के कारणों की जांच कर शुभारंभ किए जाने की जरूरत बताई जा रही है।

# गांव के विकास के लिए होना चाहिए प्रधान के अंदर जुनून

**बोलीं राष्ट्रीय अध्यक्ष**

## सदस्य राज्य सभा ने फीता काटकर कार्यक्रम का किया शुभारंम्भ

जनसंदेश न्यूज



राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करतीं प्रमुख जमालपुर।

**जमालपुर।** क्षेत्र के गोरखी गांव में रविवार को नवनिर्मित ग्राम सचिवालय का लोकार्पण मुख्य अतिथि सदस्य राज्य सभा व राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा के दर्शना सिंह ने फीता काटकर विधिवत रूप से किया। जिसके पश्चात गरीब असहायों के बीच 251 कम्बल का वितरण किया जहां कम्बल पाकर असहायों के चेहरे खिल उठे। मुख्य अतिथि दर्शना सिंह ने कहा कि आज का दिन बहुत शुभ है। गांव के कार्य के लिए ग्राम प्रधान का जो जूनून है वह सराहनीय है।

कार्यक्रम के आयोजक वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि आज मकर संक्रांति का पर्व है जिसमें दो लक्ष्मी एक साथ मंच पर है। ब्लाक प्रमुख द्वारा गोरखी गांव को तीस लाख रुपए से कार्य कराया गया। वहीं क्षेत्रीय विधायक द्वारा दस लाख रुपए से कार्य को गति दिया। इस तरह पूरे ब्लाक में सर्वाधिक कार्य हुआ। मुख्यमंत्री द्वारा सम्मान के लिए चयन किया किया गया है।

यही नहीं मीरजापुर जिले से राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए कुल 6 प्रधानों का चयन किया गया है जिसमें सर्वाधिक अंक 88 गोरखी गांव को मिला है जिस दिन 12 अंक और जुड़ गया। उस दिन राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया जाएगा जिसमें प्रधानमंत्री द्वारा पच्चास लाख रुपए गांव की विकास के लिए मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष किशोर सिंह ने किया। वहीं अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष नरसिंह चौहान ने किया। इस दौरान दर्जा प्राप्त मंत्री शिव मंगल वियार, ब्लाक प्रमुख मंजू सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख आनंद सिंह बंटू, खंड विकास अधिकारी रविन्द्र नरायण सिंह, मन्ना सिंह, जोशी पटेल, मोती सिंह, राम जनम मौर्या, त्रिलोकी पटेल, धीरज सिंह, रणजीत सिंह, रामप्रवेश वियार, सचिव रोहित सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# बेसमेंट में आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

**हादसा**

## पड़ोसी की सूचना पर पहुंचे माल मालिक ने दिखाई तत्परता

## फायर ब्रिगेड के जवानों ने भारी नुकसान को टाला

जनसंदेश न्यूज




आग लगने के बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी।

**मीरजापुर।** कटरा कोतवाली क्षेत्र के बेलतर मोहल्ले में स्थित सिटी कॉर्ट मॉल में रात करीब 10 बजे अचानक आग लग गई। मॉल के बेसमेंट में लगी आग की सूचना पर पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के जवानों ने काबू पाया। बेसमेंट में खाली कार्टून फाइबर मेज और रखा काउंटर आग की भेंट चढ़ गया। आग लगने की जानकारी पड़ोसी से मिलने पर मॉल मालिक मौके पर पहुंचे थे । जिन्होंने फायर ब्रिगेड को आग लगने की जानकारी दी।

कटरा कोतवाली इलाके कि बेलतर मोहल्ले में स्थित बेसमेंट सहित चार मंजिला सिटी कॉर्ट माल मे आग लग गई। शनिवार की रात मॉल बंद कर सभी कर्मचारी और मालिक घर जा चुके थे। रात में करीब 10 बजे पड़ोसियों ने मॉल के बेसमेंट से धुआं निकलते हुए देखा।

इसकी जानकारी माल मालिक को दी। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे माल मालिक ऋषि कुमार तिवारी ने अग्निशमन यंत्रों के सहारे आग पर काबू पाने का प्रयास किया। इसी के साथ उन्होंने फायर ब्रिगेड को भी आग लगने की जानकारी दी। कुछ ही देर में पहुंचे फायर ब्रिगेड के दो वाहनों से पहुंचे जवानों ने आग पर काबू पा लिया। माल स्वामी ने बताया कि बेसमेंट में फाइबर मैच और काउंटर रखा था जो जल गया आज सुबह ही बेसमेंट की सफाई कराई गई थी।

आग लगने की जानकारी मिलते ही तत्परता से मौके पर पहुंचे अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। अग्निशमन अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची। विभाग के द्वारा बराबर लोगों को सेफ्टी के बारे में अवगत कराया जाता रहा है। माल के बेसमेंट में आग लगी थी। जिस पर काबू पा लिया गया है। कोई जान माल की क्षति नहीं हुई है।

आग लगने के कारण की जांच धुआं छटने के बाद किया जाएगा। आशंका है कि मॉल के पीछे की तरफ बेसमेंट की खिड़की से किसी ने बीड़ी वगैरह पीकर फेंक दिया होगा। धुआं छटने के बाद इसकी जांच की जाएगी।

# कड़ाके की ठंड में भी श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

जनसंदेश न्यूज



गंगा में स्नान को उमड़े भक्त।



सहभोज में शामिल लोग।

**मीरजापुर।** रविवार को मकर संक्रांति पर्व पर गंगा तट के सभी प्रमुख घाटों पर रविवार की अल सुबह से ही स्नानार्थियों की भीड़ जुट गयी थी। मूहुर्त की बेला में हजारों की संख्या में महिला, पुरुष व बच्चों ने गंगा जी के पावन जल में स्नान करने का जो सिलसिला शुरू हुआ, वह दोपहर तक चलता रहा। घाट पर जय मां गंगा, हर हर महादेव के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

ठंड की परवाह किये बिना श्रद्धालुजन मां विंध्यवासिनी मंदिर में पहुंच कर पूजन अर्चन कर दान पुण्य कर लाभ लिया। गंगा के नदी के घाटों पर मेले जैसा दृश्य बना रहा। कस्बे में स्थित कई मंदिरों में दर्शन करने व खिचड़ी चढ़ाने के लिए भक्तों की काफी भीड़ जुटी रही। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी पुरानी परम्पराओं को निभाते हुए श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर दान दिया और और मंदिर पहुंचकर पूजन अर्चन किया। श्रद्धालुओं द्वारा महा खिचड़ी प्रसाद बनाया गया। वहीं श्री विंध्य पंडा समाज द्वारा भी मंदिर प्रांगण में खिचड़ी वितरण किया गया।

## मकर संक्रांति पर किया चाय बिस्किट का वितरण

**मीरजापुर।** मकर संक्रांति के अवसर पर ऊमर ओमर वैश्य परिषद मीरजापुर द्वारा रविवार को बरियाघाट पर चाय, बिस्किट का निःशुल्क वितरण परिषद के अध्यक्ष गौरव ऊमर के नेतृत्व में किया गया। उक्त अवसर पर परिषद के अध्यक्ष गौरव ऊमर ने कहा की नर सेवा ही नारायण सेवा है सामाजिक समरसता के महा पर्व मकर संक्रांति के अवसर पर ऊमर ओमर वैश्य परिषद द्वारा कई वर्षों से प्रत्येक वर्ष यह कार्यक्रम किया जा रहा है। जिसमें स्वजातीय बंधुओं के सहयोग से हजारों गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं को चाय एवं बिस्किट का निःशुल्क वितरण किया जाता है। इस अवसर पर महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संतोष उमर, परिषद के संरक्षक आशु कांत चुनाहे, भाजपा जिला मंत्री नितिन गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष मनीष गुप्ता, परिषद के पूर्व अध्यक्ष बसंत ओमर, महामंत्री राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, कोषाध्यक्ष मुन्नु लाल, संयुक्त मंत्री अनुप गुप्ता, नागेश्वर, पारस नाथ गुप्ता उपस्थित रहे।

## आरएसएस ने आयोजित किया खिचड़ी सहभोज

**हलिया।** क्षेत्र के खुटहा ग्राम पंचायत स्थित शिव मंदिर परिसर में मकर संक्रान्ति के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में खिचड़ी सहभोज का आयोजन किया गया। इस दौरान आर एस एस के संघचालक हरिश्चंद्र सोनी व भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपुल सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ ध्वज फहराने के बाद मातृ वंदना की। खिचड़ी सहभोज कार्यक्रम में आरएसएस के खंड संघ चालक हरिश्चंद्र सोनी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपुल सिंह ग्राम प्रधान शिव गोविन्द चौरसिया, भानु तिवारी, पिंकेश सिंह, राकेश तिवारी, जेपी तिवारी आदि शामिल रहे।

## खुशहाली का मंत्र सिखाते हैं भारतीय त्योहार : मनोज

**मीरजापुर।** भारतीय त्योहार सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं। मकर संक्रान्ति का पर्व हमें प्रेम सदभाव और समरसता का संदेश देता हैं। उक्त विचार नगर के बरियाघाट वासलीगंज एवं संगमोहाल स्थित साँई बाबा मंदिर पर आयोजित खिचड़ी प्रसाद वितरण कार्यक्रम के शुभारम्भ के अवसर पर व्यक्त किया। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि समाज में खिचड़ी की तरह मिल कर रहने से सारी समस्या का समाधान हैं। खिचड़ी स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है तो जातियों की एकता देश और समाज के लिए अत्यंत शुभ और फलदायक है। समाज के कल्याण के लिए एकजुटता सभी समस्याओं का समाधान करने में सहायक होती हैं। देश के मान, सम्मान स्वाभिमान और समाज की खुशहाली के लिए हमें पर्वों के महत्व को भी समझने की जरूरत है। कार्यक्रम के दौरान लोगों में प्रसाद का वितरण देर दोपहर तक किया गया। इस मौके युवा मोर्चा के पूर्व मंत्री रवि शंकर साहू, विजय प्रजापति, वीरेंद्र मौर्या, पवन यादव, अंकुर श्रीवास्तव, विजय साहू, राहुल गुप्ता, महेंद्र मिश्रा, कुलदीप मिश्रा, ओंकार कसेरा, अश्वनी श्रीवास्तव, श्रीधर पांडे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता लोगों की सेवा में सक्रिय रहे।

## छह दिवसीय मेले के दूसरे दिन भक्तों की रही भीड़

**हलिया।** स्थानीय विकास खंड के औरा गांव स्थित महादेव नदी में मकर संक्रांति के पर्व पर क्षेत्रीय भक्तों ने डुबकी लगाई। शिव एवं हनुमान जी का पूजन अर्चन कर मेले का लुफ्त उठाया। रविवार को लगभग 20 हजार भक्तों ने औरा गांव स्थित महादेव नदी में डुबकी लगाकर मेले का आनंद उठाया। इस दौरान मेले में लाई, मिठाई, चूड़ी की दुकानों के अलावा झूला आदि की दुकानें लगी रही। मंदिर पुजारी आनंद गिरी ने बताया कि खिचड़ी से 6 दिन तक यह मेला अनवरत चलता है जहां हजारों लोग प्रति दिन दर्शन पूजन करते हैं। रविवार को लगभग 20 हजार भक्तों ने महादेव नदी में स्नान कर दर्शन पूजन के बाद मेले में पहुंचकर लुफ्त उठाया है। दर्शन पूजन के बाद लोग मिट्टी के प्रसिद्ध घड़े लाई जलेबी तथा श्रृंगार के सामान को क्षेत्रीय लोग खरीदे। बच्चों ने झूले का लुफ्त उठाया। सुरक्षा व्यवस्था में चौकी इंचार्ज मतवार लल्लन यादव मय फोर्स चक्क्रमण करते रहे।

# आश्वासन देकर भी उद्घाटन करने नहीं पहुंचे मझवां विधायक

जनसंदेश न्यूज

**कछवां।** विधानसभा मझवां क्षेत्र के बाड़ापुर गांव में आयोजित जिलास्तरीय कैनवास बाल क्रिकेट प्रतियोगिता में आश्वासन देने के बाद भी विधायक मझवां विनोद बिंद नहीं पहुंचे तो आयोजकों व दर्शकों ने भारी नाराजगी जाहिर किया। वही हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गौतम स्पोर्टिग क्लब बाड़ापुर के द्वारा आयोजित व तीन जनवरी से चल रहे जिलास्तरीय कैनवास बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का रविवार को फाइनल मैच था। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में विधायक मझवां विनोद बिंद को फाइनल मैच के उद्घाटन करने को आमंत्रित किया गया था। जहां दर्शकों की भारी भीड़ के बीच विधायक के आगमन का लगातार एनाउंसमेंट किया जा रहा था। विधायक के आमंत्रित करने के बाद भी कार्यक्रम में उपस्थित ना होकर प्रयागराज में कार्यक्रमों का हवाला देते हुए भदोही की ओर निकल गये। वही आयोजकों द्वारा उनके प्रतिनिधि से बात करने पर विधायक का कार्यक्रम भदोही जिले में ही होना बताया गया। वही आयोजकों ने कहा कि विधायक द्वारा हमारे सम्मान के खिलाफ किया गया कार्य अशोभनीय है। जिससे दर्शकों व आयोजकों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

## लगातार आठवीं बार बरैनी ने किया ट्रॉफी पर कब्जा

**कछवां।** क्षेत्र के बाड़ापुर गांव में गौतम स्पोर्टिग क्लब के द्वारा आयोजित जिलास्तरीय कैनवास बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच बरैनी स्पोर्टिग क्लब व युवान स्पोर्टिंग क्लब कछवां के मध्य खेला गया। जिसमें युवान क्लब कछवां की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। अपनी पारी खेलते हुए पंद्रह ओवरों में छह विकेट के नुकसान पर 147 रन का लक्ष्य दिया। वही जवाब देने उतरी बरैनी स्पोर्टींग क्लब की टीम ने महज 13 ओवरों में ही लक्ष्य का पीछा करते हुए छह विकेट से जीत हासिल कर लगातार आठवीं बार ट्राफी पर कब्जा कर लिया। वही मुख्य अतिथि के रुप में विधानसभा रोहनियां के पूर्व प्रत्याशी रहे सीए प्रमोद सिंह ने विजेता टीम को ट्राफी देकर पुरस्कृत किया। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य शिवशंकर चौबे, डॉक्टर मनीष सिंह व डॉक्टर सौरभ सिंह भी मौजूद रहे। इस दौरान विजेता टीम के कप्तान विवेक सिंह ने कहा कि खेल को खेल की भावना से देखा जाएं क्योंकि किसी भी खेल पैसे के बल पर नहीं जीता जा सकता है। यह मेरे लिए एक चैलेंज था। उक्त अवसर पर गौरव सिंह शिशु, धीरज पांडे, तरुन राय, आशीष सिंह, आकाश, शुभम, हर्ष, शशांक मोनू आदि आयोजकों की टीम मौजूद रही।

# विजेता टीम को केंद्रीय मंत्री ने ट्रॉफी देकर किया सम्मानित

**आयोजन**

## 51 रनों से मनीकठी टीम ने जीता मैच

जनसंदेश न्यूज



विजेता टीम को ट्रॉफी देतीं अनुप्रिया पटेल।

**जिगना।** विकासखंड छानबे निधि नारायण सेवा समिति तरफ से सुक्खू स्टेडियम चितौली में हो रहे क्रिकेट टूनामेंट का फाइनल मैच कर्णावती स्पोटिंग क्रिकेट क्लब बनवारीपुर और एम सी सी क्रिकेट क्लब मनिकठी के बीच खेला गया जिसमें एमसीसी मनीकठी पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवर में 222 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया।

जवाब में उतरी बनवारीपुर की पूरी टीम मात्र 171 रन ही बना सकी। जिसमें 51 रन से मनीकठी टीम विजय घोषित हुई। कार्यक्रम के आयोजक राजेंद्र प्रसाद पाठक ने बताया कि 31 दिसंबर 2022 को मैच शुभारंभ हुआ था जिसमें कुल 32 टीमें भाग लिया था। विजेता टीम को केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने ट्राफी देकर सम्मानित किया। केंद्रीय मंत्री का सभी भाजपा पदाधिकारियों ने अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जय शुक्ला थे। सांसद प्रतिनिधि इंद्रेश बहादुर सिंह, अपना दल राम लौटन बिंद, एमएलसी प्रतिनिधि प्रेम बहादुर सिंह, जय सिंह, उद्योगपति वीरेंद्र तिवारी, मंडल अध्यक्ष सुजीत मोदनवाल, रामू सिंह, राम शिरोमणि मौर्य, रमेश उर्फ सिपूसिंह सुधाकर उपाध्याय, अंकित तिवारी, जय भोला तिवारी, सहित कार्यक्रम आयोजक में संतोष कुमार दुबे, मिंकु पाठक, विनय पाठक, पिंटू पाठक आदि लोग रहे। अंपायर की भूमिका संतोष दुबे और राहुल पाठक ने निभाई।

मैच का आंखों देखा हाल मकोई लाल दीवाना, आशीष मिश्रा एवं आदर्श दुबे ने किया।

# संक्षेप

## सुरक्षित रह कर वाहनों पर करें सवारी : श्रीकांत



**मीरजापुर।** सड़क सुरक्षा माह अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु महिला आरक्षियों की स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जनपद में चल रहे यातायात जागरूकता सम्बन्धित अभियान सड़क सुरक्षा माह को सफल बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा जन-जन तक अभियान चलाकर सुगम एवं सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करने के क्रम में रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्रीकान्त प्रजापति द्वारा पुलिस लाइन मीरजापुर से महिला आरक्षियों की स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखार रवाना किया गया। उक्त यातायात सम्बन्धित जन-जागरूकता अभियान 05 जनवरी 2023 से 04 फरवरी 2023 तक एक माह का मनाया जा रहा है। शीतकाल में सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु छोटे-बड़े सभी प्रकार के वाहनों में रेट्रो रिफ्लेक्टर लगाने तथा वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने व हेलमेट अवश्य धारण करने सहित अन्य सुरक्षा मानको को ध्यान में रखकर यातायात को सुगम व सहज बनाया जा सकता है। यातायात नियमों का पालन करके सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। आम जनमानस से मीरजापुर पुलिस द्वारा अपील की गयी कि यातायात को सुगम एवं सुरक्षित बनाने हेतु यातायात नियमों व सुरक्षा मानकों का पालन करें और सुरक्षित रहें।

## कमलेश सोनकर ने किया फाइनल मैच का शुभारंभ



**मीरजापुर।** आमघाट रेलवे क्रासिंग के पास राजपुर क्रिकेट स्टेडियम आमघाट के मेला मैदान में फाइनल मैच के शुभारंभ में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कमलेश सोनकर एवं प्रधान, बीडीसी, क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे। कमलेश सोनकर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के होनहार खिलाड़ियों को बढ़ावा एवं सम्मान प्रोत्साहन देने का हर संभव प्रयास किया जायेगा। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष आशीष यादव, कोषाध्यक्ष सोहन यादव, सुजीत यादव, विजय यादव, राजन यादव, संदीप यादव, दीपक यादव, अंकित यादव, विशाल यादव अवनीश यादव रोशन यादव, मनोज यादव, अंशु यादव, अमरजीत यादव इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## सैकड़ों गरीबों के बीच किया गया कंबल वितरण



**मीरजापुर।** नगर के घंटाघर के प्रांगण में मकर संक्रांति के पर्व पर आभा फाउंडेशन के तत्वावधान में गरीबों एवं जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह ने गरीबों को कंबल प्रदान कर किया। कार्यक्रम आयोजक के सचिव अमित श्रीनेत ने मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह का बुके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह ने कहा कि आभा फाउंडेशन द्वारा कंबल वितरण का यह कार्यक्रम नर सेवा नारायण सेवा का अप्रतिम उदाहरण है। समाज के आखिरी पायदान पर खड़े हुए व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाना ही सामाजिक संस्थाओं का दायित्व होना चाहिए और यह कार्य आभा फाउंडेशन बखूबी कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन शैलेंद्र अग्रहरी व धन्यवाद ज्ञापित संस्था के सचिव अमित श्रीनेत ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से शिव मुदरा, पवन मालवीय, सुरेश गुप्ता, राजू लारा, हेमंत सिंह, गोविंद निषाद, संतोषी निषाद, शरद कुमार बालाजी, अखिलेश पांडेय सहित संस्था के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## बकरी चोरी के आरोप में एक गिरफ्तार, पांच बकरी बरामद

**मीरजापुर।** थाना अहरौरा, मीरजापुर पर शनिवार को वादी ओमप्रकाश पुत्र दुलारे पाल निवासी लतीफपुर थाना अहरौरा मीरजापुर द्वारा लिखित तहरीर बावत बकरियों की चोरी हो जाने के सम्बन्ध में दी गई थी। जिसके आधार पर थाना अहरौरा पर धारा 379 भादवि में अभियोग पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा उक्त घटना का संज्ञान लेकर थाना प्रभारी अहरौरा को आरोपी की गिरफ्तारी व चोरी हुई बकरियों की बरामदगी के निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में रविवार को उ0नि0 सदानन्द यादव मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी ठेमन मुसलमान पुत्र स्व0 मजीद निवासी डवरी कला थाना बबुरी चन्दौली को गिरफ्तार किया। जिनके निशानदेही से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित चोरी हुई 05 बकरियों की बरामदगी की गई। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

## तीन दिन पहले दवा लेने घर से निकली किशोरी गायब

**राजगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक किशोरी के गायब होने पर परिजनों ने पड़ोसी युवक पर अपहरण का आरोप लगाते हुए थानाध्यक्ष को तहरीर देकर किशोरी को बरामद करने एवं आरोपी युवक पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग किया है। किशोरी दवा लेने के बहाने नदिहार बाजार के लिए घर से निकली थी और देर रात तक घर वापस नहीं पहुंची तो परिजन परेशान हो उठे और उसके खोजबीन के लिए नदिहार बाजार पहुंचे जहां आस पास से लगायत फोन के माध्यम से रिस्तेदारों से भी पूछताछ किया गया लेकिन उसका कुछ अता पता नहीं चल पाया। दूसरे दिन किशोरी के भाई ने अपने पड़ोसियों से भी पूछताछ करने पहुंचा तो पता चला कि उसी दिन से सोनू पुत्र स्व रामधनी कोल भी गायब है। जिसके बारे में उसके परिवार के सदस्यों ने कोई जवाब नहीं दिया। तब थक हार कर किशोरी के परिजनों ने राजगढ़ थाने पर लिखित नामजद तहरीर देकर आरोपी युवक पर अपहरण करने का आरोप लगाया है।

## दो बाइकों की टक्कर में बालिका सहित चार घायल, तीन रेफर

**राजगढ़।** थाना क्षेत्र के बघौडा बाजार के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में आठ वर्षीय बालिका सहित चार लोग घायल हो गए। मड़िहान थाना क्षेत्र के मटिहानी गांव निवासी अनिल कुमार 32 वर्ष तथा रामसकल 56 वर्ष बाइक से राजगढ़ की तरफ जा रहे थे, कि सामने से आ रहा बाइक सवार मंगरदहा गांव निवासी दीपक 23 वर्ष व अनुपमा 8 वर्ष से आमने सामने टक्कर हो गई। जिससे बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि 8 वर्षीय अनुपमा को हल्की छोटे आयी हैं। एंबुलेंस द्वारा सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायगढ़ में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने अनिल कुमार, राम सकल व दीपक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## घायल करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना अहरौरा मीरजापुर पर शनिवार को वादी अनिता देवी पत्नी हरिश्चन्द मौर्या निवासी अहरौरा खासडीह थाना अहरौरा मीरजापुर द्वारा लिखित तहरीर बावत पानी बहने के विवाद को लेकर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर देने के सम्बन्ध में दी गई थी । जिसके आधार पर थाना अहरौरा पर धारा 323/504/506/324/308 भादवि में अभियोग पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। रविवार को उ0नि0 इन्द्रजीत सिंह यादव मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना अहरौरा पर पंजीकृत अभियोग उपरोक्त से सम्बन्धित आरोपी मोहाल पुत्र पन्नर मौर्य गोलू पुत्र मोहाल निवासीगण थाना अहरौराडीह थाना अहरौरा मीरजापुर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा जा रहा है।

## सहभोज कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**जमालपुर।** क्षेत्र के गौरी गांव स्थिति श्री हनुमान मंदिर परिसर में राष्ट्रीय स्वयं संघ खंड जमालपुर की ओर से मकर संक्रांति के पर्व पर सामाजिक समरसता सहभोज एवं तिलवा चूड़ा वितरण का आयोजन रविवार को किया गया। जिला कार्यवाह रामबालक ने कहा कि मकर संक्रांति के पर्व पर सहभोज आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों में समभाव की भावना जागृत करना है। सहभोज में काफी संख्या में लोगों ने एक साथ मिलकर भोजन किया। इस दौरान सह खंड कार्यवाह सत्येंद्र, सुरेश शर्मा, ऋषभ, अभिषेक, अंकित, जयप्रकाश, गौरीशंकर, निशांत सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## आरोग्य मेले का किया गया आयोजन

**जमालपुर।** क्षेत्र के न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देवरीला पर डा.मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में 40 एवं भाईपुर कलां में डा.सत्येंद्र की देखरेख में 33 मरीज एवं छोटा मीरजापुर केंद्र पर डा संजीव गुप्ता के नेतृत्व में 30 मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श देकर दवा का वितरण किया गया। जिसमें बीपी, शूगर, चर्मरोग, उदर रोग, मौसमी जुखाम इत्यादि का इलाज किया गया।

## हिंदू राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है भारत

**मीरजापुर।** नगर के ओलियर घाट मार्ग पर स्वामी विवेकानंद जयन्ती समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर नगर विधायक मुख्य अतिथि पं. रत्नाकर मिश्र ने कहा कि भारत बदल रहा है। महापुरुषों ने जो भारत को लेकर सपना देखा था अब हिंदुस्तान उस दिशा की ओर बढ़ रहा है। आज विश्व भारत की बात को सुनता और मानता है। कार्यक्रम का आयोजन स्वामी विवेकानंद सेवा संस्थान के तत्वावधान में किया गया था। मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने कहा कि हिंदुस्तान की ओर विश्व टकटकी लगाए देख रहा है।

# लक्जरी कार से 20 किलो गांजा बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार

सफलता

### तस्कर उड़ीसा से बलिया ले जा रहे थे गांजे की खेप

जनसंदेश न्यूज

**बभनी।** मादक पदार्थ की तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने शनिवार की शाम वाहन चेकिंग के दौरान डस्टर कार से 20 किलो गांजा बरामद करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। गांजा उड़ीसा से बलिया ले जाया जा रहा था। बताया गया कि पुलिस टीम थाने गेट के सामने वाहन चेकिंग कर रही थी।

उसी दौरान छत्तीसगढ़ की ओर से डस्टर कार आई और पुलिस ने उसे रोका, लेकिन चालक वाहन लेकर भागने लगा। पुलिस ने अपने वाहन से दौड़ा कर उसे पकड़ लिया। पुलिस ने तलाशी के दौरान कार से गांजा के 20 पैकेट बरामद किये। एसएसआई राम सिंहासन शर्मा ने बताया कि कार में तीन लोग सवार थे। पूछताछ के दौरान पकड़े गये आरोपियों ने अपना नाम राज कुमार मिश्र पुत्र ध्रुव कुमार मिश्र, जितेंद्र गोंड पुत्र फागू गोंड तथा मनोहर कुमार पुत्र लाल बिहारी चौहान निवासीगण जमुई थाना सिकंदरपुर, बलिया बताया।

प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार सिंह ने बताया कि गांजा उड़ीसा से लेकर बलिया जा रहे थे। इसकी कीमत लगभग दो लाख रुपए है। उन्होंने बताया कि राज कुमार मिश्र इसके पहले भी कई बार एनडीपीएस एक्ट में जेल जा चुका है। बता दें कि बभनी पुलिस ने बीते एक जनवरी को 51 किलो गांजा के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया था तथा मकर संक्रांति पर्व पर 20 किलो गांजा बरामद किया। पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल भरय यादव, अक्षय यादव, सुमित पाठक, रोहित कुमार शामिल रहे।


पुलिस गिरफ्त में तस्कर व बरामद गांजा

### अज्ञात कारणों से युवक ने लगायी फांसी, मौत

**ओबरा।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत श्रीराम मंदिर प्रांगण से सटी कालोनी में रविवार की तड़के एक युवक ने अज्ञात कारणों से दुपट्टे से पंखे के सहारे फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बताया गया कि श्रीराम मंदिर कालोनी निवासी 18 वर्षीय सूरज पुत्र महेश रात में खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह काफी देर तक जब वह अपने कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजनों ने कमरे में जाकर देखा तो सूरज पंखे से लटका हुआ था। यह देख परिजनों की पैरों तले जमीन खिसक गयी। आनन-फानन में परिजन सूरज को पंखे से उतारकर परियोजना अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक धर्मनाथ सिंह व क्राइम इंस्पेक्टर केदारनाथ मौर्या ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के पश्चात पीएम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। समाचार दिए जाने तक आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका था।

# बिजली कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बने प्रभात पाण्डेय

जनसंदेश न्यूज

**ओबरा।** उत्तर प्रदेश बिजली कर्मचारी संघ शाखा ओबरा की क्षेत्रीय कमेटी का वार्षिक चुनाव रविवार को प्रभात पाण्डेय की अध्यक्षता तथा अजय कुमार सिंह प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष उत्तर प्रदेश बिजली कर्मचारी संघ की देखरेख में संपन्न हुआ। इस दौरान अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी प्रभात कुमार पाण्डेय को दी गयी।

वही कार्यवाहक अध्यक्ष प्रदीप कुमार कनौजिया को चुना गया। उपाध्यक्ष पद पर दुर्गा मिश्रा, अजीत साहू, रामानंद सिंह, मधुकांत यादव का चयन किया गया। सचिव के पद पर योगेंद्र प्रसाद तथा अतिरिक्त सचिव रोहित बिंद बने। उपसचिव चंद्रकांत, बीवी बनर्जी, राजकुमार पाठक, पशुपति नाथ विश्वकर्मा बने। संगठन सचिव सुमित कुमार गौड़, ऋषि यादव, आनंद कुमार सिंह, मोहन लाल व प्रचार सचिव लल्लन प्रसाद गुप्ता, सियाराम, धर्मवीर यादव, शिवम कुमार सिंह को चुना गया। कोषाध्यक्ष सोभनाथ गुप्ता तथा कार्यालय सचिव के पद पर राजू सिंह का चयन हुआ। चयनित सभी पदाधिकारियों द्वारा संगठन के प्रति पूरी निष्ठा से कार्य करने, प्रदेश हित में अत्यधिक विद्युत उत्पादन करने व समस्याओं पर एकजुटता के साथ पूरी क्षमता से लड़ाई लड़ने की बात कही गयी।


माला पहने नवनिर्वाचित पदाधिकारी

# मकर संक्रांति पर तिल, गुड़ व चावल का किया गया दान

पर्व

### दर्जनों स्थानों पर लगे मेले, कंबल वितरण का आयोजन, खिलाई खिचड़ी

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र/ओबरा।** सोनांचल में मकर संक्रांति का पर्व इस वर्ष दो दिन मनाया गया। कुछ लोगों ने शनिवार को मना लिया तो वहीं कुछ लोगों ने रविवार को मनाया। मकर संक्रांति पर तमाम स्थानों पर मेले लगे व खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया तो वहीं आयोजित दंगल में पहलवानों ने दांव आजमाया। कंबल वितरण व भव्य भंडारे का आयोजन किया गया।

मकर संक्राति का पर्व इस वर्ष दो दिन मनाया गया हलांकि शनिवार की रात सूर्य मकर राशि में प्रवेश किए इसके चलते अधिकांश लोगों ने रविवार को संक्रांति का पर्व मनाया। सुबह पवित्र सरोवरों में स्नान करने के उपरांत मंदिरों में पूजन-अर्चन कर ब्राह्मणों को चावल व तिल का दान किया और चूड़ा दही व गुड़ का भोग लगाया। रावर्ट्सगंज स्थिति विरेश्वर महादेव मंदिर, पंचमुखी, शोमनाथ मंदिर, बरैला महादवे, गौरीशंकर, कंडाकोट व गुप्तकाशी शिवद्वार में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। लगे मेले में लोगों ने गृहस्थी का सामान व बच्चों के लिए खिलौने खरीदे। गुड़हिया जलेबी का स्वाद चखा। बच्चों ने पतंगबाजी का लुफ्त उठाया तो वहीं पहलवानों ने दंगल में दांव आजमाए। उधर परंपरा के अनुसार लकड़ियों के मायके से खिचड़ी भेजी गई।

### ब्राह्मण समाज ने जरूरतमन्दों को कराया भोजन बांटा कम्बल

**ओबरा।** मकर संक्रांति के अवसर पर रविवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के सौजन्य से ब्राह्मण समाज स्थित कार्यालय पर जरूरतमन्दों को भोजन, लाई चूड़ा व कम्बल वितरण का कार्यक्रम किया गया। इसका शुभारम्भ भगवान परशुराम के चित्र पर संयुक्त रुप से पूजन, वंदन व आरती के साथ किया गया। अध्यक्षता कर रहे अध्यक्ष नन्दलाल पाण्डेय ने कहा कि दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आये जरूरतमन्दों को भोजन वितरण किया गया, साथ ही ठंड से बचाव हेतु जरूरतमन्दों को कम्बल वितरण कर उन्हें राहत पहुंचाने का कार्य किया गया। इस मौके पर संरक्षक महेन्द्र पाण्डेय, प्रभात पाण्डेय, देवानंद मिश्र, डॉ जीएन पाठक, राजीव दूबे, पुष्प राज पाण्डेय, प्रमोद त्रिपाठी, नरेंद्र नाथ त्रिपाठी, नरसिंह त्रिपाठी, रामनाथ त्रिपाठी, अनिल तिवारी, डॉ एके पाण्डेय, सुशील पाण्डेय, सुमन तिवारी, कृष्ण मोहन तिवारी, मनोज दूबे, दिनेश पाठक, आलोक मिश्रा, अंकित पाण्डेय उपस्थित रहे।

## राज्यमंत्री के हाथों कंबल पाकर खिले गरीबों के चेहरे


बाड़ी शिव मंदिर पर कंबल वितरित करते राज्यमंत्री व चोपन ब्लॉक प्रमुख

**डाला।** राज्यमंत्री संजीव सिंह गोंड़ व चोपन ब्लाक प्रमुख लीला सिंह गोंड़ द्वारा प्रत्येक वर्षों की भांति मकर संक्रांति के अवसर पर रविवार को बिल्ली मारकुंडी के बाड़ी स्थित शिव मंदिर पर सैकड़ों आदिवासी, निर्धन, जरुरतमंदों को कंबल वितरण किया। इसके बाद सभी लोगों को खिचड़ी खिलाया गया। राज्यमंत्री व उनकी पत्नी ने कतार में बैठे गरीबों को खिचड़ी खिलाया।

राज्यमंत्री ने कहा कि मकर संक्रांति पर दान देने की प्रथा है। गरीबों, असहाय व्यक्तियों की सेवा करना ही सबसे बड़ा पुनीत कार्य होता है। ऐसे लोगों की मदद करना साक्षात ईश्वर की पूजा करने के समान है। कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा निरंतर गरीबों के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। गरीब और असहाय लोगों की सहायता करना सबसे बड़ा पुण्य है। चोपन ब्लाक प्रमुख ने बताया कि मकर संक्रांति पर दान सबको करना चाहिए। इस मौके पर रामसुंदर निषाद, सुनील सिंह, वसीम खान, प्रभाकर, संदीप मिश्रा, अजय, टाटा चौधरी, बबलू निषाद, मंगरु गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## किशोरी देवी मेमोरियल वेलफेयर ने ग्रामीणों में बांटे कंबल


महिला को कंबल देती अतिथि

**रेणुकूट।** मकर संक्रांति के अवसर पर स्वयंसेवी संस्था किशोरी देवी मेमोरियल वेलफेयर संस्था द्वारा म्योरपुर विकासखंड के खंता व परनी गांव के बुजुर्ग निराश्रित एवं गरीब सैकड़ों ग्रामीणों में कंबल व मिठाई वितरित किया गया। कंबल में मिठाई पाकर ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। संस्था की अध्यक्ष ज्योति राय ने कहा कि हमारे समाज में मकर संक्रांति पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। सभी लोग अपने सामर्थ्य के अनुसार इस त्योहार में बने खिचड़ी और मीठे पकवान को एक दूसरे के साथ बांटकर पर्व मनाते हैं। संस्था ने परंपरा से हटकर ऐसे गरीब और निराश्रित लोगों के बीच आकर पर्व की खुशी को साझा किया। कंपकपाती ठंड और त्योहार को ध्यान में रखते हुए हमने चिन्हित कर गरीब बुजुर्ग, निराश्रित ग्रामीणों में कंबल व गर्म कपड़ों के साथ मिठाइयां बांटी। सचिव रिपुंजय राय ने कहा कि संस्था सुदूर इलाके में जाकर गरीब और निराश्रित ग्रामीणों की सेवा करने में जुटी है। शिक्षा चिकित्सा और सामाजिक उत्थान हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य है। इस मौके पर कमला ठाकुर, आरती ठाकुर, अनीता पांडेय, पूजा राय, प्रमोद ठाकुर, उमाशंकर समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## मकर संक्रांति मेले में खूब हुई पतंगबाजी


दुद्धी में कनहर नदी की रेती पर पतंगबाजी करता बच्चा

**दुद्धी।** कनहर नदी तट पर मकर संक्रांति के मेले में लोगों की खूब भीड़ उमड़ी। मेले में चाट, पकौड़े, पेस्ट्री और आइसक्रीम का जमकर लुफ्त उठाया। मेले में रंग बिरंगे खिलौने के दुकान बच्चों को खूब लुभा रही थी। इस दौरान बच्चों ने खूब पतंग उड़ाया और ही देखते समूचा आसमान रंग बिरंगे पतंगों से सराबोर हो गया। सर्वप्रथम सुबह लोगों ने ठेमा व कनहर नदी संगम तट पर आस्था की डुबकी लगाई फिर सूर्य भगवान को नमन, चावल, उर्द की दाल व तिल दान किया। कनहर नदी तट पर लगने वाले ऐहतहासिक मेले में झारखण्ड ,छत्तीसगढ़ के साथ यूपी के हजारों लोग उमड़े। उधर विंढमगंज एसओ मनोज ठाकुर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर मेला परिसर में मय फोर्स डटे रहे।

## वस्त्र व भोजन दान करना पुनीत कार्य



कंबल वितरण समारोह को संबोधित करते जअपा नेता भागीरथी मौर्य

**सोनभद्र।** मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में रविवार को जन अधिकार पार्टी के वाराणसी मंडल प्रभारी सुमंत सिंह मौर्य की अगुवाई में व सेवानिवृत्त अपर पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जनपद के चतरा ब्लाक अंतर्गत ग्राम अइलकर में 200 निराश्रित एवं असहायों में कंबल वितरण कर भोजन कराया गया। मुख्य अतिथि पार्टी के संभाग प्रभारी रीवा भागीरथी सिंह मौर्य ने कहा कि गरीबों को मकर संक्रांति पर वस्त्र दान एवं भोजन दान करना पुनीत कार्य है, यह परंपरा सदियों पुरानी है। सुमन्त सिंह मौर्य ने कहा कि पार्टी आमजनमानस के सरोकारों से जुड़ी हुई है, इसीलिए पार्टी का मुख्य नारा है जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी जीवन के प्रत्येक क्षेत्रों में उतनी हिस्सेदारी लागू होनी चाहिए। जिसकी लड़ाई बाबू सिंह कुशवाहा लड़ रहे हैं। यदि समाज के अंतिम व्यक्ति के होठों पर मुस्कान देखना है तो जीवन के प्रत्येक क्षेत्रों में संख्या के अनुपात में हिस्सेदारी सुनिश्चित करनी पड़ेगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष आदित्य मौर्य, अनुरुद्ध सिंह, अनिल सिंह मौर्य, अनीता मौर्य, कमलेश सिंह, चंद्रावती, दौलतिया, रामदुलारी, शंकर साहू, रामप्यारे केशरी, मैरून, गेंदरी, रामा वियार, धनराजी, हरखू शाह, जमुना, वासुदेव, नूर मोहम्मद, रमजान, बीरबल दुसाद, अली हुसैन, नटरु पटेल, संजीव पटेल, विशाल पटेल, शंभू पटेल, कलावती विश्वकर्मा, प्रभावती प्रजापति समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

संक्षेप

### पेड़ से लटकता मिला अधेड़ का शव

**विंढमगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत झारखंड बॉर्डर स्थित ग्राम पंचायत छतरपुर पंचायत निवासी रामविलास चेरो 50 पुत्र झरी चेरो ने रविवार को घर से लगभग 200 मीटर दूर पेड़ में गमछे के सहारे फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कराने के पश्चात पीएम के लिए दुद्धी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। मृतक के पुत्र संतोष कुमार व अशोक कुमार ने बताया कि मकर संक्रांति का मेला घूमने घर के सारे सदस्य गए थे। मेला घूम कर जब देर शाम वापस घर लौटे तो देखा कि पेड़ से पिता गमछे के सहारे फांसी लगाकर लटके हुए थे। आनन-फानन में हम लोगों ने अपने पिता को फांसी के फंदे से नीचे उतारा लेकिन तब तक उनके प्राण पखेरू उड़ चुके थे। सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह ने प्रधान गरीबा पाल की मौजूदगी में शव कब्जे में लेकर पंचनामा कराने के पश्चात पीएम के लिए दुद्धी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया।

### गुमशुदा किशोरी परिजनों को किया सुपुर्द

**शक्तिनगर।** थाना क्षेत्र के चिल्कटांड बस्ती निवासी मुन्ना तिवारी द्वारा थाने पर तहरीर दी गयी कि उसकी 16 वर्षीय लड़की बिना बताये घर से कही चली गयी है। काफी खोजबीन करने पर भी उसका कोई पता नहीं चल सका है। तहरीर के आधार पर पुलिस अभियोग पंजीकृत कर खोजबीन शुरु कर दी। इस क्रम में पुलिस ने रविवार को मुखबिर की सूचना पर बैढ़न, सिंगरौली से उक्त गुमशुदा किशोरी को बरामद कर सकुशल परिजनों को सुपुर्द कर दिया। किशोरी को सकुशल वापस पाकर परिजनों ने पुलिस टीम को धन्यवाद दिया। पुलिस टीम में राजेश कुमार यादव, त्रिभुवन चन्द्र, किरन यादव शामिल रहे।

### भारी वाहनों के आवागमन से जाम में फंसे रहे लोग

**दुद्धी।** मकर संक्रांति का मेला घूमने आने-जाने वाले लोगों को घण्टों जाम की फजीहत झेलनी पड़ी। लोगों को कनहर नदी तट से कनहेश्वर मंदिर की 10 मिनट की दूरी दो से तीन घण्टे में तय करनी पड़ी। जिससे लोगों ने प्रशासन को जमकर कोसा और इसे प्रशासन का मिस मैनेजमेंट बताया।

### सम्मेलन की सफलता को शिक्षकों ने बनायी रणनीति

**सोनभद्र।** आदर्श समायोजित शिक्षक/शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक रामलीला मैदान में रविवार को अजीत सिंह की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान 20 फरवरी को लखनऊ के रमाबाई पार्क में होने वाले सम्मेलन के सम्बंध में जिले एवं ब्लाक के पदाधिकारियों ने एक स्वर में कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए रणनीति बनाकर लखनऊ चलने के लिए संकल्प लिया। प्राथमिक विद्यालय भटौलिया के सहायक अध्यापक सुरेश कुमार मौर्य को जिला संरक्षक के पद पर सर्व सम्मति से मनोनित किया गया। वहीं नीरज सिंह को चतरा ब्लाक का अध्यक्ष मनोनित किया गया। जिलाध्यक्ष वकील अहमद खान ने कहा कि रैली में जिले से सभी शिक्षामित्र पहुंचेंगे। अरविन्द सिंह ने कहा कि रैली ऐतिहासिक रहेगी। इस मौके पर सुषमा झा, हीरामणि विश्वकर्मा, रविन्द्र नारायण पाण्डेय, रामरक्षा, उमाशंकर विश्वकर्मा, नीरज सिंह, चंद्रभान, सरिता मौर्या, सुरेंद्र त्रिपाठी, संदीप सिंह, रामविलास, राजेश चौबे, अशोक पटेल, भोला नाथ जायसवाल, कल्पनाथ, मेवालाल, कमलेश कुमार, रामकृति, मो. इमरान अली, मन्नू लाल, सुरेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

## अग्रसेन परिवार ने गोशाला में दान किया चारा


गोशाला में सामग्री देते अग्रसेन समाज के लोग

**सोनभद्र।** अग्रसेन परिवार द्वारा चलाए जा रहे गौ सेवा अभियान के तहत रविवार को मकर संक्रांति के अवसर पर नगर स्थित गौशाला में पशुआहर, गुड़, चोकर, दाल सहित अन्य वस्तुओं का दान किया गया। इस अवसर पर अग्रसेन परिवार के संयोजक धर्मराज जैन ने कहा कि हिंदू धर्म में गाय को माता कहा गया है।

गाय का महत्व विज्ञान ने भी माना है और वैज्ञानिकों ने भी गाय के दूध को अमृत तुल्य माना है। राज कुमार अग्रवाल एवं रोशनी अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि गौ सेवा नारायण सेवा के समान है। सनातन धर्म में गौ को माता का दर्जा दिया गया है। चित्रा जालान ने कहा कि गौ सेवा करने से पुण्य की प्राप्ति होती है तथा गौ माता के स्पर्श मात्र से संकटों का निवारण होता है। इसलिए समाज के हर व्यक्ति को गौ माता की सेवा करनी चाहिए। कार्यक्रम में आशीष अग्रवाल, अमित जैन, पंकज कनोडिया, शैलू अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, रोशनी अग्रवाल, ज्योति मित्तल, उषा जैन, मनीषा अग्रवाल, अंजू सांवरिया, संजय समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

# मायावती को पीएम बनाने का बसपाइयों ने लिया संकल्प

जनसंदेश न्यूज

जन्म दिवस

### बसपा कार्यालय पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया पूर्व सीएम का जन्मदिन

**सोनभद्र।** बसपा पार्टी कार्यालय रावट्र्सगंज में पार्टी सुप्रीमो मायावती का 67वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान केक काट गया और बहन मायावती को देश का अगला प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लेते हुए उनके दिर्घायु की कामना की गई। अपने नेता के जन्मदिन को खास तरीके से मनाने के लिए कई गाने लेकर आई है. बताया जा रहा है।

इनमें कुछ गाने मशहूर संगीतकार कैलाश खेर ने गाए हैं. रविवार को प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में यह गाना रिलीज हुआ। बताया जा रहा है कि पिछले दो साल से कोरोना संकट की वजह से पार्टी और कार्यकताओं ने बीएसपी सुप्रीमो का जन्मदिन सादगी के साथ मनाया. इस बार प्रदेश के सभी जिलों में न सिर्फ उत्साह के साथ जन्मदिन मनाया जाएगा बल्कि इस दौरान उनके सीएम रहते हुए प्रदेश में चलाई गई योजनाओं की जानकारी भी लोगों को दी गई। 2024 में लोकसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी जन्मदिन के आयोजन के जरिए लोगों तक पहुंचना चाहती है। कैलाश खेर द्वारा पेश किए गए गाने में मायावती को जननेता और आयरनलेडी के रूप में पेश किया गया है. इसके अलावा मायावती के जीवन संघर्षों को भी इस गाने के माध्यम से लोगों को बताया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुड्डू राम चमार मंडल प्रभारी ने कार्यकर्ताओं से संगठन की नीतियों को आमजन तक पहुंचाने की अपील किया कहा कि हमें बहन जी को देश का अगला प्रधानमंत्री बनाना है। कहा कि बहन जी प्रदेश की सीएम थी तो कानून का राज था।

इस समय कानून व्यवस्था ध्वस्त है। गरीबों व मजलूमों को दबाया जा रहा है। प्रदेश का विकास ठप पड़ा है। बसपा शासन में प्रदेश का चहुमुखी विकास हुआ था। प्रदेश के साथ ही एनडीए सरकार ने देश को बदहाल कर दिया है जाति, धर्म के नाम पर लोगों को लड़ाया जा रहा है जबकि देश की प्रमुख समस्या महंगाई और बेरोजगारी पर बात नहीं हो रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सासंद नरेन्द्र कुशवाहा ने किया। इस मौके पर पन्नालाल मंडल प्रभारी मिजार्पुर, पूर्व विधायक सत्य नारायण जैसल, निशांत कुशवाहा, राम विचार गौतम, इन्द्रदेव सिंह, जिला उपाध्यक्ष अविनाश शुक्ला, हीरालाल सायन, मोहन कुशवाहा, आशीष मिश्रा, बलवंत रंगीला,अमन मौर्य पटेल, पवन प्रधान, वीरेंद्र प्रधान, कमलेश गोड़, अमन मौर्या, विक्रम पटेल, देवीशरण भारती, भगवान दास भारती, कलंदर जायसवाल, रमेश पाल, विजय भास्कर, ममता किन्नर, सरिता किन्नर, डा. ओपी मौर्या समेत सैकड़ों की सख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष बी सागर ने किया।


समारोह को संबोधित करते मुख्य अतिथि

# आस्था - उत्साह संग मना मकर संक्रांति पर्व


नगर में पतंग की दुकानों पर लगी भीड़

**डीडीयू नगर।** मकर संक्रांति का पर्व रविवार को आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। लोगों ने स्नान ध्यान के बाद तिल का दान किया। चूड़ा दही और खिचड़ी का सेवन करने के बाद पतंगबाजी का आनंद उठाया। मौसम ने भी लोगों का भरपूर साथ दिया। ठंडी हवाओं के थपेड़े ने लोगों को स्नान के दौरान कंपकंपाया तो सूर्य की ताप ने लोगों को सहारा दिया। गंगा घाटों पर सुबह से दोपहर बाद तक स्नानार्थियों का हुजुम रहा। सूर्य के धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करने और सूर्य के उत्तरायण होने का पर्व मकर संक्रांति की तैयारियों में लोग पहले से जुटे थे। सूर्य के राशि परिवर्तन के समय के संशय के कारण शनिवार को भी लोगों ने स्नान ध्यान और दान किया था।

रविवार की सुबह बड़े पैमाने पर लोग स्नान के लिए गंगा घाटों पर पहुंचे। यहां स्नान ध्यान के बाद मंदिरों पर पहुंच कर देवी देवताओं के दर्शन पूजन किए। रविवार को ठंड से कुछ राहत रही और सुबह से ही धूप खिल गई लेकिन ठंडी हवाओं के सितम ने लोगों को परेशान किया। बावजूद इसके ठंड पर आस्था भारी पड़ी। स्नान ध्यान के बाद तिल, चावल, दाल आदि का दान किया। इसके बाद घर पर पहुंच कर नए चावल का चूड़ा, गुड़, तिलकुट आदि का सेवन किया। वहीं घरों में खिचड़ी बनाकर इसका भी सेवन किया गया। इसके बाद बच्चे, युवा, बुजुर्ग घर की छतों पर और मैदानों में पतंग, परेता, रेशम लेकर पहुंच गए और पतंगबाजी का खूब आनंद उठाया। हवाओं ने पतंगबाजी करनेवालों के हौसलों को बढ़ाया। लोगों ने खूब पेंच लड़ाए। पूरा आसमान दिन भर रंग बिरंगे पतंगों से पटा रहा और भक्काटे का शोर गूंजता रहा। नगर के आरपीएफ कॉलोनी, गया कॉलोनी, शास्त्री कॉलोनी, यूरोपयिन कॉलोनी, रोजा कॉलोनी, मानस नगर, डीजल कॉलोनी के साथ नगर के शाहकुटी, चतुर्भुजपुर, नई बस्ती, अलीनगर, काली महाल, कैथापुर, परशुरामपुर में खूब पतंगबाजी हुई।

## संभ्रांत नागरिकों ने शरद यादव को दी श्रद्धांजलि

**चंदौली।** संभ्रांत नागरिकों का बैठक रविवार को मुख्यालय स्थित कम कार्यालय पर हुई। इसमें मंडल कमीशन के मसीहा शरद यादव के निधन पर सभी कार्यकताओं ने 2 मिनट का मौन रख गत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान सेवानिवृत्त जिला भूमि संरक्षण अधिकारी रामकेश सिंह यादव ने कहा कि शरद यादव ने राजनीतिक क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाई थी। जीवन पर्यंत उन्होंने गरीबों सोच तो मजदूरों के लिए आवाज बनकर सदन से लेकर सड़क तक संघर्ष करते रहे। आज उनके निधन से हम सभी दुखी हैं। किसान नेता सियाराम चौहान ने कहा कि मंडल के मसीहा शरद यादव को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। गरीबों और शोषित के आवाज बन कर गुजरने वाले आज खामोश है उनके निधन से हम सभी को अपूरणीय क्षति हुई। इस दौरान शेष बदन सिंह, कैलाश यादव, चंद्रशेखर, बेचू प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

# मकर संक्रांति पर श्रद्धालुओं ने लगायी आस्था की डुबकी


बलुआ घाट स्नान करते श्रद्धालु

**चहनियां।** बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर मकर संक्रांति के पर्व पर दूसरे दिन रविवार को सैकड़ो श्रृद्धालुओ ने आस्था की डुबकी लगायी। सुबह से ही स्नान दान का सिलसिला शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर स्नान कर मंदिरों में पूजा-अर्चना के बाद गरीबो को अन्न,वस्त्र,द्रव्य का दान कर पुण्य अर्जित किया । स्नार्थियो की सुरक्षा को लेकर घाट पर पुलिस फोर्स तैनात रही। मकर संक्रांति का पर्व हर वर्ष 14 जनवरी को मनाया जाता था। किंतु विगत तीन वर्ष से तिथियों के उलझन में लोग दो दिन मकर सक्रांति का पर्व मना रहे है। पुरोहितों व पंचांगों के अनुसार इस बार सूर्य धनु राशि से मकर राशि में 14 जनवरी की रात 08:21 मिनट पर प्रवेश किया।

इस परंपरा को निभाते हुए रविवार को भी बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर क्षेत्रीय व दूर दराज से श्रृद्धालु पश्चिम वाहिनीं गंगा नदी तट पर पहुंचकर आस्था की डुबकी लगायी । वही सैकड़ो लोग शनिवार को भी स्नान दान किये थे। क्षेत्र के महड़ौरा, कांवर, विशापुर, सराय, महुअर, सोनबरसा, टांडा कला, तिरगावा हसनपुर, बड़गांवा,नादी निधौरा, सहेपुर आदि गंगा तट पर आस्थावानो ने डुबकी लगाई। भीड़ को देखते हुए बलुआ इंस्पेक्टर विनय प्रकाश सिंह मय फोर्स,प्राइवेट गोताखोर व गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक जायसवाल के नेतृत्व में समिति के दर्जनों लोगों द्वारा घाट पर सुरक्षा ब्यवस्था में तैनात रहे।

वहीं स्थानीय कस्बा स्थित चहनिया, बलुआ, रामगढ़, मोहरगंज, मथेला, पपौरा, मारूफपुर, टांडाकला, रमौली, मजिदहा आदि बाजारों व चट्टी चौराहों पर तिलकुट, लाई, चूड़ा, गुड़, मटर आदि की खरीदारी के लिए भीड़ लगी रही।

## संक्षेप

### अग्नि पीड़ित परिवार को बंधाया ढांढस


पीड़ित परीजनों से मिलते अरविंद कुमार

**कन्दवा।** बहेरा गांव में बीते दिनों आग लगी की घटना में बंशराज बिंद व राम बिंद की दो झोपड़ीयां जल गयी थी। जिसका रविवार को हाल जानने निषाद पार्टी के जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार बिंद पहुंचे। और पीड़ित परिजन को ढांढस बधाया। तथा हर संभवत मदद का आश्वासन दिया। बहेरा गांव में 10 जनवरी की रात अज्ञात कारणों से आग लगने से बंशराज बिंद व रामू बिंद के घर में लग गायी। आग से दो झोपड़ी जल कर खाक हो गयी। जिसमें बंशराज बिंद 12000 हजार नगदी सहित सोना की अंगूठी, चाँदी की पायल, साइकिल, मोबाइल फोन, रजाई -कंबल घर गृहस्थी का सामान जल गया वहीं बंशराज बिंद की पुत्र रामू बिंद का पाँच हजार नगदी सहित सोना का मंगलसूत्र, चाँदी की पायल, एक मोबाइल फोन सहित घर गृहस्थी का समान जल गया। आग ग्रामीणों के अथक प्रयास से बुझाई गयी परिवार खुले आसमान के नीचे आ गया हैं। इस मौके पर निषाद पार्टी के क्षत्रिय प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष चन्दन सिंह,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शिवकुमारी, निषाद जी,तारकेश्वर प्रसाद,नन्दलाल बिंद आदि उपस्थित रहे।

### गरीबों में बाटा कंबल

**चंदौली।** उद्योग व्यापार संगठन नगर इकाई की ओर से रविवार को कमला नगर स्थित वृद्धा आश्रम में कंबल वितरण का आयोजन किया गया। जिसमे लोगो ने बुजुर्गों को कंबल प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि ठंड के मौसम में वृद्धजनों व जरूरतमंद लोगों की सहायता करना पुलिस कार्य है। उद्योग व्यापार संगठन के सदस्य समय-समय पर सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करें उद्योग व्यापार संगठन व्यापारियों की समस्याओं को लेकर संघर्षरत रहता है। साथ ही समय-समय पर सामाजिक कार्यों में व्यापारियों के सहयोग से अपना योगदान देता है। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने में सभी व्यापारियों को एकजुट होने की आवश्यकता है। इस अवसर पर विवेक अग्रहरि बसंत अग्रहरि सर्वेश सेठ दिलीप केसरी राजेश माली अंकित कश्यप गणेश अग्रहरी उपस्थित रहे।

### मोबाइल चोर गिरफ्तार

**कंदवा।** पुलिस ने बरहनी नौबतपुर मार्ग पर रविवार को चोरी के चार मोबाइल के साथ एक चोर को गिरफ्तार किया। सभी मोबाइल फोन अलग- अलग घरों से चोरी हुए थे। पूछताछ के बाद आरोपी को संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया गया। कंदवा थानाध्यक्ष शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बरहनी नौबतपुर मार्ग से एक चोर को पकड़ा गया। उसके पास से चार मोबाइल फोन बरामद हुए। पकड़ा गया आरोपी अमित सिंह बरहनी गांव का निवासी है। पुलिस ने उसे कागजी कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया।

### पुलिस ने चाइनीज मांझे के खिलाफ चलाया अभियान


कस्बा में पतंग की दुकान पर चाइनीज मंजे की जांच पुलिस

**सकलडीहा।** कस्बा में मकर सक्रांति के दूसरे दिन दर्जनो पतंग की छोटी बड़ी दुकान सजायी गयी थी। जहां चाइनीज मंजा बेचा जा रहा था। जनकारी के अनुसार आंये दिन चायनीज मंझे से हो रही छोटी छोटी घटनाओं को देलहते हुये दरोगा शिवमणि त्रिपाठी के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस जांच अभियान चलाया गया। वही कस्बे सहित सघन तिराहा व अन्य कस्बे के छोटी छोटी गाँव मे पहुच कर सभी दुकानदारों को हिदायत देते हुए मंजे की बिक्री पर रोक लगाया गया।

# चाइनीज मांझे से कटी युवक का गर्दन व हाथ, हालत गम्भीर

जनसंदेश न्यूज


निजी चिकित्सालय में इलाज कराता पीड़ित गोबिन्द

**चंदौली।** चाइनीज मांझे को लेकर सरकार की तरफ से तमाम सख्ती के बावजूद लोग हादसे का शिकार हो रहे है। सदर कोतवाली क्षेत्र के बिछिया गाँव के समीप नेशनल हाईवे पर चाइनीज मांझा की चपेट में आने से एक 32 वर्षीय युवक का गला व हाथ बुरी तरह कट गया। घटना में युवक बाइक से गिरकर सड़क पर छटपटाने लगा और लहूलुहान हो गया. मौके पर जुटे आस पास ग्रामीणों ने तत्काल युवक को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया. जहा उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। बताते है कि वाराणसी जिले के इमिलिया घाट फुलवरिया निवासी गोविंद कुमार 32 वर्ष अपने मामा के लड़के संदीप के साथ सैयदराजा अपने बहन के घर जा रहा था. जैसे ही दोनों बिछिया गांव के समीप पहुचे की अचानक चाइनीज मांझा गोविंद के गले मे लिपट गया. इससे उसका गला बुरी तरह कट गया. वही गोविंद ने फसे मंझे को छुड़ाने का प्रयास किया तो उसके हाथ की अंगुलिया भी बुरी तरह कट गई।

घटना में गोबिंद सडक पर गिरकर लहूलुहान हो गया. वही संदीप को मामूली चोटे आयी. घटनास्थल पर जुटे आस पास के ग्रामीणों ने तत्काल दोनो को एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया. जहा गोविंद की हालत गंभीर बनी हुई है। घायल युवक के पिता मोती चंद ने बताया कि गोविंद का गला बुरी तरफ काटकर लटकर गया था। ग्रामीणों द्वारा समय से अस्पताल नही पहुचाया जाता तो किसी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता था। कहा कि हम लोग मजदूरी कर के अपना भरण पोषण करते है. सरकार से सहायता राशि की भी मांग की. बताया कि घटना के संबंध में पुलिस को सूचना दे दी गई है। घटना की जानकारी के बाद कोतवाल राजीव कुमार सिंह भी निजी अस्पताल पहुंच घायल युवक के परिजनों से घटना के संबंध में जानकारी ली। बताया कि चाइनीज मांझा बेचने वाले दुकानों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। हालांकि पुलिस टीम गश्त करके पतंगबाजों को चाइनीज माझे का प्रयोग नहीं करने के लिए जागरूक कर रही हैं।

## 24 जनवरी को मनाई जाएगी कर्पूरी ठाकुर की जयंती

**चंदौली।** सदर कचहरी परिसर में रविवार को संभ्रांत नागरिकों की बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान 24 जनवरी को जननायक कपुर्री ठाकुर की जयंती धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि कपूर्री ठाकुर समाजवादी आंदोलन का स्तंभ थे। साथ ही जीवन पर्यंत वंचितों, दलितों एवं गरीबों के लिए संघर्ष करते रहेस वह दो बार बिहार के मुख्यमंत्री रहने के बावजूद अपना कोई निजी मकान तक नहीं बना पाए स वे ईमानदारी की प्रतिमूर्ति थे स वक्ताओं ने उन्हें भारत रत्न देने के साथ-साथ उनकी जीवनी को पाठ्य पुस्तकों में शामिल करने और पिछड़े वर्ग के आरक्षण लागू कर उसमें कपूर्री ठाकुर फामूर्ला लागू करने की मांग किया। बैठक में इंद्रजीत शर्मा, हरवंश सिंह, महेंद्र प्रसाद एडवोकेट, शमीम मिल्की, घनश्याम प्रसाद शर्मा एड., रामभोग शर्मा, संकठा गिरी, चंद्रशेखर शर्मा, सियाराम चौहान, राकेश शर्मा, मदन मोहन, प्रेमनाथ शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकार में विद्यालय का हो रहा कायाकल्प


शिक्षकों संग बैठक करते विधायक रमेश जायसवाल

**डीडीयू नगर।** जनप्रतिनिधि व शिक्षक संवाद का आयोजन रविवार को जायसवाल स्कूल के पास राजकुमार जायसवाल के आवास पर संपन्न हुआ । बैठक में एक दूसरे को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी दी गई। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक रमेश जायसवाल ने कहा कि अध्यापक गणों के मान सम्मान और उनके हर तरह की मदद के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। विधायक ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की मनसा रही है। कि जरूरतमंद व गरीब परिवार के बच्चों को उचित शिक्षा मिले इसके लिए कायाकल्प के माध्यम से सभी प्राथमिक विद्यालयों का जीर्णोद्धार उसमें टेबल कुर्सी स्मार्ट क्लास की व्यवस्था की जा रही है। इन सभी चीजों में सुधार के साथ अपेक्षा की गई थी अब शिक्षक थोड़ा और मनोयोग से बच्चों के अंदर अपने पन के भाव के साथ उन बच्चों के व्यक्तित्व के विकास में और सहयोग करें ताकि राष्ट्र का उत्थान हो सके इस अवसर पर शिक्षक हिमांशु तिवारी, राजकुमार जायसवाल, शेषधर तिवारी ,संतोष कुमार, सुनील उपाध्याय, श्रीकांत खरवार, विनोद यादव, नरेंद्र राम आदि शिक्षक उपस्थित थे।

# पैमाइश करने गये लेखपालों संग बदसलूकी पर केस दर्ज

**शहाबगंज।** थाना क्षेत्र के बड़गांवा गांव में शनिवार को बंजर जमीन की पैमाईश करने गये लेखपालों के साथ गांव के ही दबंग व्यक्ति द्वारा गाली गलौज, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के साथ ही एक लेखपाल को धक्का देने से नाराज लेखपालों ने थाने पर जाकर मुकदमा दर्ज कराया। वहीं पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अगली कार्यवाही में जूट गयी। गांव के अलाउद्दीन सिद्दकी ने राज्यपाल को शिकायती प्रार्थना पत्र आनलाइन दिया था कि सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर लिया गया है।

प्रार्थना पत्र के आधार पर शनिवार को समाधान दिवस पर आये लेखपाल शाम के समय उपजिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व लेखपाल तौफीक अहमद अपने साथी लेखपाल व कानूनगो को लेकर सरकारी जमीन की पैमाईश करने गांव में पहुंच गये। जमीन की पैमाईश चल ही रहा था कि शिकायतकर्ता अलाउद्दीन का पुत्र फिरोज अहमद सिद्दकी मौके पर जाकर विरोध करने लगा और गाली गलौज के साथ जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि तुम यहां से भाग जाओ नहीं तो तूम्हे जान से मार दूंगा। और जंजीर लेकर नापी कर रहे लेखपाल दीपक गौंड को धक्का देकर गिरा दिया। घटना पर आक्रोशित लेखपालों ने पुलिस व एसडीएम चकिया को सूचना दिया। पुलिस के आने से पहले ही आरोपी फरार हो गया। वहीं उपजिलाधिकारी ज्वाला प्रशाद ने भी मौका पर पहुंच कर मौका मुआयना किया।

साथ ही लेखपालों से मिलकर समस्याओं से अवगत हुए। वहीं देर रात थाने पर पहुंच कर लेखपाल तौफीक ने लिखित तहरीर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 353,504,506 का मुकदमा दर्ज किया। थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार तिवारी ने बताया कि सरकारी कार्य में बांधा, गाली गलौज देने पर लेखपाल के तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया। वहीं पुलिस आगे की कार्यवाही में जूट गई है।

## जरूरत मंदों की सेवा ही सर्वेश्वरी समूह का मूल उद्देश्यः संभव राम

**सकलडीहा।** अघोर परिषद ट्रस्ट के तत्वाधान में रविवार को गुरूपद संभव राम जी ताजपुर भगवान अवघूत सरोवर पर ढ़ाई सौ जरूरत मंद गरीबों को कंबल वितरण किया। इसके पूर्व अघोरेश्वर महाप्रभु भगवान अवघूत राम की पूजा अर्चना विधि विधान से किया। अंत में उपस्थित जनों को प्रसाद वितरण और गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भक्तजनों को सम्बोधित करते हुए गुरूपद संभव राम जी ने कहा कि दीन दुखियों की सेवा ही सर्वेश्वरी समूह का मूल मंत्र है। जरूरत मंदों की सेवा ही ईश्वर की सेवा है। उन्होंने बताया कि भक्ति से भगवान भी भक्त हो जाते है। इसके पश्चात करीब ढ़ाई सौ जरूरत मंद गरीबों को कंबल वितरण किया गया। इसके पूर्व विधि विधान से अघोरेश्वर महाप्रभु भगवान अवधूत राम की पूजा अर्चना किया गया। अंत में सभी उपस्थितजनों को प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख अवधेश सिंह, पूर्व प्रमुख संजीव सिंह, शिवाजी सिंह, रविन्द्र प्रताप सिंह, पोपपाल सिंह, अमित सिंह,विक्की सिंह, संतोष सिंह नरेन्द्र, राहुल सिंह, शंभू खरवार, बुद्धु सिंह, जोगिन्दर सिंह, शिलादित्य सिंह, सतीश चन्द्र सहित अन्य भक्तजन मौजूद रहे।

# गोताखोरों को मानदेय के लिए प्रयास तेज

जनसंदेश न्यूज


गोताखोरों को समझाते गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक जायसवाल

**चहनियां।** बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं घाट पर सभी पर्वो पर गंगा सेवा समिति के नेतृत्व में प्राइवेट गोताखोर के रूप में कार्य कर रहे सदस्यी टीम को एडाप्ट पर मासिक वेतन देने के लिए समिति के अध्यक्ष दीपक जायसवाल द्वारा प्रयास तेज हो गया है । रविवार को घाट पर मौनी अमावस्या पर लगने वाली भीड़ पर नजर रखने व डूबने वालो को बचाने के लिए अलग अलग प्वांइट पर कार्य करने के लिए समिति के अध्यक्ष द्वारा समझाया गया। बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर 21 जनवरी को मौनी अमावस्या पर स्नान दान के लिए भीड़ जुटेगी।

गंगा सेवा समिति के नेतृत्व में यहां घाट पर मार्कण्डेय निषाद, विजय निषाद, मक्खन निषाद,राजेश निषाद ,रमाकांत निषाद व आशीष निषाद जो प्राइवेट गोताखोर है। जो हर त्यौहार पर ये लोग वर्षों से घाट के किनारे रहकर लोगो को डूबने से बचाने का काम किया है। इस बार फिर ये लोग मौनी अमावस्या पर लोगो की रक्षा के लिए तैयार रहेंगे। बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं घाट पर सभी को बुलाकर समिति के अध्यक्ष द्वारा मौनी अमावस्या पर जहां डूबने लायक है वहाँ घाट पर मौजूद रहने को निर्देशित किया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने कहा कि मकर सक्रांति, मौनी अमावस्या, छठ, कार्तिक पूर्णिमा,देव दीपावली जैसे बड़े स्नानो पर इन लोगो का अति सराहनीय कार्य रहा है। विगत कई वर्षों से लोगों को डूबने से इन्होंने लोगो को बचाया है । इनके मासिक मानदेय के लिए सांसद चन्दौली व केंद्रीय मंत्री डॉ0 महेंद्र नाथ पाण्डेय से मिलकर दिलाने का प्रयास करूंगा।

# सपा ने मृतक के परिजनों को दी आर्थिक मदद


मृतक के परिजनों को सहायता राशि प्रदान करता प्रतिनिधिमण्डल

**डीडीयू नगर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा कोतवाली क्षेत्र के रवि नगर स्थित दयाल हॉस्पिटल के पास विगत दिनों ऑक्सीजन सिलेंडर ब्लास्ट में मारे गए दोनों परिजनों को रविवार को प्रतिनिधिमंडल द्वारा आर्थिक सहयोग के लिए एक लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल रविवार को ऑक्सीजन सिलेंडर ब्लास्ट प्रकरण में दोनों मृतक परिवारों में मृतक की पत्नी नीलम पाल व सीमा देवी को चेक प्रदान किया गया।

वहीं जिला पार्टी की तरफ से भी दोनों परिवारों को 25 हजार रुपए दिए गए। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सत्यनरायन राजभर ने भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों को संवेदनहीन करार देते हुए कहा कि घटना के इतने दिनों बाद भी पीड़ित परिवारों का कोई सुध लेने वाला नहीं है। जिला भ्रमण के दौरान केंद्रीय कैबिनेट मंत्री माननीय महेंद्र नाथ पांडे ने नौकरी देने एवम मदद करने की बात कही थी। लेकिन कुछ भी नही किया। पूर्व सांसद रामकिशन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार गरीबों की मदद के नाम पर कोरा आश्वासनस देती है। वह असली कारपोरेट घरानों एवं पूंजी पतियों की पार्टी है उनकी मदद करती है उन्होंने मांग किया कि शीघ्र ही उत्तर प्रदेश सरकार पीड़ित परिजनों को 20-20 लाख रुपए का मुआवजा दे। विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव भी पीड़ित परिवारों के दुख दर्द बांटते हुए इस प्रकरण को विधानसभा में उठाने का आश्वासन दिया। उत्तर प्रदेश सरकार से मुआवजा एवं पीड़ित परिवार को नौकरी देने की मांग भी किया। इस दौरान चंद्रशेखर यादव , नफीस अहमद ,बाबू लाल यादव, सुदामा यादव, परवेज अहमद जोखू, महेश जायसवाल ,मुसाफिर सिंह चौहान ,मोनू जायसवाल ,विकास चौबे आरती यादव, राजकुमार जायसवाल, लालमणि पाल सहित कई नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भाजपा सरकार से हर जाति के लोग परेशान

**बोले बीरेंद्र सिंह चौहान**

**पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने नगर निकाय व लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भरी हुंकार**



कार्यकर्ताओ को संबोधित करते पूर्व जिलाध्यक्ष घनश्याम प्रधान

**चंदौली।** सदर ब्लाक क्षेत्र के बिछिया गांव स्थिति एक लान में रविवार को बसपा सुप्रीमो पूर्व मुख्यमंत्री मायावती का जन्मदिन जनकल्याणकारी दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में कार्यकताओं ने बाबा साहब अम्बेडकर व कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। वही पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकताओं ने नगर निकाय व लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर हुंकार भरी। इस दौरान पूर्व विधान परिषद सदस्य बीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार से हर जाति वर्ग के लोग परेशान है।

जिसके चलते प्रदेश की जनता बसपा के शासनकाल को याद कर रही है। भाजपा के शासनकाल में कोई भी वर्ग खुश नहीं है। बसपा का हर कार्यकर्ता 2024 की तैयारी में जुट जाए। इससे बसपा की सरकार उत्तर प्रदेश में फिर से बन सके। कहा कि उत्तर प्रदेश की सर्व समाज तेजी से बसपा में जुड़ने का काम कर रहा है। क्योंकि बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने सर्व समाज का सम्मान देने का काम किया है। विशिष्ट अतिथि वाराणसी मण्डल प्रभारी विनोद कुमार ने कहा कि भाजपा सरकार में माफियाओ व गुण्डो का बोलबाला है। सरेराह नाबालिग लड़कियो के साथ छेड़छाड़ व बलत्कार किया जा रहा है। लेकिन वर्तमान कि सरकार चुप्पी साधे बैठी है। पूर्व जिला अध्यक्ष घनश्याम प्रधान ने कहा कि भाजपा सरकार के शासनकाल में किसानों को फसलों का उचित मूल्य तक नहीं मिल रहा है। जिसके चलते किसान भुखमरी के कगार पर आ गया है। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुच गया है। छात्र -छात्राएं अपने हक की आवाज उठा रही है। तो सरकार उन पर लाठियां बरसाने का काम कर रही है। पूरा देश व प्रदेश बेरोजगारी से जूझ रहा है। और डबल इंजन की सरकार चिर निद्रा में सोने का काम कर रही है। इस दौरान जिलाध्यक्ष छोटू भारति, सीता राम सक्सेना, सुभाष चंद्रा, बाबूलाल बिंद, तिलकधारी बिंद, विकास आजाद, इरशाद अहमद, चंदेश्वर जायसवाल,अर्चना देवी,राजन खान, सुजीत बिजेन्द्र बियार राजू पाण्डेय आदि लोग उपस्थित रहे।

## कौन हैं केडी जाधव? जिनको गूगल ने डूडल बनाकर दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** गूगल ने आजाद भारत के पहले ओलंपिक पदक विजेता खाशाबा दादासाहेब जाधव को उनके 97वें जन्मदिवस पर रविवार को शृद्धांजलि दी। गूगल ने अपने सर्च इंजन पर जाधव का डूडल लगाकर उन्हें याद किया। बैंटमवेट श्रेणी में प्रतिस्पर्धा करने वाले जाधव ने 1952 में हेल्सिंकी ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। जाधव ने इससे पहले लंदन ओलंपिक 1948 में भी हिस्सा लिया था लेकिन मैट पर ज्यादा अनुभव न होने के कारण वह छठे स्थान पर रहे थे। जाधव ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीते। ओलंपिक पदक जीतने के बाद उन्हें मुंबई पुलिस में नियुक्त कर लिया गया। एक चोट के कारण वह 1956 के मेलबर्न ओलंपिक में भाग नहीं ले सके। वह लगभग 30 वर्षों तक पुलिस में बने रहे और 1983 में महाराष्ट्र में सहायक पुलिस आयुक्त के रूप में सेवानिवृत्त हुए। जाधव को हालांकि पुलिस में अपनी सेवा के बावजूद सेवानिवृत्ति के बाद महाराष्ट्र के सतारा शहर में घर बनाने के लिये अपनी पत्नी के गहने बेचने पड़े।



# वनडे इतिहास की सबसे बड़ी जीतः भारत ने श्रीलंका को 317 रन से हराया, 15 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा, विराट की 46वीं सेंचुरी

## कोहली, शुभमन गिल और मोहम्मद सिराज भारत की जीत के हीरो रहे, विराट 166 रन की पारी खेलते हुए करियर का 46वां वनडे शतक जमाया, वही, शुभमन गिल ने 116 रन ठोके

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया ने वनडे क्रिकेट के इतिहास की सबसे बड़ी जीत का वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया है। भारत ने श्रीलंका को तीन मैचों की सीरीज के आखिरी मुकाबले में 317 रन से हराया। भारत ने इस मामले में न्यूजीलैंड का 15 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। कीवी टीम ने 2008 में आयरलैंड को 290 रन से हराया था। विराट कोहली, शुभमन गिल और मोहम्मद सिराज भारत की जीत के हीरो रहे। विराट 166* रन की पारी खेलते हुए करियर का 46वां वनडे



शतक जमाया। वहीं, शुभमन गिल ने 116 रन बनाए। भारत ने 50 ओवर में 5 विकेट पर 390 रन का विशाल स्कोर बनाया। जवाब में श्रीलंका की टीम 22 ओवर में 9 विकेट पर 73 रन के स्कोर पर रोका। मोहम्मद सिराज ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। श्रीलंका के 6 बल्लेबाज डबल फिगर में भी नहीं पहुंच पाए।

***श्रीलंका से 23 साल पुराना हिसाब चुकता किया***

वनडे क्रिकेट में भारतीय टीम को सबसे बड़ी हार साल 2000 में श्रीलंका के खिलाफ मिली थी। तब श्रीलंका ने टीम इंडिया को 245 रन से हराया था। अब भारत ने श्रीलंका को उसकी सबसे बड़ी हार थमा दी है। साल 2000 में शारजाह में खेले गए मुकाबले में श्रीलंका ने सनथ जयसूर्या (189 रन) के शतक की बदौलत 299 रन बनाए थे। जवाब में भारतीय पारी 54 रन पर सिमट गई थी।

अब भारत ने विराट की दमदार परी के दम पर विशाल स्कोर बनाया और श्रीलंका को बेहद मामूली स्कोर पर समेट दिया।

***जीत के 3 हीरो***

विराट कोहली विराट ने 166 रन की पारी खेली है। कोहली ने 110 गेंदों की पारी में 13 चौके और 8 छक्के जमाए। यह विराट के करियर का 46वां शतक है।

शुभमन गिल ओपनर शुभमन गिल ने करियर की दूसरी सेंचुरी जमाई। उन्होंने 97 बॉल पर 116 रन बनाए। इस पारी में शुभमन ने 14 चौके और 2 छक्के जमाए।

मोहम्मद सिराज धारदार गेंदबाजी की। श्रीलंका के 4 बल्लेबाजों को आउट किया। एक रन आउट भी किया। सिराज ने वनिंदु हसरंगा (एक रन), नुवानिडु फर्नांडो (19 रन), कुसल मेंडिस 4 रन, अविष्का फर्नांडो (एक रन) के विकेट लिए।


***पिछले चार वनडे में विराट का तीसरा शतक***

करीब तीन साल तक शतक का सूखा झेलने वाले विराट अब शतकों की बारिश कर रहे हैं। पिछले चार वनडे मैचों में उन्होंने तीसरा शतक जमाया है। बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज के आखिरी मैच में सेंचुरी जमाने के बाद विराट ने श्रीलंका के खिलाफ मौजूदा सीरीज के पहले और तीसरे मैच में तिहरे अंक का स्कोर बनाया।

***एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक का वर्ल्ड रिकॉर्ड***

विराट ने श्रीलंका के खिलाफ 10वां वनडे शतक जमाया है। यह इस फॉर्मेट में किसी भी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक का वर्ल्ड रिकॉर्ड है। पहले यह रिकॉर्ड विराट और सचिन के नाम संयुक्त रूप से था। इस मैच से पहले विराट ने श्रीलंका और वेस्टइंडीज के खिलाफ 9-9 शतक जमाए थे। वहीं, सचिन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 9 वनडे शतक जमाए थे।

## शादी के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे और टी-20 नहीं खेल पाएंगे केएल राहुल



टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका के खिलाफ ईडन गार्डन्स में जीत दिलाई। केएल राहुल के इस प्रदर्शन के कारण टीम इंडिया ने सीरीज में 2-0 की निर्णायक बढ़त ले ली है। इसके तत्काल बाद न्यूजीलैंड की टीम भारत दौरे पर आ जाएगी। ताजा खबर यह है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे और टी-20 में केएल राहुल नहीं खेल पाएंगे। एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। दरअसल, 23 जनवरी को यह क्रिकेटर अथिया शेट्टी के साथ शादी के बंधन में बंधने जा रहा है। बॉलीवुड साल की पहली शादी का गवाह बनने जा रहा है। फैंस अथिया और केएल राहुल की शादी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अथिया और केएल राहुल ने 23 जनवरी को अपनी शादी की तारीख तय कर दी है। शादी समारोह सुनील शेट्टी के खंडाला बंगले में होगा। शादी के कार्यक्रम तीन दिन चलेंगे। परिवार और करीबी दोस्तों की उपस्थिति में शादी होगी। बाद में रिसेप्शन दिए जाएंगे। दोनों परिवार शादी को लेकर काफी उत्साहित हैं और इसकी तैयारियां शुरू हो चुकी हैं और मेहमानों की लिस्ट भी तैयार हो चुकी है। अथिया शेट्टी ने अपने फिल्मी करियर की शुरूआत हीरो फिल्म से की। अथिया के पिता का नाम सुनील शेट्टी और माता का नाम मना शेट्टी है। भाई का नाम अहान शेट्टी है।

# विराट कोहली ने 46वें शतक के साथ बनाए कई रिकॉर्ड, सचिन-जयवर्धने को छोड़ा पीछे

## कोहली ने करियर का 74वां शतक लगाया है, कोहली का भारतीय मैदान पर 21वां शतक

**नई दिल्ली।** भारत और श्रीलंका के खिलाफ तीसरा वनडे तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड स्टेडियम में खेला गया है। टीम इंडिया सीरीज में 2-0 से आगे है। आखिरी मुकाबले में रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। रोहित ने 42 और शुभमन गिल ने 116 रन बनाए। गिल का वनडे करियर का दूसरा शतक है। वहीं विराट कोहली ने कई रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। कोहली अब विश्व क्रिकेट के 5 सफल बल्लेबाजों की लिस्ट में शामिल हो गए हैं। उन्होंने श्रीलंका के दिग्गज महेला जयवर्धने को पीछे छोड़ दिया है।

***विराट कोहली ने रचा इतिहास***



विराट कोहली का जबरदस्त फॉर्म जारी है। इस मुकाबले से पहले 267 वनडे में 12588 रन बनाए थे। तीसरे मैच में उन्होंने 62 रन का आंकड़ा छूते ही सबसे महेला जयवर्धने को पछाड़ दिया है। विराट से पहले जयवर्धने वनडे में 5वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। अब किंग कोहली ने जगह बना ली है।

***श्रीलंका के खिलाफ 10वां शतक***

विराट कोहली श्रीलंका के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज है। कोहली का श्रीलंका के खिलाफ 10वां वनडे शतक है। सचिन तेंदुलकर 8 सेंचुरी के साथ दूसरे स्थान पर है।

***सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ा***

विराट कोहली ने करियर का 74वां शतक लगाया है। कोहली का भारतीय मैदान पर 21वां शतक है। उन्होंने सचिन तेंदुलकर के बड़े रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। घर में सबसे ज्यादा सेंचुरी लगाने के मामले में सचिन 20 शतक के साथ शीर्ष पर थे। किंग कोहली ने इस शतक के बाद उन्हें पीछे छोड़ दिया है।

## 11 जनवरी से लापता महिला क्रिकेटर राजश्री स्वैन का शव जंगल में फांसी पर टंगा मिला

**नई दिल्ली।** ओडिशा में महिला क्रिकेटर राजश्री स्वैन का शव जंगल में फांसी के फंदे से लटका मिला है। वे 11 जनवरी से लापती थीं। कटक के जंगल में शव मिलने के बाद परिवार ने ओडिशा क्रिकेट एसोसिएशन पर गंभीर आरोप लगाए हैं।



पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कटक के पुलिस उपायुक्त पिनाक मिश्रा के अनुसार, 26 वर्षीय राजश्री की स्कूटी अथागढ़ के गुरुदिझटिया जंगल में लावारिस हालत में मिली। यहीं उनका शव एक पेड़ पर फांसी से लटका था।

राजश्री दाएं हाथ की तेज गेंदबाज थीं और मध्य क्रम की बल्लेबाजी भी करती थीं। लापता होने के बाद 12 जनवरी को उनके कोच ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी। राजश्री मूल रूप से पुरी जिले की रहने वाली थीं। वो पुडुचेरी में आगामी राष्ट्रीय स्तर के टूनार्मेंट के लिए ओडिशा क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए कटक आई थीं। हालांकि, वह टूनार्मेंट के लिए चुनी गई 16 सदस्यीय टीम में उनको स्थान नहीं मिला था। तब वो रोते हुए कैंप से निकली थीं।

# 'विश्व कप में पदक के सूखे को खत्म कर सकता है भारत, पेनल्टी कॉर्नर का उठाना होगा फायदा'

**राउरकेला।** हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने रविवार को कहा कि भारत 48 साल के अंतराल के बाद इस बार विश्व कप में पदक जीत सकता है लेकिन इसके लिए मेजबान टीम को पेनल्टी कॉर्नर का फायदा उठाना होगा। भारत ने 1975 के टूनामेंट में स्वर्ण जीतने के बाद से विश्व कप में पदक नहीं जीता है लेकिन अपने समय के बेहतरीन डिफेंडर में से एक और पूर्व कप्तान टिर्की ने कहा कि ग्राहम रीड के मार्गदर्शन में भारत स्वदेश में चल रहे इस प्रतिष्ठित टूनामेंट में पोडियम पर जगह बना सकती है। टिर्की ने एक साक्षात्कार में कहा, हमने इस बार भारतीय टीम को पदक जीतने के लिए मैदान में उतारा है। हम चाहते हैं कि भारत पदक तालिका में जगह बनाए। वे इस समय काफी अच्छा खेल रहे हैं।



उन्होंने कहा, लेकिन आधुनिक हॉकी बहुत बदल गई है। पेनल्टी कॉर्नर बहुत महत्वपूर्ण हो गए हैं। जब आप पेनल्टी कॉर्नर का फायदा उठाते हो तो ज्यादातर समय टीम जीतती है। हमारे पास बहुत अच्छे ड्रैगफ्लिकर हैं और मुझे उम्मीद है कि वे टूनामेंट में अच्छा प्रदर्शन करेंगे और भारत के लिए पदक जीतेंगे। भारत के लिए सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय मुकाबले (412 मैच) खेलने वाले टिर्की ने कहा, (कप्तान) हरमनप्रीत सिंह ड्रैगफ्लिकर के रूप में देश के लिए बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। वह हालांकि स्पेन के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए। इसलिए हम उम्मीद करते हैं कि भारत पेनल्टी कॉर्नर में अच्छा प्रदर्शन करेगा। यह पूछने पर कि क्या भारत गत चैम्पियन बेल्जियम और दुनिया की नंबर एक ऑस्ट्रेलिया को हरा सकता है तो उन्होंने कहा, टीम ने (पांच मैचों की) श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया को कड़ी टक्कर दी, उन्होंने काफी अच्छा मुकाबला किया। टिर्की ने कहा, बेल्जियम भी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम में से एक है। लेकिन भारत अब किसी भी दिन दुनिया की किसी भी टीम के को कड़ी टक्कर देने की स्थिति में है। तीन बार के ओलंपियन टिर्की ने यह भी कहा कि हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) को दोबारा शुरू किया जाएगा और राष्ट्रीय महासंघ इस साल के अंत तक इसे फिर से शुरू करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा, एचआईएल को फिर से शुरू करना मुख्य एजेंडे में है। हम इस साल के अंत तक इसे फिर से शुरू करने की कोशिश कर रहे हैं। हम लीग को दीर्घकालिक स्थायी आधार पर आयोजित करने के लिए एक एजेंसी खोजने जा रहे हैं और फ्रेंचाइजी भी।

उन्होंने यह भी कहा कि भुवनेश्वर और राउरकेला में होने वाला विश्व कप भविष्य के प्रमुख टूनामेंट के मेजबान देशों के लिए मानदंड स्थापित करेगा। टिर्की ने कहा, जब कलिंगा स्टेडियम ने 2018 विश्व कप फाइनल की मेजबानी की तो मुझे लगा कि यह सर्वश्रेष्ठ स्टेडियम है। लेकिन जब मैंने यहां आकर खुद देखा और कोचों तथा खिलाड़ियों से बात करने के बाद यह (बिरसा मुंडा स्टेडियम) बस शानदार है। मुझे लगता है कि दुनिया में इससे बेहतर कोई स्टेडियम नहीं है। उन्होंने कहा, 'बेशक अगर इससे बेहतर स्टेडियम बनता है तो यह हॉकी के लिए अच्छा होगा। कलिंगा स्टेडियम सहित विश्व कप की मेजबानी करने वाले इस दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम के साथ, इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह विश्व कप के भविष्य के टूनामेंट के लिए मानदंड तय करेगा। ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले के सौनमारा गांव में पैदा हुए टिर्की ने कहा कि विश्व कप के बाद बिरसा मुंडा स्टेडियम मार्च में प्रो लीग मैचों के अलावा राष्ट्रीय टीम के प्रशिक्षण शिवर तथा घरेलू चैंपियनशिप की मेजबानी कर सकता है। उन्होंने कहा, मार्च में यहां प्रो लीग मैच होंगे, घरेलू चैंपियनशिप और राष्ट्रीय टीमों के लिए एशियाई खेल और ओलंपिक की तैयारी होगी। भारतीय महिला टीम ने प्रो लीग (एफआईएच नेशन्स कप जीतने के बाद) के लिए क्वालीफाई कर लिया है और हम यहां अनुभव टूनामेंट करा सकते हैं।

## फसलों को नुकसान कर रहे छुट्टा पशु किसान परेशान

**चहनिया।** ग्राम सभा मथेला में किसानों के फसल को बर्बाद कर रहे डेढ़ दर्जन से अधिक छुट्टा पशुओं से किसान परेशान किसानों द्वारा पहले भी अधिकारियो को कई बार सूचना दिया गया। बाबजूद सुनवाई न



होने पर ब्लाक मुख्यालय पर प्रदर्शन करने की चेतावनी दी गयी । दरअसल छुट्टा पशुओं की देखभाल उनके ठहरने खाने पीने के लिए चारा दवाई पानी आदि की ब्यवस्था की जिम्मेदारी अधिकारियो को दिया गया है। इसके लिए गौशाला केंद्र भी बनाया गया है। लेकिन अधिकारी कितने सक्रिय है इसका अंदाजा क्षेत्र में घूम रहे सैकड़ो पशुओं से लगाया जा सकता है । आज भी बाजारों व गांवो में छुट्टा पशु घूमते नजर आ रहे है। मथेला में किसानों का फसल छुट्टा पशु बर्बाद कर रहे है। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने अधिकारियो से किया था। कई बार शिकायत के बाद भी न सुनवाई होने पर ग्रामीणों ने आजिज आकर प्रदर्शन कर चेतावनी दिया। करीब डेढ़ दर्जन पशु मथेला और आस पास के किसानों के कई एकड़ फसल बर्बाद कर रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि हमलोगों का फसल छुट्टा पशु बर्बाद कर रहे है । फसल उगाने के लिए मेहनत व रुपया दोनो बर्बाद हो रहा है। जब फसल तैयार हो रहा है तो ये छुट्टा पशु झुंड बनाकर बर्बाद कर दे रहे है ।

## तीन दिवसीय उर्स का हो रहा आयोजन

**पड़ाव।** क्षेत्र के गोरिया गांव स्थित नई बस्ती में तीन दिवसीय उर्स का कार्यक्रम 14 जनवरी से शुरू हुआ जो 16 जनवरी कुरान खानी के साथ संपन्न होगा गौरतलब हो कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हजरत अल्लामा मुफ्ती अबुल महमूद मोहम्मद मजहरी की दरगाह पर तीन दिवसीय उर्स का आयोजन गोरैया नई बस्ती में किया जा रहा है।

# अध्यक्ष बने रामनारायण लाल और सचिव आशीष श्रीवास्तव

जनसंदेश न्यूज

**सकलडीहा।** मां भगवती महिला महाविद्यालय दुगार्पुर में रविवार को प्रबंध समिति का चुनाव सकुशल संपन्न हुआ। इस दौरान विभिन्न पदों पर चुनाव अधिकारी और बीएचयू द्वारा नामित पर्यवेक्षक के देखरेख में चुनाव कराया गया। चुनाव को लेकर सुबह से ही महाविद्यालय में गहमागहमी बना रहा। सभी पदों पर निर्विरोध चुनाव की प्रक्रिया पूरा किया गया।

मां भगवती महिला महाविद्यालय दुगार्पुर में प्रबंध समिति का चुनाव को लेकर विश्वविद्यालय द्वारा नामित पर्यवेक्षक डा0 अजय कुमार त्यागी ( काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी) एवं चुनाव अधिकारी चंद्रभूषण एडवोकेट की देखरेख में चुनाव की प्रक्रिया शुरू किया गया। काफी



मां भगवती महिला महाविद्यालय दुगार्पुर में प्रबंध समिति के चुनाव में निर्वाचित पदाधिकारी

गहमागहमी के बीच चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुआ। जिसमें सभी पदों पर एकल उम्मीदवार होने पर चुनाव अधिकारी व पर्यवेक्षक ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा किया। जिसमें अध्यक्ष रामनारायण लाल , उपाध्यक्ष प्रमोद सिंह और प्रबंधक सचिव आशीष श्रीवास्तव का निर्वाचन हुआ। वही कोषाध्यक्ष पंचम यादव एवं सदस्य पद हेतु उमेश श्रीवास्तव एवं सुजीत सिंह का नाम सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित हुआ। इस मौके पर शिवाजी लाल , गुप्तेश्वर , प्रमोद कुशवाहा एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# गरीब की मदद करना सबसे बड़ा पुनीत कार्य :अनिरुद्ध



**डीडीयू नगर।** सेवन डेज फाउंडेशन संस्था द्वारा मकर सक्रांति के पर्व पर रविवार को शाहकुटी के मलिन बस्ती में गरीब असहाय लोगों को कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीओ अनिरुद्ध सिंह रहे।

सीओ अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि गरीब व्यक्तियों की मदद करना सबसे बड़ा पुनीत कार्य होता है। हम सभी को अपने जीवन में ऐसे कामों को बढ़ावा देना चाहिए जिससे कि लोगों की मदद हो सके। संस्था की अध्यक्ष कोमल गुप्ता ने कहा कि इस भयंकर ठंड में समाज के अन्य लोगों को भी सहयोग करना चाहिए। जिससे की अधिक से अधिक लोगों को ठंड से ठिठुरते हुए बचा सकेंगे । साथ ही उपस्थित लोगों स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान संस्था के सदस्य पूजा, आशा,संस्कार ,रोहन ,अभिषेक डॉ कुमार, मनोज, शीला जी मौजूद रहे।

# समाज के उत्थान और विकास के लिए हो पहलः बिरेंद्र बिंद

जनसंदेश न्यूज

**नियामताबाद।** क्षेत्र के पाण्डेयपुर स्थित बाजार में रविवार को डा. उदय नारायण बिंद के नेतृत्व में बिंद स्वजातीय प्रतिनिधि सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जन सहायता हॉस्पिटल के प्रबंधक डॉ बिरेंद्र कुमार बिंद व विशिष्ट अतिथि के रूप में बृजेश बिंद क्षेत्र पंचायत सदस्य सेंगर उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ वीरेंद्र बिंद ने कहा कि समाज के उत्थान और विकास के लिए पिछड़े वर्ग में शुमार बिंद, केवट, निषाद व मल्लाह जातियों को शिक्षा, रोजगार, राजनीतिक हिस्सेदारी जो मिलनी चाहिए वह अब तक नहीं मिली।

सभी राजनीतिक पार्टियों ने समाज से वोट लेने का कार्य किया। लेकिन



क्षेत्र पंचायत सदस्य को सम्मानित करते बिरेंद्र बिंद

हिस्सेदारी के नाम पर उनका हमेशा शोषण किया। कहा कि अपने हक और अधिकार की लड़ाई के लिए अभी से कमर कस लें जब समाज एकजुट हो जाएगा तो हमारे सारे अधिकार खुद पर खुद मिल जाएंगे। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यों को डॉ वीरेंद्र बिंद द्वारा अंगवस्त्रम व डायरी देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर उदय नारायण बिंद, बृजेश बिंद, सुदर्शन बिंद, दर्शन निषाद, जितेंद्र साहनी,सौरव बिंद,ज्ञानधर बिंद, धर्मेंद्र, कमलेश बिंद, अखिलेश बिंद, नरसिंह बिंद, प्रधान रामभरोस बिंद, रवि निषाद आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान गुलाब बिंद व संचालन क्षेत्र पंचायत सदस्य अखिलेश बिंद ने किया।

# धूमधाम से मनाया गया मकर संक्रांति का पर्व

त्योहार

## पतंगबाजी को लेकर युवाओं में दिखा उत्साह, रंग-बिरंगी पतंगों से सजा आसमान

जनसंदेश न्यूज



छत पर पतंग उड़ाती महिला



पतंगबाजी करती युवाओं की टोली

**जौनपुर।** दान-पुण्य व पतंगोत्सव की परम्परा का प्रतीक मकर संक्रांति रविवार को धूमधाम से मनाया गया। संक्रांति पर पतंगबाजी को लेकर युवाओं में खासा उत्साह नजर आया। दिनभर गली-मोहल्लों में ये काटा-वो काटा का शोर सुनाई दिया तथा आसमान रंग-बिरंगी पतंगों से सजा रहा। वहीं शुभ मुहूर्त पर मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई तथा घर-घर से ब्राह्मणों को दान-पुण्य किया गया। रविवार को शहर में सुबह से ही युवा पतंगबाजी के लिए छत पर चढ़ गए। दिन चढ़ने के साथ-साथ छतों पर लोगों की भीड़ बढ़ती गई।

शहरवासियों ने डीजे की धुन पर जमकर पतंग उड़ाई। युवाओं के साथ युवतियों व बच्चों व महिलाओं में भी पतंगबाजी का जबरदस्त क्रेज रहा। पतंगबाजी के साथ कटी पतंगों को लूटने वालों का उत्साह भी चरम पर रहा। पतंग कटने के साथ ही ये काटा-वो काटा का शोर गुंजायमान रहा। मकर संक्रांति पर तिल की मिठाइयों की भी खूब बिक्री हुई। वहीं शहर के लगभग सभी दुकानदारों ने जमकर मौत के चाइनीज मांझा की बिक्री की। जहां जिला प्रशासन चाइनीज मांझा की प्रतिबन्धता को बरकरार बताते हुए नहीं बिकने का दावा करता रहा है वहीं हर घर से चाइनीज मांझे की उड़ान होती रही।

शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में मकर संक्रांति का पर्व रविवार को पारम्परिक रीति रीवाज के अनुसार धूमधाम के साथ मनाया गया।

इस दौरान लोगों ने यथाशक्ति दान पुण्य किया। शहर के मरडिया गली में पारसीचाल एवं खुदरा सब्जी मण्डी सहित विभिन्न क्षेत्रों में लोगों ने गरीबों को भोजन करवाया। इधर, आसमान दिनभर पतंगों की ओट में छिपा रहा। चारों ओर नए पुराने फिल्मी गीतों पर वो काटा वो मारा की आवाजें गूंजती रही। हर उम्र वर्ग के लोगों ने पतंगबाजी करके मकर संक्रांति का आनंद लिया। सुबह से ही बच्चे व बड़े छतों पर चढ़कर पतंग उड़ाने लगे। दोपहर बाद नगर की सभी छतों पर युवाओं व बच्चों की टोलियां पतंग उड़ाते नजर आए।

मकर संक्रांति पर भगवान सूर्यदेव मकर रेखा पार कर उत्तरायण होने पर श्रद्धालुओं ने अल सुबह स्नान कर सूर्यदेव को जल चढ़ाया तथा नमस्कार किया। इसके बाद शिव मंदिरों में आराधना की। देव दर्शन के बाद मंदिरों के बाहर बैठे गरीबों में कपड़े व खाने की वस्तुएं दान की।

शहर के आराध्य सारणेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव के दर्शनार्थ दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। अगर बात करें वैज्ञानिक दृष्टिकोण की तो पतंग उड़ाने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। पतंग उड़ाने से दिमाग और दिल का संतुलन बना रहता है। पतंग को धूप में उड़ाया जाता है, जिससे हमारे शरीर को विटामिन-डी भरपूर मात्रा में मिलता है और स्किन से सम्बंधित बीमारियां नहीं होती हैं। मकर संक्रांति का पर्व ठण्ड में पड़ता है और ठण्ड में हमारे शरीर में कफ की मात्रा बढ़ जाती है और त्वचा भी रूखी हो जाती है। मकर संक्रांति पर सूर्य देव उत्तरायण हो जाते हैं। इस समय सूर्य की किरणें औषधि का काम करती हैं। इसलिए इस पर्व पर पतंग उड़ाने को शुभ माना जाता है।

# अराजकतत्वों ने होटल में की तोड़फोड़

जनसंदेश न्यूज

दबंगई

## कर्मचारियों को पीटा गोली भी चलाई

## पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर एक आरोपित को किया गिरफ्तार

**जौनपुर।** लाइन बाजार थाना क्षेत्र में अराजकता बढ़ती जा रही है। वाजिदपुर तिराहा के पास एक होटल में शुक्रवार की रात भोजन करने के बाद पैसा मांगने पर मुफ्तखोर अराजकतत्वों के तोड़फोड़ व कर्मचारियों की पीटकर घायल किए जाने के मामले में पुलिस ने शनिवार को मुकदमा दर्ज कर एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। तीन-चार अन्य आरोपितों की खोज में संभावित स्थानों पर छापेमारी कर रही है। हमलावरों के होटल के बाहर गोली चलाने का भी आरोप है।

जलालपुर थानान्तर्गत हरीपुर गांव के निवासी दिनेश कुमार यादव ने वाजिदपुर तिराहा-जेसीज चौराहा के बीच एक होटल खोल रखा है। आरोप है कि होटल में पहुंचे चार-पांच युवक खाने के बाद बिना पैसा दिए जाने लगे। टोकने पर गाली-गलौच और हाथापाई करने लगे। कर्मचारियों के प्रतिरोध करने पर जमकर तोड़फोड़ करने के साथ ही कर्मचारियों को पीटकर घायल कर दिया। अरुण नामक कर्मी का हाथ टूट गया।

खबर लगने पर पुलिस पहुंची तो अराजक तत्व भाग चुके थे। होटल मालिक दिनेश यादव की तहरीर पर थाना पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। सीओ सिटी कुलदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य की तलाश में संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक आदेश त्यागी ने गिरफ्तार आरोपित का नाम बताने से इन्कार कर दिया।

# जूनियर बालक फुटबॉल प्रतियोगिता का चयन आज

**करंजाकला।** प्रदेश स्तरीय सब-जूनियर बालक फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन 19 जनवरी से 26 जनवरी तक मऊ में किया जा रहा है। इन्दिरा गांधी स्टेडियम सिद्दीकपुर में सब-जूनियर बालक फुटबाल का जनपदीय चयन सोमवार सुबह 10 बजे से किया जायेगा। चयन परीक्षण में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों की जन्मतिथि 01.01.2008 से 31.12.2009 के मध्य होनी चाहिए। जनपद में चयनित खिलाड़ियों को ही मण्डलीय चयन में भेजा जायेगा। मण्डल चयन परीक्षण 17.01.2023 को प्रातः 10 बजे से वाराणसी में किया जायेगा। मण्डल स्तर पर चयनित खिलाड़ी ही प्रदेशीय जूनियर बालक फुटबाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित प्रारूप पर अपना पात्रता प्रमाण पत्र तैयार कराकर एवं पात्रता प्रमाण के साथ आधार कार्ड एवं जन्म तिथि प्रमाणित की छायाप्रति अवश्य संलग्न करें एवं मूल प्रति अपने साथ लेकर अवश्य आयें। यह जानकारी क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अतुल सिन्हा ने दी।

# खिचड़ी सहभोज से पैदा होता है सामाजिक समरसता का भाव

बोले अवधेश पांडेय

## ऋषि तालाब पर स्वयंसेवको ने आयोजित किया कार्यक्रम

जनसंदेश न्यूज

**खेतासराय।** मकर संक्रांति के पर्व पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकर्ता खिचड़ी सहभोज का आयोजन कर समाज में सामाजिक समरसता का भाव पैदा करने का काम करते हैं। हम चाहते हैं कि देश में स्वच्छ एवं समर्थ सरकार बने। जो भी दल देश हित में कार्य करता है हम उसका समर्थन करते हैं। उक्त बातें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक जिला सामाजिक समरसता संयोजक अवधेश कुमार पांडेय ने रविवार को ऋषि तालाब पर स्थित खिचड़ी सहभोज कार्यक्रम के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि हम सभी स्वयंसेवक सबका साथ सबका विकास चाहते हैं। हम धर्म और जाति के आधार पर भेदभाव नहीं करते। हमारे लिए राष्ट्र धर्म सर्वोपरि है। पं. दीनदयाल उपाध्याय समाज के अंतिम व्यक्ति का उत्थान चाहते थे। मोदी उन्हीं के पद चिन्हों पर चलते हुए कार्य कर रहे है। इसके अलावा कार्यक्रम में जिला कुटुम्ब प्रबोधन प्रमुख अरुण, खण्ड कार्यवाह अखिलेश, सह संचालक संतोष सहित आदि लोगों ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सभासद मनीष कुमार गुप्ता (धर्मरक्षक), कृष्ण मुरारी मौर्या, सुरेश चंद्र जायसवाल, अमित सोनकर, अनिल प्रजापति, संजीव गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

## जेसीआई शिखर ने मकर संक्रांति पर बांटी खिचड़ी



**शाहगंज।** जेसीआई शिखर द्वारा मकर संक्रांति पर्व पर रोडवेज के सामने खिचड़ी बनाकर राहगीरों को वितरित किया गया। सैकड़ों रोडवेज यात्रियों समेत आमजन ने प्रसाद रुपी खिचड़ी ग्रहण किया। इस दौरान पंकज सिंह, क्षेमेंद्र सिंह धीरज पाटिल, रवि शंकर चतुर्वेदी, नीरज सिंह, नितिन अग्रहरी, वेद प्रकाश जायसवाल, गुरुदयाल गुप्ता, राम नारायण गुप्ता, सुभाष, अजीत अग्रहरी, विवेक अग्रहरी, हर्षित अग्रहरी, सुजीत वर्मा पत्रकार, निखिल अग्रहरी, राज बहादुर, संतोष सिंह आदि मौजूद रहे। अध्यक्ष धीरज पाटिल ने आभार व्यक्त किया।

# कानून के अध्ययन को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाये जाने की मांग सरकार तक पहुंचेगी

बोले लक्ष्मण आचार्य

## सरकार का यह दायित्व है कि वह अपने नागरिक को कानून की जानकारी दें

जनसंदेश न्यूज



एमएलसी को पत्रक सौंपते लोग

**जौनपुर।** जनपद आगमन पर सदस्य विधान परिषद व उपनेता विधायक दल लक्ष्मण आचार्य को कानून के ज्ञान को मौलिक अधिकार का दर्जा दिलाने की मांग करने वाले युवाओं का समूह अधिवक्ता विकास तिवारी व अतुल सिंह की अगुवाई में अम्बेडकर तिराहा दीवानी न्यायालय के पास काफिले को रोककर पत्रक दिया तथा मांग किया की कानून का ज्ञान बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा संसद में एक विधेयक स्वीकृत करके देश भर में प्राथमिक शिक्षा स्तर से ही कानून के विषय को जोड़कर प्राथमिक एवं उच्चतर प्राथमिक स्तर से ही कानून के ज्ञान की ओर बच्चों का ध्यानाकर्षित कराया जाय।

साथ ही केंद्रीय सरकार द्वारा कानून का मौलिक अधिकार सम्बन्धित विधेयक बनाकर प्राथमिक शिक्षा के साथ मैट्रिक, हाईस्कूल, बारहवीं तक पाठ्यक्रम में कानून के विषय को सम्मिलित करने का अनुदेश पारित कर कानून की जानकारी को आम नागरिक की मानसिकता में स्थापित करने का प्रयास किया जाय तथा एक आम नागरिक के कानून के अधिकार के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए केंद्रीय सरकार अथवा संसद गैर-सरकारी संगठन के पंजीकरण हेतु बने अधिनियम यानी सोसाइटी अधिनियम (21) 1860 को एक संशोधन विधेयक के माध्यम से संशोधित करके यह निर्देश भी जारी करे की प्रत्येक गैर सरकारी संगठन (एन.जी.ओ.) आम नागरिकों को कानून सम्बन्धित जानकारी देने हेतु बाध्य हैं एवं इस सरकारी अनुशंसा का अनिवार्य रूप से अनुपालन हो। पत्रक देते हुए विकास तिवारी व अतुल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के सांसद प्रतिनिधि हैं। इसलिए उनकी जिम्मेदारी है कि देश के प्रत्येक सदस्य को अपने समाज के सामाजिक और संवैधानिक नियमों एवं प्रावधानों की जानकारी हो इसकी पहल करें। सरकार का यह दायित्व भी है कि वह अपने आदर्श एवं जिम्मेदार नागरिक को कानून की जानकारी दें।

उक्त पत्रक के संदर्भ में श्री आचार्य ने कहा कि पत्रक के माध्यम से संज्ञान में लायी गयी मांगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से विचार विमर्श कर यथाशीघ्र आवश्यक कार्यवाही हेतु उचित पटल तक पहुंचाया जायेगा। पत्रक देने वालों में प्रमुख रूप से विकास तिवारी, अतुल सिंह, देवेश मौर्य बंधु, विपिन सिंह, आशीष उपाध्याय, अवनीन्द्र यादव, निर्भय सिंह, अंकित यादव, रामबचन यादव, रुद्रेश त्रिपाठी, सोनू रजक आदि उपस्थित रहे।

# दो पक्षों में खूनी संघर्ष डेढ़ दर्जन घायल

जनसंदेश न्यूज

विवाद

## घायलों में एक दर्जन का सिर फटा, कई गम्भीर

## घायलों में कई महिलाएं शामिल

**जफराबाद।** क्षेत्र के अहमदपुर गौरियांन में शनिवार की देर रात को एक शराबी द्वारा महिला के मारने पीटने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट में डेढ़ दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों में कई महिलाएं भी शामिल हैं।

उक्त बस्ती निवासी एक व्यक्ति शराब के नशे में बस्ती की एक महिला को गाली गलौज देने लगा। महिला उसका विरोध करने लगी। महिला के विरोध करने पर वह शराबी महिला को लात मुक्के से पीटना शुरू कर दिया। कुछ लोगों ने जब बीच बचाव का प्रयास किया तो वह शराबी उन लोगों पर ईंट पत्थर चलाने लगा। यह देखते ही दोनों पक्षों में गाली गलौज तथा पथराव होने लगा।

ईंट पत्थर के लगने से शकील अहमद 50 वर्ष, जमील अहमद 45 वर्ष, रईस अहमद 40 वर्ष, सईद अहमद 35 वर्ष पुत्रगण फैयजुद्दीन, खुशी 28 वर्ष पुत्री जमील अहमद, राजन 22 वर्ष पुत्र कमालुद्दीन, कादिर 25 वर्ष पुत्र अयूब, जूली 35 वर्ष पत्नी जमील आदि का सिर फट गया। इसके अलावा राजू, कायमू, बबलू सहित अन्य लोग घायल हुए। चौकी प्रभारी आशीष कुमार पांडेय ने बताया कि इनके अलावा अन्य आधा दर्जन लोग दूसरे पक्ष के घायल हुए है। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेजवाया गया।

श्री पांडेय ने यह भी बताया कि मामला एक व्यक्ति के कारण हुआ। घायलों में कई लोगों को काफी चोटें आई है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही होगी।

## संक्षेप

### शाहापुर में हुआ कंबल वितरण



**सुइथाकला।** क्षेत्र के शाहापुर गांव में मकर संक्रांति के अवसर पर आदिश्री एडवांस क्लिनिक एवं मेडिकल कॉलेज प्रयागराज की तरफ से 300 जरूरत मन्दों को कम्बल वितरित किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उप जिलाधिकारी शाहगंज अंकित कुमार ने जरूरतमन्दों की सेवा को सबसे बड़ा धर्म बताया। वहीं बतौर विशिष्ट अतिथि तहसीलदार महेन्द्र बहादुर सिंह ने गरीबों की सेवा को मानवता की सेवा कहा। इसके पूर्व आयोजक मण्डल द्वारा उक्त अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। लोगों ने इस तरह के कार्यक्रम की जमकर सराहना की।

### वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत समैसा गांव में न्यायालय से वांछित चल रहे एक वारंटी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान भेजा गया। उक्त गांव निवासी सलाहुद्दीन अहमद पुत्र जहीर न्यायालय में चल रहे मुकदमे में वांछित चल रहा था। शनिवार की रात एसआई वीरेंद्र बहादुर सिंह ने हमराहियों के साथ मुखबिर की सूचना पर कौड़िया चौराहे से गिरफ्तार कर चालान भेज दिया।

### सियार ने आधा दर्जन से अधिक लोगों को काटा

**मुफ्तीगंज।** स्थानीय विकास खंड के मुर्तजाबाद में आधा दर्जन से अधिक लोगों को सियार ने काटकर घायल कर दिया। शनिवार की शाम को एक पागल सियार ने रामाश्रय राय, बाबूराम के पौत्र, कल्पनाथ प्रजापति के पौत्र, वैभव पंडित के पुत्र और एक महिला सहित आधा दर्जन से अधिक लोगों को दौड़ा दौड़ा कर काट कर घायल कर दिया। लोगों का इलाज एक निजी चिकित्सालय में चल रहा है। गांव वालों ने सियार को घेर कर उसे मार डाला।

### दुकान में लगी आग से लाखों का माल स्वाहा

**मड़ियाहूं।** नगर के खैरुद्दीनगंज वार्ड में बीती रात कोल्ड ड्रिंक की दुकान में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। सामने सो रहे पड़ोसी दुकानदार ने जब शटर के अंदर से धुंवा निकलते हुये देखा तो मोबाइल के माध्यम से दुकान मालिक को सूचना दी। बताया जाता है कि अंतिम कुमार पटेल रोज की भांति अपनी दुकान बंद करके घर चला गया। रात में शॉर्ट सर्किट होने से दुकान में आग लग गई। इस अग्निकाण्ड में दुकान में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया।


### अधिवक्ता संघ का शपथ ग्रहण समारोह कल

**मछलीशहर।** अधिवक्ता संघ की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह तहसील परिसर में आगामी मंगलवार 17 जनवरी को आयोजित किया जाएगा जिसमें प्रदेश के राजस्व मंत्री अनूप प्रधान बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इसके अलावा राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी और क्षेत्रीय विधायक रागनी सोनकर बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल होंगी। यह जानकारी अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद और उपाध्यक्ष अनुराग सिन्हा ने एक प्रेस विज्ञप्ति में दी है।

### दूसरे दिन भी गांव में बना रहा तनाव

**सरकी।** केराकत कोतवाली क्षेत्र के ग्राम एकौनी में शुक्रवार की शाम भूमि सम्बन्धी विवाद में कब्जा दिलाने गयी पुलिस टीम के सामने ही दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने 15 नामजद सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली संजय वर्मा ने बताया कि मारपीट में घायल एकौनी निवासी सुनील यादव की तहरीर पर राजेंद्र सरोज, मुकेश, अरविन्द, गुड्डु, प्रदीप, दिलीप, दिनेश, अनेश, सुरेश, पूजा, मैना, मिंता, रेनू, रोमा, रूबी के खिलाफ मारपीट, बलवा सहित अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं गांव में दूसरे दिन भी तनाव की स्थिति बरकरार रही।

### आरके डायग्नोस्टिक सेंटर एण्ड अल्ट्रासाउंड का उद्घाटन



**मड़ियाहूं।** स्थानीय नगर के सदरगंज वार्ड स्थित पवन चित्र मंदिर के प्रांगण में रविवार को दिन में 1 बजे मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डा. हरेन्द्र प्रताप सिहं व विशिष्ट अतिथि डा. शुभा सिह ने आरके डायग्नोस्टिक सेन्टर एण्ड अल्ट्रासाउंड का फीता काट कर उद्धघाटन किया। इस अवसर पर डा. आलोक सिह, डा. आनंद सिह, शिवराम सिह भोले, प्रबन्धक राजकुमार सिह बालिका विघालय जमालपुर, अरविन्द कुमार सिह प्रबंधक राजकुमार सिह रामधनी सिह सहित क्षेत्र व नगर के समस्त डाक्टर व संभ्रांत नगरिक उपस्थित रहे।

### बघाड़ी कलां को पराजित कर बदलापुर बना चैंपियन



**सिंगरामऊ/बदलापुर।** क्षेत्र के मेढ़ा गांव में आयोजित 11 दिवसीय सत्यनारायण मिश्र एवं विवेक सिंह टिकाऊ मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता में बदलापुर की टीम चैंपियन रही। बताते चलें कि रविवार को रोमांचक मुकाबले में उसने बघाड़ी कलां की टीम को पराजित किया। यह भी बताते चलें कि बदलापुर की टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 6 बिकेट के नुकसान पर कुल 135 रन बनाया। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी बघाड़ी कलां की टीम 10 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर मात्र 92 रन बना पाई जिससे बदलापुर की टीम ने 43 रनों से विजयी हुई। इसके बाद मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक रमेशचंद्र मिश्रा के हाथों विजेता टीम के कैप्टन मोनू सिंह को 50 हजार रुपये और उपविजेता टीम बघाड़ी कलां के कैप्टन जान को 35 हजार रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया। वहीं उक्त क्रिकेट प्रतियोगिता के अध्यक्ष पूर्व प्रमुख हरैया बस्ती के मदन सिंह और उपाध्यक्ष डॉ. दिनेश सिंह द्वारा अच्छे प्रदर्शन करने वाले विजेता टीम के नोमान सेख को मैन आफ द मैच पुरस्कार 1100 रूपए नकद और नोमान सेख को मैन ऑफ द सीरीज में 10 हजार रुपए नकद दिया गया। वहीं उक्त प्रतियोगिता के प्रबंधक समिति संतोष दूबे, बिनोद सिंह, कोषाध्यक्ष अरूण कुमार जायसवाल, उपाध्यक्ष डॉ. दिनेश सिंह, अजय सिंह, दिब्य प्रकाश सिंह, राकेश तिवारी संरक्षक अखिलेश मिश्रा पप्पू, अम्पायर बिनय पंडित, दिनेश शर्मा, सुजीत सिंह फौजी, सुनील सिंह तथा कमेंटेटर शेषमैन यादव, सुभाष शर्मा व स्कोरर सचिन गुप्ता, वैभव कुमार, दिनेश चंद्र मिश्रा प्रधान सहित हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। अंत में ग्राम प्रधान भगवान प्रसाद यादव ने उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# जेसीआई चेतना ने आयोजित की पतंग प्रतियोगिता



**जौनपुर।** जेसीआई चेतना ने महिला सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर पतंग महोत्सव के दौरान महिलाओं के लिए पतंग प्रतियोगिता संस्था कोषाध्यक्ष सरला माहेश्वरी के निवास स्थान पर आयोजित की।

संस्था अध्यक्ष सोनी जायसवाल ने कहा कि इस प्रतियोगिता से महिलाओं में भी एक प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत होती है जिससे कहीं ना कहीं समाज में आत्मनिर्भर होने का रास्ता मिलता है। जेसीआई संस्था निरंतर महिलाओं के लिए समय-समय पर जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित करती रहती है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ममता कश्यप तथा द्वितीय स्थान पूर्व अध्यक्ष कल्पना केसरवानी ने प्राप्त किया। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष मेघना रस्तोगी ने कहा कि इस कार्यक्रम से सदस्यों में सद्भाव और एक दूसरे का सम्मान की भावना प्रकट होती है। इस प्रतियोगिता में मंजू जायसवाल, किरण सेठ, रिंकी जायसवाल, शोभा माहेश्वरी ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन सचिव मीरा अग्रहरि ने किया तथा आभार कोषाध्यक्ष सरला माहेश्वरी ने व्यक्त किया।

# हाईटेंशन विद्युत की चपेट में आने से किशोर झुलसा, हालत नाजुक

**मुंगराबादशाहपुर।** कटी पतंग के चक्कर में एक किशोर हाई वोल्टेज विद्युत करेंट के चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया। अविलंब परिजनों ने उपचार हेतु उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले आए जहां उसकी हालत नाजुक देख चिकित्साधिकारी ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज हेतु मेडिकल कालेज प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। बताते हैं कि थाना क्षेत्र के कमालपुर गांव निवासी नेहाल अहमद (16) पुत्र मुन्ना मकर संक्रांति पर्व पर रेलवे ट्रैक के निकट पतंग उड़ा रहा था। पतंग उड़ाने के दौरान उसकी पतंग रेलवे ट्रैक के ऊपर से गुजरे हाई वोल्टेज विद्युत तार में फंस गई जिसे निकालने के चक्कर में वह विद्युत करेंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजन आसपास के लोगों के साथ उपचार हेतु उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां उसकी हालत नाजुक देख चिकित्साधिकारी ने प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर उपचार हेतु मेडिकल कालेज प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। नेहाल की हालत गंभीर बताई जा रही है वह 60 प्रतिशत से अधिक झुलस गया है।

# अंतर महाविद्यालयीय हैंडबॉल महिला प्रतियोगिता का आयोजन

जनसंदेश न्यूज



विजेताओं को ट्राफी देते अतिथिगण

**करंजाकला।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित एकलब्य स्टेडियम में अन्तर महाविद्यालयीय हैण्डबाल महिला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता का पहला मैच अभिमन्यु पीजी कालेज लपरी एवं सूर्यबली यादव महाविद्यालय, देवकली के बीच खेला गया जिसमें अभिमन्यु पीजी कालेज लपरी ने सूर्यबली यादव महाविद्यालय, देवकली, जौनपुर को 19-14 से पराजित किया। दूसरा मैच टीडीपीजी कालेज जौनपुर एवं हण्डिया पीजी कालेज हण्डिया प्रयागराज के बीच खेला गया। जिसमें टीडीपीजी कालेज जौनपुर ने हण्डिया पीजी कालेज प्रयागराज को 05-01 के जीत दर्ज किया।

तीसरा मैच सन्तबुला सत्यनाम दास बीरबल महाविद्यालय, दुल्लहपुर गाजीपुर एवं अभिमन्यू पीजी कालेज लपरी के बीच खेला गया जिसमें सन्तबुला सत्यनाम दास बीरबल महाविद्यालय, दुल्लहपुर गाजीपुर ने अभिमन्यू पीजी कालेज, लपरी को 13-05 के से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया।

फाइनल मैच सन्तबुला सत्यनाम दास बीरबल महाविद्यालय दुल्लहपुर गाजीपुर एवं टीडीपीजी कालेज के बीच खेला गया जिसमें सन्तबुला सत्यनाम दास बीरबल महाविद्यालय दुल्लहपुर गाजीपुर ने टीडीपीजी कालेज को 13-05 केजीत दर्ज कर विजेता तथा टीडीपीजी कालेज जौनपुर उपविजेता तथा अभिमन्यू पीजी कालेज लपरी तृतीय स्थान पर रही। सहायक कुलसचिव अजीत प्रताप सिंह एवं प्रो. ओम प्रकाश सिंह, सचिव खेलकूद परिषद द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया गया।

उक्त अवसर पर प्रो. मुन्ना सिंह, आयोजन सचिव, डॉ. अच्छेलाल यादव, खेल सहायक रजनीश कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, डॉ. राजेश सिंह, सतेन्द्र कुमार सिंह, अरूण कुमार सिंह, अल्का सिंह चौहान, विजय प्रकाश, भानू प्रताप शर्मा सहित खेलकूद विभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। निर्णायक की भूमिका में मोशर्रफ खान, उप जिला क्रीड़ा अधिकारी अमेठी, सचिन शुक्ला, अभिषेक, आकाश गुप्ता, अमित जायसवाल एवं नीलेश कुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

# सड़क पार कर रही महिला को ट्रक ने रौंदा, मौत

जनसंदेश न्यूज

**मड़ियाहूं।** कोतवाली क्षेत्र के ऊंचनी कला गांव में रविवार की सुबह 11:30 बजे के आसपास एक महिला अपने पुत्र के साथ बाजार से घर वापस आते समय सड़क पार कर रही थी तभी विपरीत दिशा से तेज रफ्तार से आ रही ट्रक की चपेट में आने से मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई जबकि उसका पुत्र सड़क पार कर चुका था।

बताया जाता है कि पूनम प्रजापति पत्नी अरविंद प्रजापति 30 वर्ष अपने पुत्र आर्यन 10 वर्ष को लेकर बाजार गई हुई थी। घर वापस आते समय मां बेटा दोनों सड़क पार कर रहे थे कि पुत्र सड़क पार कर चुका था और मां पार करते समय ट्रक की चपेट में आ गयी जिससे घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

हादसे के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर भागने में सफल हो गया। सूचना परिजनों को हुई तो आनन-फानन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।


घटनास्थल पर जांच करती पुलिस

### बाथरूम में नहाते वक्त महिला की हुई मौत

**मड़ियाहूं।** स्थानीय नगर के दिलावरपुर गंजपाल बस्ती में रविवार की सुबह 7 बजे के आसपास महिला अपने घर के बाथरूम में नहा रही थी कि अचानक बेहोश होकर गिर गई। बताया जाता है कि शिवानी जायसवाल पत्नी दीपक कुमार जायसवाल उम्र 26 वर्ष अपने घर के बाथरूम में स्नान कर रही थी कि अचानक बाथरूम का गैस गीजर लीकेज हो जाने के कारण बेहोश होकर गिर गई। जब घंटो बीत गया तो परिजनों ने बाथरूम का दरवाजा खटखटाया। जब अंदर से कोई आवाज नहीं मिली तो परिजनों ने आनन-फानन में दरवाजा तोड़ा तो देखा फर्श पर महिला गिरी पड़ी हुई थी। आनन-फानन में परिजनों ने नगर के प्राइवेट हॉस्पिटल ले गए जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। कोतवाल ओमनारायण सिह को सूचना मिली तो मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मर्चरी हाउस भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक ओमनारायण सिंह से पूछने पर बताया की बगैर पीएम रिपोर्ट आये कुछ कहा नहीं जा सकता की मौत किस कारण हुई है।

# असहायों और जरूरमंदों को अभिनेता चंदन ने बांटे कंबल

जनसंदेश न्यूज

**जलालपुर।** क्षेत्र के त्रिलोचन महादेव निवासी फिल्म अभिनेता चन्दन सेठ ने भीषण ठंड को देखते हुए कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें जलालपुर थानाध्यक्ष रमेश यादव ने जरूरतमंदों में कंबल वितरण को पुनीत कार्य बताया।

चन्दन ने बताया 100 कंबल गरीब, असहाय विधवा व दिव्यांग लोगों में वितरण किया गया। इस मौके पर चन्दन ने कहाकि ठंड में गरीबों, असहायों को वस्त्र देना सबसे पूर्ण कार्य है। श्री सेठ ने कहा कि इस पुण्य कार्य में डा. रंगनाथ दूबे, डा. संगीता दूबे व पूर्व ग्राम प्रधान भवनाथपुर प्रमिला देवी सहित अन्य लोगों का सहयोग सराहनीय एवं प्रशंसनीय है।

इस अवसर पर महेन्द्र राजभर, श्रवण दूबे, रामलाल सेठ, संगम जायसवाल, संदीप अग्रहरी, वीर बहादुर सिंह, पिन्टू राजभर आदि लोग मौजूद रहे।


गरीब वृद्ध को कम्बल देते अभिनेता चन्दन

## संक्षेप

### लायंस क्लब क्षितिज ने गरीबों में बांटी खाद्य सामग्री व पतंग



**जौनपुर।** लायंस क्लब क्षितिज ने शहर के कई हिस्सों में घूम-घूम कर मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गरीबों को लाई, गुड़, तिल व बच्चों में पतंग का वितरण किया। सर्वप्रथम लायंस क्लब क्षितिज के अध्यक्ष विष्णु सहाय व उनकी पूरी टीम ने चाचकपुर, सिपाह मुसहर बस्ती में करीब 200 लोगों को लाई गुड़ तिल के पैकेट व बच्चों को पतंग बांटकर समाज को एक नेक कार्य करने की सीख दी। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष शशांक सिंह रानू ने कहा हमारी संस्था सदैव इस बस्ती में आती रहती है और यह ऐसी बस्ती है जहां तक सरकार भी मदद नहीं पहुंचा पाती लेकिन हमारी संस्था चाहे लाकडाउन की विषम परिस्थितियां रही हो उस समय से लेकर आज तक जो भी संभव मदद हो सकती है हमारी संस्था सदैव इस प्रकार के कार्य करती रहती है। इसके उपरांत सद्भावना पुल पर करीब 100 पैकेट अन्न के वितरित किए गए। इस अवसर पर अध्यक्ष विष्णु सहाय ने कहा हमारी संस्था का उद्देश्य ही है गरीबों व असहायों की मदद करना। उसी क्रम में हमारी संस्था समाज के निम्न वर्ग तक अपनी मदद पहुंचाने का कार्य करती है। इसके उपरांत लगभग 100 पैकेट लाई, गुड़, तिल आदि के नखास के बगल में असहाय लोगों में क्लब के निवर्तमान अध्यक्ष जय कृष्ण साहू जैकी व कार्यक्रम संयोजक वैभव श्रीवास्तव की उपस्थिति में वितरित किया गया। इस नेक कार्य में लायंस क्लब क्षितिज के कोषाध्यक्ष अजीत सोनकर व सम्मानित पदाधिकारी जगन्नाथ मोदनवाल, जगदीश मौर्य गप्पू, संजय जयसवाल, नीरज श्रीवास्तव, राजेश किशोर आदि लोगों ने अपना भरपूर सहयोग दिया। इस कार्यक्रम की सफलता हेतु सचिव देव आनन्द ने सभी का आभार व्यक्त किया व आगे भी इसी ढंग के सेवा कार्य करने के लिए लोगों को प्रेरित किया।

### रेलवे फाटक बंद रहने से घंटे भर फंसे रहे राहगीर



**खेतासराय।** पैंसेजर ट्रेन और मालगाड़ी निकालने के चलते रविवार को रेलवे क्रासिंग का गेट काफी देर तक बंद रहा। इस कारण दीदारगंज रोड के राहगीरों को लगभग एक घंटे तक जाम का सामना करना पड़ा। गेट खुलने के बाद जाम में फंसे राहगीरों ने राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार वाराणसी अयोध्या रेल मार्ग पर आ रही सूरत छपरा एक्सप्रेस ट्रेन को खेतासराय स्टेशन पर पहुंचने से पहले दोपहर दो बजे गेट बंद कर दिया गया। ट्रेन गुजरने के बाद गेट खुलता कि जौनपुर की तरफ से गोदान एक्सप्रेस आने की सूचना पर गेट नहीं खोला गया। इस बीच पीछे से एक मालगाड़ी भी आने की सूचना स्टेशन मास्टर को मिली। 2:32 पर गोदान एक्सप्रेस को खेतासराय स्टेशन पर रोक दिया गया। पीछे से आ रही मालगाड़ी को निकाला गया। इस दौरान गेट बंद रहने से गेट के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। राहगीर वाहनों के साथ जाम में फंसे रहे। मालगाड़ी के गुजरने के बाद 2:40 पर गेट खोला गया। गेट खुलते ही बाइक सवारों की पहले निकलने के चक्कर में होड़ लग गई। क्रासिंग से जाम खत्म होने में लगभग 15 मिनट लग गया। लोगों की माने तो यह समस्या रोज राहगीरों को क्रासिंग पर झेलनी पड़ती है।

### नगरों से लेकर ग्राम्यांचलों तक दिन भर चली पतंगबाजी

**भदोही।** मकर संक्रांति पर दान पुण्य के साथ रविवार को दिनभर पतंगबाजी का दौर चलता रहा। सुबह से ही आसमान में नीले, पीले, हरे, लाल, गुलाबी रंगों की पतंगें दिखाई देने लगी। पतंगबाजी का दौर नगरों से लेकर गांवों तक देखा गया। जहां एक ओर गांवों में छोटे बच्चो वी युवाओं ने खेतो के खाली मैदानों में पतंग उड़ाया वही दूसरी ओर नगरों में लोग छ्तो पर चढ़कर पतंग उड़ाये। नगरों में वो काटा है... का शोर छतों से नगर में गूंजता रहा। साउंड सिस्टम तथा लाउडस्पीकर पर दिनभर गाने गूंजते रहे और इन गानों पर युवाओं और बच्चों ने थिरकने के साथ पतंगबाजी का लुत्फ उठाया।

### जनता दल यूनाइटेड द्वारा आयोजित हुआ खिचड़ी सहभोज



**भदोही।** नगर के रामरायपुर में स्थित जनता दल यूनाइटेड के कार्यालय में रविवार को मकर संक्रांति के अवसर पर सर्व दलीय खिचड़ी सहभोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग सभी दलों के नेता उपस्थित होकर अपने-अपने विचारों को व्यक्त किया। भदोही में नई क्रांति और विकास वादी नीति पर रणनीति बनाई गयी। इस अवसर पर मुख्य रूप से ओम सिंह, विनीत बरनवाल, डॉ.रुद्र प्रसाद पटेल, चंद्रशेखर सिंह सभी ने अपने संबोधित किया। सभी ने मकर संक्रांति पर्व पर प्रकाश डाला और इस पर्व की सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं समाजवादी नेता शरद यादव के निधन पर दो मिनट का मौन भी रखा गया। मौन रखकर सभी ने उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उसके बाद सभी ने वहां पर बने लजीज खिचड़ी का लुत्फ लिया और एक दूसरे से गले मिलकर उनको मकर संक्रांति की बधाई दी। इस मौके पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष सर्वेश राय, प्रदेश महासचिव डीएम सिंह गहरवार, विमल धर दुबे, विनय राय, चंद्रशेखर यादव, प्रभाकर सिंह, फिरोज खां, जफर महमूद अंसारी, शिवनरेश यादव, प्रियांशु सिंह, अमित पांडेय, सुधीर पाठक, सुशील पाठक, फरहान खां, अरविंद सरोज, बच्चन, मेंही यादव, विजय राज आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में हर्षिता रही अव्वल



**खेतासराय।** नगर की एक निजी संस्थान की ओर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में नेशनल चिल्ड्रेन स्कूल के छात्रों का दबदबा रहा। इसी स्कूल की छात्रा हर्षिता और दिव्यांशी सोनी को क्रमशः पहला और दूसरा स्थान मिला। 18 स्थान तक पाने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

छात्रों की प्रतिभा को निखारने के लिए निजी संस्थान साईं कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट की ओर से पहली जनवरी को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित कराई गई थी। जिसमें विभिन्न स्कूलों से इंटर तक के कुल 180 छात्रों ने भाग लिया था। परिणाम में 18 छात्रों को रैंक दिया गया। जिसमें नेशनल चिल्ड्रेन स्कूल के आठ छात्रों ने बाजी मारी। पहला और दूसरा स्थान इसी स्कूल के छात्रों को मिला। जबकि तीसरा स्थान सनराइज पब्लिक स्कूल के शिवांश कुमार को मिला।

रैंक पाने वाले छात्रों को भाजपा नेता विजय सिंह विद्यार्थी के हाथों मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में बच्चों को तकनीकी शिक्षा बेहद जरूरी है। प्रतियोगिता के आयोजक संस्था संचालक अमित श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर प्रबंधक लक्ष्मी शंकर श्रीवास्तव, राधेश्याम यादव, डा. नदीम अफरोज, आनंद बरनवाल, शांतिभूषण मिश्रा, सन्दीप सिंह, मोनू गुप्ता, मनोज श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# भीषण ठंड को देखते हुए चौकीदारों में वितरित किया गया कंबल

**गौराबादशाहपुर।** भीषण ठंड को देखते हुए थाने पर चौकीदारों में थानाध्यक्ष द्वारा कंबल वितरित किया गया। मकर संक्रांति के दिन रविवार को थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने थाने पर पचास चौकीदारों को कंबल वितरित किया। थानाध्यक्ष द्वारा कंबल पाकर चौकीदारों के चेहरे खिल उठे। थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने कहा कि चौकीदार इस भीषण ठंड में भी अपनी ड्यूटी को नियमित रूप से हर रोज कर रहे है। ऐसी स्थिति में उन्हें ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरित किया गया है। इस दौरान उप निरीक्षक रमा संकर पांडेय, लाल बहादुर सिंह, विक्रांत सिंह, विजय यादव आदि मौजूद रहे।


चौकीदारों में कंबल वितरित करते थानाध्यक्ष

# जरूरतमंदों के बीच अन्न व वस्त्र दान सर्वश्रेष्ठ

**नेक कार्य**

### मकर संक्रांति पर पांच सौ गरीबों में हुआ खिचड़ी भोज व कम्बल वितरण

जनसंदेश न्यूज

**गभिरन।** खुटहन क्षेत्र की सीमा से सटे जनपद सुल्तानपुर के करौंदीकला ब्लॉक अन्तर्गत दसगरपारा गॉव में मकर संक्रान्ति के दिन गरीब व असहाय लोगों के बीच खिचड़ी भोज व कंबल वितरण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम प्रधान राधा सिंह ने गांव के सभी पुरवों के साथ बगल गॉव के सैंकड़ो गरीबों को प्रेमपूर्वक खिचड़ी भोज कराया। तदुपरांत इस कंपकंपाती भीषण ठंड से परेशान 5 सौ जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किया।

बतौर मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. अखण्ड प्रताप सिंह ने कहा गरीब, असहाय व जरूरतमंदों को दिए जाने वाले दानों में अन्न व वस्त्र दान सर्वश्रेष्ठ है। पीड़ित लोगों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। साधन संपन्न लोग तो बड़ी आसानी से अपनी जरूरत की चीजों को जुटा लेते है। लेकिन एक गरीब व्यक्ति धन के अभाव में जिंदगी भर जूझता रहता है। ऐसे में समाज के प्रतिष्ठित लोगों को इनकी मूलभूत जरूरतों को पूरा करने हेतु बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिये।

प्रधान प्रतिनिधि सत्येन्द्र सिंह ने कहा कि विगत वर्ष की भांति इस बार भी समाजसेविका मां उर्मिला सिंह की मानवीय संवेदना पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसके लिए पूर्व नियोजित तैयारी की गयी थी। गॉव में घूमकर इस भीषण ठंड से परेशान लोगों की सूची बनाई गई ताकि जरूरतमन्दों के बीच ही लाभ पहुंचे। गरीबों की सेवा हेतु इस तरह के कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित होते रहेंगे। अंत में पूर्व ग्राम प्रधान अखिलेश सिंह ने सभी आगुन्तकों का आभार ज्ञापित किया।

इस मौके पर राजेश सिंह, इंद्रपाल सिंह, विपिन सिंह, भोलू सिंह, उपेंद्रनाथ उपाध्याय, प्रेमनाथ उपाध्याय, अशोक सिंह, सैन बहादुर सिंह, रवि शुक्ला, राम सिंह, संदीप सिंह, राजाराम पासवान, पतिराम पासवान समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।


जरूरतमंदों में कम्बल वितरित करती ग्राम प्रधान राधा सिंह

# डिंपल यादव के जन्मदिन पर विधायक ने बांटे कम्बल

जनसंदेश न्यूज

**केराकत।** सासंद डिंपल यादव के जन्मदिन के अवसर पर विधायक तूफानी सरोज ने विधानसभा क्षेत्र के नरहन गांव में गरीबों को कंबल बांटा। इस मौके पर उन्होंने कहाकि आज डिंपल यादव का जन्मदिन है और उनके दीघार्यु की कामना करते हैं। उनके द्वारा जिस तरह समाजवादी पार्टी की सरकार में महिलाओं के प्रति सचेत रहकर महिलाओं की सुरक्षा तथा तमाम योजना चलाईं गयी थी लेकिन भाजपा सरकार महिलाओं के हित के बारे में नहीं सोचती।

डिंपल यादव एक ऐसी महिला है जो निर्विरोध सांसद रही हैं और वर्तमान समय में मैनपुरी की सांसद हैं। वह संसद में जब भी बोलती है तो महिलाओं की आवाज देश तक सुनाई देती है। वह एक ऐसी सांसद हैं जो लगातार महिलाओं के दुख दर्द को साझा करती है और उसके निस्तारण के लिए संघर्ष करती रहती हैं आज उनका जन्मदिन हम लोग महिला सम्मान दिवस के रूप में मना रहे हैं। इस मौके पर गरीबों को वितरित किया गया।

इस मौके पर भगवती चन्द सरोज, सुरेश यादव, डॉक्टर हरिराम यादव, पवन मंडल, मनोज चौहान, नीरज सरोज आदि लोग उपस्थित रहे।


जन्मदिन पर कम्बल वितरित करते विधायक तूफानी सरोज

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया मकर संक्रांति का त्योहार

**लालानगर।** जिले में रविवार को मकर संक्रांति का त्यौहार लोगों ने बहुत ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया। उसी के साथ लाई चूड़ा का भी आनंद लिया और घरों की छतों पर नौजवानों ने पतंग बाजी के साथ भौ काटा की आवाज आसमान में बुलंद रही एवं डीजे बाजा लगाकर थिरकते नजर आए। जिसको लेकर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने खिचड़ी का त्यौहार मनाया। ज्ञात हो कि पिछले कई वर्षों से मकर संक्रांति त्योहार को लेकर दुविधाएं उत्पन्न हो जा रही हैं जो 14 जनवरी एवं 15 जनवरी को लेकर लोगों में संशय बना रहता है। वही बताया जाता है कि 14 एवं 15 जनवरी रविवार को ज्यादा से ज्यादा लोगों ने गंगा घाटों पर जाकर स्नान आदि कर दान पुण्य किया एवं खिचड़ी के त्यौहार को लेकर बाजारों में चहल पहल बनी रही।

# खेल से होता हैं व्यक्तित्व का विकास : जिलाधिकारी

**खेल**

### खेल समिति को डीएम ने दिया सहयोग करने का आश्वासन

**ज्ञानपुर।** सुरियावां क्षेत्र के महर्षि आजाद राज्य स्तरीय क्रिकेट महाकुंभ 2023 तेजधर ब्रह्म बाबा खेल समिति मेढ़ी के आयोजन का रविवार को भव्य उद्घाटन जिलाधिकारी गौरांग राठी ने फीता काटकर किया।

इस अवसर पर पहले समिति के लोगों ने जिलाधिकारी की बैंड बाजा के साथ अगवानी की और इसके बाद माल्यार्पण कर स्वागत किया, फिर मैदान में जाकर जिलाधिकारी द्वारा उद्घाटन किया गया। मंच से जिलाधिकारी ने खेल समिति के पिछले इतिहास को भी देखा इसके पश्चात उन्होंने कहा कि खेल के व्यक्तित्व का विकास होता है और हर ग्राम पंचायतों में खेल का मैदान होना चाहिए तभी हमारी प्रतिभाएं निखर पाएंगी, इसके लिए सभी को सहयोग करने की जरूरत है। इस उद्घाटन अवसर पर खेल समिति के संरक्षक आशाराम यादव आईएएस, राजेंद्र प्रसाद सिंह एडवोकेट, मथुरा राम यादव, विनय यादव इंजीनियर, हरीश सिंह पत्रकार, कृष्णावतार त्रिपाठी, एडवोकेट कवि, अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, सचिव अमर बहादुर सिंह, संयोजक विजय शंकर राय, उपाध्यक्ष दिनेश यादव दादा, ग्राम प्रधान राजमणी, नागेंद्र, राजाराम, राहुल, शिवधनी, राहुल, रमाकांत, परमेंद्र, रामजीत, जेपी सिंह, श्यामधर, लोकेश वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे। पहला उद्घाटन मैच कानपुर और अयोध्या के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कानपुर की टीम ने निर्धारित 20 ओवर के मैच में 5 विकेट पर 136 रन बनाए। जवाब में उतरी अयोध्या की टीम ने 19.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 126 रन बना सके। कानपुर ने दस रनों से जीत दर्ज की।

# जिले के 100 क्षय रोगियों को पोषण किट वितरित


पोषण किट पाने के बाद बैठे क्षय रोगी साथ में अन्य लोग

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** क्षय उन्मूलन के तहत जनपद में विविध प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को एक आयोजन के दौरान 100 टीबी मरीजों को जिला खेल स्टेडियम में जिलाधिकारी गौरांग राठी ने पोषण किट वितरित किया। यह जानकारी जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर विवेक श्रीवास्तव ने दी।

जिला क्षय रोग अधिकारी व अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि विभाग की ओर से टीबी को खात्मे को लेकर तरह-तरह के उपाय किये जा रहे है। इसी के तहत निक्षय दिवस के अवसर पर खेल स्टेडियम में 100 टीबी मरीजों को पोषण किट जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी की उपस्थित में दिये। इसके अलावा इस समय जिले में 1335 लोगो टीबी के मरीज मौजूद है उनमें से 1162 लोगों ने गोद लेने की सहमति विभाग को दी है।

जिला समन्वयक मनीष ने बताया कि जो टीबी मरीज अब ठीक हो चुके हैं या किसी कारण दवा बन्द कर दिए है। उन परिवार वालों की आशा व एएनम के जरिये मेनटाक्सवइगरा जांच कराई जा रहीहै। टीबी रोग के कीटाणु मिलने पर परिवार के 5 वर्ष तक बच्चों को आइसोनियाजिड दवा दी जायेगी। यहअभियान टीबी के खात्मे तक चलेगा। क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के मुकेश शुक्ला ने बताया कि जिले के सभी केन्द्रों पर टीबी इलाज निःशुल्क उपलब्ध है। इलाज से इस बीमारी से आसानी से छुटकारा मिल सकता है। टीबी से प्रभावित लोग इलाज की सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे।

**मदद**

### जिले के सभी केन्द्रों पर टीबी इलाज निःशुल्क उपलब्ध

**लक्षण**

रोगी को बुखार आना और पसीना आना, ठंड लगना, थकान महसूस होना, उल्टी आना, गले में खराश रहना, सांस लेने में समस्या होना व मांसपेशियों में दर्द होना और शरीर पर चकत्ते पड़ना प्रमुख लक्षण है।

# ग्राम पंचायत सचिवालय सहित 32 लाख के विकास कार्यों का डीएम ने किया लोकार्पण

जनसंदेश न्यूज

**आयोजन**

### जिपं अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने की कार्यक्रम की अध्यक्षता

### ग्राम पंचायत सचिवालय की भव्यता देख डीएम हुए गदगद

**ज्ञानपुर।** सुरियावां ब्लॉक के महजूदा गांव के ग्राम सचिवालय सहित दो इंटरलाकिंग सड़कों, जनपद के पहले पब्लिक एड्रेस सिस्टम व संकुल भवन के सुंदरीकरण के कार्यो का लोकार्पण रविवार को मुख्य अतिथि जिलाधिकारी गौरांग राठी व जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने किया। लोकार्पण के दौरान डीएम ने ग्राम पंचायत सचिवालय के मीटिंग हाल, कम्प्यूटर कक्ष, प्रधान व सचिव कार्यालय का अवलोकन किया। लोकार्पण समारोह में पूर्व विधायक रवींद्र नाथ त्रिपाठी व क्षेत्र के दर्जनों प्रधान सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण मौजूद रहें।

जनमानस को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम पंचायत सचिवालय से ग्राम वासियों की समस्याओं के समाधान हो जाएगा, प्रमाण पत्रों के लिए ग्रामीणों को तहसील व ब्लाक का चक्कर नही लगाना पड़ेगा। मॉडल ग्राम पंचायत सचिवालय बनाने के लिए जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान राजमणि पांडेय को बधाई दी व कहा कि गाँव में बड़े पैमाने पर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण का मामला सामने आया हैं, इसके लिए राजस्व विभाग को निर्देश दिया गया कि अति शीघ्र सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त कराये।


कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने गाँव में बरात घर निर्माण व आरसीसी सड़क बनाये जाने की घोषणा की। इससे पूर्व जिलाधिकारी गौरांग राठी को मूवमेंटो भेट देकर जिला पंचायत अध्यक्ष, पूर्व विधायक रवींद्र त्रिपाठी व ग्राम प्रधान राजमणि पांडेय ने स्वागत किया। इस मौके पर तहसीलदार सत्यपाल प्रजापति, एडीओ पंचायत राजनाथ, एडीओ एसटी अशोक पांडेय, जेई श्रीकांत यादव, सचिव मनोज मौर्य, ग्राम प्रधान अनिल सिंह, सुरेश गुप्ता, रमेश गुप्ता, विमिलेश चन्द्र यादव, अमित मिश्रा, विनय दीक्षित, अखिलेश चन्द्र दुबे, रामेश्वर सिंह, प्रमोद पांडेय, दीपक पाठक आदि बहुत से लोग मौजूद रहें।


ग्राम पंचायत सचिवालय के लोकार्पण के समय लोगों को संबोधित करते जिलाधिकारी गौरांग राठी


डीएम गौरांग राठी को स्मृति चिन्ह भेट कर स्वागत करते जिपं अध्यक्ष, पूर्व विधायक व ग्राम प्रधान राजमणि पांडेय

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# तबले पर राम धुन बजाने वाले अकेले कलाकार अशोक पांडेय



**पूरी दुनिया में 500 शो व भारत में 1500 से अधिक प्रोग्राम**

**रामायण सीरियल में युद्ध के चित्रण में घोड़े की टॉप पर बजाया था तबला**

**पं.रविशंकर, उस्ताद बिस्मिल्लाह खां, शोभा गुर्टू, परवीन सुल्ताना संग कर चुके हैं संगत**

**कहा- कलाकारों में रियाज, समर्पण व गुरु भक्ति हमेशा होनी चाहिए**

**किशन महाराज व लच्छू महाराज रह चुके हैं गुरु**

जनसंदेश टाइम्स
पं. अशोक पांडेय से खास मुलाकात

राधेश्याम कमल

पूरी दुनिया में तबले पर राम धुन बजाने वाले पं. अशोक पांडेय एकमात्र ऐसे कलाकार हैं जिन्होंने न केवल देश बल्कि विदेशों में भी भारतीय संगीत का परचम फहराया। स्व. रामानंद सागर की बहुचर्चित रामायण सीरियल में उन्होंने न केवल तबले पर राम धुन बजाया बल्कि राम-रावण युद्ध के चित्रण के दौरान भी घोड़े की टॉप को तबले पर बजा कर सभी को अचम्भित कर दिया था। रामायण सीरियल के प्रख्यात संगीतकार व गीतकार स्व. रवीन्द्र जैन ने उन्हें रामायण सीरियल में अपने साथ तबले पर रामधुन बजाने का मौका दिया था। उन दिनों संगीतकार रवीन्द्र जैन ने उन्हें एक प्रशस्ति पत्र भी दिया जिसमें यह उल्लेख है कि ऐसा तबला वादक शायद हमने आज तक नहीं देखा है। कहा कि न्यारी है तीनों लोकों से काशी कला धाम है, काशी निवासी सिद्धहस्त अशोक पांडेय नाम है। इस प्रशस्ति पत्र को पं. अशोक पांडेय अपनी आलमारी में बहुत ही सहेज कर रखे हुए हैं।

70 वर्षीय गायघाट निवासी पं. अशोक पांडेय का घर प्रशस्ति पत्रों, स्मृति चिह्नों, अवार्ड से पटा हुआ है। घर की दीवारों पर जो भी सम्मान मिला है उसको तो उन्होंने लगाया है लेकिन पुरस्कार इतना अधिक है कि उसके लिए कमरों की दीवारें भी शायद छोटी पड़ गई है। उनकी कई आलमारियां प्रशस्ति पत्रों व अवार्ड से भरी हुई है। परिवार में उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सरोज पांडेय व ज्येष्ठ पुत्र जय पांडेय कोकिल व छोटा पुत्र श्रीपांडेय तथा छोटी बहू मीनू पांडेय हैं। सभी मिल जुल कर उनका ख्याल रखते हैं। जय पांडेय गायन (भजन) तथा श्रीपांडेय तबला वादन के क्षेत्र में ख्याति अर्जित कर रहे हैं। अशोक पांडेय के पिता स्व. सूरज प्रसाद पांडेय रहे। उनके पिता भी उनके तबला वादन से काफी खुश रहते थे। जनसंदेश टाइम्स ने प्रख्यात तबला वादक पं. अशोक पांडेय से खास मुलाकात की। पेश है उनसे बातचीत के कुछ प्रमुख अंश।

### सम्मान इतना मिला कि मुझे याद ही नहीं रहा

अशोक पांडेय बताते हैं कि हमें तो इतना सम्मान मिला कि अब तो मुझे याद भी नहीं है। देश ही नहीं पूरी दुनिया में हर जगह मुझे सम्मान ही मिला। दिमाग पर जोर देकर बताते हैं कि देश में अब तक डेढ़ हजार से अधिक सम्मान व पुरस्कार मिले। जबकि विदेशों में 500 से अधिक प्रोग्राम पेश किया। विदेशों से भी इतना सम्मान व पुरस्कार मिला कि उन्हें घर में रखने के लिए भी जगह नहीं बची है।

### न्यूजर्सी में मिला तबला किंग ऑफ इंडिया का अवार्ड

वे बताते हैं कि न्यू जर्सी यूएसए के जनरल एसेम्बली में उन्हें किंग आफ तबला फार्म इंडिया का खिताब मिला। न्यूयार्क में भारत गौरव, कैलोफोर्निया में तबला भूषण, प्राइड आफ एकल यूएसए अवार्ड, वाशिंगटन में तबला जीनियस व 11 अप्रैल 2003 में नार्वे में नवरात्र सेलिब्रेशन में तबला शिरोमणि का खिताब मिला। लुसियाना यूनिर्वसिटी अमोरिका ने उन्हें किंग आफ ताबला सम्मान से नवाजा। इसी तरह इंडोनेशिया, सिंगापुर में भी कई खिताब, सम्मान व पुरस्कार मिले। यूनाइटेड नेशन में वह पार्श्व गायिका अनुराधा पौडवाल के साथ तबला वादन किया। जापान के टोक्यो शहर में भी उन्हें कई अवार्ड मिले।

### अब तक कई राष्ट्रपति कर चुके हैं सम्मानित

पं. अशोक पांडेय ने कहा कि उन्हें अब तक राष्ट्रपति भवन में कई राष्ट्रपति सम्मानित कर चुके हैं। इसका सुखद अहसास हमें आज भी होता है। वे बताते हैं कि 1984 में राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह ने कोलकाता गर्वनर हाउस में सम्मानित किया। 14 नवम्बर 1991 में राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन ने मेरे तबला वादन के बाद मुझे सम्मानित किया। राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा के समक्ष जब तबला वादन किया तो उन्होंने हमें सम्मानित किया। इन सभी राष्ट्रपति के हाथों से हम सम्मानित होकर खुद को गौरवान्वित महसूस करते हैं। इसके अलावा तत्कालीन पीएम एचडी देवगौड़ा उन्हें विश्वसरैया अवार्ड प्रदान किया। इनके अलावा उन्हें पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी, पीवी नरसिंहा राव, अटल बिहारी वाजपेयी, डा. मनमोहन सिंह भी सम्मानित कर चुके हैं।

### 75 देशों में बजायी रामधुन

पं. अशोक पांडेय बताते हैं कि वर्ष 1999 से 2003 तक उन्होंने लगभग 75 देशों में धर्म प्रचार यात्रा की। इसमें प्रख्यात संत रमेश भाई ओझा, प्रख्यात भजन गायक अनूप जलोटा, प्रख्यात पार्श्व गायिका अनुराधा पौडवाल समेत कई विद्वतजन भी शामिल रहे। वे बताते हैं कि इस दौरान वह अमेरिका, लंदन, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, कनाडा तथा यूरोप के दस देशों व साउथ अफ्रीका तक गये।

### पं. काशीनाथ खांडेकर व तबला सम्राट पं. किशन महराज व लच्छू महराज रहे गुरु

पं. अशोक पांडेय बताते हैं कि उनके सर्वप्रथम गुरु पं. काशीनाथ खांडेकर रहे। उनसे उन्होंने तबले की विधिवत शिक्षा ग्रहण की। इसके बाद वह तबला सम्राट पद्मविभूषण पं. किशन महाराज के यहां गये जहां पर उन्होंने उनसे तबले की बारीकियों को सीखा। बाद में वह पं. लच्छू महराज के यहां गये जहां पर उन्होंने तबले की बारीकियों को और भी गहराई से जाना व समझा। पं. किशन महराज ने उनको बहुत ही आदर दिया। उनके यहां भी उन्हें गुरु का आशीर्वाद मिला। कहा कि आज इन गुरुओं की ही कृपा व आशीर्वाद का फल है कि वह इतने लंबे समय तक अभी भी तबले का परचम फहरा रहे हैं। अशोक पांडेय जब गुरूओं के सानिध्य में रह कर तबला का प्रशिक्षण लेते रहे उस दौरान वह दो तीन महीने तक घर से बाहर निकलते ही नहीं थे।

### महज 14 वर्ष की उम्र में मिला पहला मंच



पं. अशोक पांडेय बताते हैं कि उन्हें महज 14 वर्ष की उम्र में पहला मंच मिला। इसके बाद लगभग हर मंदिरों में जाकर सभी जगहों पर हाजिरी लगायी। इसके बाद तो उनके तबला वादन का जो सिलसिला शुरू हुआ तो आज 70 साल की उम्र में भी अननवरत चल रहा है। उनकी मेहनत व तपस्या तथा रियाज का ही फल है कि बनारस में रह कर पूरी दुनिया में उनके तबले का परचम लहराता रहा है। 1996 से अब तक लगातार स्वामी हरिदास संगीत सम्मेलन वृंदावन में तबला वादन कर रहे हैं। इसके अलावा प्रख्यात संकट मोचन संगीत समारोह, गंगा महोत्सव, लाक्षमाण महोत्सव, लखनऊ महोत्सव, नवचंडी महोत्सव, ताज महोत्सव समेत अनगिनत कार्यक्रमों में अनेक दिग्गज कलाकारों संग हाजिरी लगायी। इसके अलावा फौजी भाइयों के यहां भी जाकर उनके सम्मान में कार्यक्रम पेश किया। इसमें असम राइफल्स जबलपुर एओसी स्कूल रहा। इसके अलावा जेल में भजन सम्राट अनूप जलोटा के साथ कैदियों के समक्ष चबला वादन कर उनका मनोरंजन किया।

### रवीन्द्र जैन के प्रोग्राम में मिला था 500 रुपये का पारिश्रमिक

वे बताते हैं कि किसी भी प्रोग्राम के लिए कभी भी किसी से भी पारिश्रमिक की मांग नहीं की। बस जो कुछ भी मिलता है हम उसे स्वीकार कर लेते हैं। वे अब तक पं.रविशंकर, उस्ताद बिस्मिल्लाह खां, शोभा गुर्ट, परवीन सुल्ताना, अनुराधा पौडवाल, अनूप जलोटा समेत न जाने कितने दिगग्ज कलाकारों संग संगत कर चुके हैं। वे बताते हैं कि एक बार सोनभद्र में रवीन्द्र जैन का गायन था। वह पहुंच भी गये थे। लेकिन तबले पर संगत करने वाला कोई नहीं था। बाद में रवीन्द्र जैन के भाई राजेन्द्र जैन हमें वहां ले गये। हमने उनसे पारिश्रमिक की भी मांग नहीं की। जब कार्यक्रम हुआ तो राजेन्द्र जैन ने मुझे 500 रूपये का पारिश्रमिक दिया। प्रोग्राम इतना जमा कि इसके बाद तो हमें कार्यक्रम मिलते गये। वे बताते हैं कि सारेगामा में भी उन्होंने कई साल तक तबला वादन किया।

### रियाज व गुरु भक्ति किसी कलाकार को रोक नहीं सकती

पं. अशोक पांडेय का कहना है कि रियाज व समर्पण तथा गुरू भक्ति किसी भी युवा कलाकार को आगे बढ़ने से रोक नहीं सकती है। हम तो अपने जीवन में हर व्यक्ति के समक्ष समर्पित रहते हैं। चाहे वह छोटा हो या फिर बड़ा हो। आज बनारस में सभी कलाकार रियाज कर रहे हैं। यह बहुत ही अच्छी बात है कि सभी बनारस घराने का नाम रोशन कर रहे हैं।

# नेपाल दुर्घटना : हादसे का यह दर तो डरावना

**हर साल नेपाल में होती है विमान दुर्घटना**

**सीधा आंकड़ा तो यही कहता है, 30 साल में 28 प्लेन क्रैश**

**रविवार को तबाह हुआ विमान 42 साल पुराना**

नेपाल में चार क्रू मेंबर समेत 68 यात्रियों को लेकर जा रहा यति एयरलाइंस का विमान रविवार को क्रैश हो गया। इसके बाद नेपाल में उड़ानों के जोखिम पर एक बार फिर बहस शुरू हो गई है। पिछले 30 साल में नेपाल में यह 28वां विमान हादसा है।

जानकारों का कहना है कि दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र, खराब मौसम, पुराने विमान और अनुभवहीन पायलट नेपाल को उड़ानों के लिए सबसे खतरनाक देश बनाते हैं। नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण की 2019 की सुरक्षा रिपोर्ट के अनुसार, नेपाल के पहाड़ पायलटों के सामने बड़ी चुनौती हैं। प्लेन क्रैश होने के कई वजह हैं जिन्हें नेपाल अब तक दूर नहीं कर पाया है।

नेपाल में जो विमान हादसे का शिकार हुआ, वो एटीआर एयरक्राफ्ट सीरीज का हिस्सा है। इस विमान के नाम में लगा 72 इसकी पैसेंजर कैपेसिटी को बताता है। इस मॉडल का पहला विमान 1981 में बना था। इसके बाद 100 से ज्यादा देशों की करीब 200 एयरलाइंस में इस विमान को शामिल किया गया। इस मॉडल के एयरक्राफ्ट को फ्रेंच कंपनी एयरबस और इटालियन एविएशन कंपनी लियोनार्दो ने मिलकर बनाया है। ये कंपनी कार्गो और कॉर्पोरेट एयरक्राफ्ट विमान भी बनाती है।

रिपोर्ट के मुताबिक पायलट ने दो बार लैंडिंग के लिए परमिशन मांगी थी। दोनों ही बार परमिशन दे दी गई, लेकिन लैंडिंग से कुछ देर पहले ही विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

एक सवाल यह भी उठता है कि नेपाल में उड़ान भरना इतना मुश्किल और खतरनाक क्यों है? नेपाल में उड़ान भरना मुश्किल और खतरनाक होने के कई कारण हैं। जैसे- नेपाल की प्राकृतिक बनावट यानी पहाड़, पुअर रेगुलेशन यानी खराब नियमन और नए विमानों की कमी विमानों के उड़ान के लिए नेपाल को सबसे खतरनाक देश बनाती है। कई नैसर्गिक बाधा भी नेपाल के आड़े आती है जैसे, संकरी घाटियों के चलते विमानों को टर्न लेने में कठिनाई। नेपाल के सिविल एविएशन अथॉरिटी की 2019 की सेफ्टी रिपोर्ट के मुताबिक देश की खतरनाक भौगोलिक स्थिति भी पायलटों के सामने बड़ी चुनौती होती है। नेपाल में लगभग 3 करोड़ लोग रहते हैं। यहां दुनिया के 14 सबसे ऊंचे पहाड़ों में से माउंट एवरेस्ट समेत 8 स्थित हैं। रिपोर्ट के मुताबिक नेपाल का एकमात्र इंटरनेशनल एयरपोर्ट समुद्र तल से 1,338 मीटर ऊपर एक संकरी घाटी में है, इस वजह से विमानों को मुड़ने के लिए काफी तंग जगह मिलती है।



नेपाल के पूर्वोत्तर में स्थित लुक्ला शहर का एयरपोर्ट दुनिया के सबसे खतरनाक एयरपोर्ट में से एक है। यह एयरपोर्ट एवरेस्ट का प्रवेशद्वार भी कहा जाता है। एयरपोर्ट के रनवे को पहाड़ों के बीच एक चट्टान को काटकर बनाया गया है। लुक्ला हवाई अड्डे के रनवे के एक छोर पर विशालकाय पहाड़ तो दूसरे छोर पर खाई है। ऐसे में सिर्फ अल्ट्रा ट्रेंड पायलटों को ही इस हवाई अड्डे पर विमान उतारने और उड़ान भरने की इजाजत है। एक छोटी सी भूल भी विमान में सवार सभी यात्रियों की जान ले सकती है। एक वजह यह भी है कि मौसम तेजी से बदलता है।

इसके अलावा पहाड़ों में मौसम तेजी से बदलता है, जो विमानों की उड़ान को काफी खतरनाक बनाता है। पल-पल बदलते मौसम के कारण पायलटों को विमान को नेविगेट करना मुश्किल हो जाता है। वो भी तब, जब मौसम अचानक बदल जाए और सामने कुछ भी दिखाई न दे। साथ ही बर्फबारी से रनवे काफी खतरनाक हो जाता है। इन परिस्थितियों में पायलटों से होने वाली थोड़ी सी चूक भी लैंडिंग को जानलेवा बना सकती है। विमान क्रैश होने की दूसरी वजहों में बेहतर रडार तकनीक की कमी होना है। इसकी वजह से पायलटों को दुर्गम इलाके और मुश्किल मौसम में नेविगेट करना मुश्किल हो जाता है। नेपाल में आवश्यक और पर्याप्त कुशल, ट्रेंड और हाईली सेल्फ मोटिवेटेड सिविल एविएशन स्टाफ भी नहीं है। वर्क फोर्स की कमी के कारण कुछ स्टाफ को नियमित ड्यूटी के अलावा भी कई घंटों तक काम करना पड़ता है। देखा जाए तो यह काम की गुणवत्ता को प्रभावित करता है।

नेपाल के खराब एविएशन रिकॉर्ड की वजह से यूरोपीय कमीशन ने नेपाली एयरलाइंस पर 28 देशों के ब्लॉक में उड़ान भरने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा रखा है। फिर नेपाल की एविएशन अथॉरिटी भ्रष्टाचार के आरोपों से भी घिरी हुई है। 2019 में यूरोपीय एयरोस्पेस कंपनी एयरबस ने नेपाल एयरलाइंस कॉर्पोरेशन के लिए दो संकरी बॉडी वाले एयरबस ए-320 जेट डील के लिए नेपाली बिजनेसमैन और अधिकारियों को 34 लाख यूरो यानी 3 करोड़ रुपए की रिश्वत दी थी। पिछले कुछ सालों में भले ही नेपाल की एयर इंडस्ट्री में तेजी आई हो, लेकिन यहां होने वाले विमान हादसों में कोई कमी नहीं आई है। खराब ट्रेनिंग और रखरखाव की वजह से नेपाल में ज्यादातर हादसे होते हैं। 2019 में एयर डायनेस्टी कंपनी का हेलिकॉप्टर एक पहाड़ी से टकरा गया था। काठमांडू जा रहा यह हेलिकॉप्टर रास्ता भटकने के बाद क्रैश हो गया था। इसमें नेपाल के पर्यटन मंत्री रवीन्द्र अधिकारी और उद्यमी आंग छिरिंग शेरपा सहित सात लोगों की मौत हो गई थी।

12 मार्च 2018 को वर-बांग्ला एयरलाइंस का एक 76-सीटर विमान त्रिभुवन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें 51 लोगों की मौत हो गई। फरवरी 2016 में पोखरा से जोमसन के लिए एक विमान उड़ान भरने के 8 मिनट बाद लापता हो गया था, जिसमें 23 लोगों की जान चली गई थी। विमान का मलबा बाद में नेपाल के म्यागदी जिले में मिला था।

सितंबर 2012 में सिता एयर फ्लाइट 601 के क्रैश होने के बाद 19 लोगों की मौत हो गई थी। ये घरेलू विमान इमरजेंसी लैंडिंग करते समय काठमांडू में हादसे का शिकार हो गया था। इसी साल की शुरूआत में यहां एक और विमान हादसा हुआ था जिसमें 15 लोगों की मौत हो गई थी। 25 सितंबर 2011 को बुद्धा एयर का एक विमान 1900डी ललितपुर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। विमान में सवार सभी 22 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें 10 भारतीय नागरिक भी शामिल थे।

दिसंबर 2010 में तारा एयरलाइंस का एक विमान उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। चालक दल के तीन सदस्यों सहित सभी 22 लोगों की मौत हो गई थी। इसी साल एक और विमान हादसे में 14 लोगों की मौत हुई थी।

जुलाई 1992 में नेपाल में सबसे बड़ा और खतरनाक विमान हादसा हुआ था, जिसमें पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस का एक विमान काठमांडू इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, इसमें सवार सभी 167 लोगों की मौत हो गई थी।

# टॉप सीक्रेट फाइल घर ले जाना बाइडन को पड़ेगा महंगा ?

**डेमोक्रेटिक पार्टी की राजनीति के लिए हो सकता है घातक**

**आठ साल पुरानी फाइलों के 20 सेट मिले, इनमें यूक्रेन-ईरान और बेटे की मौत से जुड़े राज**

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के डेलावेयर स्थित घर और वॉशिंगटन ऑफिस से आठ साल पुरानी खुफिया फाइलों के 20 सेट मिले हैं। अब उन पर ये बताने के लिए दबाव बनाया जा रहा है कि आखिर क्यों उन्होंने ये फाइल्स सरकारी दफ्तर की बजाय अपने घर में रखीं। इन फाइल्स की जांच करने के लिए अमेरिका के जस्टिस डिपार्टमेंट ने एक स्पेशल काउंसिल को नियुक्त किया है।

सवाल है कि फाइलों में क्या है? बाइडेन ने कहा है कि उन्हें नहीं पता है कि इन फाइलों में क्या है। हालांकि सीएनएन और न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक पहली 10 फाइलों के सेट में यूक्रेन, ईरान और ब्रिटेन से जुड़ी कुछ खुफिया जानकारियां हैं। ये फाइलें उस समय की हैं जब बाइडेन अमेरिका के उप राष्ट्रपति थे। सीएनएनने तो यह तक दावा किया है कि इन फाइलों में 2015 में हुई बाइडेन के बेटे बीयू बाइडेन की मौत की जानकारियां भी शामिल हैं।



जब ये फाइलें मिली तो उन पर टॉप सीक्रेट का लेबल लगा हुआ था। हालांकि डॉक्यूमेंट्स के दूसरे सेट में क्या है, इस पर किसी के पास ज्यादा जानकारी नहीं है। वहीं बाइडेन के वकील ने बताया है कि इन फाइलों में 8 साल पहले के ओबामा-बाइडेन प्रशासन के कुछ रिकॉर्ड्स हैं।वॉशिंगटन पोस्ट ने दावा किया है कि खुफिया फाइलों का पहला सेट दो नवंबर को ही मिल गया था। हालांकि इस बात को सार्वजनिक नहीं किया गया। बाइडेन से खुफिया फाइल मिलने की जानकारी सीबीएस न्यूज के खुलासे के बाद ही बाहर आई थी।

### फाइल्स का एक्सेस किसके पास होता है?

अमेरिकी सरकार के रोजमर्रा के कामों के लिए वहां की नौकरशाही जिम्मेदार है। सिर्फ एक्जीक्यूटिव ब्रांच में 5 हजार से ज्यादा अधिकारी काम करते हैं। जो डेली के काम के साथ-साथ जब सरकार बदलती है तो सत्ता से जाने वाले नेताओं से दस्तावेज लेने का काम भी करते हैं। जिसके बाद इन दस्तावेजों को संबंधित विभाग के संग्रह में रखा जाता है। बीबीसी के मुताबिक, बाइडेन के मामले में यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि सात साल पहले जब सत्ता बदली तो अब मिले इन फाइलों को किसने हैंडल किया था। फाइल जहां मिली हैं उससे एक हिंट जरूर मिल सकता है कि आखिरी बार ये किसके पास थी लेकिन जांच पूरी हुए बगैर उससे कुछ साबित नहीं किया जा सकता है।

वॉशिंगटन पोस्ट के मुताबिक, खुफिया फाइलों का पहला सेट तब सरकारी ऑफिस से बाहर ले जाया गया होगा जब बाइडेन राजनीतिक जिंदगी से रिटायरमेंट की ओर बढ़ रहे थे। बाइडेन ने 2016 में रिपब्लिकन्स के सत्ता में आने के बाद अपने प्राइवेट ऑफिस बनाने शुरू कर दिए थे। 2018 में पेंसिलवेनिया यूनिवर्सिटी के लिए जो बाइडेन ने एक थिक टैंक पैन बाइडेन सेंटर खोला था। इसी थिंकटैंक में बाइडेन का एक निजी ऑफिस है। जहां खुफिया फाइलों का पहला सेट भी मिला था। जबकि खुफिया फाइलों का दूसरा सेट डेलेवायर में बाइडेन के घर के गैराज से मिला था। जहां वो अपनी लग्जरी कार कोरवेटे खड़ी करते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक बाइडेन छुट्टियां मनाने के लिए जिस घर में ठहरते हैं वहां की भी तलाशी ली गई थी। लेकिन, वहां कुछ नहीं मिला था।

### क्या बाइडेन को सजा मिल सकती है?

अमेरिका के क्रिमिनल कोड में क्लासिफाइड डॉक्यूमेंट्स को गैर कानूनी तरीके से अपने पास रखना या गलत तरीकों से उन्हें कहीं से हटाना अपराध समझा जाता है। इइउ के मुताबिक बाइडेन से जुड़ी फाइलों के मामले में सजा पर अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा। किसी पर भी मुकदमा दर्ज करने से पहले प्रासीक्यूटर को यह साबित करना होगा कि आरोपी ने ये फाइलें जानबूझ कर अपने पास रखी थी।

अगर ऐसा साबित हो भी जाता है तो भी जस्टिस डिपाटेमेंट स्टैंडिंग पॉलिसी के तहत बाइडेन के खिलाफ कोई क्रिमिनल मुकदमा दर्ज करने पर रोक लगा सकता है। बीबीसी के मुताबिक बाइडेन की राजनीति के नजरिए से यह समस्या बड़ी है। उन्हें क्रिमिनल चार्जेज का डर नहीं है।